दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :269
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 1 अगस्त-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


## अब ट्रेनी आईएएस नहीं रहेंगी पूजा खेडकर

### ● संघ लोक सेवा आयोग ने कड़ा एक्शन लेते हुए रद्द की उनकी उम्मीदवारी

**▶▶ भविष्य में भी नहीं दे पायेंगी यूपीएससी की कोई परीक्षा**




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 के आवेदन में अनियमितताओं को लेकर विवादास्पद प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर की अनंतिम उम्मीदवारी रद्द कर दी है। निकाय ने उसे यूपीएससी द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा में बैठने से भी रोक दिया है। यह निर्णय आयोग द्वारा गहन समीक्षा के बाद आया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इससे पहले 19 जुलाई को परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। एक बयान में यूपीएससी ने कहा कि उसने सिविल सेवा परीक्षा-2022 की अनंतिम रूप से अनुशंसित उम्मीदवार पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर के दुर्व्यवहार की विस्तृत और गहन जांच की है। यूपीएससी ने कहा कि सभी रिकॉर्ड की जांच के बाद ये सामने आया कि पूजा खेडकर ने सीएसई-2022 नियमों का उल्लंघन किया है। आयोग ने सीएसई के पिछले 15 सालों के डाटा को रिव्यू किया जिसमें 15 हजार से ज्यादा कैंडिडेट्स शामिल थे। इस जांच से यह पता चला है कि उसने अपना नाम, अपने पिता और माता का नाम, अपनी तस्वीर/हस्ताक्षर, अपनी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और अपनी पहचान बदलकर धोखाधड़ी से परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास का लाभ उठाया।

यूपीएससी ने अत्यंत निष्पक्षता और नियमों के सख्त पालन के साथ अपनी सभी परीक्षा प्रक्रियाओं की पवित्रता और अखंडता सुनिश्चित की है।

खेडकर को पुणे पुलिस ने अपना बयान दर्ज करने के लिए बुलाया था। यह खेडकर द्वारा पुणे के जिला कलेक्टर सुहास दिवसे के खिलाफ उत्पीड़न का मामला दर्ज करने के बाद आया, जिन्होंने महाराष्ट्र सरकार को सत्ता के कथित दुरुपयोग की सूचना दी थी।

## नीट यूजी की काउंसिलिंग 14 अगस्त से, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने की घोषणा



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)यूजी के लिए काउंसिलिंग 14 अगस्त से शुरू होगी।बुधवार को मीडिया से बातचीत में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के सचिव बी. श्रीनिवास ने बताया कि 14 अगस्त से (एनईईटी यूजी के लिए) काउंसिलिंग शुरू कर रहे हैं। हम छात्रों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। काउंसिलिंग की प्रक्रिया 2 महीने तक जारी रहेगी। इसमें देशभर के पात्र छात्र भाग ले सकते हैं। काउंसिलिंग 4 राउंड में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग की दिशा निर्देश पहले जैसे ही रहेंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा उपलब्ध डेटा के अनुसार काउंसिलिंग की जाएगी।

## लखनऊ में मूसलाधार बारिश, विधानसभा परिसर में घुसा पानी

### ▶▶ वैकल्पिक मार्ग से बाहर लिकले योगी, शिवपाल ने ली चुटकी



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में भारी बारिश के बाद राज्य विधानसभा को जलभराव का सामना करना पड़ा। विधानसभा के अंदर जलभराव के कई वीडियो इंटरनेट पर सामने आए। इसपर समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव ने चुटकी ली है। शिवपाल सिंह यादव ने सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए बजट आवंटन बढ़ाने की मांग की और इस बात पर जोर दिया कि अगर इतनी भारी बारिश से एक महत्वपूर्ण सरकारी इमारत को महत्वपूर्ण नुकसान हो सकता है, तो इसी तरह की घटनाएं राज्य के अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित कर सकती हैं।शिवपाल सिंह यादव ने एक्स पर लिखा कि बजट की सबसे अधिक आवश्यकता उत्तर प्रदेश विधानसभा को है, एक मूसलाधार बारिश में यह हाल है तो बाकी प्रदेश भगवान भरोसे है...। लखनऊ के विधान सभा परिसर में बाढ़ ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे क` लचीलेपन के साथ गंभीर मुद्दों को उजागर किया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वैकल्पिक रास्ते से परिसर से बाहर निकालना पड़ा। इस घटना पर तत्काल प्रतिक्रिया हुई है, सैनिकों को बाढ़ के पानी का प्रबंधन करने के लिए दीवारों और द्वारों को फांदते देखा गया है।लखनऊ का एक प्रमुख इलाका हजरतगंज भी गंभीर जलजमाव से पीड़ित है, जो भारी वर्षा के व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है। स्थिति भविष्य की घटनाओं को रोकने के लिए बाढ़ प्रबंधन रणनीतियों और बुनियादी ढांचे के निवेश की तत्काल समीक्षा की मांग करती है। शहर में बारिश के बाद लखनऊ के गोमती नगर इलाके में भारी जलजमाव देखा गया। सूत्रों के मुताबिक भारी बारिश से विधानभवन के निचले हिस्सों में स्थित गलियारों और दफ्तरों में करीब कई इंच तक पानी भर गया। समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में कर्मचारी वाइपर तथा बाल्टी की मदद से पानी निकालते देखे गये।

## जेल में बंद केजरीवाल, सिसोदिया और कविता को नहीं मिली राहत

**● सीबीआई-ईडी मामलों में बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी की अब समाप्त हो चुकी शराब नीति से संबंधित मामले में बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनके पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, बीआरएस विधायक के कविता और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। राउज़ एवेन्यू कोर्ट का आदेश केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई; 9 अगस्त तक) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी; 13 अगस्त तक) दोनों द्वारा की जा रही जांच पर लागू होता है। जबकि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सिसौदिया और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की कविता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता द्वारा दर्ज कराए गए भ्रष्टाचार के मामले में हिरासत में हैं। सीबीआई, केजरीवाल को ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई, लेकिन उनके खिलाफ सीबीआई मामले के कारण वह हिरासत में हैं। अगर नहीं बढ़ाया जाता तो उनकी न्यायिक हिरासत 31 जुलाई यानी आज खत्म हो जाती। सिसौदिया को 26 फरवरी, 2023 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था और 29 मार्च को ईडी ने हिरासत में लिया था। दूसरी ओर, कविता को 15 मार्च, 2024 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। 21 मार्च को एजेंसी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया, जो नौ समन में शामिल नहीं हुए थे। 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार आप के राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत दी; जमानत, जो सशर्त भी थी, दी गई थी ताकि वह लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार कर सके, जो उस समय हो रहे थे।मौजूदा मुख्यमंत्री के रूप में गिरफ्तार होने वाले पहले व्यक्ति और पद पर बने रहने वाले केजरीवाल ने शीर्ष अदालत के निर्देशानुसार 1 जून को आत्मसमर्पण कर दिया। 12 जुलाई को उन्हें दूसरी बार अंतरिम जमानत मिली, लेकिन वह अभी भी सलाखों के पीछे हैं। सीबीआई ने अपने पांचवें और अंतिम आरोप पत्र में कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में उन्हें %सूत्रधार% (सुविधाकर्ता) कहा है।

### अधीर चौधरी ने फिर जाहिर किया असंतोष, कहा - मैं तृणमूल के खिलाफ चुप कैसे रह सकता हूं?

**कोलकाता,(हि.स.)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने एक बार फिर पार्टी के प्रति अपनी नाराजगी जताई है। खास तौर पर इशारे-इशारे में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पुराने बयानों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं बंगाल में तृणमूल के खिलाफ चुप कैसे रह सकता हूं? दिल्ली में कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल से मिलने के कुछ दिनों बाद, पांच बार के पूर्व लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने सोशल मीडिया पर अपनी पार्टी के हाईकमान पर अप्रत्यक्ष रूप से हमला किया है, जो कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस के प्रति नरम रुख अपना रहा है।चौधरी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ÷हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं की आवाज कौन उठाएगा जो हर दिन पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा पीटे जा रहे हैं? राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस को प्रतिदिन तोड़ने की कोशिश कर रही है। आधिकारिक रूप से आई.एन.डी.आई.ए. ब्लॉक का हिस्सा होने के बावजूद, उन्होंने हमें दबाना बंद नहीं किया है।

## अनुराग ठाकुर के बयान पर संसद में हंगामा

### ● पीएम मोदी के खिलाफ विपक्ष का विशेषाधिकारी हनन का नोटिस



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** लोकसभा में बुधवार को बजट 2024 के तहत रेल मंत्रालय की मांगों और अनुदानों पर चर्चा हुई। कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने अनुराग ठाकुर के भाषण को एक्स पर साझा करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस प्रस्तुत किया, जिसे सदन के रिकॉर्ड से हटा दिया गया था। अनुराग ठाकुर के भाषण को लेकर लोकसभा में आज भी हंगामा देखने को मिला। इसके अलावा वायनाड में भूस्खलन को लेकर तेजस्वी सूर्या की टिप्पणी के बाद लोकसभा में विपक्ष ने हंगामा किया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण राज्यसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा का जवाब दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने वायनाड में भूस्खलन को सदन को बड़ी जानकारी दी। -लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने उस समय हंगामा किया जब भारतीय जनता पार्टी के सांसद तेजस्वी सूर्या ने केरल के वायनाड में ''अतिक्रमण'' को लेकर प्रदेश की सरकार और कांग्रेस पर सवाल खड़े किए तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भी परोक्ष रूप से निशाने पर लिया। सूर्या ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में केरल में कई प्राकृतिक आपदाएं खासकर भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं जिनमें बहुत सारे निर्दोष लोगों की जान गई है।

उन्होंने कहा कि राज्य के वन मंत्री ने केरल विधानसभा में कहा था कि अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया जा सकता, क्योंकि धार्मिक संगठनों का दबाव है।

भाजपा सांसद ने दावा किया कि वायनाड में गैरकानूनी अतिक्रमण का विषय जब कांग्रेस के एक सांसद ने उठाया तो उनका टिकट काट दिया गया। सूर्या ने कहा कि वायनाड से पांच साल तक सांसद रहे नेता ने वहां की प्राकृतिक आपदा को लेकर कभी आवाज नहीं उठाई। इसके बाद विपक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह केरल के वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों की मदद करे तथा पारिस्थितिकी से जुड़े मुद्दों के समाधान पर ध्यान दे। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान सरकार से यह अनुरोध किया। विपक्षी दलों ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने बजट पर चर्चा के दौरान जो टिप्पणियां की वह दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों का अपमान है।

मुख्य विपक्षी दल ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसदीय विशेषाधिकार के हनन को बढ़ावा दिया है।

ठाकुर ने मंगलवार को लोकसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए जाति जनगणना की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखे प्रहार किए थे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारत स्वदेशी तकनीक से देश में बुलेट ट्रेन विकसित करने पर काम कर रहा है। वैष्णव ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना तकनीकी रूप से बहुत जटिल है और इसे जापान की मदद से क्रियान्वित किया जा रहा है।

### ऐसे माहौल में और जीना नहीं चाहता-मल्लिकार्जुन खड़गे



**नई दिल्ली(आरएनएस)।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बुधवार को भावुक नजर आए। उन्होंने यहां तक कह दिया कि इस माहौल में मैं ज्यादा जीना नहीं चाहता।मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि कल मैं यहां लास्ट मोमेंट में नहीं था। उस समय माननीय सदस्य घनश्याम तिवाड़ी ने सदन में एक समस्या उठाई थी। शायद उनके मन में क्या था, मुझे मालूम नहीं। पॉलिटिक्स में ये मेरा पहला जनरेशन है, मैं अकेला राजनीति में हूं। बाकी सब मर गए थे, पिता जी ने ही मुझे पाला-पोसा और उनके आशीर्वाद से ही मैं यहां तक पहुंचा। मेरे पिता 85 साल की उम्र में गुजर गए थे। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे कहा कि मैं चाहता हूं कि 95 से भी आप आगे जाएं, आपके मुंह से गलत नहीं निकला है।इसके बाद मल्लिकार्जुन खड़गे ने भावुक होते हुए कहा कि इस माहौल में ज्यादा दिन जीना नहीं चाहता। मुझे बुरा लगा कि तिवाड़ी जी ने यह कहा कि खड़गे का नाम मल्लिकार्जुन है। यह शिव का नाम है। 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। मेरे मां-बाप ने नाम बहुत सोच कर रखा था। मेरे परिवार में से सिर्फ मैं अकेला राजनीति में आया हूं। उनको मेरे नाम मल्लिकार्जुन से क्या दिक्कत है।कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे आगे गुस्से में कहते हैं कि मेरा पूरा खानदान ही पॉलिटिक्स में है, अगर परिवारवाद पर निकालूंगा तो यहां बहुत लोग बैठे हैं।

मेरे आखों के सामने हैं, मेरे बाजू में हैं, मेरे हर तरफ है, मैं चाहता हूं उनके बयान को हटाया जाए।दरअसल, वह मंगलवार को राज्यसभा में भारतीय जनता पार्टी के सांसद घनश्याम तिवाड़ी की एक बयान से आहत थे। घनश्याम तिवाड़ी ने मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर कुछ टिप्पणी की थी और उन ऊपर परिवारवाद का आरोप भी लगाया था।

## पहली बार बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति की मेजबानी करेगा भारत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय वायु सेना पहली बार बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास %तरंग शक्ति% की मेजबानी करेगा। अभ्यास में शामिल होने के लिए 51 देशों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें 12 देशों की वायु सेनाओं ने भारत आने की सहमति दे दी है। छह देश अपने अग्रणी लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और मध्य-हवा में ईंधन भरने वाले विमानों के साथ सक्रिय रूप से भाग लेंगे। दो चरणों में होने वाले अभ्यास में 100 से अधिक विमानों के शामिल होने की संभावना है। अभ्यास का मुख्य फोकस %आत्मनिर्भरता% के तहत स्वदेशी क्षमताओं का प्रदर्शन करना होगा।वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने बुधवार को वायु सेना ऑडिटोरियम में एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि भारतीय वायु सेना इस साल अगस्त में अपना पहला बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास तरंग शक्ति-2024 आयोजित करके इतिहास रचने जा रही है। यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पहला चरण 6-14 अगस्त तक दक्षिण भारत के सुलूर में शुरू होगा। इसमें जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन की वायु सेनाएं हिस्सा लेंगी। उसके बाद दूसरा चरण6-14 सितंबर तक पश्चिमी क्षेत्र के जोधपुर में होगा, जिसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेनाएं शामिल होंगी।

## लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर हटाया जाए जीएसटी

**● नितिन गडकरी की वित्त मंत्री सीतारमण से अपील**




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और हाईवे मंत्री नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर लगने वाले 18त्न जीएसटी को हटाने का अनुरोध किया है।गडकरी ने वित्त मंत्री सीतारमण से अपील करते हुए कहा है कि यह टैक्स जीवन की अनिश्चितताओं का बोझ डालता है और इससे इंश्योरेंस सेक्टर की ग्रोथ में भी दिक्कतें आती है।गडकरी ने 28 जुलाई को लिखे अपने पत्र में कहा, आपसे अनुरोध है कि लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने के सुझाव पर प्राथमिकता से विचार किया जाएगा। यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए बोझिल हो जाता है।लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी रेट वर्तमान में 18 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि यदि आपके इंश्योरेंस का प्रीमियम 10 हजार रुपये है तो उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जो 1800 रुपये बनता है।पत्र में आगे कहा गया है, इसी तरह हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी इस सेक्टर या इंडस्ट्री की ग्रोथ में बाधक साबित हो रहा है, जो सामाजिक रूप से आवश्यक है।

बता दें कि इस पत्र में नागपुर मंडल जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ द्वारा उठाई गई चिंताओं के बारे में बात रखी गई थी। इसमें इंश्योरेंस सेक्टर के सामने आने वाले मुद्दों को मोटे तौर पर बताये हुए एक ज्ञापन पेश किया गया था।ज्ञापन का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर टैक्स लगाने के समान है। यूनियन का मानना है कि जो व्यक्ति परिवार को कुछ सुरक्षा देने के लिए जीवन की अनिश्चितताओं के जोखिम को कवर करता है, उस पर इस जोखिम के खिलाफ कवर खरीदने के लिए प्रीमियम पर टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए।टैक्स पर निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार जीएसटी कॉउंसिल की बैठक अगस्त में होने वाली है। इसकी पिछली बैठक 22 जून को हुई थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पहले भी हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी रेट पर विचार करने की मांगों का सामना करना पड़ा है।

जून में कन्फेडरेशन ऑफ जनरल इंश्योरेंस एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने सरकार से परसनल हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का आग्रह किया था।

## भारत स्वदेशी तकनीक से बुलेट ट्रेन विकसित करने पर काम कर रहा है - वैष्णव



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारत स्वदेशी तकनीक से बुलेट ट्रेन विकसित करने पर काम कर रहा है।वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना, जिसका पहला प्रोजेक्ट अहमदाबाद और मुंबई के बीच निर्माणाधीन है, तकनीकी रूप से बहुत जटिल है और इसे जापान की मदद से क्रियान्वित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना एक बहुत ही जटिल और प्रौद्योगिकी गहन परियोजना है। यह प्रोजेक्ट कुल 508 किलोमीटर का है और उसमें से 320 किलोमीटर पर काम चल रहा है। मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में इसके निर्माण कार्य में शुरुआत में देरी हुई थी, लेकिन राज्य में शिंदे और फडणवीस की सरकार आने पर उन्हें तुरंत अनुमति दी गई और महाराष्ट्र में भी अब भूमि अधिग्रहण का काम पूरा हो चुका है।प्रोजेक्ट की विशेषता बताते हुए कहा कि समुद्र के करीब 30 मीटर नीचे 21 किलोमीटर लंबी एक टनल बन रही है। यह भारत में समुद्र के नीचे पहली ट्रांसपोर्टेशन प्रोजेक्ट की टनल होगी। उसका काम भी शुरू हो गया है।

## फर्जी आयुष्मान कार्ड मामले में ईडी के दिल्ली सहित 19 ठिकानों पर छापे




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आयुष्मान भारत योजना में फर्जीवाड़े को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने इस योजना के फर्जी आईडी कार्ड बनवाने के मामले में राजधानी दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, ऊना, शिमला, मंडी और कुले लू सहित 19 ठिकानों पर छापेमारी की है।आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आयुष्मान भारत योजना यानी (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना) में कथित धोखाधड़ी मामले में ईडी 19 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी इस योजना के फर्जी कार्ड बनवाने के मामले में दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, ऊना, शिमला, मंडी और कुल्लू सहित 19 ठिकानों पर तलाशी अभियान चला रही है। इसमें हिमाचल के कांग्रेस विधायक आरएस बाली भी शामिल हैं।आयुष्मान भारत योजना धोखाधड़ी मामले में बांके बिहारी अस्पताल, फोर्टिस अस्पताल सहित कई नामी-गिरामी अस्पतालों में ऐसे फर्जी कार्डों पर कई मेडिकल बिल बनाए गए हैं, जिससे सरकारी खजाने और लोगों को नुकसान हुआ है। इस फर्जीवाड़े में हिमाचल प्रदेश के दो कांग्रेसी नेताओं का नाम सामने आया है। जानकारी के मुताबिक केंद्रीय जांच एजेंसी हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस विधायक आरएस बाली, कुछ निजी अस्पतालों और उनके प्रमोटरों के परिसरों पर धन शोधन जांच के तहत छापेमारी की कार्रवाई कर रही है।

## राजेंद्र नगर में छात्रों की मौत के बाद दिल्ली एलजी सख्त

**▶▶ पैनल गठित करने का दिया निर्देश**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में कोचिंग संस्थानों से संबंधित सभी मुद्दों के समाधान के लिए मुख्य सचिव के अधीन एक समिति गठित करने का निर्देश दिया। प्रस्ताव में एक शैक्षिक केंद्र स्थापित करना और सभी कोचिंग संस्थानों को निर्दिष्ट स्थान पर स्थानांतरित करना भी शामिल है। ये निर्देश दिल्ली के पुराने राजिंदर नगर इलाके में एक सिविल सेवा कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से तीन छात्रों की मौत के कुछ दिनों बाद आए हैं। मुख्य सचिव एक समिति के अध्यक्ष होंगे जिसमें कोचिंग संस्थानों के 5-6 प्रतिनिधि, छात्रों के प्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। राज्यपाल के कार्यालय ने एक बयान में कहा, यह समिति विनियमन, मकान मालिकों द्वारा अत्यधिक किराये, आग की मंजूरी, नालों से गाद निकालने और छात्रों की अन्य तत्काल जरूरतों से संबंधित सभी मुद्दों को व्यापक रूप से संबोधित करेगी ताकि सभी मापदंडों को पूरा करते हुए एक अनुकूल शैक्षणिक माहौल तैयार किया जा सके। कोचिंग सेंटरों और उनके आवासीय स्थानों की खराब स्थिति पर विरोध प्रदर्शन कर रहे आईएएस उम्मीदवारों के एक समूह ने राज्यपाल से मुलाकात की और अपनी मांगों पर जोर दिया। राजभवन ने कहा कि बैठक में छात्रों ने ÷इलाके के जन प्रतिनिधियों, एमसीडी और पुलिस अधिकारियों की सामान्य उदासीनता के अलावा, कोचिंग संस्थानों और इलाके के मकान मालिकों द्वारा शोषणकारी किराए की मांग÷ पर प्रकाश डाला।बयान में आगे कहा गया, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अधिकारी शिक्षा केंद्र की स्थापना के लिए पहले कदम के रूप में नरेला और रोहिणी आदि में चिन्हित स्थानों पर कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों के लिए साइट विजिट की सुविधा प्रदान करेंगे। राज्यपाल ने यह भी निर्देश दिया कि बेसमेंट में लाइब्रेरी या शिक्षण सुविधाएं चलाने वाले कोचिंग संस्थानों को तुरंत सील कर दिया जाएगा।



➪पुराने यमुना पुल समेत कई इलाकों में भरा पानी

➪उमस भरी गर्मी से मिली राहत



# झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस के बाद मंगलवार की रात और बुधवार की सुबह हुई झमाझम बारिश से लोगों को राहत मिली है। बुधवार को करीब 1 घंटे हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हुआ, वहीं शहर की सड़कें पानी से भर गई।बीते कई दिनों भीषण गर्मी, तेज धूप से उमस बढ़ गयी थी। गर्मी से लोग बेहाल हो रहे थे। मंगलवार और बुधवार को हुई तेज बारिश और हवाओं से मौसम सुहावना हो गया। वहीं बारिश के दौरान नालियों के जाम होने के कारण लोगो के घरो और दुकानों में पानी भर गया। जिससे उन्हें काफी परेशानी भी हुई। मंगलवार की रात और बुधवार की सुबह तेज बारिश होने की वजह से पुराना यमुना पुल बारिश के पानी से भर गया। पानी भरने के कारण वाहन लेकर निकलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज बारिश और हवाओं के बीच बिजली ने भी लोगों को खूब रुलाया। कई जगह बिजली के तार टूट गए । जिसकी वजह से लगातार बिजली कटौती होती रही। दरियाबाद, करैली, नैनी सहित कई इलाकों में बारिश के बीच बिजली गुल रही।मंगलवार को शुरू हुई बारिश बुधवार को और तेज हो गई। सुबह 10 बजे के बाद झूम कर बादल बरसने लगे। बारिश के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली लेकिन जलभराव मुसीबत बन गया।

## रेलवे की पुरानी बांउड्री गिरी, ई-रिक्शा व कार क्षतिग्रस्त

**प्रयागराज।** बुधवार को सुबह तेज बारिश के साथ कई जगहों पर जलभराव के साथ पेड़ भी गिरे। रामबाग के मलाकराज के समीप रेलवे की एक पुरानी बांउड्री गिर जाने से वहा पर खड़ी तीन ई- रिक्शा और दो लग्जरी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बारिश में इलाके में बिजली के पोल भी टेढ़े हो गए और तार जमीन पर गिर पड़े जिससे विद्युत आपूर्ति भी ठप हो गई।

बारिश के दौरान तेज हवाओं के कारण सिविल लाइंस में पेड़ों की टहनियां टूटकर रास्ते में गिर गयीं, जिससे आवागमन में परेशानी हुई। शहर की घनी आबादी में स्थित अलोपीबाग की तमाम गलियों में जलभराव हो गया। विवेकानंद पार्क के आसपास स्थिति बेहद ख़राब हो गई। पार्क के चारों ओर भरा पानी घरों में घुसने से अफरा-तफरी मच गई। पूर्व पार्षद कमलेश सिंह ने बताया कि परेड के नाले का प्रवाह रोके जाने से बारिश के बाद अलोपीबाग में जलभराव शुरू हुआ है। विवेकानंद से पार्क के अलावा मटियारा गांव, सिंधु विद्या मंदिर विद्यालय, रामलीला पार्क के आसपास भी पानी भर गया, वहीं मुट्ठीगंज के राजा बारा का हाता का बारजा भरभरा कर गिर पड़ा।

## मुक्त विश्वविद्यालय में राजर्षि टंडन स्मृति व्याख्यान माला आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में भारत रत्न राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के जन्म दिवस पर 1 अगस्त 2024 को अपराह्न 3ः00 बजे सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन स्मृति व्याख्यान माला के 17वें पुष्प का आयोजन किया गया है । राजर्षि टंडन जन्म दिवस आयोजन समिति के समन्वयक प्रोफेसर एस कुमार ने बताया कि व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि आचार्य त्रिभुवन नाथ शुक्ला , पूर्व अध्यक्ष हिंदी एवं भाषा विज्ञान विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर भारत भारती के आराधक स्थितप्रज्ञ राजर्षि विषय पर व्याख्यान देंगे। सारस्वत अतिथि अनंत विजय, वरिष्ठ पत्रकार, नई दिल्ली होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत्यकाम करेंगे।आयोजन सचिव प्रोफेसर अजेंद्र कुमार मलिक ने बताया कि इस अवसर पर कुलपति एवं अन्य अतिथियों द्वारा अटल प्रेक्षागृह में राजर्षि टंडन पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही राजर्षि टंडन पर निर्मित वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर एक माह तक चली राजर्षि टंडन के जीवन चरित्र से संबंधित निबंध, कविता, लेख, रेखा चित्र तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# जनपद को सूखा ग्रस्त घोषित करने आदि मुद्दों को लेकर सपा ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी ने आज महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन की संयुक्त अगुवाई में सपा नेताओं पदाधिकारियों ने आज जिला कचहरी में भारी संख्या में उपस्थित होकर उक्त ज्ञापन सौंपा। ए डी एम सिटी ने ज्ञापन लेते हुए आश्वासन दिया कि जिले स्तर की समस्याओं का तत्काल समाधान कराते हुए ज्ञापन राज्यपाल महोदया को भेज दिया जायेगा। सपा द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि बरसात बहुत कम होने से खरीफ की फसल पर बुरा असर पड़ा है। कहीं कहीं त तो धान की रोपाई नहीं हो पाई है। जो हुई है वह सूख रहा है। नहरों में पानी नहीं है।विद्युत आपूर्ति इतनी कम हो रही कि नलकूप बंद पड़े हैं। जलस्तर नीचे जाने से हैण्डम्प सूखे पड़े हैं। इन्हें रीबोर कराने, शहरी क्षेत्र में टेंकर से पानी सप्लाई करने, नालों की सफाई के साथ ही जगह जगह पड़े कूड़ों के ढेर को हटाने, वायरल बुखार और डायरिया के बढ़ते दुष्प्रेभाव को रोकने के लिये सरकारी अस्पतालों में डाक्टर एवं दवाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

पशुओं के टीकाकरण तथा श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही काँवर यात्रा मार्गो पर यातायात सुरक्षित एवं सुविधा जनक बनाने की मांग की गई है ताकि काँवारियों एवं आम जन मानस को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, संदीप यादव, रविन्द्र यादव एडवोकेट, राम सुमेर पाल, दान बहादुर मधुर, कुलदीप यादव, इन्दु यादव, मालती यादव, राम अवध पाल, राजबहादुर, नवीन यादव, मुलायम यादव, आसुतोष तिवारी, लल्लन सिंह पटेल, मो हामिद, सऊद अहमद, उत्तम यादव, राजू पाल, जय शंकर रावत, हेमंत, शंकर लाल, धीरेन्द्र यादव, रामधीन मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने आधा दर्जन कोचिंग व डिजिटल लाइब्रेरी की सील

**प्रयागराज।** आज जोनल अधिकारी के नेतृत्व में जोन-01 उपजोन-1ई, के अन्तर्गत भवनों के बेसमेन्ट में अवैध रूप से संचालित लाइब्रेरी व कोचिंग सेन्टर पर सीलबन्दी की कार्यवाही की गयी।



प्रयागराज विकास प्राधिकरण अधिकारियों ने मनोज गुप्ता, संदीप कुशवाहा एवं अन्य द्वारा माँ पार्वती डिजिटल लाइब्रेरी, ताशकन्द मार्ग, पत्रिका चौराहे के पास, कैलाशपुरी कालोनी के बगल, सिविल लाइन्स के बेसमेन्ट में संचालित माँ पार्वती डिजिटल लाइब्रेरी को सील किया गया। इसी प्रकार मनोज गुप्ता, आलोक केसरी एवं अन्य द्वारा पत्रिका चौराहे के पास, कैलाशपुरी कालोनी के बगल, सिविल लाइन्स के बेसमेन्ट में संचालित रीयल कम्प्यूटर एजूकेशन कोचिंग को सील किया गया।पीडीए द्वारा राहुल अग्रवाल, अंकित एवं अन्य द्वारा ताशकन्द मार्ग, सिविल लाइन्स के बेसमेन्ट में संचालित संगम लाइब्रेरी को सील किया गया। अनुराग द्विवेदी, दीपक मिश्रा एवं अन्य द्वारा ताशकन्द मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज के बेसमेन्ट में संचालित कैरियरटेक एकेडमी कोचिंग को सील किया गया। पी डी ए अधिकारियों ने सिविल लाइन्स, प्रयागराज के बेसमेन्ट में संचालित सक्सेस मंत्र लाइब्रेरी और विजन लाइब्रेरी को भी सील किया।

इस कार्यवाही में जोनल अधिकारी के अतिरिक्त सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, सुपरवाइजर एवं पी0डी0ए0 प्रवर्तन टीम आदि उपस्थित रहे।

# उच्च शिक्षा निदेशालय पर गरजे सूबे के शिक्षक,मांगों को लेकर घेरेंगे विधानसभा

**प्रयागराज।** बुधवार को उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ (फुपुक्टा) के आवाहन पर एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा निदेशालय में किया गया। बारिश के बीच पूरे प्रदेश के महाविद्यालय शिक्षक संघों के पदाधिकारीगण एवं अध्यापक मौजूद रहे। धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व फुपुक्टा के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र चौहान और महामंत्री प्रो. प्रदीप कुमार सिंह ने किया। बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय आजमगढ़ विश्वविद्यालय, काशी विद्यापीठ, बलिया विश्वविद्यालय आदि के शिक्षकों इसमें मौजूद रहे।



अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि उच्च शिक्षा निदेशालय आज भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। हर छोटे-छोटे कार्यों के लिए शिक्षकों से धन उगाही की शिकायत लगातार आती रहती है। इस विशाल जनसभा ने साबित किया कि शिक्षक समुदाय निदेशालय के क्रियाकलापों और उसके आदेशों से कितना पीड़ित है। महामंत्री प्रो. प्रदीप कुमार सिंह ने कहा यदि निदेशालय आज हमारी मांगों को नहीं मानता है तो यह धरना मात्र शिक्षकों की तरफ से एक शुरुआत है। आगामी समय में हम क्रमिक धरना प्रदर्शन करेंगे फिर भी यदि निदेशालय अपना अड़ियल रवैया बनाए रखता है तो शिक्षक विधानसभा का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक पदों का स्थायीकरण ना होना राज्य कर्मियों की तरह शिक्षकों को चिकित्सीय व्यवस्था न मिलाना यह दोयम दर्जे का व्यवहार शासन के द्वारा शिक्षकों के प्रति किया जा रहा है। विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने एक सुर में शिक्षकों के मांग अविलंब मानने के लिए उच्च शिक्षा निदेशालय का आह्वाहन किया।

प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, प्रयागराज (प्रसुआक्टा) के अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार पचौरी ने शिक्षकों की सेवानिवृत्ति 65 वर्ष किए जाने की जाने के साथ बायोमेट्रिक आदेश वापस लेने की मांग की। कहा कि शिक्षकों को कभी भी मजदूर के श्रेणी में नहीं रखना चाहिए।

फुपुक्टा के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह, महामंत्री प्रो.प्रदीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. हिमांशु सिंह, डॉ0 अजीत सिंह, डॉ. शिव प्रकाश यादव, संयुक्त मंत्री डॉ. गंगेश दीक्षित, डॉ. रवि चौरसिया, जोनल सेक्रेटरी डॉ. श्योराज सिंह, डॉ. भारतेन्दु मिश्र, डॉ. आर.एम. यादव, डॉ. एस.के. सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. अनिल यादव, बलिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ.अखिलेश राय, अवध विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. विजय प्रताप सिंह एवं महामंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, बरेली विश्वविद्यालय के डॉ.स्वदेश सिंह, लुआक्टा के अध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय, डॉ. ध्रुव त्रिपाठी, काशी विद्यापीठ के महामंत्री डॉ. दिवाकर, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह, डॉ. राहुल सिंह ए.आई. पुक्टा के पूर्व जोनल सेक्रेटरी डॉ. राजेश चंद्र मिश्र, प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के महामंत्री डॉ0 विपिन कुमार, उपाध्यक्ष डा प्रणव ओझा, डॉ. सत्य प्रताप सिंह, डॉ. रमेश चंद्र शुक्ल, डॉ. अल्का तिवारी, डॉ. संतोष पाण्डेय, डॉ. सत्य प्रताप सिंह, डॉ. पवन पचौरी, डॉ. अरूण तिवारी, डॉ. संतोष पाण्डेय, डॉ. विवेक निराला, डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. माया शंकर, डॉ. अनिल कुमार यादव, डॉ. रजवंत सिंह, डॉ. रंजीत पटेल, डॉ. विपीन सिंह, डॉ.प्रथमेश पाण्डेय सहित आजमगढ़ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. एस.जेड.अली महामंत्री, डॉ. इन्द्रजीत, डॉ. मनमोहन, डॉ. स्मिता मिश्रा, आगरा विश्वविद्यालय के डॉ. विक्रम सिंह, अध्यक्ष डॉ. ओमवीर सिंह आदि सहित हजारों की संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। संचालन फुपुक्टा के प्रसुआक्टा महामंत्री डॉ. विपिन कुमार ने किया।

# राहुल पर बयान से आहत कांग्रेसियों ने फूंका अनुराग ठाकुर का पुतला



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में लोकसभा की सदन में भा ज पा के नेता अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांध के प्रति जिस तरह से अपमानजनक टिप्पणी और शब्दों का प्रयोग किया है उसी के विरोध में पुतला दहन और नारेबाजी के साथ कांग्रेस जनों ने विरोध प्रदर्शन कर भा ज पा की घृणित मानसिकता का विरोध किया है।

इसी परिपेक्ष्य में शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग देश में जरूरत और आवश्यकताओं के मुद्दो पर बहस करने के बजाय उससे दूर भागने की राजनीति में ही मशगूल रहना चाहते हैं और अनुराग ठाकुर ने जाति की बात करके ये तो साबित कर दिया कि भाजपाई कितनी घृणित मानसिकता, मनुवादी विचार रखती है। जिस तरह से अनुराग ठाकुर ने देश की सदन में अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है इस पर अनुराग ठाकुर को विपक्ष के नेता राहुल गांधी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप मिश्र अंशुमन, सुभाष पांडेय, मानस शुक्ला, विवेक पांडेय, दिवाकर भारतीय, इस्तियाक अहमद, विनय पांडेय, निशांत रस्तोगी, अभिषेक शुक्ला, विशाल सोनकर, अरविन्द पांडेय, सुशील तिवारी, प्रदीप वर्मा, दिलीप सिंह, सौरभ चौधरी, शुभम शुक्ला, रमेश यादव,अलीम हाशमी, रचना पांडेय, रिज़वाना, कामेश्वर सोनकर, गुलशन नेता, जमाल अख्तर, महबूब आलम,शामिल रहे।

## अनुराग ठाकुर और भाजपा की भाषा में निराशा है- कांग्रेस

**प्रयागराज।** यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, यूपीसीसी सदस्य फुज़ैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी आदि ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर जाति संबंधी टिप्पणी की निंदा की है।

इन नेताओं ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पत्र भेज ठाकुर के खिलाफ़ कार्यवाही की मांग की है। कहा कि देश के गद्दारों को गोली मारो सालों की बात करने वाले ठाकुर के राहुल गांधी की जाति के बावत दिया बयान दर्शाता है कि इतनी घटिया बात कर उन्होंने अपने अहंकार और संस्कार का परिचय दिया है। इन नेताओं ने राहुल को लेकर कंगना राणावत के भी शराब और ड्रग्स के बयान को बचकाना बताया। कहा कि एलओपी को लेकर कंगना और ठाकुर की यह आपसी स्पर्धा ज्यादा अंक पाने के अलावा कुछ भी नहीं है। भाजपा की भाषा में चिढ़, निराशा और हताशा बताती है कि वह कितनी खोखली है।

## विद्यालय में बार-बार चोरी से ग्राम प्रधान परेशान

**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के जालापुर गाँव स्थित प्राथमिक विद्यालय में बार-बार चोरी होने से ग्राम प्रधान परेशान हो गया है। जालापुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में आये दिन चोरों द्वारा अपना हाथ साफ किया जा रहा है। चोरों द्वारा ताला तोड़कर मिड डे मील का पोषाहार, पंखें, भगोना, कुर्सी,गेट आदि सामानों को साफ कर दिया जाता है। जिसकी थाने में केस भी दर्ज है। प्रधान शेषमणि बिंद ने बताया कि 25 जुलाई को विद्यालय में चोरी हुई थी उसके बाद 28 जुलाई की रात को पुनः चोरी की घटना हो गयी। प्रधान और विद्यालय के प्रधानाचार्य ने थाने में तहरीर दी है। चोरी की घटना से प्रधान परेशान हो गए हैं।



# मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी उ0 प्र0, प्रयागराज के तत्वावधान में आज मुंशी प्रेमचंद की जन्म जयंती के अवसर पर %प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान के संदर्भ में% विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एकेडमी के सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि %प्रेमचंद का हिन्दुस्तानी एकेडेमी से विशेष जुड़ाव रहा है। प्रेमचंद एकेडेमी के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। एकेडेमी का प्रतिष्ठित पहला %एकेडेमी सम्मान% इनको दिया गया। एकेडेमी ने इनकी कहानी का अनुवाद %हड़ताल% को प्रकाशित किया है। मुंशी प्रेमचंद का प्रयागराज से बहुत लगाव था इसीलिए उन्होने सरस्वती को यहाँ प्रयागराज में स्थापित करने मे सहयोग किया था। प्रेमचंद की रचनाओं की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही है जितनी उनके समय में थी।विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता एवं सरस्वती पत्रिका के संपादक रविनंदन सिंह ने कहा कि %मुंशी प्रेमचन्द प्रथमतः आदर्शवादी उपन्यासकार रहें हैं किन्तु बाद में यथार्थवादी उपन्यासों की रचना की है। ऐसे उपन्यासों की शुरुआत सेवासदन (1918) से होती है।विचार गोष्ठी में प्रो. सरोज सिंह, हिन्दी विभाग, सी.एम.पी. डिग्री कालेज, प्रयगाराज कहा कि %प्रेमचन्द जी ने अपने उपन्यासों में सामाजिक कुरीतियों ग्रामीण जीवन की समस्याओं- मजदूर, किसान, नेता, उपदेशक, राजा, रंक सभी का यथार्थ चित्रण किया है। उनकी कहानियों में गरीबों बेबसों का कारूणिक चित्रण मिलता है।



कार्यक्रम में प्रो. अरूण कुमार, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. कल्पना वर्मा, डॉ. अखिलेश शर्मा, डॉ. अभिषेक तिवारी, गोपालजी पाण्डेय, रतन पाण्डेय, अंकेश कुमार श्रीवास्तव, अनुराग ओझा, सुनील कुमार, अमित कुमार सिंह, मोहसीन खाँ सहित समस्त एकेडेमी कार्मिक के साथ शहर के अन्य रचनाकार एवं शोध छात्र भी उपस्थित थे।

# शराब पीने के लिए पैसा न देने पर दबंगों ने गरीब मजदूरों को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के जालापुर गांव में शराब पीने के लिए पैसा न देने पर गरीब मजदूरों को दबंगों ने जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि मजदूरों के जेब में मजदूरी का रखा पैसा भी दबंगों ने छीन लिया। जालापुर गांव निवासी सुभाष चंद्र ,विजय बहादुर, राधेश्याम दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार का जीवन यापन करते हैं।

मंगलवार की रात तीनों लोग मजदूरी करके घर वापस आ रहे थे। जैसे ही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचे थे आरोप है कि तभी शिवपुर गांव के दबंग किस्म के लोग तीनों मजदूरों को रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। मजदूरों ने बताया कि पैसा न देने पर तीनों लोगों को दबंगों ने जमकर लात घूसों से मारा पीटा और जेब में रखे पैसे भी जबरन निकाल लिए। बुधवार सुबह गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ पीड़ित मजदूर दबंगों के घर जाकर उलाहना देना चाहा तो घर पर गाली और जान मारने की धमकी दी गई। जिससे पीड़ित मजदूरों ने थाने पर पहुंचकर दबंग लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।



# मैजिक अनियंत्रित होकर पलटी, आधा दर्जन कांवरिये घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** हंडिया थाना क्षेत्र के चकमदा के पास नेशनल हाईवे पर कांवरियों को ले जा रही मालवाहक मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें सवार आधा दर्जन कांवरियें घायल हो गए।

बता दे कि भदोही जनपद के रोही गांव से कांवरियें जल भरने के लिए मालवाहक मैजिक पर 15 लोग सवार होकर संगम प्रयागराज जा रहे थे। जैसे ही चकमदा के पास पहुंचे तो मैजिक का स्टेरिंग फेल हो जाने से मैजिक अनियंत्रित होकर डिवाडर से पलट गई। जिसमें सवार आकाश कुमार पुत्र श्री शेषनाथ, अमरेश पुत्र तुलसीदास,हर्ष तिवारी पुत्र श्री प्रकाश, रामनाथ पुत्र बहादुर लाल , अरविंद निवासी रोई जनपद भदोही घायल हो गए। हंडिया पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तत्काल मौके पर पहुंच कर थाना प्रभारी हंडिया ने एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी ऊपरदहा स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां पर एक की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने घायलों के घर सूचना दे दी है।



# विद्युत कटौती से उपभोक्ता परेशान संपर्क करने पर नहीं मिलता जवाब

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी ।** विद्युत उपकेन्द्र मलावा बुजुर्ग के अंतर्गत लगभग दो दर्जन से अधिक गांव है जिसमे विद्युत आपूर्ति की जाती है। लेकिन गत कई दिनों से निरंतर रात को विद्युत कटौती की जा रही है। जबकि राज्य सरकार द्वारा आदेश जारी है कि चौबीस घंटे बिजली उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो । दिन में खुल्ला तारो को उतार कर केबल लगाने का कार्य चलता है रात में फाल्ट की समस्या होती है तो जिससे उपभोक्ता गर्मी व उमस से परेशान हो जाते है। उन्हे खुले आसमान के नीचे पसीना सुखाने के लिये विवश होना पड़ता है। रोजमर्रा कामगार मजदूर दिन में हाड़तोड़ मेहनत करता है और रात में सोने के लिए पंखा का सहारा लेता है लेकिन सकून कहा रात में फाल्ट के चलते कई कई घंटे बिजली गुल रहली है जब उपभोक्ता कटौती का कारण जानने के लिए संपर्क साधते है तो जिम्मेदार अधिकारी से संपर्क में फोन नहीं उठता यदि फोन भी उठ भी गया तो संतोष जनक जवाब देने से आनाकानी करते है। जिसे लेकर उपभोक्ताओं में रोष ब्याप्त है।



# गोपसाहसा विद्युत उपकेंद्र में 18 घंटे के बजाय 10 घंटे भी नही मिलती बिजली

**तिल्हापुर मोड़ से हर रोज की जाती है रात्रि में 8 बजे से 12 बजे तक कटौती**



लोकमित्र ब्यूरो

**बारा, कौशाम्बी।** सरकार के साथ साथ जनपद के जिलाधिकारी भी रोस्टर के अनुसार विद्युत सप्लाई करने का निर्देश दे रहे हैं लेकिन विद्युत विभाग के एस.एस.ओ. अधिकारी तिल्हापुर मोड़ 132 हजार विद्युत सप्लाई रोस्टर से ग्रामीणों को बिजली नहीं दे पा रहे हैं विभाग में कहां कमियां है यह तो जांच का विषय है लेकिन आम जनता बिजली की कटौती से परेशान है और विभाग के अधिकारी विद्युत कटौती की समस्या को सुनने के लिए तैयार नहीं है उमस भरी गर्मी में लाइट की बहुत बड़ी समस्या है एक तरफ गर्मी जबरदस्त पड़ रही है लोग गर्मी से बेहाल हैं तो दूसरी तरफ छूट पुट बारिश से शाम होते ही विषैले जंतुओं का डर बना रहता है दूसरी तरफ ग्रामीण जाग कर आधी रात बिता रहे है आप को बतादें कि सोमवार रात 29 जुलाई को लगभग 9:00 बजे से तिल्हापुर से विद्युत सप्लाई काटने के बाद मंगलवार 30 जुलाई को लगभग 12:00 बजे लाइट आई है पूरी रात विद्युत सप्लाई न शुरू होने से आम जनता उपभोक्ता परेशान रहे पूरी रात नगर के लोगों ने जाग कर व्यतीत किया है इस समय लाइट की समस्या जबरदस्त है लाइट बार-बार आती जाती रहती है लाइट रुक नहीं पा रही है गर्मी से लोगों का लाइट के बिना जीना बेहाल हैं लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं की बात सुनने को तैयार नहीं है मनमानी तरीके से बिजली की सप्लाई दी जाती है आखिर सरकार का आदेश बिजली विभाग के अधिकारी क्यों नहीं मान रहे हैं यह बड़ी जांच का विषय है। मंगलवार को जब कंट्रोल रूम में तैनात एसएसओ से संपर्क किया गया लेकिन समस्या सुनना तो दूर रांग नंबर कह कर फोन काट दिया। आइए जाने लोगो का क्या कहना है- कौशाम्बी स्थिति धम्म मित्र बुद्ध विहार के बौद्ध धर्म गुरु धम्म रत्न मित्र का कहना है कि यहां रोस्टर के हिसाब से तो लाइट पहले मिलती थी लेकिन यह कटौती रात में न कर दिन में कटौती करें बुद्ध विहार के अगल बगल खेत है रात में विषैले जंतुओं को काटने का डर बना रहता है रात में 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक की कटौती करना ठीक नहीं है। लंका राम बुद्ध विहार के प्रबंधक विशुद्ध टीशिरो महा थेरो ने बताया की लंकाराम ने बताया कि इस समय पर्यटकों का आना जाना है जो यह रात्रि की कटौती होती है वह चिंता का विषय है विभागीय अधिकारियों को इस समस्या का समाधान करना चाहिए। अखिल भारतीय बौद्ध महासभा के कोषाध्यक्ष राम राज बौद्ध का कहना है कि विभागीय अधिकारियों को फोन किया उसके बाद एसएसओ चायल कंट्रोल रूम को फोन लगा कर विद्युत कटौती की समस्या को जानने का प्रयास किया लेकिन रॉन्ग नंबर कहकर फोन काट दिया जो गंभीर समस्या है।

## मध्य प्रदेश में सेन समाज की उपेक्षारू 75 साल से विधायक की टिकट का इंतजार...

**प्रयागराज।** 75 साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद, न तो भाजपा और न ही कांग्रेस ने सेन समाज को विधायकी की टिकट न मिलने से यह समाज आज भी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। जबलपुर शहर, जो मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा महानगर है, 79 पार्षद हैं, लेकिन सेन समाज को न तो भाजपा और न ही कांग्रेस ने पार्षद की टिकट नहीं दी है। यह समाज 75 साल से आस लगाए बैठा है कि कब मध्य प्रदेश में सेन समाज का एक जननायक पैदा होगा, जो उन्हें विधानसभा और लोकसभा तक ले जाने के लिए पहुंचेगा। हाल ही में, जबलपुर सेन समाज ने एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें दूसरी जाति के विधायक और महापौर शामिल हुए। सेन समाज ने उनका भव्य स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि भाजपा और कांग्रेस भविष्य में सेन समाज को विधानसभा तक ले जाने का अवसर देगी। यह समय है कि मध्य प्रदेश के राजनीतिक दल सेन समाज की उपेक्षा को समाप्त करें और उन्हें उनके अधिकार दें

# मूरतगंज मे रास्ते मे जलजमाव दर्जनो घर-परिवार प्रभावित बच्चो महिलाओ की निकलना मुश्किल

लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अन्तर्गत मूरतगंज मे वार्ड नंबर 25 के सरकारी अस्पताल जीटी रोड मोड के ठीक सामने दक्षिण दिशा मे रास्ते मे लबालब पानी का जलजमाव से पैदल आने जाने वाले राहगीरो महिलाओं बच्चो छात्र छात्राओ को परेशानी का सामना करना पढ़ रहा लेकिन नगर पालिका परिषद भरवारी के जिम्मेदार ईओ साहब के मनमानी व लापरवाही के कारण जलजमाव बना हुआ है जो परेशानी का सबब है। बता दे कि एक सप्ताह पूर्व वार्ड नंबर 25 के नसीम अहमद राईन महामन्त्री उधोग व्यापार मंडल मूरतगंज ने ईओ साहब को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए रास्ते के बगलं मे स्थित तलाबी नंबर 410 को साफसफाई और कूड़े-करकट को निकलवाने का अनुरोध किया था जिसपर ईओ भरवारी ने साफसफाई के लिए कामचोर कर्मचारियो को जेसीबी और कूडा गाडी मौके पर भेजा तो केवल चार गाडी घास कूड़े-करकट निकालने के बाद एक घंटे के अन्दर वापस चले



गए खानापूर्ति करते हुए जब की तालाब के पूरब दिशा मे दर्जनो गाडी कूड़े-करकट से पटा है उसे नही निकालने से तलाब का गंदा पानी रास्ते मे लबालब भरा हुआ है लेकिन नगर पालिका परिषद भरवारी प्रशासन कुम्भकर्णी नींद सो रहा है

लगता है कि कोई अनहोनी घटना घटित होने का इन्तजार है स्कूली बच्चो का गिरना फिसलना लगा हुआ है जो चिन्ताजनक है। मूरतगंज वासियो ने जिलाधिकारी कौशाम्बी का ध्यान आकर्षित करते हुए स्थालीय निरिक्षण कर हस्तक्षेप करने और कूड़े-करकट साफसफाई कराने की अपील की है जिससे पीड़ित दर्जनो घर-परिवार वालो को सुविधा प्रदान हो सके।

## पीएमश्री विद्यालय अमिरसा में संचारी रोग जागरूकता अभियान की निकाली गई रैली



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** नेवादा ब्लॉक के पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय अमिरसा में बुधवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुआ। विद्यालय की प्रधानाध्यापक अनुराधा पाण्डेय के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को संचारी रोग के प्रति जागरूक किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने हम सबने ठाना है संचारी रोग भगाना है आदि नारे लगाते हुए गांव के मोहल्लों में घूमकर पुनरू विद्यालय पहुंचे। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रियंका गुप्ता ने विद्यालय परिसर में मौजूद अभिभावकों व छात्रों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शपथ दिलाई। शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि संचारी रोग से बचाव के लिए घर के आसपास साफसफाई रखें। नालियों की सफाई, जल भराव का निस्तारण, झाड़ियों की कटाई छटाई करें, ताकि घर के आसपास गंदगी न रहे। शिक्षक सत्यनिधि शुक्ला ने कहा कि संचारी रोग वे बीमारियां है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में या किसी जानवर से दूसरे व्यक्ति में या दूषित भोजन एवं दूषित पानी के प्रयोग से फैलती है। अपने हाथों को नियमित हैंडवाश अथवा साबुन से धोये और उसके बाद अच्छी तरह से सुखाएं। छात्रों के बीच बीमारियों से रोकथाम व उपचार को लेकर चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता कराई गई।

# सबसे नीचे पायदान के व्यक्ति की तरक्की हो- सुघर सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय सेन समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में संपन्न हुआ जिसमें देश के सामाजिक जनप्रतिनिधि मौजूद थे। नव समाज चौरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले संपन्न हुआ जिसमें 12 राज्यों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए हालांकि अभी संस्था शैशव काल में है संस्थान निरंतर अग्रसर देश के सभी राज्यों में संगठन को स्थापित करेंगे इस अधिवेशन में मुकता जिन मुद्दों को समाज के विकास के बारे में चर्चाएं हुई शिक्षा पर सुघर सिंह, मनोज कुमार अन्य लोगों से मिलकर उन प्रतिभावान बच्चों को आर्थिक सहायता मार्गदर्शन व सहयोग करेंगे जो प्रतिभावान छात्र-छात्राएं हैं परंतु फीस देने में असमर्थ हैं ऐसे बच्चों की मदद करने का बीड़ा उठाया जो व्यक्ति शिखर पर पहुंच गया है जो अपनी जड़ों की तरफध्यान दें जो गांव में बसती हैं और उन्हें आगे लाना चाहिए। स्वामी सवितानंद कर्नाटक जो की वोकालिंगा संप्रदाय मैथ के साथ जुड़कर कई विषयों पर रिसर्च कर रहे हैं समाज लघु उद्योग लगाने का मॉडल भी तैयार किया है जिसमें बेकरी दूर करने वालों को उन्नत किस्म का आविष्कार कर अपने



जीवन को तरक्की की और ले जा सकें। प्रोफेसर डॉक्टर अरवानंदम कर्नाटक ने समाज की सर्वांगीण विकास पर जोर दिया है और कहां है कि समाज देश से जुड़ा है इसलिए बच्चों को पढ़ा लिखा कर तरक्की की मार्ग पर पहुंचा जा सकता है। मुकेश चंद्रा, कर्नल सतवीर सिंह, लक्ष्मण ठाकुर, सूर्य नारायण, वीरेश सेन, रिकेश सेन विधायक छत्तीसगढ़, रितेश सेन केवल कृष्ण फोत्रा जम्मू कश्मीर, आदि लोग मौजूद थे। जम्मू कश्मीर से केवल कृष्ण अखिल भारतीय सेन समाज के अध्यक्ष ने सामाजिक उत्थान एवं आर्थिक सुधार में समाज के लोगों के छोटे-बड़े व्यवसाय में लगाने के लिए मदद के लिए बड़े व्यवसाय करने वाले लोग गरीब लोगों की सहायता करें समाज के लोगों को नौकरी में विशेष ध्यान दिया जाए जो बड़े व्यापारी हैं जो बड़े बिजनेसमैन उद्योगपति है जिनकी फैक्ट्रियां हैं वह अपने ही समाज के लोगों को नौकरी में रखकर सहयोग करें जिससे समाज का बड़ा हित होगा साथ ही बच्चों की पढ़ाई के लिए शिक्षा की उचित व्यवस्था मुहैया कराई जाए। जब जाकर की समझ में व्यवस्था परिवर्तन होगा आजादी मिलने के बाद समाज को इतने गरत में ढकेल दिया गया है इसके लिए अब संविधान का सहारा लेना पड़ेगा और संविधान को अधिकारों की लड़ाई लड़ना पड़ेगी यह समाज में जागृति लाना पड़ेगी क्योंकि इस समय हमारा समाज अधर में लटका हुआ है जिन लोगों ने हमारे साथ अन्याय अत्याचार किया है हम उनकी व्यवस्था में सिमट कर रह गए है इसलिए अंधभक्ती को छोड़कर के और समाज में जागृति पैदा करें यही इस सम्मेलन का सार है। अखिल भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुघर सिह ने कहा कि हमारा काम समाज के साथ राजनीति करने का नहीं है बल्कि समाज को उस पायदान पर ले जाना है जिससे समाज की तरक्की हो हमारे समाज के बच्चे पढ़ लिख करके आगे बढ़े जिससे हमारे समाज का विकास हो सामाजिक आर्थिक, जन चेतना हमारे समाज के अंदर होना चाहिए जिससे समाज की तरक्की होगी और हमारे देश की भी तरक्की होगी।

## कंपोजिट स्कूल कटैया के शिक्षक नामांकन बढ़ाने को घर-घर कर रहे संपर्क



लोकमित्र ब्यूरो

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड नेवादा के कंपोजिट विद्यालय कटैया के शिक्षक घर घर जा कर अभिभावकों से संपर्क कर रहे है आपको बतादें कि कंपोजिट स्कूल कटैया के प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश ने अभिवावकों को जागरूक करते हुए कहा कि अपने परिवार के 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों के नाम विद्यालयों में अवश्य लिखवाएं। जिन बच्चों का अभी नामांकन न हुआ वह नामांकन जरूर करवाएं और विद्यालय में पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध हैं। पर्याप्त कमरे, सभी कमरों में बच्चों को बैठने की व्यवस्था, पानी पीने के लिए टंकी एवं बहु टोटियां, पंखे, की व्यवस्था है यहां के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल कार्यक्रमों में एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यालय के बच्चों ने हिस्सा लेकर गांव का नाम रोशन किया है अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन करने के लिए प्रेरित किया गया साथ में मौजद सहायक अध्यापक जय प्रकाश पाण्डेय ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए चर्चा किया डॉरेक्ट बेनिफ्टि ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से आप के खाते में 1200 सरकार सीधा आप को दे रही है जिसमे दो सेट यूनिफार्म, जूता मोजा, बैग, स्वेटर, स्टेशनरी (कॉपी पेन) आप लोग उस पैसे से खरीद सकतें है। अभिभावकों को संचारी रोग के बारे में विस्तार से चर्चा किया।इस प्रकार से अभिवावकों ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

# नौ वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

लोकमि् ब्यूरो

**कौशाम्बी।** थाना पिपरीपुलिस उ0नि0 चन्दन सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी ज्ञानचन्द्र पासी पुत्र दिनई नि0 चायल थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनीपुलिस उ0नि0 विनोद यादवमय हमराह पुलिस बल द्वारा सम्बन्धित वारंटी इन्द्र लाल खटिक नि0 सौरई खुर्द थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया थाना करारी पुलिस उ0नि0 अमित द्विवेदी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त देवशरण नि0 नसरुल्लापुर थाना करारीजनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना संदीपनघाट पुलिस उ0नि0 भन्टूराम मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी बाबूलाल नि0 असरफपुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उ0नि0 अरविन्द कुमार



दुवेमय हमराह पुलिस बल द्वारा 02 वारंटी शिवमूरत ,रामबदन लोध नि0 गण गौरा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी को न्यायालय भेजा गया। थाना मंझनपुर पुलिस उ0नि0 अरविन्द कुमार दुवे मय हमराह पुलिस बल द्वारा 03 वारंटी अशर्फीलाल, इन्द्रराज, भुइहरवा उर्फ बुदुन लाल नि0गण एदिलपुर थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपियों को न्यायालय भेजा गया।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा दिलायी गयी

कौशाम्बी। थाना पिपरी परवादी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरे पिता द्वारा मेरे सगे भाई की फावड़ा मारकर हत्या कर दी गयी । इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर भादविपंजीकृत किया गया था।

जिससे सम्बन्धित छेदीलाल निवासी कटहुला गौसपुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को 31 जुलाई को न्यायालय एएसजे जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपी को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए आरोपी को आजीवन कारावास तथा 30,000- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर अभि0 को 01 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी ।

## शक्तिपीठ कड़ाधाम से काशी के लिए रवाना हुए शिव भक्त

**कड़ा, कौशाम्बी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पवित्र श्रावण मास में शक्तिपीठ कड़ाधाम से कांवरियों का एक जत्था काशी विश्वनाथ के लिए रवाना हुआ।बुधवार को भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए कांवरियों का जत्था नाचते गाते पैदल वाराणसी के लिए रवाना हुआ।डीजे व भव्य आकर्षक झांकियों के साथ शिव भक्त बाबा के जयकारे लगाते हुए काशी नगरी के लिए प्रस्थान किये। कड़ाधाम से सैनी हाइवे मार्ग तक कांवरियों का समाज सेवियों द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर चेयरमैन रागिनी अरुण केशरवानी, उदय पांडेय, प्रतिभा कुशवाहा, मुन्ना साहू, राजू केशरवानी, तूफानी पंडा, रुपैया पंडा, राकेश पांडेय, रामिलन पंडा, दीपा श्रीवास्तव, बउआ साहू, राजीव पंडा, मुन्ना पाल, शशिकमल मिश्रा, नीरज साहू, गुलाब मौर्य, राहुल कुशवाहा, धनराज, दिग्गज मौर्य सहित भारी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे।

# मुकेश निर्मल को मिली आई0आई0टी रुड़की से मास्टर ऑफ साइंस की उपाधि

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा पूरब थोक के मुकेश निर्मल पुत्र स्व0 राम सजीवन एवं शांती देवी शुरू से ही पढ़ाई-लिखाई के प्रति बहुत सजग रहे हैं। इनकी यही सजगता ही कमजोर आर्थिक स्थिति को पढ़ाई के रास्ते में आड़े नहीं आने दिया। मुकेश बताते हैं कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, अन्य महान व्यक्तित्वों के जीवन संघर्षो और कार्यो की प्रेरणा तथा माता-पिता की प्रेरणा से ही आई आई टी तक का सफर पूरा कर पाया हूँ। बताते चलें कि मुकेश निर्मल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही पूरी की तथा माध्यमिक 10 सीजीपीए व मध्यवर्ती शिक्षा 94 प्रतिशत केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड जवाहर नवोदय विद्यालय टेंवा कौशांबी से पूर्ण किया और दोनों कक्षाओं में विद्यालय और जिले में टॉपर रहे। मुकेश ने बीएससी केमिस्ट्री ऑनर्स दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दू कॉलेज से पूर्ण किया। इसके बाद मुकेश ने ज्वाइंट एडमीशन टेस्ट




फॉर मास्टर्स (जैम) क्लियर कर आईआईटी रूड़की, उत्तराखण्ड में प्रवेश लिया और मास्टर्स ऑफसाइंस 8 पॉइन्ट 5 सीजीपीए के साथ पूर्ण किया। मुकेश का रिसर्च का टॉपिक ष्सिंथेसिस ऑफ टॉसिलहाइड्राजोन एण्ड इट्स यूटिलाइजेशन फॉर द सी-एच इंसर्शन रिएक्शन था। जिसके लिए 27 जुलाई को आयोजित दीक्षांत समारोह में 27 जुलाई 2024 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की द्वारा संचालित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि देबजानी घोष, अध्यक्ष नैस्कॉम रिसर्च नीति आयोग द्वारा उपाधि प्रदान की गई। मुकेश सीएसआईआर यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए क्वालीफाई हुए जिसमें पूरे भारत में 111वीं रैंक हासिल की। मुकेश ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों, गुरुजनों और मित्रों को दिया।

# दबंग भाइयों ने महिला समेत बच्चों को घर में घुसकर पीटा, मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बा में सोमवार की शाम भूमि विवाद को लेकर दबंग भाइयों ने घर में घुस कर महिला समेत उसके बच्चों को लाठी डंडे से जमकर पीट दिया। चीख पुकार सुन लोगों को आता देख उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता ने थाने जाकर दो आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। कस्बा चरवा के साझिया मोहल्ला की पुष्पा देवी पत्नी रामानुज पांडेय के मुताबिक उन्होंने पुष्पा त्रिपाठी पत्नी इंद्रेश त्रिपाठी से एक जमीन खरीदा था। आरोप है कि उनका पट्टीदार सतीश पांडेय उर्फ दीपक पांडेय उसका भाई पंकज उर्फ हरीश कुमार पांडेय आदतन अपराधी प्रकृति के हैं, दोनों के खिलाफ गुंडा एक्ट और जिला बदर की कार्रवाई भी हो चुकी है। उन्होंने पुष्पा त्रिपाठी से खरीदी गई उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर वह दोनों गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं। आरोप है कि सोमवार की शाम जमीन कब्जा करने के विरोध पर दबंग भाइयों ने घर में घुसकर महिला समेत उसके बच्चों को लाठी डंडे से जमकर पीट दिया।

इससे वह चोटिल हो गए। चीख पुकार सुन लोगों को आता देख दोनों भाई जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घायल महिला ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष जगदीश प्रसाद का कहना है कि जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हुआ है। दोनों पक्षों से मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## पढ़ने की उम्र में कूड़ा बिनने को मजबूर नौनिहाल

**सिराथू, कौशाम्बी।** जिस उम्र में बस्ते का बोझ उठाना चाहिए, उस उम्र में बच्चे कबाड़ बिन रहे हैं। सिराथू तहसील क्षेत्र के अजुहा, सैनी, सिराथू आदि जगहों की व्यवस्तम सड़कों के किनारे कंधे पर स्कूली बैग की जगह कबाड़ का भार उठाते बच्चे दिख जाना आम बात हैं। यह बच्चे कभी स्कूल नहीं गए। दूसरे बच्चों को स्कूल जाते देख इन बच्चों का स्कूल जाने का मन तो करता है, लेकिन गरीबी इनको स्कूल जाने नहीं देती। यह मासूम बच्चे रोज सुबह से रात तक कबाड़ा बीनकर उसे बेंचते है और दो वक्त की रोटी का इंतजाम करते है।

# सेवानिवृत्त हुये पुलिस कर्मियों को दी गयी ससम्मान विदाई

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गाभाभी सभागार में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेट कर, प्रशस्ति पत्र देकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी चायल, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर भी मौजूद रहे।



## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई,

चेकिंग के दौरान दो-पहियाध्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया । यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 129 वाहनों का ई-चालानकिया गया ।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे चार आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना सराय अकिल से 02, थाना सैनी से 01, थाना चरवा से 01 ) कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## बच्चों को दिलाया गया स्वच्छता का संकल्प

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय शमशेरगंज में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत स्वच्छता संकल्प व ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सुशील कुमार सरोज एवं कल्पना ने स्कूल के शिक्षकों तथा छात्रों शना बानो, प्रशांत वर्मा, करन, शनी माली आदि को स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाया। वही ड्राइंग प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने झाड़ू, वाइपर, कूड़ेदान, बाल्टी आदि बनाकर स्वच्छता के प्रति संदेश दिया। ड्राइंग प्रतियोगिता में आयुष कुमार सरोज को प्रथम, शना बानो को द्वितीय तथा प्रशान्त वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। शिक्षक अरूण कुमार रत्नाकर ने संयोजन किया। इस मौके पर विमलेश गुप्ता, मीना गुप्ता, माधुरी प्रजापति, शुभम विश्वकर्मा, नितिन कुमार वैश्य, राधिका प्रजापति, जितेन्द्र गौतम, अंश सरोज, शिवानी सरोज आदि मौजूद रहे।

## होमगार्ड के सेवानिवृत होने पर दी गयी विदाई




**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के शोभई का पुरवा गांव निवासी कंपनी बाबागंज के होमगार्ड दयाशंकर मिश्र के सेवानिवृत होने पर बुधवार को महेशगंज थाना में विदाई समारोह होमगार्ड के सार्जेंट मेजर बृजेश पांडेय ने आयोजित किया। साथी होम गार्डो ने माला पहनाकर सम्मानित किया। साथी होमगार्डों ने कहा कि बड़े ही ईमानदारी से दयाशंकर मिश्र ने विभाग में सेवा दिया है । मिश्रा जी का कार्य हमेशा सराहनीय रहा है । इस दौरान विनय कुमार पांडेय, राम छिट्टन यादव, हेड दिवान थाना महेशगंज दिलीप यादव, कांस्टेबल निरंजन कुशवाहा, चंद्रभूषण सरोज, महावीर प्रजापति, राम प्यारे मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अनुसूचित जाति/जनजाति अभ्यर्थियों के इलेक्ट्रीशियन व टेलरिंग ट्रेड का साक्षात्कार 01 अगस्त को

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों में औद्योगिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से व्यवहारिक सामूहिक प्रशिक्षण योजना वर्ष 2024-25 हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम पुरूष अभ्यर्थियों हेतु इलेक्ट्रीशियन ट्रेड एवं महिला अभ्यर्थियों हेतु टेलरिंग ट्रेड में साक्षात्कार दिनांक 01 अगस्त 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र प्रतापगढ़ कार्यालय में होना सुनिश्चित किया गया है। आवेदित समस्त अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित समय, तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग करें।

## अन्य पिछड़ा वर्ग अभ्यर्थियों के इलेक्ट्रीशियन व साड़ियों की कढ़ाई व छपाई ट्रेड का साक्षात्कार 02 अगस्त को

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों में औद्योगिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से व्यवहारिक सामूहिक प्रशिक्षण योजना वर्ष 2024-25 हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम पुरूष अभ्यर्थियों हेतु इलेक्ट्रीशियन ट्रेड एवं महिला अभ्यर्थियों हेतु साड़ियों की कढ़ाई व छपाई ट्रेड में साक्षात्कार दिनांक 02 अगस्त 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र प्रतापगढ़ कार्यालय में होना सुनिश्चित किया गया है। आवेदित समस्त अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित समय, तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में प्रतिभाग करें।

## नगर वासियों को मिलेगा शिव महापुराण कथा श्रवण का अवसर

**पट्टी प्रतापगढ़।** पट्टी नगर कस्बे में स्थित विवाह मंडप रायपुर रोड पट्टी में श्रावण मास के पवित्र महीने में श्रद्धालुओं को एक अगस्त से सात अगस्त तक शिव महापुराण की पावन कथा का रसपान करने का अवसर मिलेगा। कथावाचक स्वामी ओम प्रपन्नाचार्य मानस किंकर जी महाराज विश्व वैदिक धर्म संघ श्री धाम अयोध्या के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। कथा समाप्ति के बाद पट्टी नगर के कुल 28 शिवालयों में एक साथ अलग अलग विद्वानों तथा यजमानों के द्वारा भव्य रुद्राभिषेक जन कल्याण के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक नगर पंचायत पट्टी के अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह के निर्देशन में हो रहा है।

## आंगन में गिरने से वृद्धा घायल, हालत गंभीर

**पट्टी प्रतापगढ** आंगन में गिरने से वृद्ध महिला घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाया गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के सदहा गांव की अमरावती पांडे उम्र लगभग 60 वर्ष अपने घर के घरेलू काम निपटा रही थी। आंगन में अचानक वह फिसल कर गिर गई, जिससे उसके पैर में गंभीर चोटे आ गई। घायल महिला को इलाज के लिए सीएससी पट्टी लाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## कोचिंग से घर जा रही छात्रा से मनचलो ने की छेड़छाड़ व अश्लीलता

**पट्टी प्रतापगढ** रानीगंज थाना क्षेत्र के कमासिन गांव की एक छात्रा बुधवार को दिन में कोचिंग पढ़कर घर जा रही थी। इस दौरान रास्ते में पहले से खड़े मनचले युवको ने उसे सुनसान जगह देखकर रोक लिया। साथ ही उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लीलता करने लगे। उसने किसी तरह हल्ला गुहार मचा कर अपनी जान व इज्जत बचाई। घर पहुंच कर परिजनों को सारी आपबीती बताई। परिजनों ने अज्ञात युवकों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है।

## उड़ैयाडीह बाजार से प्रयागराज रवाना हुआ कांवरियों का जत्था



**बेलखरनाथ धाम प्रतापगढ़** -सावन के पावन मास में भोले बाबा को जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लाने प्रयागराज के लिए कांवरियों का एक जत्था बुधवार को उडैयाडीह बाजार से रवाना हुआ।यह कांवरिया पौराणिक स्थल बाबा बेलखरनाथ धाम में पवित्र गंगाजल लाकर जलाभिषेक करेगे।इस दौरान पट्टी कोतवाली के एसआई अतर सिंह, राजेश कुमार व ग्राम प्रधान अरुण कुमार सोनी ने कांवरियों का स्वागत करते हुए जल पान की व्यवस्था की।इस दौरान पट्टी कोतवाली के हल्का सिपाही गुलशन यादव, सत्यम शर्मा,रमा रतन मिश्रा, सहित बाजार के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# वादी ही निकला लूट की झूठी घटना का मास्टरमाइंड

● एसपी ने इस सफलता पर पुलिस टीम को किया पुरस्कृत

लोकमित्र ब्यूरो



**कुंडा प्रतापगढ़।** बुधवार को सुबह कोतवाली कुंडा के बाई पास बेंती रोड़ पर स्थित फोजी फीलिंग स्टेशन पर दो मोटरसाइकिल सवार 04 अज्ञात बदमाशों द्वारा कूल 272000/- रूपये लूट करने की घटना का पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस कर के खुलासा किया है।अभियुक्तों के कब्जे से कुल 125460 रूपये, 01 डीवीआर, 03 मोबाइल फोन बरामद हुआ है।बीते 29. 30. तारीख के कलेक्शन का कुल धनराशि रूपये 272000/- में से मैनेजर व सेल्समैन द्वारा ऑनलाइन गेम में कुल 1 लाख 47 हजार रूपये की लगायी गई बाजी हार गये थे।बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित कर जाते समय सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर को फेंकने व फीलिंग स्टेशन के मैनेजर व सेल्समैन का मोबाइल फोन तोड़ा गया था।

घटना की सूचना पर थाना कुण्डा में मैनेजर की तहरीर पर धारा 309(4), 324(4) भादवि में मुकदमा दर्ज किया गया था। आईजी रेन्ज प्रयागराज एसपी डॉ0 अनिल कुमार द्वारा मौके पर पहुँचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया था। एसपी द्वारा घटना के त्वरित अनावरण एवं अभियुक्तों की पहचान कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर संबंधित को कड़े निर्देश दिए गए थे। थाना कुण्डा पुलिस व स्वॉट टीम द्वारा लगातार घटना के प्रत्येक पहलूओं के संबंध में गहनता से जांच की जा रही थी ।

आज बुधवार को सुबह थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत फौजी फीलिंग स्टेशन (पेट्रोल पम्प) थाकिया मौली के मैनेजर व सहयोग (सेल्समैन) को दो मोटर साइकिल सवार अज्ञात 04 बदमाशों द्वारा तमंचा सटाकर 29 व 30 जुलाई का कलेक्शन का रूपया लूटने व जाते समय डीवीआर व मोबाइल फोन उठाकर ले जाने के संबंध में पेट्रोल पम्प मैनेजर की तहरीर के आधार पर थाना कुण्डा में मु0अ0सं0 219/24 धारा 309(4), 324(4) भादवि बनाम 02 मोटरसाइकिल सवार 04 अज्ञात व्यक्तियों के अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत फौजी पेट्रोल पंप पर घटित लूट की घटना की सूचना पर पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज रेन्ज प्रयागराज एवं पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुँचकर निरीक्षण किया गया एवं लूट कारित होने की घटना का त्वरित अनावरण /अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर संबंधित को सख्त निर्देश दिये गये थे ।

इसी क्रम में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी कुण्डा अजीत सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में थाना कुण्डा पुलिस टीम से प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह निरीक्षक संजय कुमार सिंह, विवेचक व0उ0नि0 योगेन्द्र सिंह, उ0नि0 गिरीश दूबे, का0 जाहर सिंह, का0 विवेक मिश्र तथा स्वॉट टीम प्रतापगढ़ प्रभारी उ0नि0 श्री सुनील कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 दिनेश सिंह, हे0का0 मोहित यादव, हे0का0 धनन्जय राय, का0 राजेन्द्र कुमार, का0 जागीर सिंह, का0 अरविन्द दूबे, का0 राजेन्द्र कुमार, का0 श्रीराम, का0 आशुतोष पाण्डेय, का0 राजेन्द्र सिंह द्वारा मुकदमा वादी एवं सहयोगी सेल्समैन से पूछताछ के दौरान मैनुअल/इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर सर्विलांस टीम की मदद से अभी तक की जानकारी के अनुसार, उपरोक्त पेट्रोल पम्प के मैनेजर राहुल तिवारी पुत्र शिवलोचन तिवारी उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम भोरा का पुरवा बिसहिया थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ तथा सहयोगी सेल्समैन सचिन मिश्र पुत्र विनोद कुमार मिश्र उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मझिलगांव रायजी का पुरवा थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ द्वारा दिन29 व 30 जुलाई के कलेक्शन का कुल धनराशि रूपये 272000/- में से ऑनलाइन गेम ड्रीम 11 में कुल 1 लाख 47 हजार रूपये की बाजी लगायी गई, जिसे वह हार गये थे। तथा 30 जुलाई का शेष धनराशि 50000/- रूपये व ऑनलाइन पेमेंट की धनराशि 70000/- रूपये व राहुल के बैंक खाता का 5000/- रूपये कुल धनराशि 125000/- रूपये को छिपाने के उद्देश्य से सम्भवतः लूट होने की झूठी योजना बनायें जाने की बात प्रकाश में आया है।

पुलिस टीम द्वारा कड़ाई से पूछताछ /छानबीन के दौरान मैनेजर राहुल तिवारी पुत्र शिवलोचन तिवारी के कब्जे से कुल 38000/- रूपये (बैंक खाता से 5000/- रूपये ) तथा सेल्समैन सचिन मिश्रा उपरोक्त के कब्जे से 87460/- रूपये, तथा डीवीआर व 03 मोबाइल फोन बरामद हुआ है ।इस प्रकार घटना के संबंध में पूछताछ व छानबीन के क्रम में प्रकाश में आये दोनों अभियुक्तों राहुल तिवारी व सचिन मिश्र के कब्जे से कुल 125460/- रूपये बरामद किया गया है । इसमें सर्विलांस टीम का अहम योगदान रहा।पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त गिरफ्तारी/बरादमगी करने वाली पुलिस टीम को उनके द्वारा सराहनीय कार्य पर 25000 रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया है।

## बिजली की मनमानी कटौती से आक्रोश, मुख्यमंत्री से की शिकायत




**लालगंज, प्रतापगढ़।** बिजली में मनमानी कटौती का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री समेत आला अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर समस्या के शीघ्र निदान की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि रानीगंज अजगरा विद्युत उपकेंद्र से पांच फीडरों से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बनायी गयी है। जिसमें एक बढ़नी फीडर भी है। गांव के प्रशान्त सिंह, सुधीर सिंह, मुन्ना सिंह, धीरेन्द्र यादव, भगवती प्रसाद सिंह, आलोक, अभिषेक सिंह आदि का आरोप है कि बढ़नी फीडर से जुड़े आधा दर्जन गांव को महज एक से दो घंटे बिजली मिल पा रही है। इससे ग्रामीणों में पीने के पानी की समस्या के साथ ही किसानों को सिंचाई व अन्य घरेलू समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मामले में शिकायत पर जिम्मेदार अफसरों व कर्मचारियों का या तो फोन नहीं रिसीव होता है या तो संतोषजनक जबाब नही मिलता है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विद्युत उपकेंद्र पर अराजकतत्वों का भी जमावड़ा रहता है जो शिकायत करने गये ग्रामीणों के साथ आये दिन अभद्रता भी करते रहते हैं। ग्रामीणों ने समस्या के शीघ्र निदान की मांग की है।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत घर में मचा कोहराम



**कटरा गुलाब सिंह ।** नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह निवासी सोहनलाल पटवा के बेटे रिंकू 25 वर्ष की आज आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया।मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह निवासी सोहनलाल पटवा का मझला बेटा रिंकू आज दोपहर हुई बरसात के समय घर की छत पर भर रहे पानी को निकालने के लिए गया था अचानक तेज गरज के साथ बिजली चमकी और वह उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दैवीय आपदा में हुई दर्दनाक घटना की जानकारी होते ही भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रिंकू बाजार में ही अपने दो भाइयों के साथ रेडीमेड गारमेंट के धंधे में सहयोग करता है। अचानक उसकी मौत से पूरे कस्बे में मातम पसर गया है। और परिजनों का भी रो रो कर बुरा हाल है।

## अम्बिकन धाम में दिव्य आरती श्रृंगार आज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड सांगीपुर अन्तर्गत अम्बिकन धाम आमीशंकरपुर में आज एक अगस्त गुरूवार को दिव्य आरती श्रृंगार होगा। इस बीच सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ महाप्रसाद का भी श्रद्धालुओं में वितरण होगा। यह जानकारी आचार्य करूणासागर मिश्र ने दी है।

# कांग्रेसियों ने भाजपा नेता अनुराग ठाकुर का पुतला फूंका

▶▶ राहुल गांधी को अपशब्द कहने पर जताया आक्रोश

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ़।**उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के आह्वान पर भाजपा नेता अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) के विरुद्ध अपशब्द कहे जाने को लेकर आज यहां आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपा नेता अनुराग ठाकुर का पुतला फूंककर अपना रोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले गांधी परिवार के राहुल गांधी जी से उनकी जाति पूछकर अनुराग ठाकुर ने देश का अपमान किया है। उन्हें सदन के साथ साथ मीडिया के माध्यम से देश से माफी मांगनी चाहिए राहुल जी का परिवार शहादत और बलिदान देने वालों का परिवार है और शहादत की ना कोई जाति होती, ना कोई धर्म होता है।उसकी जाति और उसका धर्म सिर्फ उसका देश होता है। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेमशंकर द्विवेदी व नगर अध्यक्ष इरफान अली ने संयुक्त रूप से कहा कि अनुराग ठाकुर पहली बार अपशब्द नहीं कहे हैं, उन्होंने पहले भी कहा था, गोली मारो, यह इनकी आदत बन चुकी है। भाजपा को इनकी भाषा व जुबान पर लगाम लगानी चाहिए। इन्हें राहुल गांधी ही नहीं, किसी को भी अपशब्द व गाली देने का काम नहीं करना चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, एससी जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, सदर ब्लॉक प्रभारी मो.वसीम,राधे श्याम दूबे,ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष तिवारी, बेलाल अहमद,फतेह बहादुर सिंह, रवि प्रताप सिंह,पृथ्वीराज गौतम,मकसूद अली, रियाज समाजसेवी, मो.सईद, साहिल,विनय मिश्रा, सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## पारिवारिक विवाद में पति पत्नी की पिटाई, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पारिवारिक विवाद में बचाव को पहुंचे पति पत्नी के साथ मारपीट व गालीगलौज की घटना हुई। पीडित ने आरोपियो के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के बेलहा पेटरियापुर गांव निवासी रूपनाथ यादव पुत्र राजाराम यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तीस जुलाई को रात्रि आठ बजे परिवार में दो लोगों के बीच विवाद हो रहा था। जिस पर पीड़ित अपनी पत्नी निर्मला के साथ बीचबचाव को पहुंच गये। आरोप है कि इस दौरान एक पक्ष के लोगों ने उसे व उनकी पत्नी को जमकर मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पीड़ित बेहोश हो गया। शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आध्यात्मिक चेतना का संचार ही, कथा का उद्देश्य-मनीषकृष्ण शास्त्री

● घुश्मेश्वरनाथ धाम में शिवपुराण कथा की समापन बेला पर हुआ लोगों का सारश्वत सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो



**घुइसरनाथ धाम,प्रतापगढ-** पौराणिक स्थली बाबा घुश्मेश्वरनाथ धाम में आयोजित नव दिवसीय संगीतमयी शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ की समापन बेला पर कथा व्यास पं मनीष कृष्ण%शास्त्री% ने कहा कि कथा का मूल उद्देश्य लोगों में आध्यात्मिक चेतना का संचार करना है। हमारी सनातन संस्कृति वेद व पुराणों पर आधारित है, इसलिए कथा के माध्यम से मानवीय मूल्यों के प्रति जागरुकता का प्रयास किया जाता है।कथा व्यास श्री शास्त्री ने शिवमहापुराण को जनकल्याण का माध्यम ठहराते हुए कहा कि भगवान शिव की आराधना और पूजन अर्चन से मानव का चित्त शांत होता है और आध्यात्म के प्रति चेतना जागृत होती है।सभी समस्याओं का हल,एक लोटा जल। का नारा बुलंद करते हुए कथा व्यास ने श्रावण मास में भगवान शिव के जलाभिषेक के महत्व पर सारगर्भित व्याख्यान दिया।कथा की समापन बेला पर दर्जन भर लोगों को अंगवस्त्रम, रुद्राक्ष की माला और भगवान शिव की प्रतिमा प्रदान कर सारस्वत सम्मान से विभूषित किया गया।

संचालन पं पियूष शास्त्री ने किया।इस मौके पर राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि पूर्व प्रधानाचार्य भगवती प्रसाद तिवारी,पं केदारनाथ मिश्र,पं कैलाशपति मिश्र, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, व्यापार मंडल घुइसरनाथ के अध्यक्ष अखिलेश मिश्र,ने शिवपुराण कथा के सफल आयोजन को लेकर अपने विचार रखे और कहा कि कथा के आयोजन से लोगों में धर्म और आध्यात्म के प्रति चेतना प्रवाहमान होती है,साथ ही लोगों को जीवन के मूल्यों की जानकारी मिलती है।इस अवसर पर समाजसेवी फूलचंद्र पांडेय,नगर पंचायत लालगंज के अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, शास्त्री सौरभ तिवारी,कल्लू मिश्र, प्रधानाचार्य राजकरन शुक्ल, राजकुमार तिवारी, रामप्रताप मिश्र, आदित्य नारायण मिश्र, हृदयनारायण मिश्र,एडीसन स्कूल के प्रबंधक मनोज तिवारी, राघवेन्द्र मिश्र,बबन मिश्र, रामकृष्ण नगरहा,चंद्रशेखर तिवारी,डा आशीष सिंह, एडवोकेट शैलेन्द्र मिश्र,साकेत मिश्र आदि मौजूद रहे। आभार वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षक पवन मिश्र %प्रखर%व राजकुमार मिश्र व्यक्त किया।

## नहर की पटरी पर अतिक्रमण की डीएम से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नहर की पटरी पर अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल बनाकर कारोबार करने के आरोप को लेकर शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। सांगीपुर विकासखण्ड के सांगीपुर गांव निवासी महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र शेर बहादुर सिंह ने जिलाधिकारी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि कुम्भीआइमा निवासी एक व्यक्ति ने अठेहा कुम्भीआइमा मार्ग पर नहर किनारे अपनी गैस एजेन्सी खोल रखी है। इस एजेन्सी की बाउण्ड्री नहर की पटरी को क्षतिग्रस्त करके उस पर अवैध रूप से बनायी गयी है। शिकायतकर्ता ने नहर की पटरी को क्षतिग्रस्त करके उस जमीन पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटवाकर नहर पटरी को व्यवस्थित कराए जाने की मांग की है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला सुमित पंवार ने बताया कि माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के तत्वावधान में व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 14 सितम्बर 2024 दिन शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से जनपद न्यायालय के साथ साथ सम्पूर्ण जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेष रूप से बैंक के लम्बित मामले प्री0 लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त आपराधिक शमनीय वाद, एन0आई0एक्ट की धारा 138 के वाद, बैंक वसूली. मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, पारिवारिक वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व दाखिल खारिज, वरासत, खतौनी व बेदखली, चकबन्दी, श्रम, स्टैम्प आदि अन्य मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। उन्होने समस्त वादकारियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे जनपद न्यायालय प्रतापगढ़, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, स्थायी लोक अदालत. उपभोक्ता फोरम, कलेक्ट्रेट न्यायालयों, तहसीलों, व खण्ड विकास कार्यालयों, नगर पंचायत कार्यालयों, बिजली से सम्बन्धित मामले, ई. चालानी से सम्बन्धित मामले, बाट माप से सम्बन्धित मामले, खनन से संबंधित मामले व जनपद के अन्य न्यायालयों अथवा विभागों में लम्बित मामलों को सुलभ समझौते से निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत को सन्दर्भित करायें। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेंगे। लोक अदालत मामलों के निस्तारण का सर्वोत्तम माध्यम है, जिसमें धन और समय दोनों की बचत होती है एवं इसमे न तो किसी पक्ष की हार होती है और न ही जीत होती है तथा मामले त्वरित गति से निस्तारित होते है।

उन्होने सभी वादकारियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपने मामलों के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 14.09.2024 में अपने मामलों को सन्दर्भित करायें व अपने मामले का निस्तारण करवायें तथा जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों सके।

## नागपंचमी पर होगा घुघुरी लोक उत्सव का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भय हरण नाथ धाम में 9 अगस्त को होने वाले घुघुरी लोक उत्सव में राष्ट्र की प्रतिष्ठित संस्था लोक भारती सहभागिता करेगी। इस अवसर पर लोक भारती के प्रतिनिधियों के संयोजन में शिवगंगा तालाब व बकुलाही नदी के किनारे हरिशंकरी का पौध रोपण किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए अभियान के सह संयोजक डी के शर्मा नें बताया कि राष्ट्रीय सह सचिव कैप्टन सुभाष ओझा विशेष रूप से प्रतिभाग कर भयहरण नाथ धाम में सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर के नेतृत्व में हो रहे सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक विकास के प्रयासों से रूबरू होंगे। साथ ही हरिशंकरी का पौधरोपण शिवगंगा तालाब और नदी के किनारे स्थानीय प्रबंध समिति व नगर पंचायत के सहयोग से होगा। गौरतलब हो की हरिशंकरी अभियान निरंतर चल रहा है। इस अभियान में जनपद की सभी न्याय पंचायतों में हरिशंकरी रोपण होना है। भयहरण नाथ धाम पर यह कार्यक्रम नागपंचमी के पावन अवसर पर किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## घर के बाहर सो रही महिला के साथ युवक ने किया दुराचार का प्रयास

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात घर के बाहर बरामदे में बच्चों के साथ सो रही महिला के साथ एक युवक ने दुराचार का प्रयास किया। विरोध करने पर उसने महिला की जमकर पिटाई कर दी।साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। संदीपन घाट क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसका पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। वह अपने दो बच्चों के साथ घर पर रहती है। मंगलवार की रात वह अपने दोनों बच्चों के साथ घर के बाहर बरामदे में सो रही थी। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले का एक युवक वहां पहुंचा और उसके साथ जबरन दुराचार का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर उसने महिला की जमकर पिटाई कर दी और साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला। पिटाई से महिला के शरीर पर चोटें आई। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटा

**मनौरी, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से उसको काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। विवाहिता ने थाने जाकर ससुरालियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के चायल कस्बा की प्रीति देवी ने बताया कि उसकी शादी चार साल पहले संदीपन घाट क्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव निवासी अमरसिंह के साथ हुई है। शादी के बाद से ही पति समेत ससुरालीजन कम दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। वह लोग दहेज में एक लाख रुपया नकद और बाइक की मांग कर रहे हैं। प्रीति के दहेज लाने से इंकार करने पर वह सभी उसको प्रताड़ित करने लगे। मंगलवार को ससुरालीजनों इसी बात को लेकर उसकी जमकर पिटाई कर दिया।साथ ही उसे धमकी दिया कि जबतक दहेज की मांग पूरी नहीं होगी उसको प्रताड़ित करते रहेंगे। पिटाई से उसको काफी चोटें आई। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपी पति समेत ससुरालियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## दबंग इलाज का खर्च मांगने पर दे रहा धमकी

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के बड़ागांव पट्टी परवेजाबाद गांव की फूला देवी ने बताया कि पड़ोसी गांव निवासी किसान ने अपने सबमर्सेबल में खुला बिजली का तार लगा रखा है। फूला देवी की 12 वर्षीय बेटी मुस्कान नलकूप की ओर गयी थी।इसी दौरान वह तार की चपेट में आने से झुलस गई थी। परिजनों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। मुस्कान के इलाज में आने वाले खर्च का जिम्मा किसान ने लिया था। आरोप है कि अब वह इलाज में खर्च होने वाले रकम को देने से मुकर रहा है। मांगने पर वह गाली गलौच कर धमकी दे रहा है। बुधवार को महिला ने थाने जाकर आरोपी किसान के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## बीआरसी में दिव्यांग बच्चों के प्रथम अभिभावक काउंसलिंग का हुआ आयोजन



**बारा, कौशाम्बी।** बीआरसी कौशांबी में दिव्यांग बच्चों के प्रथम अभिभावक काउंसलिंग का आयोजन किया गया कार्यक्रम में 50 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया जिसमें दिव्यंगता के कारण, सावधानिया, उपकरण संबंधित विस्तृत चर्चा की गई। और इसके अलावा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016, नेशनल ट्रस्ट एक्ट, होम बेस्ड एजुकेशन तथा मिलने वाली सुविधाओं आदि पर विस्तृतचर्चा की गई कार्यक्रम का उदघाटन खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्पेशल एजुकेटर्स आशुतोष श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार, अभिषेक सिंह, प्रधानाध्यापक राजकुमार त्रिपाठी, बीआरसी स्टाफ जितेंद्र, राजन, रत्नाकर सतीश लालचंद्र एवं दिव्यांग बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## जिले में व्याप्त शैक्षणिक समस्या को लेकर विद्यार्थी परिषद नें जिला मुख्यालय पर किया प्रदर्शन



**कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशाम्बी जिले के कार्यकर्ताओं ने जिले भर के शिक्षण संस्थानों एवं अवैध कोचिंग सेंटरों में व्याप्त अनियमित को लेकर जिला मुख्यालय पर जिला विद्यालय निरीक्षक भवन के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया एवं जिला विद्यालय निरीक्षक डा.सच्चिदानंद यादव को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में विद्यार्थी परिषद नें ग्यारह सुत्री मांग किया । जिसमे अ भा वि प नें कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्रवादी विचार धारा पर कार्य करने वाला एक छात्र संगठन है जो अपने निर्माण कार्य से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती चली आ रही है सात दिवस के अन्दर कार्यवाही नही होने पर पुनः आन्दोलन की चेतावनी दी । इस दौरान आंदोलन में तहसील संयोजक मंझनपुर शिवांशु शुक्ला, सहसंयोजक अभिराज सिंह, सहसंयोजक शिवम द्विवेदी, विभाग संयोजक ऋषभ द्विवेदी, सिराथू तहसील संयोजक अर्जुन प्रसाद वर्मा, सहसंयोजक आनंद पटेल, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अनूप पटेल, मंझनपुर नगर सह मंत्री दिव्यांश द्विवेदी, जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह, नगर संगठन मंत्री कमल पटेल उपस्थित रहे।

## सकिपा की मासिक बैठक 1 अगस्त को

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में एक अगस्त गुरुवार समय 12 बजे से मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा, ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।

# लिपिकों की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय में आयोजित हुआ विदाई समारोह



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा विकास खण्ड के अलीपुरजीता स्थित श्री मान सिंह इंटर कालेज में बुधवार को प्रधान लिपिक व सहायक लिपिक के सेवा निवृत्ति पर विद्यालय परिवार द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य लाल बहादुर मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान लिपिक चित्रसेन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह व सहायक लिपिक उदयवीर सिंह को सेवानिवृत्ति पर विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शेष कुमार पाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सेवानिवृत्त दोनों लिपिकों को फूलमाला व अंगवस्त्र पहनाया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर उनके कार्यो की भूरि- भूरि प्रशंसा की। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने गीत के माध्यम से दोनों सेवानिवृत्त लिपिकों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।विदाई कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने दोनों सेवानिवृत्त लिपिकों की कार्यशैली की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु की कामना की वहीं प्रधानाचार्य लाल बहादुर मिश्रा ने कहा कि सेवानिवृत्त दोनों लिपिकों ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान कार्यालय से बेहतर तालमेल बनाए रखा। उन्होंने कहा कि नौकरी के बाद सेवानिवृत्त होकर जीवन गुजारना कुछ कष्टप्रद होता है लेकिन रिटायरमेंट का जीवन परिवार के प्रति समर्पित हो जाता है। दोनों लोग कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए हैं न कि विद्यालय के कर्मियों के बीच बने सम्बंध से।इस अवसर पर दुरबीन सिंह यादव, महेंद्र सिंह, द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी, बसन्त सिंह, राजेन्द्र सिंह यादव, अश्वनी सिंह, अखिल प्रताप सिंह, नेहा मिश्रा, संतोष शुक्ला सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर कस्बे के फसैया तालाब के पास बुधवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर कड़ा धाम पुलिस एवं वन विभाग के कर्मचारियों की ओर से मृत मोर को रेंज कार्यालय में ले जाया गया। जहां रेंज के कर्मचारियों की मौजूदगी में मृत मोर का पोस्टमॉर्टम किया गया। इसके बाद सम्मान के साथ राष्ट्रीय पक्षी मोर का अंतिम संस्कार किया गया। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर कस्बे के फसैया तालाब के नजदीक सड़क पार कर रहे राष्ट्रीय पक्षी मोर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिसके बाद राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई, मामले की सूचना चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केसरवानी को मिली तो उन्होंने पुलिस व वन विभाग को जानकारी दी जिसके बाद उपनिरीक्षक व वन कर्मी रामसिंह मौके पर पहुंचे और राष्ट्रीय पक्षी मोर के शव को रेंज आफिस डोरमा ले आए और पोस्टमार्टम के बाद सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया।

## टैंकर की टक्कर से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप पुलिस वाहन से भिड़ी, दरोगा- सिपाही घायल



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाने के सामने बुधवार की सुबह प्रयागराज की ओर से आ रही तेजरफ्तार टैंकर ने एक पिकअप को टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के बाद पिकअप खड़ी पुलिस वाहन से टकरा गई। हादसे में एक दरोगा और सिपाही घायल हो गए। घायल सिपाहियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया गया है। प्रयागराज की ओर से इंडियन ऑयल की एक टैंकर मूरतगंज की ओर जा रही थी।इसी दौरान संदीपनघाट थानाक्षेत्र के सामने ओवर टेक के चक्कर में टैंकर ने एक पिकअप में टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही पिकअप अनियंत्रित होकर पुलिस के वाहन और वहां खड़ी बाइकों से टकरा गई। जिससे बाइक समेत पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक टैंकर को लेकर वहां से फरार हो गया।हादसे के बाद वहां अफरातफरी मच गई। इस टक्कर में एसआई मुस्तफा के सिर और सिपाही मुकेश कुमार के हाथ पर चोट आई। साथी सिपाहियों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस द्वारा मूरतगंज चौकी पुलिस को दुर्घटना कर भाग रहे टैंकर की सूचना दी गई।मूरतगंज पुलिस द्वारा घेरा बंदी करते हुए ट्रक को कब्जे में लेकर संदीपन घाट पुलिस को सौंप दिया।

## पाँच अगस्त तक नहर में पानी न आने पर भाकियू करेगा धरना-नुरुल इस्लाम

### भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष नुरुल इस्लाम ने नहरों में पानी छोड़े जाने को लेकर एसडीएम सिराथू को ज्ञापन सौंपा है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष नुरुल इस्लाम ने एसडीएम सिराथू महेंद्र कुमार श्रीवास्तव को दिए गए ज्ञापन के हवाले से बताया कि वर्तमान समय ने धान की रोपाई का कार्य चल रहा है इसी समय नहरों में सिल्ट की सफाई का कार्य चल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि रामगंगा कमांड नहर फतेहपुर से चलकर सिराथू तहसील से होकर जाती है, जो सुखी पड़ी है ऐसे में धान की रोपाई के लिए नहरों में पानी की जरूरत है। भाकियू जिलाध्यक्ष ने पांच अगस्त तक नहर में पानी छोड़े जाने की मांग करते हुए की अगर पांच अगस्त तक नहर में पानी नही छोड़ा गया तो यूनियन के लोग नहर में पंचायत करते हुए धरने के लिए बाध्य होंगे।

## शिक्षको की कमी, छात्रों का भविष्य खतरे में-इंद्रजीत सरोज

● सदर विधायक ने प्रमुख सचिव से की शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जनपद कौशांबी में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे है। जिसमे पांच राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवक्ता के 34 पद व सहायक अध्यापक के 27 पद रिक्त चल रहे है। ये विद्यालय कक्षा 6 से 12 तक संचालित है। इन स्कूलों में प्रतिभावान एवं निर्धन छात्रों को उत्कृष्ट निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। जनपद में सामाजिक, आर्थिक दृष्टि से कमजोर व शिक्षा से वंचित, ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ मुफ्त आवासीय, अध्ययन लेखन सामग्री, गणवेश, खेलकूद व कम्प्यूटर की सुविधा उपलब्ध कराता है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सदर विधायक इंद्रजीत सरोज ने विधानसभा के



प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर अवगत कराया की जनपद में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय कोइलहा बालिका, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय भरसवा बालिका एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय ककोढा बालक, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बरैसा बालक, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सेसा बालक में प्रवक्ता के 34 पद एवं सहायक अध्यापक के 27 पद रिक्त होने के चलते छात्रों का पठन पाठन प्रभावित हो रहा है जिससे छात्रों का भविष्य खराब हो रहा है, जिसके कारण छात्र आंदोलनरत है। सदर विधायक इंद्रजीत सरोज ने सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए छात्रों के हित में रिक्त पदों को भरे जाने एवं राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय को लकदक करने का मुद्दा उठाया है।

## मकान का बारजा बढ़ाने का विरोध करने पर दे रहा धमकी

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के पहाड़पुर सुधवर गांव निवासी शोभनाथ ने बताया कि पड़ोसी से मकान का बारजा निकालने को लेकर दस साल पहले समझौता हुआ था। इसके बाद भी वह समझौता मानने को तैयार नहीं है। वह अब समझौते से ज्यादा बारजा निकाल रहा है। विरोध करने पर गाली गलौच कर मारपीट करने की धमकी दे रहा है। बुधवार को पीड़ित ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवती की मौत दो झुलसे

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के टेंगाई गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवती की मौत हो गई जबकि दो लोग झुलस गए आसपास मौजूद रहे लोगों ने देखा तो आनन फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां एक युवती की मौत हो गई हादसे की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया। कोखराज थाना क्षेत्र के टेंगाई गांव का रहने वाला जगन बुधवार को खेत में धान की बेहन लगा रहा था जगन के साथ उसकी 18 वर्षीय पुत्री गेंदी देवी, भौजाई कलावती पत्नी बच्चालाल भी साथ थे। बुधवार की दोपहर अचानक आकाशीय बिजली गिरने से धान की बेहन लगा रहे लोग चपेट में आ गए और झुलस गए, आसपास मौजूद लोगों ने देखा अफरा तफरी मच गई और आनन फानन में 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया जहाँ उसकी स्थिति नाजुक बनी हुयी है। जिला अस्पताल पहुंचने



से पहले रास्ते में महिला को सांस लेने में बहुत दिक्कत होने लगी तो एम्बुलेंस में मौजूद ईएमटी ओम प्रकाश सिंह द्वारा घायल महिला को चेक करके ऑक्सीजन की सप्लाई भी दी गयी। जहां चिकित्सकों ने गेंदी देवी को मृत घोषित कर दिया और जगन व कलावती का इलाज चल रहा है। सूचना पर पुलिस व राजस्व कर्मी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की जांच पड़ताल कर पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे की खबर पर मृतका के घर में कोहराम मच गया।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर राजेन्द्र की दोनों पुत्रियों का राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय, कोइलहा में हुआ प्रवेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दर्शन में शिकायतकर्ताओं की शिकायत सुनी जा रही थी, उसी समय राजेन्द्र पुत्र मनीराम पासी, निवासी-ग्राम रसूलाबाद उर्फ कोइलहा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया कि वे बहुत ही निर्धन और असहाय व्यक्ति है, उनकी 02 पुत्रियाँ हैं तथा वह गरीबी के कारण उनको समुचित शिक्षा देने में असमर्थ है। जिलाधिकारी ने इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल राजेन्द्र की दोनो पुत्रियों वसु एवं मोहिनी का प्रवेश नजदीकी राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में कराते हुए अवगत कराया जाय।

## कनवार बॉर्डर पर सैनी पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना प्रभारी सैनी जयचंद्र शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने बुधवार को कनवार बॉर्डर के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान जनपद बार्डर पर लोगों और वाहनों की जांच की गई। बढ़ते अपराध पर लगाम कसने के लिए सैनी कोतवाल जयचंद्र शर्मा ने पुलिस बल के साथ बॉर्डर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें बॉर्डर से आने जाने वाले दो पहिया, चार पहिया वाहनों की डिग्गी एवं सामानों की तलाशी ली एवं संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। साथ ही बिना हेलमेट वाहन चलाने वालो को सख्त हिदायत देते हुए हेलमेट लगाकर वाहन चलाने का अल्टीमेटम दिया। हालांकि इस दौरान कोई अवैध या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इस अवसर अजुहा चौकी प्रभारी अरुण कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक रघुराज सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## रवि नारायण तिवारी बने प्रबंधक महासभा के जिला अध्यक्ष




लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** अशासकीय विद्यालय प्रबंधक महासभा की मंडल स्तरीय बैठक मंगलवार को करारी इंटर कॉलेज में हुई जिसमें नेशनल इंटर कॉलेज के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी को सर्व सम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया अध्यक्ष बनने के बाद विद्यालय में प्रथम आगमन पर विद्यालय परिवार की ओर से उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने माल्यार्पण कर प्रबंधक जी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर तिवारी द्वारा किया गया। स्वागत समारोह में विद्यालय के शिक्षक अरुण कुमार द्विवेदी, भारत लाल शर्मा, विनोद कुमार मिश्रा, अजय कुमार लेफ्टिनेंट, पंकज कुमार, माया तिवारी, प्रज्ञा मिश्रा, संतोष सिंह यादव, गंगा प्रसाद, संजय चौधरी, अवधेश कुमार, अर्जुन लाल, राजेश कुमार यादव, सुनील यादव, राजेश कुमार, अस्थाना, वरुण शंकर मिश्रा, अतुल मिश्रा, बालमुकुंद त्रिपाठी, विशाल मिश्रा, स्वतंत्र श्रीवास्तव, यशपाल यादव, कृष्णा शुक्ला और प्रकाश द्विवेदी राजेश कुमार अखिलेश कुमार समर सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने भाजपा नेता के द्वारा सदन में अपमान जनक शब्द बोलने के विरोध में किया प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर भाजपा के द्वारा सदन में जननायक नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी आप शब्द कहने के विरोध में कौशाम्बी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय के नेतृत्व में बुधवार के दिन रोही भरवारी बाईपास के पास भाजपा नेता अनुराग ठाकुर का पुतला दहन कर भाजपा के भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कौशाम्बी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी जी को जिस प्रकार भाजपा के नेता के द्वारा अपमानजनक शब्द बोला गया है वह निश्चित ही निंदनीय है भाजपा के नेताओं को यह पता नहीं है कि गांधी परिवार के दो अनमोल रत्नों ने इस देश को अपना लहू दिया है। आप उस इंसान से उसकी जाति पूछ रहे हैं। भाजपा के नेता देश का हरदम अपमान किए हैं ऐसे भ्रष्ट नेताओं का मैं और विरोध




करता हूं और अपने नेता के समर्थन में हमेशा खड़ा रहूंगा। इस मौके में छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने कहा भाजपा के नेता अनुराग ठाकुर भाजपा के लोग इस देश का सम्मान नहीं करते हैं नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के बारे में इस तरह का विरोध भाषा शब्द कहना बेहद शर्म की बात है हम सभी कौशाम्बी कांग्रेस जन एवं छात्र, युवा इस अपमान को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। अनुराग ठाकुर मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं जिनको ठीक करना कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को आता है ।

तो वही युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी ने भाजपा के नेता अनुराग ठाकुर सबसे भ्रष्ट नेता हैं जिन्होंने अपनी कुर्सी तो बच्चा नहीं पाई और चले हैं देश के नेता के बारे में अपमानजनक शब्द बोलने यह बहुत ही शर्म की बात है। जिसका हम सभी युवा कांग्रेस के साथी पुरजोर विरोध करते हैं। आदिल जाफरी सम्मु ने भाजपा के नेता अनुराग ठाकुर को तुच्छ मानसिकता का बताया। इस दौरान आदिल जाफरी उर्फ सम्मु, सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, उदय यादव प्रदेश सचिव सोशल मीडिया मोहम्मद शाहरुख, निक्की पांडेय, नुरुत जमा, फौजिया, अब्बान, समर कोईलाह, वीरेंद्र पासी, राम किशोर रैदास, विजय अग्निहोत्री, लखन कोरी, जग मोहन सिंह लगभग दर्जनों की संख्या मे कॉग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# मनु भाकर ने सूखे को खत्म किया

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर पिछले दो ओलंपिक खेलों से निशानेबाजी में चले आ रहे सूखे को खत्म कर दिया है। मनु भाकर ओलंपिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। इससे पहले भारत ने निशानेबाजी में चार पदक जीते हैं और यह पदक जीतने वाले सभी चारों निशानेबाज पुरुष हैं। मनु भाकर ने ओलंपिक खेलों की शुरुआत में ही पदक पर निशाना साधकर इन खेलों में भाग ले रहे शूटरों का ही नहीं बल्कि पूरे भारतीय दल की बॉडी लेंग्वेज बदल दी है। इससे अन्य खिलाड़ियों को अपना बेस्ट देने की प्रेरणा मिलेगी, जिससे भारत अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल हो सकता है।यह मनु की सफलता का ही प्रभाव था कि रमिता झिंदल ने 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में स्थान बनाया। हालांकि वह फाइनल में पहुंचकर भी पदक नहीं पा सकीं और उन्हें सातवें स्थान से ही संतोष करना पड़ा। हम सभी जानते हैं कि भारतीय निशानेबाज यदि तीन चार पदकों पर निशाना साधने में सफल हो जाएं तो भारतीय पदकों की संख्या दो अंकों में पहुंच सकती है। भाकर 2021 में हुए टोक्यो ओलंपिक में पिस्टल खराब हो जाने की वजह से अपना बेस्ट नहीं दे सकीं थीं।इसके बाद उनके कोच जसपाल राणा से संबंध खत्म हो गए थे, लेकिन जसपाल ने अलग होने के बाद उनके प्रदर्शन में गिरावट आती गई। वह तो खुदा का शुक्र है कि उन्हें सही समय पर जसपाल राणा से फिर से जुड़ने की जरूरत महसूस हुई। मनु ने पदक जीतने के बाद कहा कि एक बार पदक पक्का हो जाने पर खुशी हुई।पर आगे नहीं बढ़ पाने का अफसोस है। वह कहती हैं कि अगली स्पर्धा में पदक का रंग पीला यानी गोल्ड करने का प्रयास करूंगी। वह अपना ध्यान केंद्रित रखने के लिए गीता का पाठ करती हैं, जिसमें कहा गया है कि खुद के कर्म पर भरोसा रखो। यह बात भारतीय दल के सभी सदस्यों पर लागू होती है।भारत इस समय निशानेबाजी के अलावा बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, बॉक्सिंग आदि में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और एथलेटिक्स और कुश्ती शुरू होने पर भारत की पदक संभावनाएं और बढ़ेंगी। बहुत संभव है कि हम इस बार दर्जन भर पदकों तक पहुंच जाएं। पर हमें यहीं संतुष्ट होकर नहीं बैठना चाहिए क्योंकि अभी हम आबादी के हिसाब से विश्व स्तर से काफी पीछे हैं।

## सुविचार




# क्या उत्तर प्रदेश में सपा की नजर ब्राह्मणों को साधकर 2027 की सत्ता में वापसी करने कि योजना पर है



अशोक भाटिया

2024 के लोकसभा चुनाव में अस्सी फीसदी से ज्यादा भाजपा के पक्ष में वोटिंग करने वाले ब्राह्मण समाज पर कांग्रेस से लेकर सपा और बसपा की नजर है। कांग्रेस ने ब्राह्मण समाज से अविनाश पांडेय को उत्तरप्रदेश का प्रभारी बना रखा है तो भूमिहार समुदाय से आने वाले अजय राय को प्रदेश अध्यक्ष पद की कमान सौंप रखी है। मनोज पांडेय, राकेश पांडेय और विनोद चतुर्वेदी जैसे ब्राह्मण समुदाय के विधायकों के बागी रुख अपनाने के बाद अखिलेश यादव ने ब्राह्मण विरोधी नैरेटिव को तोड़ने के लिए माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष का पद सौंप दिया है। ऐसे में सपा की नजर ब्राह्मण को साधकर 2027 की सत्ता में वापसी करने का प्लान है तो भाजपा उन्हें अपने साथ जोड़े रखने की कवायद में है।

वैसे 2024 के लोकसभा चुनावों से अखिलेश यादव को समझ में आ गया है कि अगर वो ब्राह्मण को वरीयता देते हैं तो सफलता की दर बढ़ सकती है। विशेषकर पूर्वी उत्तरप्रदेश में ब्राह्मणों को एक साथ लाने में पार्टी को सफलता मिल सकती है। लोकसभा चुनावों में यह स्पष्ट तौर पर देखने को मिल चुका है। बलिया में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सनातन पांडेय के लिए जनता ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर, जो भाजपा से प्रत्याशी थे, को भी नकार दिया। मऊ से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले भूमिहार ब्राह्मण राजीव राय ने जीत हासिल की। डुमरियागंज में समाजवादी पार्टी के टिकट पर भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी को भी अच्छा जनसमर्थन मिला। हालांकि वो चुनाव जीत नहीं सके। पूर्वी उत्तरप्रदेश के कद्दावर ब्राह्मण परिवारों में दो परिवार- पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी और पूर्वांचल के कद्दावर नेता रहे हरिशंकर तिवारी का परिवार- आज भाजपा के साथ नहीं हैं। करीब 3 दशकों तक पूर्वांचल की ब्राह्मण राजनीति की धुरी रहे हरिशंकर तिवारी अब नहीं हैं पर उनके दोनों बेटे पूर्व सांसद भीष्म शंकर और पूर्व विधायक विनयशंकर आज समाजवादी पार्टी के साथ हैं। 5 अगस्त को हरिशंकर तिवारी की बड़े स्तर पर जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रतिपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडेय मुख्य अतिथि बनने वाले हैं। मतलब साफ है कि माता प्रसाद पांडेय ने अपना काम शुरू कर दिया है। विनय शंकर तिवारी कहते हैं कि पूर्वांचल में करीब 60 सीटों पर ब्राह्मणों का वोट विधानसभा चुनावों में इस बार निर्णायक होने वाला है। हाल ही में उत्तर प्रदेश विधानसभा में माता प्रसाद पांडेय को जब से नेता प्रतिपक्ष बनाया गया तबसे सपा प्रमुख अखिलेश यादव की दोबारा ब्राह्मण समुदाय को साधने की कोशिश के तौर पर ही देखा जा रहा है। यह बात इसलिए कही जा रही है कि सपा ने अपने सियासी इतिहास में पहली बार किसी अगड़े समुदाय को सदन में नेता प्रतिपक्ष बनाया है। इस तरह सपा अपने सियासी आधार को पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) तक ही सीमित नहीं रखना चाहती बल्कि उसे विस्तार देने के लिए ब्राह्मण नेता पर दांव लगाना ज्यादा मुफीद लगा। इसके चलते माता प्रसाद पांडेय को विधानसभा में सपा विधायकों की नुमाइंदगी सौंपी है।माता प्रसाद पांडेय को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के समर्थन-विरोध में भले ही सपा के भीतर और बाहर आवाज उठ रही हो और बीजेपी-बसपा ने सवाल खड़े



किए हैं, लेकिन अखिलेश के इस फैसले के बाद यह चर्चा भी चल पड़ी है कि क्या ब्राह्मणों की गोलबंदी के लिए सियासी कसरत तेज होगी और क्या ब्राह्मण वोटर भाजपा का साथ छोड़कर सपा के साथ जाना पसंद करेंगे। भाजपा के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला ने ट्वीट कर माता प्रसाद पांडेय को बधाई देते हुए लिखा कि 15 फीसदी ब्राह्मण वोटों की जरूरत सबको है। वहीं, बसपा प्रमुख मायावती की प्रतिक्रिया के बाद पार्टी के ब्राह्मण चेहरे माने जाने वाले सतीश चंद्र मिश्रा ने सपा सरकार में अगड़ों-पिछड़ों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए ब्राह्मण समुदाय पर हुए अत्याचार याद दिलाया।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की सियासत में कभी ब्राह्मण किंग हुआ करते थे, लेकिन अब किंगमेकर बनकर रह गए हैं। उत्तर प्रदेश में लंबे समय तक सियासत और सत्ता दोनों ही ब्राह्मण समुदाय के इर्द-गिर्द सिमटी रही। आजादी के बाद उत्तरप्रदेश में 1989 तक ब्राह्मणों का वर्चस्व कायम रहा और छह ब्राह्मण मुख्यमंत्री बने। गोविंद वल्लभ पंत, सुचेता कृपलानी, कमलापति त्रिपाठी, हेमवती नंदन बहुगुणा, श्रीपति मिश्र और नारायण दत्त तिवारी उत्तरप्रदेश में सीएम रहे। ये सभी कांग्रेस से थे। इनमें नारायण दत्त तिवारी तीन बार उत्तरप्रदेश के सीएम रहे।ब्राह्मण समुदाय के मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल को देखें तो करीब 23 साल तक उत्तर प्रदेश की सत्ता की कमान ब्राह्मण समुदाय के हाथ में रही है। लेकिन, मंडल और कमंडल की राजनीति ने उन्हें हाशिए पर धकेल किया। नारायण दत्त तिवारी के बाद उत्तर प्रदेश में कोई भी ब्राह्मण समुदाय से मुख्यमंत्री नहीं बन सका। सूबे में पिछले साढ़े तीन दशक से राजनीतिक दलों के लिए ब्राह्मण समुदाय सिर्फ वोटबैंक बनकर रह गए हैं। उत्तरप्रदेश में भले ही 1989 के बाद कोई ब्राह्मण किंग न बन सका हो, लेकिन किंगमेकर की भूमिका जरूर अदा कर रहे हैं।उत्तरप्रदेश में ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम समीकरण के जरिए कांग्रेस का दबदबा बना रहा और ब्राह्मण सीएम भी उसी दौर में बनते रहे। मंडल बनाम कमंडल की राजनीति ने कांग्रेस और ब्राह्मण दोनों को सत्ता से बाहर कर दिया। नब्बे के दशक से ब्राह्मणों ने भाजपा को पकड़ा तो उसके सियासी खूंटे से कमोबेश वैसे ही बंधे जैसे यादव सपा और दलित बसपा के साथ। बसपा और सपा के मजबूत होने और भाजपा के कमजोर होने के चलते ब्राह्मणों की सियासत हाशिए पर पहुंच गई। ऐसे में मायावती ने 2007 में ब्राह्मणों को साधकर सोशल इंजीनियरिंग की शुरुआत की। बसपा ने नारा दिया था कि ब्राह्मण शंख बजाएगा, हाथी बढ़ता जाएगा।'भाजपा के उदय के साथ ही ब्राह्मण समुदाय का कांग्रेस से मोहभंग हुआ। उत्तरप्रदेश में जिस भी पार्टी ने पिछले तीन दशक में ब्राह्मण कार्ड खेला, उसे सियासी तौर पर बड़ा फायदा हुआ है। सीएसडीएस के आंकड़ों की मानें तो साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को 72 फीसदी ब्राह्मणों ने वोट दिया जबकि सपा-बसपा को 5-5 फीसदी ब्राह्मण वोट मिले। कांग्रेस को लगभग 11 फीसदी ब्राह्मणों ने वोट दिया। 2019 चुनाव में भाजपा को 82 फीसदी ब्राह्मणों ने वोट किया लेकिन लेकिन सपा-बसपा गठबंधन और कांग्रेस को 6-6 फीसदी ब्राह्मण वोट मिले। 2024 चुनाव में भी ब्राह्मण समुदाय का 82 फीसदी वोट भाजपा को मिला है।उत्तरप्रदेश में सबसे ज्यादा ब्राह्मण विधायक 1980 के चुनाव में जीते थे। उस समय ब्राह्मण समुदाय के 87 विधायक थे, लेकिन उसके बाद से लगातार विधानसभा में उनकी संख्या घटती जा रही है। 2002 में 41 ब्राह्मण विधायक बने, लेकिन 2007 में 56 विधायक बनने में कामयाब रहे। 2007 में जब मायावती सत्ता में आई तो उस समय बीएसपी से 41 ब्राह्मण विधायक चुने गए। 1993 में बसपा से महज एक ब्राह्मण विधायक था, लेकिन चुनाव दर चुनाव यह आंकड़ा बढ़ता गया। 2007 के उत्तरप्रदेश चुनाव में सीएसडीएस की रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ 38 फीसदी ब्राह्मणों ने ही मायावती को वोट दिया था और इसमें से भी अधिकतर वोट बसपा को वहां मिले थे जहां उसने ब्राह्मण उम्मीदवार खड़े किए थे।2012 में 47 ब्राह्मण समाज से विधायक बने थे जबकि 2017 में 58 विधायक ब्राह्मण समुदाय से चुने गए थे, जिनमें 46 विधायक भाजपा से बने थे। इससे पहले भाजपा से जीते ब्राह्मणों की संख्या 20 से ज्यादा नहीं बढ़ी थी। 2002 से लेकर 2012 तक तो भाजपा से जीतने वाले ब्राह्मणों की संख्या दहाई का अंक भी नहीं छू पाई थी। वहीं, सपा से सबसे ज्यादा 21 ब्राह्मण 2012 के चुनाव में जीतकर आए थे जबकि इससे पहले यह आंकड़ा 11 तक ही सिमटा रहा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में 52 विधायक ब्राह्मण समाज से चुने गए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा 46 भाजपा से हैं जबकि पांच सपा और एक ने कांग्रेस से जीत दर्ज की है।उत्तर प्रदेश में भाजपा का 2017 में दोबारा से उभार हुआ तो ब्राह्मणों को लगा कि उन्हें सत्ता की कमान मिलेगी, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ को बना दिया, जो ठाकुर समुदाय से हैं और ब्राह्मण समुदाय के दिनेश शर्मा को डिप्टी सीएम से संतोष करना पड़ा। इसके बाद 2022 के चुनाव में भाजपा दोबारा सत्ता में आई तो सत्ता की बागडोर सीएम योगी के हाथों में रही जबकि डिप्टी सीएम का पद बृजेश पाठक को दे दिया गया। ऐसे में विपक्ष ठाकुर बनाम ब्राह्मण का नैरेटिव बनाने की कवायद में है।देखा जाय तो उत्तर प्रदेश में अब तक भाजपा के जितने भी सीएम बने उनमें एक भी ब्राह्मण नहीं रहा। अभी तो ये हाल है कि उत्तरप्रदेश का मुख्यमंत्री और उत्तरप्रदेश भाजपा अध्यक्ष दोनों ही ब्राह्मण नहीं हैं। उत्तर प्रदेश की राजनीति में ब्राह्मण बनाम राजपूत के बीच इतनी प्रतिस्पर्धा रही है कि कांग्रेस राज में हमेशा इन दोनों में से एक सरकार का मुखिया रहता तो दूसरा संगठन का मुखिया रहा करता था। पर भाजपा ने इसे भुला दिया। भाजपा की ओर से केंद्र में भी कोई कद्दावर मंत्री इस समुदाय का नहीं बना है।ब्राह्मणों का यह भी आरोप रहा है कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने ब्राह्मण माफियाओं पर तो कार्रवाई की पर ठाकुर माफिया छुट्टा घूमते रहे। यह भी आरोप लगते रहे कि प्रदेश के खास पदों पर ठाकुरों की नियुक्ति की गई। इन सब आरोपों का ही नतीजा रहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में ब्राह्मणों का वोट बंटा है। समाजवादी पार्टी के टिकट पर चिल्लूपार (गोरखपुर) से विधायक रह चुके विनय शंकर तिवारी का कहना है कि आगामी विधानसभा चुनावों में ब्राह्मण बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के साथ आएंगे। तिवारी कहते हैं कि ब्राह्मण भाजपा राज में उपेक्षित तो हुए ही हैं इसके साथ ही प्रदेश सरकार का कुशासन भी उनको मजबूर कर रहा है कि अब भाजपा को वोट नहीं देना है।

## सरोकार

# पाक के नापाक इरादों को तो कुचलना ही होगा

बीती 26 जुलाई को देश ने कारगिल विजय दिवस मनाया। जाहिर है, इस मौके पर उन शूरवीरों को देश ने भारी मन से और कृतज्ञता के भाव से याद किया, जिन्होंने देश के लिए अपनी जानों का नजराना दिया था। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर बीते शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लद्दाख में 1999 की जंग के नायकों को श्रद्धांजलि दी। वे कारगिल वॉर मेमोरियल भी गए। करीब 20 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री जी ने कहा- पाकिस्तान प्रॉक्सी वॉर के जरिए चर्चा में बना रहना चाहता है। उन्होंने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। अतीत में आतंकवाद को लेकर उनके हर प्रयास विफल रहे। मैं जहां खड़ा हूं, वहां से आतंक के आकाओं तक मेरी आवाज पहुंच ही रही होगी। उनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्द परमाणु युद्ध के खतरे के साये में लड़ा गया था। अब यह स्थापित हो चुका है कि जनरल परवेज मुशर्रफ की अगुवाई में पाकिस्तानी सेना ने भारत को युद्ध में धकेला था। उन्होंने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के कारगिल क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर चुपके से कब्जा भी कर लिया था, जबकि दोनों देशों के तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व शांति स्थापना के प्रयासों में जुटे थे। इसमें फरवरी 1999 में लाहौर घोषणा पर हस्ताक्षर भी शामिल था।तमाम जटिल बाधाओं के बावजूद, भारतीय सेना और वायु सेना ने एक ऐसा अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों के वेश में पाकिस्तानी नियमित सैनिकों को खदेड़ दिया गया। भारतीय सैनिकों ने बलपूर्वक अपनी एक-एक इंच जमीन को भी वापस लिया। जबकि, वायु सेना ने दुश्मन की लॉजिस्टिक सुविधाओं और पहाड़ी किलों को निशाना बनाया।कारगिल में बुरी तरह मार खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरा नहीं। पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कारगिल से मिले सबक का इस्तेमाल अन्य अपरंपरागत अभियानों को अंजाम देने के लिए किया, जिसमें 2008 के मुंबई हमले, 2016 में पठानकोट और उरी में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले और 2019 का पुलवामा आत्मघाती हमला भी शामिल हैं। इन हमलों में पाकिस्तान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों की भूमिका साफ नजर आ रही थी।कारगिल और उसके बाद के घटनाक्रमों से साफ था कि पाकिस्तानी सेना ही अपने राजनेताओं द्वारा किये जा रहे शांति के प्रयासों को विफल कर रही है। कारगिल युद्ध के बाद ही परवेज मुशर्रफ राजधानी दिल्ली आए। वे पाकिस्तान की संभवत~ पहली बड़ी शख्सियत थे, जो महात्मा गांधी की समाधि राजघाट में पहुंचे थे। यह 17 जुलाई, 2001 की बात है। वे जब भारत आए तब उन्हें सारा भारत कारगिल की जंग की इबारत लिखने वाला ही मानता था। जाहिर है कि इसी कारण उनसे देश नाराज था। बेशक, मुशर्रफ ने अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं को परवान चढ़ाने के लिए कारगिल का युद्ध छेड़ा था। उस समय वह पाकिस्तान आर्मी के चीफ थे। अपनी आत्मकथा %इन द लाइन ऑफ फायर% में उन्होंने लिखा है कि पाकिस्तानी सेना कारगिल युद्ध में शामिल थी। हालांकि, इससे पहले पाकिस्तान इस तथ्य को छिपाताऔर झुठलाता ही रहा था। दिल्ली में 1943 में जन्में मुशर्रफ ने हार की शर्मिंदगी से बचने के लिए पूरी जिम्मेदारी तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर डाल दी थी। चूंकि दिल्ली उनका जन्म स्थान था, इसलिए उनकी उस पहली भारत यात्रा को लेकर जिज्ञासा का भाव भी था। वे जब इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर उतरे तो राजधानी दिल्ली में झमाझम बारिश हो रही थी। उनका राजधानी में पहला अहम कार्यक्रम राजघाट में जाकर महात्मा गांधी को श्रद्लांजलि देना था। वे जब राजघाट पहुंचे तब भी बारिश ने उनका पीछा नहीं छोड़ा था। खबरिया चैनलों से दिखाई जाने वाली तस्वीरों से साफ लग रहा था कि वे राजघाट में बेहद तनाव में थे। उन्होंने वहां पर विजिटर्स बुक में लिखा- ÷महात्मा गांधी जीवनभर शांति के लिए कोशिशें करते रहे।÷ कुछ ग्राफोलोजिस्ट ( हैंड राइटिंग के विशेषज्ञों) ने परवेज मुर्शरफ की हैंड राइटिंग का अध्ययन करने के बाद दावा किया था कि मुशर्रफ के राजघाट पर विजिटर्स बुक पर लिखते वक्त हाथ कांप रहे थे और वे तनाव में थे।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### एक ऐसा दर्पण मिल जाए

एक ऐसा दर्पण मिल जाए,
जो मन की तार दिखलाए।
स्व भान होगा तब मनु को
कैसे-कैसे राज उसने छुपाए।
एक ऐसा दर्पण मिल जाए,
जो मन की तार दिखलाए।
दुख-कष्ट के हैं कितने बादल,
कितने भीतर-भीतर मंडराए ?
मौनव्रत-सी हैं कितनी पीड़ाएं,
है कितनी वेदनाएं गहराए?
एक ऐसा दर्पण मिल जाए,
जो मन की तार दिखलाए।
दमन हुई है कितनी इच्छाएं,
कितनी कभी उभर ना पाए?
टूटे बांध हैं कितने झर-झर,
कितनी आशाएं हैं मुरझाए?
एक ऐसा दर्पण मिल जाए,
जो मन की तार दिखलाए।
टूटे कितने है सेज स्वप्न के,
है स्वप्न कितने उभ र न पाए?
हारी है तुमने कितनी बाजियां,
है कितने अश्रु,थे तुमने बहाए ?
एक ऐसा दर्पण मिल जाए,
जो मन की तार दिखलाए।
गैरों ने है कितना मुंह-मोड़ा,
है अपनों ने कितने ठुकराए ?
राह दिखाया है कितनों ने,
कितनों ने है राह भटकाया ?
एक ऐसा दर्पण मिल जाए,
जो मन की तार दिखलाए।



पी.यादव ओज
झारसुगुड़ा (ओडिशा)

### फूल

इन फूलों का भोलापन
देखो
निरन्तर काट छांट से
जिनका है सौंदर्य
दो घड़ी को हैं ये
चंचल चिकने बालों
की शोभा
दो घड़ी को हमारे
फूलदान की शोभा
प्रकृति के हाथों से
ये लगे
मेघों की धारा से हैं बढ़े
सुंदर सौरभमय जीवन
इनका
हों जब तलक जीवित
चारों तरफ हरे भरे रहें
कुदरती रजा मंदी से
जब आए समय तो
अपनी मां की गोदी में झड़ पड़े...



लक्ष्मी यादव ख़्वाहिश
सांगली (महाराष्ट्र)

### तोहफ़ा है मित्रता

सबसे कहां मन मिलते हैं ?
सबसे नहीं दिन बहलते हैं।
तक़दीर से ये ख़्वाब पलते हैं
मुश्किल से मित्र मिलते हैं।
दूरियां कम कर देते हैं
हिम्मत बढ़ा देते हैं।
वक्त बहुत चुराते हैं
मुश्किल से मित्र मिलते हैं।
मधुर हवा का झोंका है
मित्रता प्रभु का तोहफ़ा है।
जीने की उमंग जगाते हैं
मुश्किल से मित्र मिलते हैं।
शिकायतें कर तोड़ो न इसे
महफ़ूज़ करो दिल में इसे।
रिश्तों से भी प्यारे लगते हैं
मुश्किल से मित्र मिलते हैं।
वक्त रहते क़दर कर लो
कुछ पल संग बांट लो।
फिर अपने रास्ते चलते हैं
मुश्किल से मित्र मिलते हैं।



सीमा जैन
खड़गपुर

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। भाई-बहनों से आपको सहयोग मिलेगा। पहले शुरू किये गये ज्यादातर काम आज पूरे होंगे। रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी, जिससे आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। |
| वृष | आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। संतान की ओर से सुख मिल सकता है। कोई गोपनीय बात आपको पता चल सकती है। |
| मिथुन | आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही किसी दोस्त से अनबन आज ख़त्म होगी। राजनीति व सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आपको राहत मिलेगी। कुल मिलाकर आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। |
| कर्क | आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। आज जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने का प्लान कर सकते हैं। |
| सिंह | आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आपके व्यवहार में अच्छे बदलाव आने से आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं का सम्मान करेंगे, जिससे रिश्ते में मधुरता आयेगी। |
| कन्या | आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको किस्मत का साथ मिलने से कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के जो लोग मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है। जीवन में चल रही सभी परेशानियां जल्द दूर होगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस स्टार्ट करना चाहती हैं, उनके लिए आज अच्छे योग बन रहे हैं। |
| तुला | आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जायेगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत खुश होंगे। इस राशि के जो लोग पेंटिंग्स बनाने का काम करते हैं उनकी कोई पेंटिंग बड़े एक्सिबिसन में लगाई जा सकती है जहाँ लोगों द्वारा खूब सराहना मिलेगी। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कूरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। मेहनत और लगन देखकर आज आपके जूनियर आपसे कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे। |
| धनु | आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने मन की बात किसी खास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्त की बर्थ-डे पार्टी मे जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा। कोई नई स्किल सीख सकते हैं जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। आज आप आर्थिक मामलो मे किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, यह सलाह मददगार साबित होगी। |
| मकर | आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। |
| कुम्भ | आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आज आपको माता-पिता का मार्गदर्शन मिलता रहेगा। |
| मीन | आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में कुछ बदलाव कर सकते हैं। किसी काम को करने का नया तरीका बिज़नस मे फायदा करायेगा। राजनीति में आपके अच्छे कार्यों की तारीफ होगी। |

# महिला अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट में लगी आग, मची अफरा तफरी

## ● स्वास्थ्य कर्मियों ने फायर किट से पाया आग पर काबू



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज से संबद्ध महिला अस्पताल में बुधवार को ऑक्सीजन प्लांट में आग लगने से अफरातफरी मच गई। संयोग अच्छा था कि समय रहते हुए स्वास्थ कर्मियों ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। आग प्लांट फट जाता तो अस्पताल और उसमें भर्ती मरीजों की स्थिति भयावह होती। हालांकि फायर ब्रिगेड वाले भी पहुंच गए थे। लेकिन उसके पहले ही आग बुझा ली गई थी। महिला अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट में पूर्वाह्न पता नहीं कैसे आग लग गई। रास्ते से गुजरने वाले मरीजों और तीमारदारों ने जब इसकी जानकारी स्वास्थ कर्मियों को दी तो हड़कंप मच गया। सीएमएस रीना प्रसाद, राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के सीएमएस डॉ शैलेन्द्र कुशवाहा सभी लोग भागते हुए पहुंचे। किसी अनहोनी की आशंका को भांप कर वार्ड को खाली कराने की तैयारी होने लगी। वार्डो और दफ्तर में लगे आग बुझाने वाले छोटे छोटे सिलेंडर लेकर पहुंचे कर्मचारी आग बुझाने लगे। कुछ देर में आग पर काबू पा लिया गया। इसके बाद सीएमएस डाक्टर रीना प्रसाद ने राहत की सांस ली। उन्होंने बताया कि पाइप में कहीं से कोई लीकेज हो गया था।

आग पर समय से काबू पा लिया गया था। शॉर्ट सर्किट की भी बात सामने आ रही है। इस बारे में प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि ऑक्सीजन प्लांट में आग लगने की जांच कराई जा रही है। फिलहाल कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

### प्लांट की देख रेख नहीं हुई

ऑक्सीजन गैस प्लॉट की देख रेख में लापरवाही की बात सामने आ रही है। जिस कंपनी ने लगाया है उसको कई बार अस्पताल की तरफ से पत्र भेजा गया लेकिन कोई जांच करने नहीं आया। सीएमएस डाक्टर रीना प्रसाद का कहना है कि प्लांट लगाने वाली कंपनी को पत्र लिखा गया था।

# चोरी का आरोपी टुल्लू पम्प समेत गिरफ्तार

**प्रतापगढ़** बीती रात्रि में थाना संग्रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पूरे वासूदेव साहब अतेरु मे अज्ञात चोर द्वारा वादी के मकान से टूल्लू पम्प चोरी कर लिया था। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना संग्रामगढ़ में 174/2024 धारा 305, 331(4) बीएनएस बनाम अज्ञात अभियुक्त' का अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक, डॉ अनिल कुमार* द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में आज बुधवार को उ0नि0 राजबहादुर सिंह ने मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ विवेचनात्मक के दौरान, प्राप्त सूचना पर मु0अ0सं0 174/2024 धारा 305, 331(4) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त शिव कुमार पटेल पुत्र स्व बेनी माधव पटेल नि0 ग्राम हिसामपुर थाना कुण्डा को थाना क्षेत्रान्तर्गत खनबारी नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया।

# धूमधाम संग मनी मुंशी प्रेमचंद की जयंती

## ▶▶ संगोष्ठी में उनके कृतित्व पर हुई चर्चा



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आज राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ परिसर में स्थापित मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। गौरतलब है कि मुंशी प्रेमचंद सन् 1900 से जनवरी 1905 तक बेल्हा के डिस्टिक्ट स्कूल में रहे, जो बाद में उच्चीकृत होकर जीआईसी बना।माल्यार्पण के पश्चात जीआईसी सभागार में आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ0 दयाराम मौर्य %रत्न% ने मुंशी प्रेमचंद के प्रतापगढ़ प्रवास के दिनों को याद करते हुए कहा कि प्रेमचंद ने अपने लेखन का श्री गणेश इसी जनपद से किया। यहां के परिवेश से उनको लेखन हेतु बहुत सारी विषय वस्तु मिली। यहां के ग्रामीण जनजीवन को उन्होंने अपने कथा लेखन में संजोया।मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जीआईसी के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ताला गांव के तालुकेदार के यहां रहते थे। यहां के समाज से शब्दों का चयन करने के साथ-साथ आर्थिक, सामाजिक स्थिति व विसंगतियो पर उन्होंने खूब लिखा।

अति विशिष्ट अतिथि एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि उनकी मूर्ति पर छतरी बनाने में क्लब सहयोग करेगा। कॉलेज के पुस्तकालय व सभागार का नाम उनके नाम पर होना चाहिए। प्रतापगढ़ से प्रेमचंद का नाम जुड़ना गौरव की बात है।इस अवसर पर अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, संतोष कुमार मिश्र अशोक कुमार मौर्य, अभिषेक तिवारी,कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री, श्रीनाथ मौर्य सरस, राधेश्याम दीवाना, नंदलाल सरोज सहित साहित्यकार तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे। संचालन कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने किया।

# युवकों को जेल भेजने से आक्रोशित ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** इंस्पेक्टर लीलापुर द्वारा बिजली विभाग के कर्मचारियों की शिकायत पर सराय आना देव के युवकों को जेल भेजने से आक्रोशित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मुलाक़ात की। युवा नेता गंगेश सिंह की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि लोकल लाइन मैन ने रंजिश के चलते गलत सूचना देकर थाने में मुकदमा लिखवा दिया। इंस्पेक्टर ने बिना जाँच किए गाँव के लड़कों को जेल भेज दिया। युवा नेता गंगेश सिंह ने बताया कि एस डी ओ और जे ई ने रंजिशन प्राइवेट कर्मचारियों से प्रार्थना पत्र दिलवा कर मुकदमा लिखवा दिया जो सर्वथा गलत है। यही नही इंस्पेक्टर नरेन्द्र सिंह अभी एक सप्ताह पहले सुल्तान पुर के चार युवकों को चार दिन बैठाये थे। अंत में जब कुछ नहीं मिला तो फर्जी मुठभेड़ दिखाकर उन्हें जेल भेज दिया।अंत में गंगेश सिंह ने यह भी कहा कि यदि ग्रामीणों को न्याय नहीं मिला तो ग्रामीण धरने के लिए बाध्य होंगें।

# कारों में आमने-सामने टक्कर, एक घायल

**प्रतापगढ़।** कार में आमने-सामने टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। आज सुबह कंधई थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरमऊ माधव ताज पेट्रोल पंप के सामने टाटा इंडिका कार और वैगन आर गाड़ी में टक्कर हो गयी।वैगन आर गाड़ी पट्टी की तरफ जा रही थी और टाटा इंडिका प्रतापगढ़ की ओर, तभी अनियंत्रित होकर आमने सामने भिड़ गऐ जिसमे वैगन आर में बैठे 4 लोगों में एक व्यक्ति वरुण पाठक के सिर में चोट आयी है, बाकी सब ठीक है। वही टाटा इंडिका सवार दोनो लोग सुरक्षित है।टाटा इंडिका कार सवार रियाकत अली निवासी जगदीशगढ़ थाना क्षेत्र कंधई पता चल रहा है।बाकी वैगन आर गाड़ी बनारस के भदोही से चलकर पट्टी जा रही थी। गाड़ी में सवार सभी लोग जलजीवन मिशन के काम से पट्टी ब्लॉक जा रहे थे। तभी गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गयी।मौके पर दीवानगंज चौकी पुलिस ने पहुचकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

# रेलवे साइकिल स्टैंड पर हो रही वसूली, महिलाओं का हंगामा

## ● नियम को धता बताकर वसूली को लेकर गुंडई करते हैं स्टैंड कर्मी

### ▶▶ स्टैंड कर्मियों का कहना है कि ऊपर तक देना पड़ता है वसूली का हिस्सा



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में बने साइकिल स्टैंड पर बुधवार को अवैध वसूली से नाराज महिलाओं ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने फोन करके पुलिस भी बुला ली। काफ़ी देर तक हंगामा चला। खास बात यह है कि जीआरपी और आरपीएफ को इसकी भनक तक नहीं है।

अवैध वसूली को लेकर यहां का साइकिल स्टैंड इन दिनों सुर्खियों में हैं। स्टैंड का कोई निर्धारित किराया नहीं है। जो मर्जी होता है वसूली कर लेते हैं। इनका कोई किराए बोर्ड नही है। बीस रूपए की दर से वसूली करते हैं। जब कोई रसीद मांगता है। उसे स्टैंड वाले अभद्रता करते हैं। यात्रियों का आरोप है कि इन लोगों ने गुंडे रखे हुए है। जो यात्रियों से मारपीट करते हैं। पुलिस के डर से अपराधी भी यहां ठिकाना पाते हैं।

जो रात में यात्रियों को निशाना बनाते हैं। बुधवार को अधिक किराया वसूलने को लेकर महिलाओं ने हंगामा किया। पुलिस ने मामला शांत कराया। अधिक किराया वसूलने के बारे में स्टैड कर्मियों का कहना है कि इसमें यहां से लेकर लखनऊ तक अधिकारी का हिस्सा है। इस बारे में आरपीएफ का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

### ● बहनों से की गई थी अभद्रता

साइकिल स्टैंड वाले अवैध वसूली को लेकर महिलाओं से अभद्रता करने से बाज नहीं आ रहे हैं। 16 जून को गाय घाट इलाके की दो बहनें अपनी स्कूटी खड़ी करने आई थी। उनसे भी स्टैड कर्मियों ने बदसलूकी की थी।

जिस पर दोनो ने स्टैंड वाले की खटिया खड़ी कर दी थी। पुलिस को बुला लिया। उनसे शिकायत की। पुलिस वालों ने स्टैड कर्मियों को नसीहत देकर छोड़ दिया था। बुधवार को फिर महिलाओं से अभद्रता की गई। ख़ास बात यह है कि यहां का कोई जिम्मेदार कर्मचारी स्टैड कर्मियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करता है।

### ● जीआरपी और आरपीएफ नहीं लेती संज्ञान

जब भी स्टैड पर इस तरह की घटना होती है। जीआरपी और आरपीएफ संज्ञान नहीं लेती है। कोतवाली पुलिस का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती है। इससे स्टैड कर्मियों का हौंसला बढ़ा रहता है।

### रसीद मांगने पर किया विवाद

मंगलवार को पिरथीगंज के महेंद्र कुमार और उनके साथी बाइक साइकिल स्टैंड में खड़ी करके गए थे। शाम को लौटने पर उनसे भी अधिक किराया मांगा गया। उन्होंने किराए की रसीद स्टैंड वाले से मांगी तो वह विवाद करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया।

### स्टैंड पर नहीं है कोई किराया सूची

स्टैंड पर वाहनों से लिया जाने वाले किराए की सूची नहीं है। इसको लेकर मुसाफिरों में किराए को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रहती है। जो विवाद की जड़ है। जब बड़े अधिकारी आते हैं तो बोर्ड लगा दिया जाता है।

# मानिकपुर व कुंडा में लूट की घटना का प्रयास करने वाला शातिर मुठभेड़ में दबोचा गया ,दो फरार

### ● शातिर ने फायरिंग कर लूट का किया था प्रयास

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** 24 घंटे में फायरिंग करके तीन जगह लूट का प्रयास करने के बाद नये शिकार की तलाश में घूम रहे तीन शातिरों को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर मुठभेड़ के दौरान धर दबोचा। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के सहजनी बार्डर के पास हुई मुठभेड़ में भाग रहे अभियुक्तों की जब पुलिस ने घेराबंदी की तो बचने के लिये शातिरों ने पुलिस पर ही फायर झोंक दिया। जवाबी कारवाई में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी है, बाकी दो शातिर अंधेरे में भाग निकले। हत्थे चढ़े बदमाश का पुलिस पुराना आपराधिक इतिहास भी खंगालने में लगी है। अभियुक्त के खिलाफ पुलिस विधिक कार्यवाही कर रही है। बाकी मुठभेड़ से बचकर दोनों शातिरों की तलाश में पुलिस चेकिंग व दबिश दे रही है।अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो पुलिस के आगे उसकी सारी रफ्तार धीमी हो जाती है। फिर जब प्रदेश सरकार की अपराध एवं अपराधियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति हो तो फिर कानून व्यवस्था की बेहतर



स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। मंगलवार को दिन के समय थाना मानिकपुर और कुंडा क्षेत्र में फायरिंग कर लूट का प्रयास और युवती से मोबइल छीनने की घटना करने वाले शातिरों ने क्षेत्र में भय का माहौल बना दिया। एक साथ तीन जगह घटनाएं होने की जानकारी होने पर तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक डा.अनिल कुमार ने जनपद भर के फोर्स को घटना का अनावरण करने के लिये 24 घंटे का अल्टीमेटम दे दिया। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने अपना खुफिया तंत्र एक्टिव किया। इसी बीच मुखबिर से अभियुक्तों के बारे में सूचना मिली। जब वह फिर से नई घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। सूचना पर पुलिस ने सहजनी थाना मानिकपुर से कुसेमर की तरफ बदमाशों को घेर लिया। खुद को घिरा देखकर अभियुक्तों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्यवाही में पुलिस की गोली से एक बदमाश जिसकी पहचान अमन कश्यप के रूप में हुई है, उसके पैर में गोली लगी है। घायल बदमाश को इलाज के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस अभियुक्तों के पूरे आपराधिक इतिहास को खंगालने में जुटी हुई है। बीते मंगलवार को सुबह थाना मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम समसपुर शैलवारा स्थित टायनी शाखा संचालक उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम पूरे हुलास राय का पुरवा थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़, जो बैंक ऑफ बड़ौदा कस्बा मानिकपुर से 50,000/- रुपये निकाल कर अपने स्कूटी से वापस टायनी शाखा जा रहे थे। रास्ते में समसपुर शैलवारा माइनर पुल पर एक टीवीएस रायडर मोटर साइकिल सवार तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा फायरिंग करते हुए टायनी शाखा संचालक द्वारा बैक से निकाले हुए पैसों को लूट करने का प्रयास किया गया । जिस पर टायनी शाखा संचालक द्वारा अपनी जान बचाकर भागकर वापस अपनी टायनी शाखा आ गया । इस संबंध में टायनी शाखा संचालक की तहरीर के आधार पर थाना मानिकपुर में मु0अ0सं0 160/24 धारा 309(5), 352, 351(3) बी0एन0एस बनाम राइडर बाइक सवार 03 अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है । थाना मानिकपुर में फायरिंग करके लूट का प्रयास करने के बाद बदमाश अपनी राइडर गाडी से आगे भागे और कियांवा गाँव से एक लड़की का मोबाइल छीन लिया। टीवीएस रायडर मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट काला रंग) सवार अज्ञात बदमाश जो लूट कारित के प्रयास में हैं, थाना मानिकपुर क्षेत्र से आगे चलकर टायनी शाखा संचालिका निवासी बसवाही थाना कुंडा जनपद प्रतापगढ़ जो अपने टायनी शाखा ग्राम शुक्लन का पुरवा, बसवाही पर बैठी थी कि दोपहर में टायनी शाखा पर पैसा निकालने के लिए आए और अज्ञात तीनों बदमाशों द्वारा टायनी शाखा पर लूटने का प्रयास करते हुए फायरिंग की गई। जिसमें टायनी शाखा संचालिका घायल हो गई व उसके द्वारा हल्ला गुहार करने पर उपरोक्त तीनों अज्ञात व्यक्ति मोटर साइकिल (टीवीएस रायडर) पर बैठकर भाग निकले । टायनी शाखा संचालिका की तहरीर के आधार पर थाना कुण्डा में मु0अ0सं0 218/24 धारा 309(5), 109, 324(2) बी0एन0एस0 बनाम टीवीएस रायडर मोटरसाइकिल सवार 03 अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।पूछताछ में अमन ने बताया कि 19 जून को अपने साथियों अनुराग मौर्य उर्फ शंशाक कुमार पुत्र फूलचन्द्र मौर्य निवासी धनऊ का पुरवा ,परियांवा थाना नबाबगंज जनपद प्रतापगढ व दूसरा प्रिंस यादव पुत्र सदाशिव निवासी ग्राम मुरस्सापुर थाना नबाबगंज जनपद प्रतापगढ के साथ मिलकर पूरे धनऊ के सुनार से जब वह अपने घर जा रहा था तो रास्ते मे दो मोटर साइकिल से ओवरटेक करके सुजौली व दिलेरगंज के बीच में सोने चाँदी से भरा बैग को छीन लिया था। बाद में हम लोगो ने सोने चाँदी को बेच दिया। रेकी करके लूट करते हैं। अमन ने बताया कि सर्राफ से बैग लूटने की घटना में मुझे 25000 रूपया हिस्से मे मिला था। जिसमें से कुछ पैसे खर्च हो गये मात्र 4000 रूपया बचे है जो मेरी जेब मे पड़े हैं । साथ ही यह भी बताया कि हम लोगो का साथी अनुराग मौर्या पुत्र संतलाल मौर्य नि0 ग्राम नक्कीपुर थाना मानिकपुर प्रतापगढ़ भी है जो पहले बैंक से पैसे निकालने वाले व्यक्ति की रेकी करता है। पता लगाता है, जिसके साथ घटना करनी होती है उसके पीछे पीछे लगकर कुछ दूर से ही हम लोगो को इशारा कर देता है और हम लोग उस व्यक्ति को लूट लेते है ।फरार अभियुक्तों की पहचानअनुराग मौर्य उर्फ शंशाक कुमार पुत्र फूलचन्द्र मौर्य निवासी धनऊ का पुरवा ,परियांवा थाना नबाबगंज जनपद प्रतापगढ ,प्रिंस यादव पुत्र सदाशिव निवासी ग्राम मुरस्सापुर थाना नबाबगंज जनपद प्रतापगढ,दोनों अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर रात में फरार हुए। फरार अभियुक्तों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

मुठभेड़ में गिरफ्तार किये गये अभियुक्त शातिर और मनबढ़ किस्म के अपराधी हैं। कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने का अपराध करने वाले को किसी भी सूरत में बख्सा नहीं जाएगा। अपराधियों को पकड़ने और अपराध रोकने के लिये पुलिस एलर्ट है। जैसे ही अभियुक्त पकड़ में आया उस पर उचित दंडात्मक व निरोधात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसलिये कानून का सम्मान करें और अपराध से दूर रहें। घर के बड़ों को चाहिए कि वह अपने किशोर व युवा बच्चों को भी समझाएं।**-डा.अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक**

# प्रधानी चुनाव के नामांकन में गलत साक्ष्य प्रस्तुत करना पड़ा महंगा

लोकमित्र ब्यूरो

**पट्टी प्रतापगढ़।** प्रधानी चुनाव के नामांकन के दौरान उम्मीदवार द्वारा दिए गए शपथ पत्र में अपराधिक इतिहास छुपा कर नामांकन दाखिल कर दिया गया। साथ ही उम्मीदवार द्वारा चुनाव जीत लिया गया।साक्ष्य छुपाने के मामले में माननीय उच्च न्यायालय ने एसडीएम पट्टी कोर्ट में चल रहे वाद को जल्द से जल्द निस्तारित करने का आदेश पारित किया है।गौरतलब है कि पूरे देवजानी गांव के रहने वाले आशीष तिवारी ने एसडीएम पट्टी कोर्ट में मौजूदा ग्राम प्रधान जरीना बेगम पत्नी अब्दुल सलाम के विरुद्ध प्रधानी चुनाव के नामांकन के दौरान दिए गए शपथ पत्र में गलत साक्ष्य प्रस्तुत करने संबंधित एक याचिका दायर कर रखा है। मामले में प्रतिवादी उपस्थित न होकर कार्यकाल को पूरा करने की नियत से मामले में हीला हवाली कर रहा था।याचिकाकर्ता द्वारा मामले में विलंबता को देखते हुए उच्च न्यायालय में शरण लेना ठीक समझा और उच्च न्यायालय में मामले की त्वरित सुनवाई के लिए एक याचिका दायर कर दिया। उच्च न्यायालय ने मामले में त्वरित करते हुए एसडीएम पट्टी कोर्ट को आदेश पारित किया कि मामले को जल्द से जल्द निस्तारित किया जाय।कर्ता द्वारा बताया जाय कि मामले के निस्तारण से ही मौजूदा ग्राम प्रधान का कार्यकाल खत्म किया जा सकता है और दोबारा चुनाव कराया जा सकता है। बताया कि मौजूदा ग्राम प्रधान एक गंभीर मामले में आरोपी हैं और उनके विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट भी दाखिल हो चुकी है।इसी मामले को प्रधानी उम्मीदवारी के दौरान दिए गए शपथ पत्र में साक्ष्य को छुपा कर मौजूदा ग्राम प्रधान द्वारा नामांकन दाखिल कर दिया गया था।

# अनुपस्थित तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**प्रतापगढ़-** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा जनपद में अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु सख्त निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में 30 जुलाई को एसपी डा0 अनिल कुमार द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत मोहनगंज क्षेत्र में आकस्मिक चेकिंग के दौरान ड्यूटी पर 03 पुलिस कर्मियों को अनुपस्थित पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित किया। साथ ही उनके विरुद्ध विभागीय जांच आसन्न है । इसमें एस आई हरेंद्र, मुख्य आरक्षी अमानत अंसारी एवं आरक्षी प्रशान्त कुमार शामिल है।

# टेबलेट का उपयोग कर बच्चे अपनी पढ़ाई को मजबूत करे -कमलेश सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

**सगरासुंदरपुर ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वितरित किए जा रहे टैब को पाकर खुश हुए छात्र एवं छात्राएं क्षेत्र के उमा कालेज आफ फार्मेसी लीलापुर साहबगंज में डी फार्मा के छात्र एवं छात्राओं को बुधवार को टैब का वितरण किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि लक्ष्मणपुर तृतीय से जिलापंचायत सदस्य उमा सिंह ,प्रबंधक कमलेश बहादुर सिंह,व्यवस्थापक गणेश प्रताप सिंह काशी लीलापुर प्रधान पति दुर्गेश प्रताप सिंह, प्राचार्य डा. राघवेंद्र प्रताप सिंह , डा.सलाहुद्दीन,अरविंद त्रिपाठी, अंकित सिंह ,तासीर अहमद ,संतोष सिंह, साकेत शुक्ला, मनीष खसेरा,



सरिता मैम,शालिनी, रिया सिंह आदि मौजूद रही । कार्यक्रम का संचालन अमित श्रीवास्तव ने किया । टैब वितरण समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि और प्रबंधक ने मा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया इस अवशर पर मुख्य अतिथि ने छात्र एवं छात्राओं को उ.प्र.सरकार के द्वारा वितरित किए जा रहे टैब का सिर्फ पढाई के लिए उपयोग करके उससे ज्ञानार्जन करने की बात कही। अंत में प्रबंधक जी ने छात्र एवं छात्राओं को टैब प्राप्त करने पर ढेरों शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए हरे पेड़ों को बचाना होगा-ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी

### ▶▶ जल जीवन मिशन की कार्यशाला में लोगों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किया गया जागरुक

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे,हर घर नल योजनांतर्गत संडवा चंडिका ब्लॉक के सभागार में स्वच्छ पेयजल एवं हर घर जल संबंधी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने



कहा कि बढ़ते वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण पर्यावरण संकट में है।पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों के रोपण के साथ ही हरे पेड़ों को कटने से बचाना होगा।धरती पर पेड़ होंगे तभी हमें भोजन पानी और मिल सकेगा।

उन्होंने सभी से वर्षा जल संचयन के साथ ही पानी की एक एक बूंद को बर्बाद होने से बचाने की हरित अपील की। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)संडवा चंडिका सुनील मौर्या ने कहा कि जल की हर बूंद जीवन के लिए अमूल्य है। भूजल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल का संचयन करें।

पेड़ों का रोपण कर उनकी सुरक्षा करें। फेल्कॉन के डीपीसी शमशाद अहमद ने लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाकर जल संरक्षण और पर्यावरण को बचाने हेतु प्रेरित किया।

सभी लोगों ने ब्लॉक परिसर में ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी की अगुवाई में पौधारोपण कर लोगों को जलवायु संरक्षण का संदेश दिया। कार्यशाला समापन के उपरांत जागरूकता टीमों को हरी झंडी दिखाकर सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) सुनील मौर्या एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया।

पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने सभी लोगों को जलवायु संरक्षण की शपथ दिलाई।इस मौके एडीपीसी अरूण मौर्य, बीसी महेंद्र कुमार,इरशाद अहमद, नीरज यादव,राज बहादुर,आशीष सिंह,राम पूजन मिश्र,राम चंद्र,मुख्य प्रशिक्षक संतोष दुबे एवं नुक्कड़ नाटक की टीम उपस्थिति रही

# सावधानी और तैयारी से ही वज्रपात के खतरे को कम या उसके प्रभाव से बचा जा सकता है-एडीएम

**अपर जिलाधिकारी ने वज्रपात से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि मौसम विभाग (आई0एम0डी0) लखनऊ ने प्रदेश के कतिपय जिलो में वर्षा/अतिवृष्टि/वज्रपात (आकाशीय विद्युत) की सम्भावना व्यक्त किया है, इन चिन्हित जिलों में जनपद प्रतापगढ़ में भी आगामी कुछ दिनों के लिये ओरेन्ज/आगामी कुछ दिनों के लिये येलो जोन में है जैसा कि विगत दिवसों में जनपद में वर्षा के साथ वज्रपात (लाइटनिंग) हो रही है। उन्होने वज्रपात (आकाशीय विद्युत) से बचाव के सम्बन्ध एडवाइजरी जारी करते हुये बताया है कि आंधी-तूफान और भारी वर्षा के दौरान ऊॅची इमारतों, पेड़ो, जानवरों आदि पर बिजली गिरने की घटनायें होती रहती है जिससे जान माल का नुकसान होता है। सावधानी और तैयारी ही एकमात्र तरीका है जिसके द्वारा वज्रपात के खतरे को कम किया जा सकता है या उसके प्रभाव से बचा जा सकता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न आपदाओं के जोखिम को न्यूनीकृत करने हेतु राहत एवं बचाव के कार्यो को और भी प्रभावी एवं सक्रिय किये जाने हेतु एंड्रॉयड मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से सचेत एवं दामिनी एप अनिवार्य रूप से डाउनलोड करते हुये इन मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त पूर्व की चेतावनी एवं एडवाइजरी के प्रभावी उपयोग से होने वाली क्षति को न्यूनीकृत किया जा सकता है।

उन्होने एडवाइजरी जारी करते हुये बताया है कि यदि आप खुले में हो तो शीघ्रातिशीघ्र किसी पक्के मकान में शरण लें। सफर के दौरान अपने वाहन में ही बने रहे। खिड़कियों, दरवाजे, बरामदे एवं छत से दूर रहे। ऐसी वस्तुयें जो बिजली की सुचालक है उनसे दूर रहे। बिजली के उपकरणों या तार के साथ सम्पर्क से बचे व बिजली के उपकरणों को बिजली के सम्पर्क से हटा दें। तालाब और जलाशयों से भी दूरी बनाये रखें। समूह में न खड़े हो, बल्कि अलग-अलग खड़े रहे। यदि आप जंगल में हो तो बोने एवं घने पेड़ों के शरण में चले जाये। बाहर रहने पर धातु से बनी वस्तुओं का उपयोग न करें। बाइक, बिजली या टेलीफोन का खम्भा, तार की बाड़, मशीन आदि से दूर रहे। धातु से बने कृषि यंत्र डंडा आदि से अपने को दूर कर दें। आसमानी बिजली के झटके से घायल होने पर पीड़ित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र ले जाने की व्यवस्था की जानी चाहिये। स्थानीय रेडियो अन्य संचार साधनों से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहे।

उन्होने बताया है कि यदि आप खेत खलिहान में काम कर रहे हो और किसी सुरक्षित स्थान की शरण न ले पाये हो तो जहां है यहीं रहे, हो सके तो पैरों के नीचे सूखी चीजें से जैसे-लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख लें तथा यथाशीघ्र सुरक्षित स्थान पर शरण लें। दोनो पैरों को आपस में सटा लें एवं दोनो हाथों से कानों को बंद कर अपने सिर को जमीन की तरफ यथा सम्भव शरीर को झुका लें तथा सिर को जमीन से न सटाये। जमीन पर कदापि न लेटे, ऊंचे इमारत वाले क्षेत्रों में शरण नही लें, साथ ही बिजली एवं टेलीफोन के खम्भों के नीचे कदापि शरण नहीं ले, क्योंकि ऊॅचे वृक्ष, ऊंची इमारते एवं टेलीफोन/बिजली के खम्भे आसमानी बिजली को अपनी ओर आकर्षित करते है। पैदल जा रहे हो तो धातु की डंडी वाले छातों का उपयोग न करें, यदि घर में हो तो पानी का नल, फ्रिज, टेलीफोन आदि को न छुये।

वज्रपात के मामले में मृत्यु का तत्कालिक कारण हृदयाघात है। अगर जरूरी हो तो संजीवन क्रिया, प्राथमिक चिकित्सा प्रारम्भ कर दें। संजीवन क्रिया, प्राथमिक चिकित्सा देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रभावित व्यक्ति के शरीर से विद्युत का प्रभाव न हो रहा हो। यह सुनिश्चित कर लें कि पीड़ित की नाड़ी एवं श्वास चल रही हो। उन्होने बताया है कि वज्रपात के बाद घर के अंदर तब तक रहें जब तक कि आसमान साफ न हो जाये। स्थानीय प्रशासन को क्षति और मृत्यु की जानकारी दें। अगर कोई व्यक्ति वज्रपात की चपेट में आ गया है तो तुरन्त 112 पर कॉल करें और यथाशीघ्र पीड़ित को अस्पताल ले जाये।

# खाद्यान्न का गबन करने का आरोपी गिरफतार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** विगत 25 जुलाई को सुबह ग्राम रसोइया में सड़क किनारे 01 व्यक्ति अचेत अवस्था में पाये जाने पर थाना दिलीपपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान मैनूअल/वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा अपने 06 साथियों के साथ मिलकर थाना कुंडा क्षेत्र के एक थोक व्यापारी के 500 बोरी गेंहू जो आरोपी के ट्रक पर लदकर विजय रोलर फ्लोर मिल हैदराबाद के लिए बाबूगंज कुण्डा से चित्रकूट के रास्ते ले जाया जाना था। आरोपियों द्वारा उक्त 500 बोरी गेंहू को गबन करने की योजना बनायी गयी थी। जिससे संबंधित 01 अभियुक्त मो0 इरफान पुत्र मो0 इलियास निवासी ग्राम कुटिलिया थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को 09 बोरी गेंहू के साथ आज गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में 01 अभियुक्त कुलदीप सिंह पुत्र कमलेश सिंह को घटना में प्रयुक्त ट्रक व 50 बोरी गेंहू तथा अवैध तमंचा कारतूस के साथ पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । घटना के अनुसार 25 जुलाई को समय करीब 05:30 बजे सुबह एक व्यक्ति उम्र करीब 30-35 वर्ष अचेत अवस्था मे ग्राम रसोईयां मे सडक किनारे पडा मिलने की सूचना थाना दिलीपपुर पुलिस को प्राप्त हुई थी।

उक्त अचेत व्यक्ति को तत्काल जिला चिकित्सालय प्रतापगढ ईलाज हेतु ले जाया गया तथा उसके परिजनों का पता सोशल मीड़िया पर फोटो डालकर किया गया तो परिजनो की जानकारी हुई। कुछ घण्टे बाद परिजन जिला चिकित्साल आये जहाँ उन्होने बताया कि उक्त बेहोश व्यक्ति का नाम इरफान पुत्र मो0 इलियास नि0 कुटिलिया थाना जेठवारा प्रतापगढ़ है । इस संबंध में इरफान की पत्नी की तहरीर के आधार पर थाना दिलीपपुर में मु0अ0सं0 135/2024 धारा 140(4), 309(4), 123 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था ।पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों को चिन्हित कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्रवण कुमार राय के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष उ0नि0 विवेक मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को उ0नि0 दुर्गेश कुमार मय हमराह उ0नि0 सुरेश कुमार यादव, उ0नि0 सुनील कुमार गुप्ता, का0 जगदीश प्रसाद, का0 विनोद कुमार द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग व विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना दिलीपपुर के मु0अ0सं0 135/24 धारा 310(2),317(2),217,318(4),61(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त मो0 इरफान पुत्र मो0 इलियास निवासी ग्राम कुटिलिया थाना जेठवारा को 09 बोरी गेंहू के साथ गिरफ्तार किया गया।

# चोरी की बाइक समेत दो गिरफतार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।**पुलिस अधीक्षक, डा. अनिल कुमार के निर्देशन में आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, प्रतापगढ़ संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी बाघराय के नेतृत्व में उ0नि0 शनी कुमार मय हमराह, प्रशिक्षु उ0नि0 विकास प्रधान व प्रशिक्षु म0उ0नि0 कीर्ति रमन, का0 रविन्द्र, का0 ओमप्रकाश तोमर, का0 आशीष यादव द्वारा देखभाल संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, थाना क्षेत्रान्तर्गत त्रिलोकपुर से नारंगपुर बीच नदी पुल के पास सेअभियुक्तगण संजय यादव पुत्र रामशरण यादव निवासी ग्राम नारंगपुर थाना बाघराय एवं संजय यादव उर्फ बूंदी यादव पुत्र भोला यादव निवासी ग्राम नारंगपुर थाना बाघराय को (फर्जी नंबर प्लेट) चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि हम लोगों ने कई मोटर साइकिल चोरी किये है, जिनमें से 01 मोटर साइकिल अभी जिसे लेकर 02 लोग लेकर भाग गये है। यह मोटर साइकिल चोरी की है, हम फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चला रहे था। पकडे जाने के डर से भाग रहा था । फरार अभियुक्तों को चिन्हित कर लिया गया है । फरारा अभियुक्तों की शीघ्र ही गिरफ्तारी की जायेगी।

# लापरवाही से बाइक चालक ने मारी टक्कर, पिता पुत्र घायल

**पट्टी प्रतापगढ** गुलालपुर गांव के रहने वाले मोहम्मद जावेद ने बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मंगलवार को वह अपने पिता के साथ पट्टी कुछ कार्य से आ रहा था। उसी समय सामने से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पीड़ित व उसके पिता को गंभीर चोटे आई। पीड़ित ने बताया कि उसके पिता को गंभीर चोटे आई हुई है, जिनका इलाज प्रयागराज में चल रहा है।

# एडीओ पंचायत का विदाई समारोह आयोजित



**प्रतापगढ-** मानधाता के सहायक विकास अधिकारी पंचायत(एडीओ पंचायत) शमशाद अली का विदाई समारोह सभागार में रखा गया और उनके स्थान पर काशीनाथ वर्मा जी को नया पदभार एक अगस्त से दिया गया है। जिसमें ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अशफाक अहमद और बीडीओ साहब, पंचायत साहब के कार्यो को सराहा । प्रमुख रूप से सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बीएल पटेल ने पंचायत साहब को माला पहनाकर और साल भेंट कर सम्मान किया। श्री पटेल ने एडीओ पंचायत को बहुत ही सराहा क्योंकि सफाई कर्मचारियों को पंचायत साहब ने बहुत ही सम्मान दिया है। जिला मंत्री अनिल कुमार गौतम, कोषाध्यक्ष दशरथ गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप पटेल, एडीओ आई.एस.बी., एडीओ समाज कल्याण, प्रधान संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, अमर बहादुर पटेल, राजकुमार गौतम, कमलेश गौतम, राम अजोर, संतलाल पटेल, विनय पटेल, रामचंद्र पटेल, अनिल पटेल, अजहरुद्दीन, भारत, राम पूजन पटेल तथा सैकड़ो सफाई कर्मचारी एवं कई प्रधान तथा बीडीसी आदि विदाई समारोह कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। विदाई समारोह में भोजन की भी व्यवस्था सभी कर्मचारियों के लिए सफाई कर्मचारियों के माध्यम से की गई थी। शमा बेगम ने कुरान शरीफ की पुस्तक भी भेंट की।

# डीबीटी का कार्य पूर्ण न होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने की कठोर कार्यवाही

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शासन के मंशा के अनुरूप जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्राओं/अभिभावको को डीबीटी योजना का लाभ न देने वाले अध्यापकों के विरुद्ध जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कठोर कार्रवाई किया गया ।

जनपद के विकास खण्ड सांगीपुर के एक विद्यालय उच्च प्राथमिक बेवली, विकास खण्ड सण्डवा चंद्रिका के दो विद्यालय प्राथमिक विद्यालय पूरे आचार्य, प्राथमिक विद्यालय रैबी रजानीपुर, विकास खण्ड मान्धाता के दो विद्यालयों प्राथमिक विद्यालय बुआपुर एवं प्राथमिक विद्यालय सराय मेंदी राय के प्रधानाध्यापको को डीबीटी का कार्य अद्यतन प्रारम्भ न करने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई हैं। साथ ही डीबीटी का कार्य पूर्ण करने वाले जनपद के 26 विद्यालयों को चेतावनी पत्र निर्गत किया गया है। जनपद में कारक समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों से डीबीटी का कार्य पूर्ण किए जाने के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा डीबीटी कार्य को तीन दिन में पूर्ण कराए जाने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है

# चोरी की मोटर साइकिल समेत दो अभियुक्त गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार/ प्रतापगढ़** पुलिस अधीक्षक, डा. अनिल कुमार के निर्देशन में आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, संजय राय व क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना बाघराय के प्रभारी उपनिरीक्षक भृगुनाथ मिश्रा के नेतृत्व में उ0नि0 शनी कुमार मय हमराह, प्रशिक्षु उ0नि0 विकास प्रधान व प्रशिक्षु म0उ0नि0 कीर्ति रमन, का0 रविन्द्र, का0 ओमप्रकाश तोमर, का0 आशीष यादव द्वारा देखभाल संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, थाना क्षेत्रान्तर्गत त्रिलोकपुर से नारंगपुर बीच नदी पुल के पास से 02 अभियुक्तगण संजय यादव पुत्र रामशरण यादव निवासी ग्राम नारंगपुर थाना बाघराय, एवं संजय यादव उर्फ बूंदी यादव पुत्र भोला यादव निवासी ग्राम नारंगपुर थाना बाघराय को (फर्जी नंबर प्लेट) चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि हम लोगों ने कई मोटर साइकिल चोरी किये है जिनमें से 01 मोटर साइकिल अभी जिसे लेकर 02 लोग लेकर भाग गये है। यह मोटर साइकिल चोरी की है, हम फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चला रहे थे। पकडे जाने के डर से भाग रहा था । फरार अभियुक्तों को चिन्हित कर लिया गया है । फरारा अभियुक्तों की शीघ्र ही गिरफ्तारी की जायेगी ।

उपरोक्त अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया, उपरोक्त बरामदगी के संबंध में थाना बाघराय में मु0अ0सं0 257/2024 धारा 317, 318, 336(2),336(3) भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। तथा गिरफ्तार

# आकाशीय बिजली की चपेट मे महिला की मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।कस्बा** वैष्णों कालोनी मोहल्ला निवासी मनोरमा पत्नी अजय शुक्ला बुधवार को दोपहर घर के बाहर दरवाजे पर खड़ी थी। इसी बीच आंधी बारिश के दौरान गरज चमक के साथ गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। जिससे वह झुलस गई। जानकारी होने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजन आनन फानन में उसे उपचार के लिए सीएचसी कुंडा ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# राजा भइया ने कई मुद्दों पर विधानसभा में सरकार से पूछा सवाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने विधानसभा के मानसून सत्र में बोले। नजूल भूमि से लोगों को हटाने के मुद्दे पर बोले कि कौन सा विकास हो रहा है। लाखों लोगों को सड़क पर लाने की कोशिश है।इससे लोग सड़कों पर उतर जायेंगे। किन अधिकारियों ने फीडिंग की है यह समझ से परे हैं।अगर अंग्रेज़ फ्री होल्ड कर सकते हैं तो ये जनहितकारी सरकार यह कार्य क्यों नही कर सकती है।फ्री होल्ड करने की क़िस्त लेने के बाद रोक दिया गया, यह ग़लत फ़ैसला है। तत्काल इनका समयबद्ध निस्तारण किया जाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट भी नजूल की भूमि पर बना है, क्या उसे ख़ाली करा लेंगें।इसे प्रवर समिति को भेजा जाए, व्यवस्था से अव्यवस्था पैदा होगी।

# मारपीट के मामले में दी गई तहरीर

**बिहार/ प्रतापगढ़** बाघराय थाना क्षेत्र के महमदपुर भाव के मुरली का पुरवा निवासी भारत लाल ओझा ने बाघराय पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि वह साहू की चरही से रविवार की सुबह करीब 9 बजे घर जाने को तैयार था। इस दौरान वह अन्य किसी व्यक्ति से बात कर रहा था, कि साहू की चरही चौराहे के ही निवासी वीरेंद्र जायसवाल उर्फ लड्डू प्रार्थी को अनावश्यक रूप से गाली देने लगा,और जब पीड़ित ने अनावश्यक गाली देने का विरोध किया तो,वीरेंद्र जायसवाल उर्फ लड्डू अपने साथियों गुल्ला जायसवाल,पिंटू जायसवाल, तथा प्रदीप जायसवाल, आदि लोग पीड़ित के पास आकर कीचड़ में घसीट कर मारने लगे। प्रार्थी के हल्ला गुहार मचाने पर वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया तो उक्त लोग पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए,जिससे पीड़ित को काफी अंदरूनी चोटें आई हैं। मामले में पीड़ित ने बाघराय पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# कॉलेज जा रही छात्रा से छेड़खानी, केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़ ।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी इलाके के एक इंटर कॉलेज में कक्षा आठ की छात्रा है। किशोरी के विद्यालय आते जाते गांव का ही युवक उससे आए दिन छेड़खानी करता है। छेड़खानी से तंग छात्रा ने मामले की शिकायत प्रधानाचार्य से की। प्रधानाचार्य ने एसओ को शिकायती पत्र भेजा है। बुधवार को पुलिस कॉलेज पहुंची और पूरे मामले की जांच किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

**Lost Notice**

It is hereby informed to the general public that my ICSE Board Delhi issued 12th School year 2015 No. BO 10040000 and UNIQUE ID 5638919 mark sheet and accompanying certificate have indeed been lost.

Name: Sufiya Bano
Mother's Name: Jinnatul Nisha
Father's Name: Mohammad Isha
Resident of Dharmapur, Hansi Parji, District Pratapgarh (Uttar Pradesh)
230402

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) लालगंज महोदय प्रतापगढ़
एम0एन0आर0 नं0 55/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0दी0
नाम फरीकेन शशिधर ओझा बनाम हरखास आम आदि
बनाम
1. हरखास आम 2. कुलदीप कुमार ओझा उम्र लगभग 54 वर्ष सुत विनोद कुमार ओझा 3. नीलम उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्री विनोद कुमार ओझा निवासीगण ग्राम चमरूपुर शुक्लान पोस्ट चमरूपुर शुक्लान परगना सदर तहसील लालगंज जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 03.08.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 03.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं0-1 कानपुर नगर।
मैटरो मोनियल वाद संख्या-35 सन् 2021
वाद संख्या-718 सन् 2019
श्रीमती मोनी माला पत्नी श्री राजू पुत्री श्री कमलेश चन्द्र निवासी 117/301 एम ब्लाक काकादेव के सामने कच्ची बस्ती जय प्रकाश नगर कानपुर नगर... परिवादिनी
बनाम
राजू पुत्र श्री बाबूलाल निवासी कटरा मेदनीगंज राजा का तालाब टाउन एरिया थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ .... विपक्षी
तारीख पेशी 07.08.2024
धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम-1955
वादिनी ने आपके विरूद्ध अन्तर्गत धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम-1955 के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय मे तारीख 07.08.2024 को दिन मे प्रातः 10 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 31.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
आज्ञा से मुन्सरिम/रीडर
न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं0-1 कानपुर नगर।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0दी0
मु0नं0 1637/23
नाम फरीकेन लालमणि आदि बनाम देवनारायन आदि
बनाम
1. देवनारायन उम्र लगभग 65 वर्ष 2. संजय कुमार उम्र लगभग 50 वर्ष 3. अनिल कुमार उम्र लगभग 42 वर्ष सुतगण राजाराम समस्त निवासीगण ग्राम कुशहा पर0तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 4. विश्वनाथ पाण्डेय उम्र लगभग 70 वर्ष सुत रामदत्त नि0ग्राम कुशहा पर0तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 13.08.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# शिक्षकों एवं बच्चों ने ली स्वच्छता की शपथ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**शमशेर गंज।** विकास खण्ड लक्ष्मणपुर के प्राथमिक विद्यालय शमशेर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उत्तर प्रदेश द्वारा %हर घर जल% जल गुणवत्ता योजनान्तर्गत शपथ ग्रहण समारोह एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ट्रेनर सुशील कुमार सरोज एवं कल्पना ने शिक्षक एवं कक्षा के बच्चों को पदाधिकारी नामित करते हुए स्वच्छता की शपथ दिलवाई जिसमें विद्यालय के सहायक अध्यापक अरुण कुमार रत्नाकर को अध्यक्ष, कक्षा पाँच की छात्रा सना बानो को विद्यालय स्वच्छता प्रभारी, प्रशांत कुमार वर्मा को स्वच्छता प्रभारी, कक्षा चार के छात्र करन को कक्षा स्वच्छता प्रभारी एवं शनि माली को पेयजल स्वच्छता प्रभारी नामित किया गया। इसके बाद ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को स्वच्छता से संबंधित झाड़ू ,वाइपर, कूड़ेदान, बाल्टी, जग एवं गिलास बनाने के लिए कहा गया। ड्राइंग प्रतियोगिता में कक्षा पाँच के छात्र आयुष कुमार सरोज को प्रथम, सना बानो को द्वितीय तथा प्रशांत वर्मा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ट्रेनर सुशील कुमार सरोज ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को कलम देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विमलेश कुमार गुप्ता, मीना गुप्ता, रसोइया माधुरी प्रजापति, शुभम विश्वकर्मा सहित विद्यालय के नितिन कुमार वैश्य,राधिका प्रजापति, जितेन्द्र गौतम,अंश सरोज,शिवानी सरोज,अर्जुन,अनुराधा,अंशिका,दीक्षा ,लक्ष्मी आदि बच्चे उपस्थित रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**नोटिस**

अवगत कराया जाता है कि श्री मनोज कुमार पुत्र श्री राम राज सहायक/सिग./मोटा, दिनांक 16.02.2024 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे हैं। अतः सूचित किया जाता है कि श्री मनोज कुमार पुत्र श्री राम राज सहायक/सिग./मोटा इस नोटिस के प्रकाशन के 10 दिनों के अन्दर एस.एस.ई./सिग./पूर्व/टूंडला के कार्यालय में रिपोर्ट करें। अन्यथा यह माना जाएगा कि आप रेलवे सेवा के इच्छुक नहीं है और रेल प्रशासन एक तरफा निर्णय करने के लिए स्वतंत्र है।

**नाम-** श्री मनोज कमार, पिता- श्री राम राज
**पद-** सहायक/सिग./उ.म.रे./मोटा
ग्राम-पुरेचरन, पोस्ट- रानीगंज
जिला- प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश), पिन- 230304

**डी.एस.टी.ई./एन.सी.आर./ टूण्डला**
**1349/24 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

9452526750, 9839665450,8565970115
**दैनिक लोकमित्र**
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# जिलाधिकारी ने ली चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट**-जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में बुधवार को चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापरक त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाये। यदि जनता दर्शन, सम्पूर्ण समाधान एवं थाना समाधान में एक ही शिकायत की पुनरावृत्ति पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में चकबंदी चल रही है वहां पर चकबंदी विभाग का कोई अधिकारी, कर्मचारी किसी को परेशान करें या उनसे धनराशि की मांग करें तो सम्बन्धित व्यक्ति जिलाधिकारी के शासकीय नम्बर-9454417532 एवं राजेश प्रसाद अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), उप संचालक चकबंदी के मोबाइल नम्बर 8707255806 पर सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि जनपद में कुल 56 ग्रामों में 10 वर्षों से अधिक समय से चकबंदी प्रक्रिया चल रही है, जिनमें से तहसील मऊ के दो ग्रामों क्रमशः मऊ मुस्तकिल व खण्डेहा की चकबंदी पूर्ण कर ली गयी है। इसी क्रम में निर्देश दिये कि इन ग्रामों में चकबंदी समाप्त किये जाने के लिए प्रस्ताव एक सप्ताह में चकबंदी निदेशालय को प्रेषित कराया जाये। बताया कि 2 ग्राम सालिगपुर व मलवारा में चकबंदी का विरोध होने व ग्राम मोहरवा तथा रम्पुरिया अव्वल के राम वन गमन पथ से प्रभावित होने के कारण इन ग्रामों में चकबंदी आगे बढाया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

इस सम्बन्ध में चकबंदी निरस्त करने का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये गये। निर्देश दिये कि 10 वर्ष से पुराने जिन ग्रामों में अब तक चकबंदी कार्यवाही शुरू नहीं की गयी है उनका भौतिक सत्यापन करा लिया जाये और यदि चकबंदी कार्य करना निकट भविष्य में सम्भव न हो तो गांव की चकबंदी प्रक्रिया निरस्त किये जाने के लिए प्रस्ताव 15 दिन में प्रस्तुत किया जाये।

जिन ग्रामों में अभी तक सर्वे कार्य नहीं कराया गया है उन ग्रामों में सर्वे कार्य कराने के लिए चकबंदी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया। ग्राम सरैया, रैपुरा व सेमरदहा में 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक चकबंदी पूर्ण न होने के सम्बन्ध में मनोहर लाल, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिये कि उच्च न्यायालय में लम्बित रिट याचिका से सम्बन्धित पत्रावली का अध्ययन करने के बाद सम्बन्धित पत्रावली प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये।

# नगर क्षेत्र में निर्धारित सीमा से आगे बढकर अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्यवाही - पाठक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊ, चित्रकूट**- नगर क्षेत्र में मऊ उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक और क्षेत्राधिकारी जय करण सिंह की अगुवाई में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पंचायत की टीम ने आधा दर्जन अतिक्रमणकारी दुकानदारों पर जुर्माना भी किया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर मऊ नगर पंचायत में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई कर रहे मऊ के उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक व मऊ क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने मऊ बस स्टैण्ड और बाजार रोड़ में सभी ठेले वालों और दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने को कहा। जहां ठेले वालों को मौके पर ही निर्धारित सड़क सीमा से हटाया गया।

वहीं दुकानदारों से कहा गया कि दो दिन के अन्दर निर्धारित सीमा से अपना अतिक्रमण हटा लें। ऐसा न होने पर बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा। अभियान के दौरान अतिक्रमण करने के मामले में इन्द्रेश, संदीप, गुलाब, पप्पू, मुन्नालाल व लाला आदि पर जुर्माना भी किया गया।

साथ ही दोबारा अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गयी। इस मौके पर मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय और मऊ नगर पंचायत टीम से शिवप्रकाश आदि मौजूद रहे।

# किसानों से ऋण की किस्त लेकर गबन कर गया सचिव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट**- बांदा डिस्ट्रिक्ट को आपरेटिव बैंक के शिवरामपुर शाखा प्रबंधक ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि बी पैक्स इटखरी के सचिव साकेत श्रीवास्तव द्वारा बीती 30 अक्टूबर 2023 को केसीसी ऋण वसूली में कृषक पितुआ उर्फ प्रीतम से ऋण वसूली कर 41360 रूपए शाखा में नहीं जमा किए गए। सचिव साकेत द्वारा कृषक से पैसा लेकर रसीद काटकर उपलब्ध कराई गई थी। इसके चलते समिति के रजिस्टर एवं कृषक की पासबुक में सचिव साकेत द्वारा वसूली की धनराशि अंकित कर खाता बेबाक कर दिया गया। साथ ही उसकी कृषक को फिर से ऋण दिलवाने के लिए बीती 3 फरवरी को सचिव साकेत शाखा में आए। जिसके बाद पता चला कि सम्बन्धित किसान के ऋण की धनराशि का गबन सचिव साकेत द्वारा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी सचिव साकेत द्वारा कृषक जगतनारायण की केसीसी ऋण वसूली के नाम पर 41500 रूपए की धनराशि लेकर शाखा में नहीं जमा किया गया था। इस सम्बन्ध में उन्होंने मुख्यालय को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग की थी, किन्तु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। ऐसे में सचिव साकेत के समिति कार्यकाल की विस्तारित जांच मुख्यालय स्तर के अधिकारियों द्वारा कराई जानी चाहिए। इस मामले में बी पैक्स इटखरी के सचिव जगन्नाथ यादव ने भी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक को भेजे पत्र में कहा है कि बीती 3 जुलाई को उनका स्थानान्तरण बी पैक्स परसौंजा से इटखरी समिति के लिए किया गया था। इस आदेश के क्रम में इटखरी के सभापति द्वारा योगदान आख्या स्वीकार कर ली गयी है, किन्तु पूर्व में तैनात सचिव द्वारा अब तक सम्पूर्ण चार्ज नहीं दिया गया है। इसके चलते समिति का कार्य बाधित हो रहा है। शाखा प्रबंधक ह्वदेन्द कुमार ने बताया कि इस सम्बन्ध उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। समिति के अध्यक्ष के साथ मिलकर जल्द ही नए सचिव को चार्ज दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## 11 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट**- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेंद्र प्रताप सिंह द्वारा जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले पप्पू उर्फ महेश, शिवप्रसाद, लालू, पुच्ची उर्फ शिवचरण, रामराज, रस्सी उर्फ धनराज, पुत्तू उर्फ विश्वनाथ, विष्णु, देव प्रकाश, राजेंद्र यादव, पप्पू उर्फ तीरथदीन निवासीगण नारायणपुर चंद्रगहना के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

# जिलाधिकारी ने ली श्रावण मास की अमावस्या मेला की तैयारी बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट**- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में बुधवार को श्रावण मास की अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों के साथ तैयारी बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि श्रावण मास की अमावस्या का मेला 4 अगस्त को पडेगा। मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट सहित पर्याप्त पुलिस बल भी लगाया गया है। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई से कहा कि बरसात को देखते हुए रामघाट पर मंदाकिनी नदी पर बाढ को देखते हुए व्यवस्था रहे। साथ ही घाट की सीढियों की अच्छी तरह से साफ सफाई कराकर बैरिकेडिंग, गोताखोर, नाव आदि की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी कर्वी तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद से कहा कि परिक्रमा मार्ग का भ्रमण करके अतिक्रमण हटाए।

साथ ही बरसात होने पर परिक्रमा पथ पर जहां पर फिसलन की समस्या हो वहां पर जिला पूर्ति अधिकारी तथा डिप्टी आरएमओ से बोरो की व्यवस्था कराकर डलवाए ताकि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो। अधिशासी अधिकारी से कहा कि सीसीटीवी कैमरा रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर संचालित रहे। पीए सिस्टम की भी व्यवस्था कराई जाए। आवारा पशु न घूमने पाए इसके लिए भी कर्मचारी लगायें जाए। साथ ही कैटिल कैचर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। रामघाट एवं परिक्रमा पथ पर केला के ठेला भी न लगने पाए, साफ सफाई व प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आदि की व्यवस्था अच्छी तरह से कराई जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि मध्य प्रदेश के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि श्रद्धालुओं के आने जाने की जानकारी रहे और अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि वाहनों का किराया निर्धारित करके टैक्सी आदि वाहनों पर चस्पा कराया जाए।

किसी भी दशा में वाहनों पर ओवरलोड सवारियां न भरे, इसके लिए भी निर्देश जारी किए जाए। फूड प्वाइजनिंग को लेकर खाद एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी खाद्य सामग्री की जांच करें। दुकानों पर गैस सिलेंडरों की भी जांच कराई जाए। स्वास्थ्य सेवाएं एवं पर्याप्त मात्रा में एंबुलेंस की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि मेला के सभी अधिकारी, कर्मचारी व पुलिस बल श्रद्धालुओं के साथ मानवीय व्यवहार करें। उन्होंने जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि रखते हुए मेला को सकुशल संपन्न कराए।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकार नगर राजकमल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

# द हंस फाउंडेशन ने जनपद के मऊ विकास खण्ड में 60 दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण वितरित किए




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट**- द हंस फाउंडेशन ने मऊ विकास खण्ड में रूपांतरण परियोजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार सहायक उपकरण वितरित किए गए। चित्रकूट जनपद मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) ओपीडी के दौरान ग्राम स्तर से 167 दिव्यांगजन लाभार्थियों को चिन्हित किया गया था। द हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित यह पहल जनपद के समुदाय के भीतर समावेशित और सशक्तिकरण के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी ने कहा कि संस्था द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए जा रहें कार्य सराहनीय हैं। परियोजना प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा ने कहा कि स्थानीय अधिकारियों के समर्थन और सहयोग ने इस कार्यक्रम को संभव बनाया है। कार्यक्रम में मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) और हंस स्वास्थ्य सखी पहल द्वारा प्रदान की गई अमूल्य सहायता को भी स्वीकार किया गया, जिसे सर्वेक्षण और सामुदायिक सहभागिता प्रयासों के माध्यम से मऊ ब्लॉक द्वारा समर्थित किया गया। जिला परियोजना टीम के प्रमुख सदस्यों में परियोजना प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा, परियोजना समन्वयक राधा, अतुल कुमार गुप्ता शामिल थे। इस पहल में मऊ ब्लॉक की एमएमयू टीम में एएनएम रीता, प्रयोगशाला तकनीशियन इकबाल, फार्मासिस्ट प्रशांत और पायलट दिलीप शामिल थे। द हंस फाउंडेशन (टीएचएफ) की स्थापना 2009 में एक पंजीकृत सार्वजनिक चौरिटेबल ट्रस्ट के रूप में हुई। इस संगठन का मुख्य कार्यक्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और दिव्यांगता पर है। इस साल टीएचएफ अपनी 15वीं वर्षगांठ मना रहा है। द हंस फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश के 11 जनपदों में 84 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स का संचालन शुरू किया है, जो जनमानस की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समर्पित है। यह यूनिट्स प्रधानतः उत्तर प्रदेश के प्रमुख जनपदों में स्थित हैं। प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर के गाँवों को अपनी सेवाओं से आश्रित करेंगे। प्रत्येक मोबाइल मेडिकल यूनिट में एमबीबीएस डाक्टर, फार्मासिस्ट, एएनएम, लैब तकनीशियन और पायलट शामिल होते हैं, जो दिन में दो गाँवों में स्वास्थ्य जांच और प्राथमिक उपचार प्रदान करते हैं। फाउंडेशन ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कार्यक्रमों को संचालित करती है और इन कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य देश के सबसे ग्रामीण और अल्पसंख्यक क्षेत्रों में वंचित समुदायों के जीवन में सुधार लाना है। द हंस फाउंडेशन के उप कार्यक्रम प्रबंधक रजनीश के नेतृत्व में यह दिव्यांगजनों के वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा, चिकित्सक अधीक्षक डॉ. हारून, एडीओ पंचायत चंद्र भूषण आदि मौजूद रहे।

## इंटरलाकिंग मार्ग दे रहा दुर्घटनाओं को दावत

**चित्रकूट**- रामघाट बूडे हनुमान मार्ग की इंटरलाकिंग उखड़ने से दुर्घटनाओं का खतरा है। रोज सैकड़ों बाईक सवार इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। इसी तरह सीतापुर के उतारा मोहल्ले में सड़क मरम्मत जल्द न हुई तो किसी दिन हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि रामघाट से बालाजी मंदिर होते हुए बूडे हनुमान के लिए इंटरलाकिंग मार्ग बना है। इसी मार्ग में इंटरलाकिंग की ईंटे उखड़ गई हैं। सैकड़ों दो पहिया वाहन इस रास्ते से गुजरते हैं। किसी भी दिन दुर्घटना घटित हो सकती है। इसी प्रकार सीतापुर के उतारा मोहल्ले में सड़क में कई जगह मरम्मत की जरूरत है। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदारों को बताने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। अजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने नगर पालिका ईओ को दोनों सड़कों की स्थिति से अवगत कराया है। साथ ही रामघाट के एकमात्र सुलभ शौंचालय में नल कनेक्शन कराने का अनुरोध किया है।

## एण्टीरोमियों टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**कौशाम्बी**। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन मे थानाध्यक्ष थाना मंझनपुर, पिपरी, कड़ाधाम, महेवाघाट, मोहब्बतपुर पइंसा, महिला थाने की मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियों चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी, मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, गुड टच बैड टच, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क

# दान, व्रत, तीर्थ पुण्यादि कर्मों से बढकर है भागवत कथा सुनना - कथा व्यास



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट**- श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने राजा परीक्षित जन्म, कपिलोख्यान की कथा का रसपान श्रोताओं को कराया। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए।

बुधवार को मुख्यालय के तरौंहा स्थित रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रामायण मेला के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व राजेश करवरिया की पुण्यतिथि के अवसर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन कथा प्रवक्ता बदरी प्रपन्नाचार्य ने बताया कि जब अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र चलाया तो उत्तरा के गर्भ की रक्षा भगवान श्रीकृष्ण ने किया। यही बालक राजा परीक्षित के नाम से विख्यात हुआ। कलियुग के प्रकोप के कारण राजा की बुद्धि भ्रमित हो गई और एक ऋषि के शाप से ग्रसित हो गए। उनकी मृत्यु सर्प के काटने से होने का शाप ऋषि ने दिया। मृत्यु के भय से मुक्त होने के लिए उन्होंने शुकदेव की शरण में जाकर भागवत कथा सुना।

कपिल उपदेश जीवन को जीने की कला सिखाता है। पाप, मोह, माया, लोभ से दूर रखता है। कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नहीं साक्षात श्रीकृष्ण स्वरूप हैं। इसके एक-एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाए हुए हैं। कथा सुनना, दान, व्रत, तीर्थ पुण्यादि कर्मों से बढकर है। कथा सुनकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम करवरिया, रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, राजाबाबू पांडेय, करुणा शंकर द्विवेदी, माघेन्द्र द्विवेदी, आत्माराम करवरिया, मनोज गर्ग आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

# भरवारी रेलवे फाटक पर लगेगा नया हाई गेज, नहीं निकल सकेंगी छोटी बसें



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी**। भरवारी नगर स्थित भरवारी कस्बे के बीच से दिल्ली-हावड़ा रेलवे लाइन गुजरी है। व्यस्त बाजार होने के कारण यहां अक्सर जाम लगा रहता है। करीब साल भर पहले यहां 12 फिट पर हाईट गेज लगया गया। फरवरी माह में रेल प्रशासन ने इसकी ऊंचाई 10 फिट के करीब हाई गेज लगवा दिया है। जिससे अब इस फाटक से मिनी बसें भी नहीं निकल रही हैं। वही बुधवार को सुबह एक ट्रेलर ट्रक से बड़े बड़े इंगल,सरिया सहित अन्य लोहे के सामान को देखकर लोगों में चर्चा रही कि अब जल्द ही कुछ बनेगा। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर बने रेलवे क्रासिंग पर से अब मात्र दस फीट तक के ही वाहन गुजरेंगे।जिससे सबसे अधिक समस्या स्कूल जाने वाले बच्चो को होगी,वही अब स्कूल वालो को स्कूल की बसों को अलग अलग रूट बनाकर भरवारी पुरानी बाजार और नई बाजार के लिए अलग अलग बसें संचालित करना पड़ेगा, जिसके कारण पहले की तरह बसें सुबह जल्दी बच्चो को लेने पहुंचेंगी जिससे अभिभावक को अब जल्दी बच्चो को तैयार कर स्कूल भेजना पड़ेगा। भरवारी रेलवे फाटक पर जल्द ही नया हाइट गेज बनेगा। रेलवे प्रशासन ने इसे बनाने में प्रयुक्त होने वाला सामान को मंगवा लिया है। नया हाइट गेट लगाने के बाद उसकी चौड़ाई लगभग 16 फिट और ऊंचाई लगभग 9 फिट होगी इस नए हाई गेज के लगने के बाद बड़े वाहनों की कस्बे क्षेत्र में एंट्री बंद हो जाएगी। जिससे जाम की समस्या का काफी हद तक समाधान होगा।

वही बुधवार सुबह लगभग 11 बजे एक ट्रेकर ट्रक में लम्बी मोटी सरिया, बड़े इंगल सहित अन्य लोहे के सामान से लदी टेलर ट्रक बस अड्डे के पास फतेहपुर से समान लादकर आ गई और ड्राइवर ने बताया कि सारा सामान भरवारी में उतरेगा, वही रेलवे के सामान को देखकर व्यापारियों में दहशत फैल गई।

उन्हें लगा कि अंडर पास या फिर ओवरब्रिज का निर्माण होगा। इस दौरान लंबे समय तक फाटक बंद रहेगा। जिससे आने-जाने में दिक्कत होगी। वही दोपहर से मंझनपुर रोड में ट्रेलर ट्रक के खड़े होने से जाम कि स्थिति बनी रही खबर लिखे जाने तक सामान उतार नहीं सका।

**कार्यालय ग्राम पंचायत निजाम मई विकास खण्ड कड़ा, जनपद-कौशाम्बी**

**निविदा**

महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत निजाम मई में निम्नलिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के अनुपालन में कार्यहित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामाग्री की आवश्यकता है। सम्बन्धित फर्म जो डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता फर्म का टिन नम्बर/जी0एस0टी0 नम्बर फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 01.08.2024 से प्राप्त एवं दिनांक 15.08.2024 तक निर्धारित शुल्क मु0 200/रू0 ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जा सकते है। निविदा दिनांक 15.08.2024 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोले जायेंगे। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा। सामाग्री की मात्रा निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत | परियोजना का नाम | परिमाप | प्राक्कलित लागत लाख | निविदा हेतु सामाग्री की लागत (लाख रू0में) | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निजाम मई | ग्राम पंचायत निजाम मई में गाटा संख्या 215 MW डिघिया अमृत सरोवर तालाब | 90x50 M | 24.94 | 6.26 | सामग्री प्राक्कलन के अनुसार |

रूबीना बेगम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–निजाम मई
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

सुरेश चन्द्र
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत–निजाम मई
वि0ख0–कड़ा, कौशाम्बी

पत्रांक : /मनरेगा/निविदा/सामग्री/2024–25 दिनांक 31.07.2024

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने परिवार से शादी के बाद सन् 2008 से पत्नी व बच्चो के साथ अलग रहता हूं। मेरा माता, पिता, भाई व बहन से कोई वास्ता नही है। इन सभी द्वारा कोई भी गैर कानूनी या अपराधिक कार्य किया जाता है तो मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।

राजेश कुमार
पुत्र भुन्दल उर्फ जवाहिर
निवासी रामपुर तहसील सोरांव
जनपद प्रयागराज

## सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़**। प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के गढ़वा कैलाश लालगोपालगंज गांव निवासी बैशाखी लाल का 50 वर्षीय बेटा विजय कुमार बाइक से कुंडा की ओर जा रहा था। जैसे ही वह हाईवे पर पहुंचा कि वाहन की टक्कर से घायल हो गया। मानिकपुर के सहिजनी गांव निवासी कंधई का 27 वर्षीय बेटा संदीप कुमार पटेल वाहन टक्कर से घायल हो गया। अलुवामई गांव निवासी कड़ेदीन का 28 वर्षीय बेटा रोहित कुमार सरोज बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# राहुल गांधी पर भाजपा सांसद द्वारा अभद्र टिप्पणी किये जाने पर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** नेता प्रतिपक्ष, जननायक राहुल गांधी पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा संसद में अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध प्रदर्षन में सदर तहसील परिसर के अंदर जोरदार प्रदर्षन किया गया एवं अनुराग ठाकुर मुर्दाबाद के नारे लगाये गये साथ ही उन्हें मंत्रिमंण्डल से बर्खास्त करने की मांग भी की गई।इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने भाजपा सांसद को आड़े-हाथों लेते हुए कहा कि अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी से उनकी जाति पूंछा जाना शर्मनाक और भाजपा की बौखलाहट को दर्षाता है, सांसद राहुल गांधी की जाति उनका गौत्र पूरा देष जानता है साथ ही देष यह भी जानता है कि राहुल गांधी के परिवार ने देष के लिए कितनी कुर्बानियां दी



है।शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा सांसद ने नेता प्रतिपक्ष पर अषोभनीय टिप्पणी करके संसद की गरिमा को गिराया है, जिसके लिए उन्हें देष वासियों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि इससे पूर्व में भी भाजपा सांसद द्वारा राहुल गांधी जी पर गलत बयान बाजी की गई है, जातिगत जनगणना मामले पर भाजपा हताष और निराष है, संसद में राहुल गांधी के लगातार हमलों से मोदी सरकार विचलित हो रही है, कांग्रेस प्रवक्ता ने सपा प्रमुख अखिलेष यादव के राहुल गांधी के सर्मथन में बोले गए बयान की भी प्रसंषा की। जनपद की सभी तहसीलों पर जिला कांग्रेस कमेटी रायबरेली ने विरोध प्रदर्षन किया।इस अवसर पर वीरेन्द्र यादव, अजीत सिंह, प्रवक्ता महताब आलम, नौषाद खतीब, सर्वोत्तम मिश्रा, आर.के.सिंह, सूर्य कुमार बाजपेयी, मनोज मिश्रा, आलोक विक्रम यादव, जितेन्द्र पासी, मो.अषरफ खान, कामता नाथ सिंह, प्रमोद बाजपेयी, अंकुर सिंह चौधरी, सफ्फू खान, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, सौरभ शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

## श्री सोहलेश्वर शिव महादेव मंदिर में कोतवाल शिव शंकर सिंह ने किया रुद्राभिषेक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** सरेनी के प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने सावन मास में भगवान सोहलेश्वर शिव मंदिर पहुंचकर जहां कैलाशपति भगवान शंकर की चरण वंदना की ,वही विद्वान पंडितों के सानिध्य में रुद्राभिषेक भी किया। वास्तव में इंस्पेक्टर शिव शंकर सिंह धर्मानुरागी पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी भोले बाबा में असीम श्रद्धा है। भगवान भोले शंकर की कृपा से वे और उनका परिवार खुशहाल है। वास्तव में सरेनी स्थित भगवान सोहलेश्वर शिव मंदिर प्रसिद्ध धार्मिक पीठ है। भगवान शंकर का वहां पर स्वयंभू शिवलिंग विराजमान है जिसकी लोग सैकड़ो वर्षो से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं और मनोवांछित फल पा रहे हैं।बताते चलें कि सावन मास में भगवान शंकर की पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। खासतौर से इस समय सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ होती है और श्रद्धालु भगवान शंकर का जलाभिषेक कर पुण्य प्राप्त करते हैं।

## जहरीले जंतु के काटने से 4 वर्षीय बच्चे की हुई मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के जिहवा गांव में जहरीले जंतु के काटने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आपको बता दें कि, घटना बुधवार की सुबह लगभग 6:00 बजे की है। बताते हैं कि, गांव निवासी उमेश कुमार का 4 वर्षीय पुत्र शशांक घर में बैठा हुआ था, तभी किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। चीख पुकार के बीच परिजन आनन-फानन बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी स्थिति में सुधार होता न देख, जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान लगभग 10:00 बजे दिन में शशांक की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर जिला अस्पताल पहुंची महराजगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर 4 वर्षीय बच्चे शशांक की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि, परिजनों की सूचना पर जिला अस्पताल पहुंची पुलिस ने शशांक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्ट्या बच्चों की मौत किसी जहरीले जंतु के काटने से होना प्रतीत हो रही है, किंतु मौत के असली कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

## सिन्धु समाज रायबरेली द्वारा किया वृक्षारोपण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सिंधु समाज द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी सई नदी के किनारे सिंधु शमशान भूमि में समाज के लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। 'एक पौधा मां के नाम' से लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान करे और समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश सावलानी ने बताया कि हमारे जीवन में पर्यावरण बहुत महत्वपूर्ण अंग है जिसमें समाज के सभी लोगों ने एक-एक पौधा भी लगाया। कार्यक्रम उपस्थिति सिंधु समाज संरक्षक संतोष चौनानी, सिंधु समाज अध्यक्ष ओम प्रकाश सावलानी, महामंत्री कैलाश चंदवानी, राकेश जीवनानी, सुक्खू लाल चंदवानी, भीमसेन राजपाल, विनोद वलेचा,



सतीश अटलानी, पवन खेटपाल जी,गुलाब जगवानी,पवन सोनी, बनाराम आठवाणी, रोशन मध्यान, शिवेंद्र अटलानी, अमित चंदानी की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

## मधुकरपुर फीडर की लाइन खराब होने पर जेई मुलायम सिंह रात 12 बजे पहुंचे ऐहार और ठीक कराया फॉल्ट

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** बरसात के कारण विद्युत लाइन अचानक खराब हो जाती है जिससे बिजली सप्लाई प्रभावित हो रही है। मंगलवार को लालगंज ग्रामीण पावर हाउस के मधुकरपुर फीडर की विद्युत लाइन शाम 8 बजे के करीब खराब हो गई। फीडर खराब होने की सूचना मिलते ही अवर अभियंता मुलायम सिंह यादव पावर हाउस पहुंचे और मौके पर काम कर रहे विद्युत कर्मियों को दिशा निर्देश देते रहे। इसी बीच मधुकरपुर फीडर के कुछ उपभोक्ता भी पावर हाउस पहुंच गए। अवर अभियंता मुलायम सिंह यादव ने सभी को भरोसा दिलाया कि फीडर चलेगा और सबको बिजली मिलेगी। लेकिन जब लाइन 12 बजे रात तक नहीं ठीक हुईतो अपनी बात पर कायम रहते हुए जेई मुलायम सिंह स्वयं एक और लाइनमैन को लेकर ऐहार पहुंचे जहां बड़ी खोज बीन के बाद फाल्ट मिला जिसे जेई ने ठीक करा कर फीडर चालू कराया। तब जाकर लोगों को बिजली मिल सकी। पूर्व प्रधान राज किशोर सिंह बघेल , भाजपा नेता सुशील शुक्ला, आदर्श सिंह बघेल,शीलू, जुनेद आलम, रामसन,विकाश तिवारी,अजय पांडेय, अखिलेश पांडेय,विकल्प पांडे आदि ने जेई और विद्युत कर्मियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे ही अधिकारियों की विद्युत विभाग को जरूरत है जो जनता की जरूरत को समझें और मौके पर निस्तारण कराये।

## एस.जे.एस. में हुआ शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन, बच्चों के द्वारा ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, रायबरेली।** नगर के सर्वोत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल लालगंज में शैक्षिक सत्र 2024 - 25 के जुलाई माह की शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रत्येक शैक्षिक सत्र में हर माह के अंतिम दिवस पर इस गोष्ठी का आयोजन करता है। विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह व प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने विद्यालय में आए हुए समस्त अभिभावकों से विद्यालय के शिक्षण संबंधी अनेक विषयों पर गहनता से चर्चा की। विद्यालय के प्रबंधक श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के चरित्र और उसके व्यक्तित्व को निखारती है। शिक्षा से ही आदर्श समाज का निर्माण होता है। अध्यापक



ही बच्चों में संस्कार डालते हैं, लेकिन घर में अभिभावक बच्चों के गृह कार्य पर ध्यान दें तो उसे आगे बढ़ने में कोई परेशानी नहीं होगी। माता पिता एवं अभिभावक का समय-समय पर विद्यालय में चल रहे बेहतर प्रयासों को जानना व बच्चों की शिक्षण क्षमता के स्तर के बाबत शिक्षकों से चर्चा करना बहुत जरूरी होता है। उन्होंने यह भी बताया कि छात्रों के समग्र व सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक-अभिभावक तथा विद्यालय के बीच आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। विद्यालय बच्चों को आधुनिक तथा संस्कारिक शिक्षा देने के लिए निरंतर कटिबद्ध है। इस क्रम में कक्षा तीन से लेकर कक्षा दस तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में अभिभावकों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का विद्यार्थियों ने सफलता पूर्वक उत्तर दिया। विद्यालय में आए हुए अभिभावकों ने छात्रों द्वारा प्रदर्शित किए गए मॉडलों की भूरि -भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से लंगूर की हुई मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** बुधवार को एक लंगूर पेड़ों के ऊपर उछल कूद कर रहा था, तभी बगल से निकली हाई टेंशन लाइन पर उसने छलांग लगा दी। विद्युत प्रवाहित 11 केवी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से लंगूर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर गया, जिससे ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। आपको बता दें कि, घटना बुधवार की सुबह 7:20 बजे की है। चंदापुर पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले गांव पूरे गुमान सिंह में पेड़ों के बगल से निकली हाई टेंशन लाइन पर एक बंदर ने छलांग लगा दी।

विद्युत प्रवाहित तारों में उलझकर करंट से बंदर की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही तेज स्पार्किंग



के साथ लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर गया, जिससे लोगों में अफरातफरी मच गई और लगभग 1 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। लोगों ने चंदापुर बिजली उपकेंद्र पर सूचना देकर हादसे से अवगत कराया। पावर सप्लाई कटने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे लाइनमैन चंद्रभान ने ग्रामीणों की मदद से लंगूर को तारों से निकालकर पूरे विधि विधान से उसका अंतिम संस्कार कराया।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेंगे कमलेश चौधरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।**राजस्थान प्रान्त के माउण्ट आबू रोड में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में जनपद रायबरेली के वरिष्ठ समाजसेवी एवं महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सन्त गाडगे सेवक कमलेश चौधरी भाग लेने हेतु दिनांक 01.08.2024 को प्रस्थान करेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन राजस्थान के माउण्ट आबू रोड में ग्लोबल ऑडिटोरियम, मनमोहिनी हाल, ब्रह्मा कुमारी सेवा संस्थान, माउण्ट आबू रोड (राजस्थान) में



सम्पन्न होगा। श्री चौधरी ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में महासंघ की केन्द्रीय कार्यकारी समिति के 2023-26 के कार्यकाल हेतु नासिक में हुये चुनाव के बाद महासंघ की केन्द्रीय कार्यकारी समिति में नियुक्त किये गये सभी पदाधिकारियों की नियुक्तियों का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा तथा की गई नियुक्तियों को अनुमोदित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जायेगा तथा धोबी समाज जो कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में विभिन्न वर्गो में बंटा हुआ है, को अनुसूचित जाति में शामिल करने हेतु वार्ता की जायेगी तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को कैसे दूर किया जाए, इस पर भी चर्चायें होगी।

## सुप्रसिद्ध कहानीकार और उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** हिन्दी साहित्य जगत के सुप्रसिद्ध कहानीकार और उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती पर बाबू परमेश्वरी दयाल स्मारक सेवा समिति एवम् इदारा - ए - अहबाब के संयुक्त तत्वावधान में स्वराज नगर गुलाब रोड स्थित केव एनव लान में आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता कृष्णानंद श्रीवास्तव अदीब ने किया,और संचालन श्री गुलाम हैदर सिद्दीकी ने किया विशिष्ट अतिथि के रुप में मंच पर राष्ट्रीय हिन्दी भाषा सलाहकार डॉ संतलाल तथा जनाब माजीद निसार




आशती' रहे।हिंदी भाषा सलाहकार डॉ संतलाल ने कहा मुंशी प्रेमचंद को जो लोग खारिज करने में जुटे हैं मुंशी प्रेमचन्द ऐसा वट वृक्ष है जिसे समाज कभी खारिज नहीं कर सकता जब तक शोषण व्याप्त है मुंशी प्रेमचन्द हमारे बीच में जीवित रहेगें। नजर रायबरेलवी कहते हैं 'कौन कहता है कि मर गए मुंशी, सबके दिल में उतर गए मुंशी'।

प्रदीप मौर्य प्यारे ने तंज करते हुए कहा कि जब तक समाज में ऊंच नीच ,अमीरी गरीबी,किसान स्त्री विसंगति और आर्थिक असमानता की जड़े फैलती रहेंगी तब तक प्रेमचन्द जैसे युगनिर्माता जन्म लेते रहेगें।कार्यक्रम में उपस्थिति रहें हाजी हिदायततुल्ला शौक,गुलाम हैदर सिद्दीकी,गुलाम अहमद सिद्दीकी ,अकबर खान ,अजीज हसन सुदामा ,रमजान अली सफीर ,हफीज अमेठवी ,कृष्ण कुमार अवस्थी श्याम,नजर रायबरेलवी ,जय चक्रवती ,हाजी शमशुद्दीन अजहर ,रमाकांत यादव,दानिश रायबरेलवी और बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थिति होकर सभी ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। अंत में अध्यक्ष महोदय के वक्तव्य पर कार्यक्रम को अगले प्रोग्राम तक के लिए स्थगित घोषित किया गया। जनरल सेक्रेटरी के द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## सेल्फएस्टीम पर आधारित मीना मंच की साप्ताहिक गतिविधियों से बालिकाओं में हो रहा बदलाव - गौरव

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुदौली में दर्पण की ओट मे प्रगति के पंख पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बछरावां, रायबरेली।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं उन्हें जीवन कौशल विकास शिक्षा से जोड़ने के लिए मीना मंच कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रगति के पंख माड्यूल एवं सेल्फ एस्टीम आधारित गतिविधियों का आयोजन बालिकाओं के मध्य कराया जा रहा है। बछरावां विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुदौली में परियोजना कार्यालय से यूनिसेफ टीम प्रभारी गौरव त्रिपाठी द्वारा बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के बीच बदलीपुर के चीते और आधा फुल कॉमिक्स पर रोल प्ले कराकर बालिकाओं के व्यक्तित्व में निखार लाया जा रहा है। सेल्फ एस्टीम कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं में अपनी सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति सजगता बढी है। कार्यक्रम में जनपद परियोजना से शामिल हुए बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन प्रभारी मीना मंच एस.एस पाण्डेय ने कहा कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुदौली का मीना मंच यहां की बालिकाओं की अभिव्यक्ति एवं सक्रियता से काफी प्रभावशाली बन रहा है।

विद्यालय स्तर पर सोशल एक्टिविटी के तहत दहेज प्रथा का विरोध एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर आयोजित रोल प्ले समाज को संदेश देने के लिए काफी प्रभावशाली साबित हुआ है।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान शिक्षिका देवश्री शुक्ला, अर्चना बाजपेई, वंदना जैसवार, सुषमा यादव, नेहा खलीक, दीपिका वर्मा एवं रूद्र यादव उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन मीना मंच सुगमकर्ता एवं ब्लॉक नोडल राजलक्ष्मी वर्मा एवं धन्यवाद तथा आभार विद्यालय की प्रभारी देव श्री शुक्ल द्वारा सभी के प्रति व्यक्त किया गया।

## विपक्ष के नेता राहुल गाँधी को लेकर को अभद्र टिप्पणी की है वो पूरे पीडीए समाज का अपमान है:अखिलेष माही

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अखिलेश माही ने बयान जारी करते हुए कहा है कि अनुराग ठाकुर ने जिस तरह से रायबरेली सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गाँधी को लेकर को अभद्र टिप्पणी की है वो पूरे पीडीए समाज का अपमान है। अनुराग ठाकुर ने राहुल गाँधी को लेकर यह कहा कि जिसकी जाति का पता नहीं है वो जाति जनगणना की बात कर रहे हैं, अखिलेश माही ने कहा कि अनुराग ठाकुर का यह बयान भाजपा की जातिवादी मानसिकता को दर्शाता है। जब भी कोई नेता देश के दलितों , पिछड़ो और अल्पसंख्यकों के हितों की आवाज उठाता है जातिवादी नेताओं ने हमेशा उसे गाली दिया है पीडीए के नेताओं के साथ हमेशा बीजेपी के जातिवादी लोगों ने दुर्व्यवहार किया है।

## बरउवा गांव में हुए कोटे के चयन में किए गई धांधली

**▸▸ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा मनमानी को लेकर ग्रामीणों ने डीएम ऑफिस पहुंच कर किया प्रदर्शन**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली** में सरकारी राशन दुकान कोटा के चयन प्रक्रिया में महिला प्रत्याशी के साथ अधिकारियों द्वारा की गई मनमानी व धांधली को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए प्रदर्शन किया और ग्राम पंचायत अधिकारी मनमानी तरीके से चयन किए गए कोट को निरस्त कराए जाने की मांग की गई आपको बता दे कि बुधवार को समय रायबरेली जनपद के तहसील सदर के अंतर्गत आने वाले सतांव ब्लॉक के ग्राम बरउवा गांव में सरकारी राशन की दुकान की चयन प्रक्रिया चल रही थी जिसमें महिला प्रत्याशी मिथिलेश कुमारी पत्नी दुर्गेश कुमार ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय



पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि साथ मीटिंग ग्राम पंचायत भवन में कराई गई और आखिरी मीटिंग ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम के बाहर जूनियर हाई स्कूल में किया गया जो गलत है।

वही आज मनमानी तरीके से कोट का चयन कर दिया गया जिसको लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने मतों के रिकाउंटिंग कराए जाने की मांग भी की लेकिन मौजूद खंड विकास अधिकारी व तहसीलदार ने महिला प्रत्याशी मिथिलेश कुमारी की एक न सुनी जिसको लेकर प्रत्याशी के साथ ग्रामीणों ने जिला अधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन करते हुए पूरे मामले में जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है और दोबारा से मतदान कर कर निष्पक्ष तरीके से चयन किए जाने की मांग की गई है इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था।

# नालियाँ चोक, घरों का बह रहा गंदा पानी जिम्मेदार मौन



लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** लेड़ियारी बाजार में चौड़ीकरण के तहत सड़क के किनारे नाली तो बनाई गई लेकिन पूरी तरह से न बनने से निकले वाला घरों का गंदा पानी स्टेट राजमार्ग पर बहने से आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं और राहगीरों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। शिकायत के बावजूद जिम्मेदार मौन होने से लोगों को परेशानी हो रही है। एक वर्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओकार नाथ केशरी के द्वारा लेड़ियारी बाजार में एक तरफ नाली का निर्माण कार्य कराया गया था । लेकिन उसमें मानक के अनुरूप कार्य नहीं होने से जगह-जगह ध्वस्त हो गया । जिससे घरों का निकलने वाला कूड़ा करकट से पट जाने पर घरों से निकलने वाला गंदा पानी मार्ग पर बह रहा है । वहीं जिम्मेदार ढक्कन लगाना भूल गए । नहीं तो यह समस्या नहीं उठानी पड़ती।लेड़ियारी बाजार एक वर्ष बीत जाने के बाद भी यह समस्या बनी हुई है । स्टेट राजमार्ग पर समूचे बाजार के पास एक तरफ नाली बनाई गई थी । जिससे अक्सर गिरकर चोटहिल हो जाते है । वहीं घर से निकले वाला गंदा पानी पूरे बाजार मे बदबू आती है । राहगीर आने जाने वाले मुंह ढ़क से किसी तरह निकल जाते है । लेकिन वहीं रहने वाले का जीना दूभर हो गया है । जबकि नाली में ढक्कन नहीं होने से बाइक सवार इसमें गिरने से गंभीर अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है । वहीं कई जगहों पर लोग कूड़ा कचरा डालकर पाट दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है ।जिला पंचायत के तहत बनाई गई है नाली जगह-जगह अधूरा छोड़ कर कराया गया था ।

नाली में ढक्कन न होने के कारण जहां एक तरफ दुकानदार व ग्राहकों को दुकान में आने में समस्या हो रही है । वहीं दुर्घटना का शिकार लोग हो रहे हैं । नाली खुली होने के कारण उसमें बह रहे गंदा पानी की दुर्गंध से भी लोग परेशान हैं ।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही हैं ।

लेड़ियारी बाजार के पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, साधन सहकारी समिति अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह, सुनील कुमार कुशवाहा, रवि सिंह ग्राम प्रधान लेड़ियारी ने बताया कि लेड़ियारी में सड़क के किनारे बनाई गई नाली खुली होने से लोगों को परेशानी हो रही है । लेकिन जिम्मेदार पूरी तरह से उदासीन बने हुए हैं । लेड़ियारी बाजार में बने शिव मंदिर के पास गंदा पानी मार्ग पर बह रहा है । जबकि इस मंदिर में प्रतिदिन सैकड़ों लोग सावन के प्रवित्र महिने में दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए आते - आते हैं । लेकिन इस गंदे पानी से गुजरना लोगों को मजबूर होना पड़ रहा है । सड़क की चौड़ाई अन्य स्थानों की अपेक्षा पहले से ही कम कर दी गई । वहीं दूसरी तरफ जहां नाली का निर्माण पूरा हो गया वहां पर स्थानीय लोगों द्वारा नाली में कूड़ा कचरा डालकर पाटकर कब्जा करके अतिक्रमण किया जा रहा है । इससे आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है ।

नाली निर्माण के बाद उसको खुला छोड़ देने से लगातार समस्या हो रही है । लोग गिरकर चोटहिल हो रहे है । जबकि नाली में गंदा पानी भरे होने से दिक्कत उठानी पड़ रही है ।

**डा. सुनील कुमार कुशवाहा**

खुली नाली होने के कारण ग्राहकों को दुकान में आने में बड़ी समस्या हो रही है । जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं । घरों का निकलने वाला गंदा पानी घरों में प्रवेश होने से परेशान हो रही है ।

**पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय केशरी**

ढक्कन न लगने के कारण नाली में जमा गंदा पानी बदबू दे रहा है । इससे ग्राहकों को भी समस्या हो रही है । सबसे ज्यादा मुसीबत इस नाली का गंदा भरे होने दिक्कत हो रही है ।

**साधन सहकारी समिति अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह ।**

एक वर्ष पूर्व से ज्यादा समय से नाली का निर्माण किया गया है । लेकिन अभी तक समूचे बाजार में नाली खुली होने से सबसे ज्यादा बाइक सवार व राहगीरों को परेशानी हो रही है । आए दिन लोग चुटहिल होने से समस्या बनी हुई है

**रवि सिंह**
**ग्राम प्रधान लेड़ियारी**

# पहली बरसात में नदी बनी दहियावां बाजार की सड़क

## आठ माह पूर्व बनी नाली का बहाव उल्टा बनाने से बनी समस्या



लोकमित्र ब्यूरो

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** गंगापार की मशहूर बाजार दहियावां की पक्की सड़क पहली बरसात में ही नदी का रूप ले लिया है।बुधवार को मध्याह्न हुई एक घंटे की बारिश में बैंक आफ बड़ौदा की शाखा से डाक्टर चौरसिया की दूकान अर्थात पच्चास मीटर तक जलभराव इस कदर भरा है। मानो सड़क नहीं नदी है।इस जलभराव का कारण बाजार वालों की मानें तो आठ माह पूर्व सड़क के उत्तरी पटरी पर लाखों में बनी नाली है। जिसे ग्राम प्रधान आशादेवी पत्नी आशा राम और तत्कालीन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी हरिदेव पटेल द्वारा बनाई गई नाली है।लोगों की मानें तो नाली का बहाव पश्चिम दिशा में न करके उल्टा पूर्व दिशा की तरफ कर दिया गया। नाली दो फिट चौड़ी और एक से डेढ़ फीट तक की गहरी बनाई गई।जिसमे बड़े पैमाने पर अधिकारियों के बीच धन का बंदरबाट किए जाने की भी आशंका है। बताया गया कि दुकानदार रमेश मौर्य,राकेश मोदनवाल,तौवाब,पन्ना लाल अग्रहरी,ज्ञान चंद्र,रमेश टेलीकाम,अजीत सिंह मेडिकल वाले सहित सैकड़ों दूकान के सामने जलभराव बना है।बता दें कि इस नाली को बनाने के लिए बरगद के पास स्थित काली माई के थान से लेकर मेला मैदान (पश्चिम) की ओर बनाया जाना था। मगर काली माई के थान से लोग उल्टा पूर्व की ओर लगभग 500 मीटर सब्जी मंडी के पास स्थित कुद्दू केशरवानी की दूकान तक बनाई गई।जो पहली बरसात में ही गलत साबित हो गई। उधर व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन जायसवाल ने नाली का ढाल उल्टा बनाने के जांच की मांग की है। कहा कि दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाय।

# श्री राम कथा जीवन का आधार है- साध्वी अन्नपूर्णा

**थरवई ।** पांडेश्वर नाथ धाम पण्डिला महादेव मंदिर परिसर में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा वाचक साध्वी अन्नपूर्णा ने भक्तों को बताया भगवान की सेवा करने वाले भक्त को जीवन में कभी दुख नहीं मिलता है भगवान भाव से मिलते हैं सच्ची श्रद्धा विश्वास रखने वाले भक्त को भगवान कभी कष्ट नहीं देते हैं । इस मौके पर ननकू पांडे संतोष शर्मा महारानी दीन केसरवानी नागेंद्र दूबे केशव दूबे रिंकू दूबे सहित बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं बच्चे श्री राम कथा में शामिल थे ।



# निजी मोबाइल कंपनियों के रिचार्ज में वृद्धि, अब याद आया बीएसएनएल

लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** निजी मोबाइल कंपनियों द्वारा रिचार्ज का मूल्य बढ़ा दिए जाने के बाद लोगों का झुकाव एकबार फिर बीएसएनएल की ओर हुआ है। इसका कारण बीएसएनएल का सस्ता रिचार्ज है। निजी कंपनियों द्वारा मूल्य बढ़ाए जाने के बाद से लेड़ियारी बाजार स्थित बीएसएनएल के लगे टावर पर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ रही है । लेकिन तीन दशक पूर्व लगा यह टावर केवल शो पीस साबित हो रहा है । जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को इसे ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं ठीक न किए जाने लोगों को मजबूरन दूसरे निजी कंपनियों का सहारा लेना पड़ा था । जबकि हर कंपनियों से बीएसएनएल का रीचार्ज कम होने से लोगों को मजबूर होकर सिम बदवाने में लगे हुए हैं । बीएसएनएन विभाग की घोर लापरवाही से अन्य कंपनियों का सहारा लेना पड़ा ।

संजय कुमार केशरी , कृष्ण कुमार कुशवाहा, सुनील कुमार कुशवाहा लेड़ियारी, आशुतोष द्विवेदी गोबरा ने बताया कि अब तक करीब सौ लोगों ने अपना मोबाइल नंबर बीएसएनएल में पोर्ट कराया हैं, जबकि 120 ने नया कनेक्शन लिया है । महंगाई के इस दौर में निजी मोबाइल कंपनियों के रिचार्ज की कीमत बढ़ा दिए जाने से लोगों का इनके प्रति मोह भंग होते जा रहा है। पिछले माह में मोबाइल के रिचार्ज वाउचर में 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि ने लोगों को बीएसएनएल के पास जाने को मजबूर कर दिया है। पिछले एक माह में ग्रामीणों में 100 से अधिक ग्राहकों ने अपना फोन नंबर बीएसएनएल में पोर्ट करा लिया है। वहीं 120 से अधिक लोगों ने नया कनेक्शन लिया है। हालांकि अभी बीएसएनएल की स्पीड थ्रीजी ही है, लेकिन विभाग के अधिकारियों का दावा है कि शीघ्र ही नेट की स्पीड फोर से फाइव जी कर दी जाएगी। पिछले दिनों जियो व एयरटेल सहित अन्य निजी मोबाइल कंपनियों ने अपने विभिन्न प्लान में 29 से 150 रुपये तक की वृद्धि कर दी है। इसी के बाद से पूरे देश में बीएसएनएल के प्रति उपभोक्ताओं का रुझान बढ़ गया है। ग्राहक अन्य कंपनियों के नंबर पोर्ट कराने के अलावा नए नंबर भी ले रहे हैं। इसकी वजह वीएसएनएल की प्लान अन्य कंपनियों से सस्ता होने के कारण लोग प्रतिदिन दर्जनों लोग बदलवा रहे हैं । इस संबंध मे बीएएसएनएल के प्रबंधक ने बताया कि में कुल 2000 नए कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। एक माह में ही 100 से अधिक फोन नंबर बीएसएनएल में पोर्ट हो चुके हैं। अभी थ्रीजी स्पीड का नेट चल रहा है लेकिन आने वाले दिनों में फोर से फाइव जी होने की उम्मीद है।

# दिव्यांग बच्चों को भी नियमित विद्यालय भेजने की सलाह

## मऊआइमा बीआरसी में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की हुई काउन्सिलिंग



लोकमित्र ब्यूरो

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** शासन की मंशा के अनुरूप दिव्यांग बच्चों में नये जोश के साथ शिक्षा के प्रति रुझान पैदा करने एवं उनमें जागरूकता लाने को लेकर चलाई जा रही योजना को मूर्तरूप देने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र मऊआइमा में समेकित शिक्षा योजना के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग हुई। काउंसलिंग में अभिभावकों से अपील की गई कि सामान्य बच्चों की तरह दिव्यांग बच्चों को भी नियमित रूप से विद्यालय भेजें, जिससे उनको मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। काउंसलिंग बैठक में 52 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया जहां पर उन्हें स्टेशनरी व स्वल्पाहार दिया गया।

पेरेंट्स काउंसिलिंग बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मऊआइमा विमलेश कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। उनके द्वारा अभिभावकों को पाल्यों की समुचित शिक्षा दीक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग छात्र/छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु अभिभावकों को शिक्षा के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है। शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों हेतु संचालित योजनाओं के लिए अभिभावकों को जानकारी होना आवश्यक है। स्पेशल एजुकेटर आशा मिश्रा, कुसमा द्विवेदी और अजय कुमार द्वारा दिव्यांगता की पहचान, कारण, बचाव के साथ योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर राम जी तिवारी, अजीत कुमार, अंकुश कुमार, दिनेश कुमार, मिताली उपस्थित रहे। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने विकास खंड से आए हुए सभी अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डीएम ने मुण्डेरा मण्डी स्थित वेयर हाउस का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल ने बुधवार को मुण्डेरा स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट का भण्डारण सुरक्षित ढंग से पाया गया। उन्होंने वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, सुरक्षा व्यवस्था तथा बारिस के दृष्टिगत कक्षों की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उन्होंने वेयर हाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा, चकबन्दी विभाग के अधिकारी सहित निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अभिषेक यादव ने ही मुलायम के सीने में मारी थी गोली

## बहरिया गोली कांड में दस नामजद, सात गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया।** मार्केट पर कब्जा करने को लेकर मंगलवार को बहरिया में हुए गोली कांड में पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मुख्य आरोपी सहित सात लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। तनाव को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गई।बहरिया बाजार के नया चौराहा के पास मार्केट पर कब्जा करने को लेकर मंगलवार को मऊआइमा से जिला पंचायत अभिषेक यादव और बहरिया के गमरहटा निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य शशीकांत यादव के बीच समर्थकों सहित भिड़ंत हो गई। इस दौरान गोली चलने से शशीकांत यादव के पक्ष से सारीपट्टी निवासी मुलायम की मौत हो गई। जबकि अभईपुर निवासी बीडीसी सदस्य जितेंद्र यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक मुलायम यादव के पिता रामा यादव की तहरीर पर पुलिस ने देर रात जिला पंचायत सदस्य अभिषेक यादव उसके भाई वीरेनसेन और चाचा गजराज यादव सहित दस लोगों के खिलाफ हत्या सहित कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। रामा यादव ने आरोप लगाया है कि अभिषेक यादव ने मेरे बेटे के सीने और पेट में राइफल से गोली मारी जिससे वह गिर कर तड़पने लगा और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। अभिषेक के चाचा गजराज यादव ने बीडीसी सदस्य जितेंद्र यादव को निशान बना कर राइफल से फायर किया। जिससे जितेंद्र यादव के जांघ में गोली लगी। अन्य लोग भी जान से मारने की नियत से फायर किया और लाठी डंडे से तोड़फोड़ की। पुलिस ने मुख्य आरोपी जिला पंचायत सदस्य अभिषेक यादव और उसके चाचा गजराज यादव समेत सात लोगों को हिरासत में लिया है। मौके पर प्रयोग किए गए राइफल और अवैध असलहे भी पुलिस ने बरामद किया है। बहरहाल पोस्टमार्टम के पश्चात बुधवार को देर शाम मुलायम का शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजन रात में शव का अन्तिम संस्कार करने से मना किया ।

# सावन के दूसरे मंगलवार को शिवालयों व हनुमान मंदिर में उमड़ी आस्था

लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** क्षेत्र में बघोल, बहरैचा स्थित शंकर जी व हनुमान मंदिर में सावन के दूसरे मंगलवार को दर्शन करने की आस्था को लेकर भीड़ उमड़ी ।देवाधिदेव महादेव भगवान शिव का प्रिय महीना सावन और उसमें भी दिन मंगलवार नक्षत्र बनने पर भगवान शिव से डोर जुड़ी और सड़कों -गलियों में श्रद्धा की हिलोर उठी । शिवालय, मंदिर छोटे- बड़े हर शिवालय के द्वार पर भक्तों की लंबी कतार रही वहीं हनुमान जी का भी लोग दर्शन करने के लिए एकत्रित हुए। शिवलिंग पर दूध-जल बेलपत्र, भांग, धतुरा अर्पित करके मनोकामनाओं की पोटली उनके चरणों में रख दिया ।

भोर से शुरू हुआ दर्शन - पूजन का क्रम देर रात तक चलता रहा । हर - हर बम - बम हर हर महादेव का



उद्घोष शिव भक्ति की तीव्रता का एहसास करा रहा था । सावन महीने के दूसरे मंगलवार पर लेड़ियारी , बघोल, पवांरी, सुभाष, कोलसरा शिवमय नजर आया । बघोल नदी में स्नान करने के बाद पूजन का क्रम सुबह भोर के बाद से शुरू हो गया । सूर्योदय के बाद भीड़ बढ़ती गई । दोपहर तीन बजे तक लगभग एक हज़ार श्रद्धालुओं ने स्नान कर शिवालओं में दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा । बच्चे, युवा, महिलाओं व बुजुर्ग भक्तिभाव से ओतप्रोत होकर भोलेनाथ के दर पर आए । हर कोई शिवलिंग को स्पर्श करके को व्याकुल रहे । जबकि गांव की सैकड़ों दुकानें लगी रही । जिससे लोगों ने जलेबी, लेड्डू, के अलावा खिलौने की खरीद की जा रही थी ।

# यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव की बैठक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**नैनी (प्रयागराज)।** यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव समिति की एक बैठक श्रमिक बस्ती स्थित गेस्ट हाउस में वरिष्ठ भाजपा नेता महेश मधुकर मंगरूलकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें आगामी सितंबर माह में होने वाले सप्त दिवसीय यमुनापर विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव की रूपरेखा तय की गई 7 बैठक में बोलते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता महेश मधुकर मंगरूलकर ने कहा कि इस बार के गणेश महोत्सव को अत्यंत भव्य बनाना है और इसके लिए हम सबको अपना पूर्ण योगदान देना होगा कमला स्मारक इंटर कॉलेज के प्रबंधक अनिल विश्वकर्मा ने लोगों के बैठने की व्यवस्था को और बेहतर बनाने की बात कही 7 पूर्व पार्षद नीलम यादव ने महिला कार्यकर्ताओं



का एक कोर ग्रुप बनाने एवं धन संग्रह में सुधार की बात कही 7 सरदार हरजीत सिंह मारवाह ने कहा कि हमें समिति में नए लोगों को जोड़ना होगा 7

सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे अभिषेक पांडेय ने बैठक का संचालन किया एवं रेखा श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया

बैठक में प्रमुख रूप से महेश मधुकर मंगरूलकर, सुमन जी पाठक, पूर्व पार्षद नीलम यादव, आर के शुक्ला, अभिषेक पांडेय, जे एन यादव, अनिल विश्वकर्मा, हरजीत सिंह मारवाह, संपूर्णानंद सिंह, अलका विश्वकर्मा, ममता श्रीवास्तव, उषा पांडेय, पिंकी गुप्ता, मंजू तिवारी, रिंकी गिरी, संगीता पाठक, रेखा श्रीवास्तव, जतिन ठाकुर, आनंद सिंह आदि उपस्थित रहे

# पंखे में उतरे करंट से एक झुलसा

लोकमित्र ब्यूरो

**फूलपुर ।** थाना अंतर्गत मैलवन गाँव में सीलिंग फैन में आई गड़बड़ी को दुरुस्त करते हुए मैलवन गाँव का किसान पवन कुमार उम्र 18 वर्ष करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। पवन के चीखने पर घर वालों ने किसी प्रकार विद्युत के संपर्क से उसे अलग किया।

परंतु उसकी स्थिति दयनीय देख फूलपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जहां स्थिति में सुधार और खतरे से बाहर बताया गया।

# मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का चरित्र अनुकरणीय है- पंकज जायसवाल

## रानी रेवती देवी में दो दिवसीय "रामायण" बाल रंग उत्सव का समापन

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या एवं जिला प्रशासन, प्रयागराज तथा रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय ÷रामायण÷ बाल रंग उत्सव का द्वितीय दिवस रामायण पर आधारित झांकी प्रतियोगिता से प्रारंभ हुआ। आज के कार्यक्रम को दो भागों में बांटा गया था। पहले चरण में झांकी प्रतियोगिता एवं दूसरे चरण में लोकनृत्य का कार्यक्रम संपन्न हुआ। पहले चरण के मुख्य अतिथि पंकज जायसवाल, अध्यक्ष शाषी निकाय, आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, अध्यक्ष बांके बिहारी पांडे, प्रधानाचार्य एवं विशिष्ट अतिथि डॉ रंजना त्रिपाठी, असिस्टेंट प्रोफेसर संगीत विभाग, आर्य कन्या पीजी कॉलेज रही। दूसरे चरण की मुख्य अतिथि डॉक्टर विभा मिश्रा, चेयरमैन ,स्किल डेवलपमेंट, एयूपीसीसी, अध्यक्ष गुलाम सरवर पांडुलिपि अधिकारी, संस्कृति विभाग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश वर्मा



टेक्निकल असिस्टेंट, संस्कृति विभाग रहे द्य

कार्यक्रम के समन्वयक मनोज गुप्ता ने बताया कि उक्त आयोजन में श रामायण के विभिन्न पात्रों श्री राम, लक्ष्मण, भरत, माता सीता, कौशल्या, शबरी, जटायू तथा हनुमान सहित आदि पात्रों पर आधारित झांकी प्रतियोगिता में लगभग 200 छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। जिसमें प्रथम स्थान अभिषेक कनौजिया ने, द्वितीय स्थान विप्रा केसरवानी ने एवं तृतीय स्थान अविका ने तथा इशिका गुप्ता और आरूही त्रिपाठी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। झांकी प्रतियोगिता के निर्णायक आरुषि द्विवेदी, लक्ष्मी सिंह एवं गिरजेश सिंह रहे।

इस अवसर पर पहले चरण के मुख्य अतिथि पंकज जयसवाल ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का चरित्र अनुकरणीय है उनका पूरा जीवन आदर्श एवं प्रेरणा से भरा है। इसी क्रम में कार्यक्रम के दूसरे चरण की मुख्य अतिथि डॉक्टर विभा मिश्रा ने बताया कि भगवान श्री राम का जीवन चरित्र हमें आदर्श जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित करता है, भगवान श्री राम ने पिता की आज्ञा का पालन, माता के प्रति स्नेह, भाई बंधुओं के प्रति प्रेम व पत्नी का सम्मान, कठिन परिस्थितियों में भी सहजता से निर्वहन किया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में दीपशिखा एवं सखियों वंशिका, पायल, अंशिका, ऐश्वर्या नाथ, राधिका पाल, प्राची, नंदिनी, कशिश एवं पंखुड़ी ने आकर्षक लोकनृत्यों के माध्यम से कजरी, चैती, ढेडिया,कालबेलिया की छटा को आकर्षक रूप में प्रस्तुत करके सबको भाव विभोर कर दिया।

झांकी प्रतियोगिता का संयोजन साधना यादव ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने कलाकारों सहित समस्त अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह से तथा कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन कार्यक्रम के समन्वयक मनोज कुमार गुप्ता ने किया।

# दिव्यांगों को वितरित किया गया उपकरण



लोकमित्र ब्यूरो

**हनुमानगंज ।** ब्लॉक बहादुरपुर परिसर में द हंस फ़ाउंडेशन द्वारा समाज कल्याण रूपी कार्यक्रम में एक और पहल की गई जिसमे दिव्यांगो को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता द हंस फाउंडेशन के द्वारा नियुक्त किया गया और जिनका उद्घाटन बहादुरपुर ब्लॉक प्रमुख अरुणेंद्र यादव (डब्बू )और कतवारूपुर ग्राम प्रधान श्याम बहादुर मौर्य द्वारा किया गया । रूपांतरण परियोजना में उपस्थित मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अभय कुशवाहा और द हंस फ़ाउंडेशनसे डी पी एम रितेश , प्रोजेक्ट मैनेजर अजय कुमार , डॉक्टर उपेन्द्र कुमार सीनियर प्रोजेक्ट कार्डिनेटर अभय प्रकाश, प्रोजेक्ट कार्डिनेटर धनंजय सिंह , अमित द्विवेदी, दीक्षा सिंह, फार्मेसिस्ट विपेंद्र कुमार , एलटी नवीन कुमार कुशवाहा ,एएनएम प्रतिभा, पायलट दिवाकर उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे। संस्था द्वारा आयोजित इस समारोह में आए सभी दिव्यांगो का उत्साह वर्धन किया साथ ही संस्था के द्वारा निःशुल्क दिव्यांग सहायक उपकरणों के वितरण हेतु संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया।द हंस फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 58 लोगों ने निश्शुल्क दिव्यांगों के जीवन को सुलभ बनाने वाले व उनके दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाले उपकरण प्राप्त किए।

# वायनाड में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 158 हुई, सैकड़ों लोग अभी भी लापता

## ● सर्च ऑपरेशन जारी



**वायनाड,(आरएनएस)।** केरल के वायनाड में 30 जुलाई को तड़के हुई भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 158 हो गई है. जबकि अभी भी सैकड़ों लोग लापता हैं जिनकी मलबे में तलाश की जा रही है. इस प्राकृतिक आपदा में 128 लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है. बता दें कि केरल में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है. जिसके चलते मंगलवार तड़के वायनाड में एक के बाद एक तीन बार भूस्खलन हुआ. जिससे दूरदराज के एक गांव का अधिकांश हिस्सा मलबे में दब गया. लोग मलबे में दब गए, सड़कें और पुल भी ढह गए. बताया जा रहा है कि साल 2018 के बाद से ये राज्य की सबसे खराब मानसून आपदा है.बता दें कि दक्षिणी केरल जिले में सोमवार और मंगलवार को 572 मिमी बारिश हुई, जिससे चूरलमाला गांव में रात 1 बजे से सुबह 4 बजे के बीच दो बार भूस्खलन हुआ. जिससे मुंडक्कई गांव में पानी और कीचड़ की तेज धारा बह गई और दोनों बस्तियों के बीच बना एक पुल ढह गया. इससे पहले भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस दौरान क्षेत्र के लिए केवल 64 मिमी से 200 मिमी बारिश का अनुमान लगाया था.वायनाड में हुए भूस्खलन के मलबे में दबे लोगों की लगातार तलाश की जा रही है. सर्च ऑपरेशन में सेना और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने टीच लगी हुई हैं. लेकिन लगातार हो रही बारिश के चलते सर्च ऑपरेशन में परेशानी हो रही है. भारी बारिश के चलते इरुवानझिनजी नदी का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है. जिसके कारण सेना को जोखिम भरे इलाकों से होकर गुजरना पड़ा. भारतीय वायु सेना के दो हेलिकॉप्टर प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किए गए हैं.राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता और वायनाड के पूर्व सांसद राहुल गांधी समेत तमाम राजनेताओं ने वायनाड हादसे पर शोक संवेदनाएं व्यक्त की है. इसके साथ ही राज्य में दो दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है.

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने मंगलवार शाम को अपने मंत्रिमंडल और वरिष्ठ नौकरशाहों के साथ बैठक की. जिसके बाद उन्होंने बचाव और राहत प्रयासों की निगरानी के लिए आपदा प्रबंधन विभाग के प्रभारी के राजन सहित पांच मंत्रियों को वायनाड भेजा.सर्च ऑपरेशन में लगे सेना और एनडीआरएफ के जवानों को कई शव घटनास्थल से सात किमी दूर नदी में मिले है. बताया जा रहा है कि बाढ़ से बहे कई पीड़ितों के शव मुंडक्कई से सात किलोमीटर दक्षिण में नीलांबुर गांव में चलियार नदी के पानी में पाए गए. स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश पीड़ित चाय बागानों में काम करते थे और मुख्य सड़कों के किनारे या बागानों के आधार पर बने छोटे घरों में रहते थे. मंगलवार शाम 4 बजे तक अधिकारियों ने 34 शवों की पहचान कर ली थी और 18 शवों को उनके परिवारों को सौंप दिया था.राज्य सरकार के अनुमान के मुताबिक, 2017 के बाद से केरल में अत्यधिक बारिश और भूस्खलन के कारण करीब 900 लोगों की मौत हुई है. इससे पहले अगस्त 2019 में, मेप्पडी में एक बड़ा भूस्खलन हुआ था. उसी वर्ष, पुथुमाला गांव एक पहाड़ी लगभग पूरी तरह से खिसक गई थी. जिससे इसके रास्ते में आने वाली सभी चीजें नष्ट हो गई. लगभग उसी समय, मल्लपुरम में एक पहाड़ी ढह गई और 44 परिवारों का एक गांव बलबे में दब गया था.

## सेना का बचाव अभियान तेज, एक हजार लोगों को किया रेस्क्यू

**वायनाड, (आरएनएस)।** केरल के वायनाड में हुए भीषण भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 159 पहुंच गई है। जबकि 90 से अधिक लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।इस भीषण त्रासदी के बाद सेना, वायुसेना, नौसेना, एनडीआरएफ, पुलिस और फायर फोर्स की टीमें बचाव अभियान में जुटी हुई हैं।भारतीय सेना के दक्षिणी कमान ने बचाव अभियान की जानकारी दी। सेना के दक्षिणी कमान ने बताया कि वायनाड में भूस्खलन के बाद एनडीआरएफ, राज्य बचाव दल, कोस्ट गार्ड, नौसेना और वायुसेना के साथ इंडियन आर्मी संकट के इस समय में लगातार काम कर रही हैं। मानव निर्मित पुल बनाकर अब तक 1000 लोगों को बचाया गया है। सेना की टुकड़ी ने करीब 70 शव बरामद किए हैं।एक्स पर पोस्ट में कहा गया, भारतीय वायुसेना के विमान एएन-32 और सी-130 द्वारा त्रिवेंद्रम से दो अतिरिक्त सेना टुकड़ियां मंगलवार को 10ः30 बजे कालीकट पहुंची। इन टुकड़ियों ने शाम 6 बजे वायनाड के लिए अपनी आगे की यात्रा शुरू की। बुधवार सुबह 6ः45 बजे तक छुट्टी पर गए आर्मी ऑफिसर मिशन में शामिल होने के लिए स्वेच्छा से आगे आए हैं।दक्षिणी कमान ने बताया कि मद्रास इंजीनियर ग्रुप और सेंटर से इंजीनियर टास्क फोर्स भूस्खलन साइट पर पहुंच गई है। यहां 170 फीट का पुल बनाने की योजना है। मेप्पाडी-चूरलमाला रोड पर बचाव कार्य जारी है। तीन बेली ब्रिज, जेसीबी और टाट्रा ट्रक भी जल्द ही वायनाड पहुंचकर बचाव अभियान में जुट जाएंगे।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया, दिल्ली से भी वायनाड के लिए मदद भेजी गई है। वायु सेना के विमान सी-130 के जल्द ही कन्नूर पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद नागरिक प्रशासन के साथ समन्वय कर वायनाड के लिए सड़क मार्ग से आवाजाही शुरू की जाएगी।

## लोकसभा में उठेगा असम बाढ़ का मुद्दा, गौरव गोगोई ने दिया नोटिस



**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** संसद के बजट सत्र की कार्यवाही जारी है। संसद में कई मुद्दों पर चर्चा भी देखने को मिल रही है। इस बीच लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने बुधवार को असम बाढ़ प्रबंधन का मुद्दा उठाने के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश किया है।कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, मैं सदन की कार्यवाही स्थगित करने के लिए अनुमति मांगने के अपने इरादे की जानकारी देना चाहता हूं। ताकि तत्काल इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा की जा सके। मैं असम में बाढ़ प्रबंधन के लिए केंद्रीय बजट 2024 में किए गए अपर्याप्त आवंटन पर गहरी चिंता व्यक्त करता हूं। साल दर साल, राज्य इस संकट से जूझता है और फिर भी बाढ़ प्रबंधन के लिए किया गया आवंटन अपर्याप्त है।उन्होंने कहा, बजट भाषण में बाढ़ प्रबंधन की धनराशि के आवंटन के बिना असम का उल्लेख किए राज्य के लोगों की दुर्दशा के लिए सरकार की उपेक्षा का स्पष्ट संकेत है। यह निराशाजनक है कि अन्य राज्य, जो असम की तुलना में कम प्रभावित हैं, उनको आपदा प्रबंधन के लिए काफी अधिक आवंटन दिया गया है। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण और जल निकासी के लिए जल शक्ति मंत्रालय को किए गए आवंटन में 2022-23 में 104.56 करोड़ (वास्तविक) से 2024 में 33.17 करोड़ (अनुमानित) तक की महत्वपूर्ण कमी चिंताजनक है।गौरव गोगोई ने असम के हालातों का जिक्र करते हुए कहा, असम का बाढ़ प्रभावित क्षेत्र 31.05 लाख हेक्टेयर में फैला है, जो राज्य के कुल भूमि क्षेत्र का लगभग 39.58 फीसदी है। यह देश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के राष्ट्रीय निशान से चार गुना अधिक है। राष्ट्रीय बाढ़ आयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि बिहार और असम में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के बीच मामूली अंतर है। हालांकि, बाढ़ के प्रभाव के मामले में असम बिहार से भी बदतर स्थिति में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य सरकार के साथ-साथ भाजपा के सांसद भी इस भेदभावपूर्ण व्यवहार पर चुप हैं। पर्याप्त धन की कमी असम में बाढ़ की रोकथाम और पुनर्वास उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की क्षमता को गंभीर रूप से बाधित कर रही है।उन्होंने कहा कि असम में बाढ़ प्रबंधन में निवेश करना केवल एक खर्च नहीं बल्कि राज्य के भविष्य में एक विवेकपूर्ण निवेश है। इसलिए, मैं सदन से आग्रह करता हूं कि इस मामले पर अत्यंत तत्परता से चर्चा की जाए और सरकार को असम में बाढ़ प्रबंधन के महत्वपूर्ण मुद्दे को हल करने के लिए ठोस कदम उठाने के लिए मजबूर किया जाए।

# दिल्ली समेत कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना

## ▶▶ आईएमडी ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट



**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** केरल समेत देश के कई राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी है. जबकि दिल्ली में लोग उमस भरी गर्मी से परेशान है. भारी बारिश के चलते केरल के वायनाड में मंगलवार को भारी भूस्खलन हुआ. जिसमें कई दर्जन लोगों की मौत हो गई. जबकि सैकड़ों लोग अभी भी लापता हैं. जिसकी तलाश की जा रही है. इस बीच मौसम विभाग ने दिल्ली समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. बता दें कि दिल्ली और उत्तर भारत के कुछ इलाकों में इस साल जुलाई में काफी कम बारिश हुई है. लेकिन उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर में भारी बारिश हुई है. जिसके चलते असम में बाढ़ आ गई. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर पश्चिम और मध्य से लेकर पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत तक देश के 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में भारी बारिश की संभावना जताई है. जिसे लेकर मौसम विभाग ने रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. आईएमडी ने मध्य महाराष्ट्र में 1 से 3 अगस्त के बीच भारी बारिश का अनुमान जताया है. जबकि तटीय कर्नाटक में 31 जुलाई से 1 अगस्त के बीच भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है. जिसके चलते यहां रेड अलर्ट जारी किया गया है.वहीं कोंकण और गोवा में 30 जुलाई से 3 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है. उधर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एक से तीन अगस्त तक, जबकि उत्तराखंड में 30 जुलाई से 1 अगस्त तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है. वहीं दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में 31 जुलाई से 1 अगस्त के बीच भारी बारिश होने की संभावना है. जिसके चलते इन राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है.हिमाचल प्रदेश में आज और कल भारी बारिश की संभावना जताई गई है. इस दौरान राज्य में 115 से 204 मिमी तक बारिश हो सकती है. वहीं जम्मू संभाग में एक अगस्त को भारी बारिश का अनुमान है. जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी आज यानी बुधवार को भारी बारिश होने का अनुमान है.

## मणिपुर में भारी बारिश के बीच भूस्खलन, महिला और नवजात की मौत

**इंफाल,(आरएनएस)।** देश के कई राज्यों में भारी बारिश का दौर जारी है. केरल में मंगलवार को हुए भारी भूस्खलन से अब तक 158 लोगों की मौत हो गई है. जबकि लापता लोगों की तलाश की जा रही है. इस बीच पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में भूस्खलन की खबर है. बताया जा रहा है कि एक गांव में हुए भूस्खलन की चपेट में आने से एक महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई है.एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, यह भूस्खलन दिम्थनलोंग गांव में हुई. भूस्खलन में एक घर ढह गया है जिसमें एक पुलिस कांस्टेबल रिंग्सिनलुंग काहमी भी घायल हुआ है. घायल पुलिस कांस्टेबल को इलाज के लिए इंफाल के एक अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है. जहां उसकी स्वास्थ्य स्थिति ठीक बताई जा रही है.बता दें कि मणिपुर के कई जिलों में पिछले 24 घंटों से कई जिलों में भारी बारिश हो रही है. मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने घायल पुलिस कांस्टेबल रिंग्सिनलुंग काहमी के प्रति संवेदना जताई है. सीएम ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठा रहे हैं कि उसे आवश्यक चिकित्सा देखभाल और उन्नत देखभाल मिल सके.बता दें कि इस बार मानसून के सीजन में पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश हुई है. भारी बारिश के चलते असम में बाढ़ आ गई. राज्स की सभी नदी और नाले खतरे के निशान से ऊपर बहने लगे. असम में आई बाढ़ में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई. जबकि दर्जनों जानवर भी मारे गए. जबकि लाखों लोग इस बाढ़ से प्रभावित हुए हैं. वहीं लाखों हेक्टेयर फसल बाढ़ में बढ़ गई.

## सुबह-शाम जाति की बात करने वाले राहुल जाति पूछने पर सवाल खड़े करते हैं: रिजिजू

**नई दिल्ली, (आरएनएस)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जाति जनगणना पर कांग्रेस के रवैये और अनुराग ठाकुर द्वारा मंगलवार को लोकसभा में दिए गए भाषण का विरोध करने के लिए कांग्रेस की जमकर आलोचना की है।किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में कांग्रेस सांसदों के हंगामे और नारेबाजी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी सुबह-शाम-रात जाति-जाति करते रहते हैं और यहां (लोकसभा में) जाति पूछने पर सवाल खड़े करते हैं।केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को तोड़ने के लिए सबसे पहले सेना के खिलाफ बयानबाज़ी की और सेना का मनोबल कमजोर करने का प्रयास किया। कांग्रेस ने भारत के लोकतंत्र को खत्म करने के लिए काम किया है। ये देश में हिंसा भड़काने और अराजकता फैलाने के लिए उकसाते हैं।

## जातीय जनगणना को लेकर संसद में कांग्रेस-भाजपा की नोकझोंक नौटंकी: मायावती



**लखनऊ,(आरएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने जातीय जनगणना को लेकर संसद में कांग्रेस और भाजपा के बीच हुई तकरार को नाटकबाजी और ओबीसी समाज को छलने की कोशिश करार दिया है।बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया, कल (मंगलवार को) संसद में ख़ासकर जाति व जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस व बीजेपी आदि में जारी तकरार नाटकबाजी तथा ओबीसी समाज को छलने की कोशिश है, क्योंकि इनके आरक्षण को लेकर दोनों ही पार्टियों का इतिहास खुलेआम व पर्दे के पीछे भी घोर ओबीसी-विरोधी रहा है। इन पर विश्वास करना ठीक नहीं।पूर्व सीएम ने एक और पोस्ट में कहा, बीएसपी के प्रयासों से यहां लागू हुई ओबीसी आरक्षण की तरह ही राष्ट्रीय जातीय जनगणना जन हित का एक खास राष्ट्रीय मुद्दा, जिसके प्रति केंद्र को गंभीर होना जरूरी है। देश के विकास में करोड़ों गरीबों-पिछड़ों व बहुजनों का भी हक है, जिसकी पूर्ति में जातीय जनगणना की अहम भूमिका है।बता दें कि संसद में मंगलवार को बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की जातीय जनगणना के मुद्दे पर नोकझोंक हुई। इन दोनों की बहस में सपा मुखिया अखिलेश यादव भी कूद पड़े।

दरअसल, राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा था कि देश का बजट बनाने वालों में दलित और ओबीसी जातियों को शामिल नहीं किया जाता।राहुल गांधी ने हलवा सेरेमनी की फोटो दिखाते हुए सदन में पूछा था कि इसमें पिछड़ी और दलित जातियों के कितने लोग हैं। राहुल गांधी ने जातीय जनगणना कराने की मांग भी की। मंगलवार को भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में भाषण देते हुए कह दिया था कि जिसको जाति का पता नहीं, वो गणना की बात करते हैं।इस बात पर राहुल गांधी बिफर पड़े। उन्होंने कहा कि उनका अपमान किया गया है। इसी मुद्दे पर सपा मुखिया अखिलेश यादव भी कूद पड़े। उन्होंने कहा कि सदन में किसी की जाति कैसे पूछी जा सकती है।

## लेह में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के पार, बीते 4 दिन में 16 उड़ानें रद्द

**लेह,(आरएनएस)।** ग्लोबल वॉर्मिंग का असर लेह में दिखाई दे रहा है। यहां तापमान बढ़ने के कारण उड़ानें रद्द की जा रही हैं। बुधवार को भी इंडिगो और स्पाइसजेट की 4 उड़ानें रद्द की गई हैं।खबरों के मुताबिक, लेह का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है। यह पहली बार है, जब तापमान इतना अधिक पहुंचा है और इसकी वजह से उड़ानें रद्द की गई हैं।रद्द होने वाली अधिकतर उड़ानें दिल्ली की हैं।एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 27 जुलाई के बाद से अभी तक करीब 16 उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं, जबकि लेह में प्रतिदिन 15 से 16 विमानों का ही आना और जाना होता है।बता दें कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण लेह में कुशोक बकुला रिनपोचे हवाई अड्डे से उड़ानों का संचालन करता है। यहां 9555 फीट लंबी हवाई पट्टी है। हवाई अड्डा समुद्र तल से 10,700 फीट की ऊंचाई पर है।लेह से लगातार उड़ानों के रद्द होने का बड़ा कारण तापमान है। दरअसल, रिनपोचे भारत का सबसे कठिन और ऊंचाई पर स्थित हवाई अड्डा है। यहां उड़ानें भरना और उतारना कठिन है।ज्यादा ऊंचाई के कारण हवा का घनत्व कम होता है और अगर इस बीच तापमान ज्यादा हो तो ए320, बी737 इंजन को लिफ्ट-ऑफ स्पीड तक पहुंचने में ज्यादा समय लगता है।ऐसे में विमान को उड़ान भरने और उतरने में दिक्कत होती है।

## वाराणसी में गंगा उफान पर, 84 घाटों का संपर्क टूटा, अब मंदिरों तक पहुंचा पानी



**वाराणसी,(आरएनएस)।** दुनिया के प्राचीन शहरों में से एक वाराणसी में इन दिनों गंगा अपने रौद्र रूप में है। भारी मानसूनी बारिश और बांधों से छोड़े गए पानी की वजह से वाराणसी के गंगा घाटों का नजारा डरावना हो गया है। बारिश की वजह से गंगा के किनारे 20 फीट से ज्यादा पानी भर गया है, जिसकी वजह से प्रशासन ने लोगों को गंगा घाट के किनारे न जाने की सलाह दी है। गंगा का जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की स्पीड से बढ़ रहा है, लिहाजा घाटों के किराने सभी मंदिर जलमग्न हो गए हैं। इसके अलावा भीषण जलभराव की वजह से 84 घाटों का आपसी संपर्क टूट गया है।वाराणसी के मणिकर्णिका घाट भी बाढ़ के पानी की वजह से जलमग्न हो चुका है। शवों को जलाने के लिए जगह की कमी पड़ रही है। मणिकर्णिका घाट के बारह से आठ अग्नि केंद्र जलमग्न हो चुके हैं। जिसकी वजह से लोग शवदाह घाट की ऊपरी सतह पर करने को मजबूर हैं।पानी बढ़ने की वजह से भारी संख्या में पहुंचने वाले शव के अंतिम संस्कार करने के लिए भी इंतजार करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों की मानें तो गंगा का जलस्तर अगर इसी तरह बढ़ता रहा तो पूरा शहर जलमग्न हो सकता है।लकड़ी व्यापारी नितेश यादव ने बताया पिछले दो से तीन दिनों में बहुत तेजी से पानी बढ़ा है। पानी की रफ्तार तेज हुई है। शवदाह के लिए नीचे के आठ प्लेटफार्म डूब गए हैं। बस ऊपर का हिस्सा बचा हुआ है, जहां लोग अपने परिजनों का अंतिम संस्कार कर रहे हैं।बता दें, भारी बारिश की वजह से इस समय पूरे देश की नदियों का जलस्तर अपने चरम स्तर तक पहुंच चुका है। जल परियोजनाओं और तमाम जरूरतों के लिए बने बांधों की वजह से भी जलस्तर बढ़ा। बांधों को खोलने की वजह से पानी तेज रफ्तार में निचले इलाकों में इकट्ठा हो रहा है। देश में इस समय बाढ़ भी कई इलाकों में आई हुई है।

## झुग्गी झोपड़ी में आग लगने से बड़ा हादसा, 3 बच्चियों की मौत

**नोएडा,(आरएनएस)।** दिल्ली से सटे नोएडा में बुधवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। यहां सेक्टर-8 स्थित फेज वन इलाके में एक झोपड़ी में आग लग गई, जिससे 3 बच्चियों की मौत हुई है।पुलिस ने बताया कि घटना के समय तीनों बच्चियां अपने माता-पिता के साथ झोपड़ी में सो रही थीं। तभी शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और उन्हें भागने का मौका नहीं मिला।माता-पिता की हालत गंभीर है। उन्हें सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मृतक बच्चियों की पहचान 10 वर्षीय आस्था, 7 वर्षीय नैना और 5 वर्षीय आराध्या के रूप में हुई है। बच्चियों के पिता ई-रिक्शा चलाते थे।स्थानीय लोगों के मुताबिक, पिता ने मंगलवार रात रिक्शा की बैटरी चार्ज करने को लगाई थी और पूरा परिवार एक कमरे में सो गया। तड़के 4 बजे शॉर्ट सर्किट से आग लगी तो कोई समझ नहीं पाया।आग तेजी से फैली, जिससे कमरे में सो रही बच्चियों की मौत हो गई और माता-पिता झुलस गए।स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने 10 मिनट के अंदर आग पर काबू पा लिया।पुलिस का कहना है कि समय पर आग पर काबू पाने से बड़ा हादसा होने से बच गया क्योंकि आसपास की कई झोपड़ियां आग की चपेट में आ सकती थीं।पुलिस के साथ मौके पर फॉरेंसिक टीम भी जांच के लिए पहुंची है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## नर्सरी में पढ़ने वाले छात्र ने तीसरी कक्षा के छात्र को मारी गोली, हालत गंभीर

### ▶▶ बिहार के सुपौल में अजीबो-गरीब घटना



**पटना,(आरएनएस)।** बिहार के सुपौल में एक अजीबों-गरीब मामला देखने को मिला है। यहां त्रिवेणीगंज के लालपट्टी स्थित सेंट जॉन बोर्डिंग स्कूल में एक चौंकाने वाली घटना देखने को मिली है। यहां नर्सरी में पढ़ रहे 5 वर्षीय छात्र के बैग में कुछ ऐसा मिला जिसे देखकर सभी लोग दंग रह गए। दरअसल नर्सरी के छात्र एकलव्य कुमार अपने बैग में हथियार लेकर स्कूल पहुंचा था। प्रार्थना से पहले नर्सरी के छात्र ने तीसरी क्लास के छात्र आसिफ पर होली चला दी। यह गोली आसिफ के बाएं हाथ में लगी, जिस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसिफ को आनन-फानन में इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और स्कूल प्रशासन से भी पूछताछ की जा रही है कि आखिर इतनी बड़ी लापरवाही हो कैसे गई। इस घटना की जानकारी जिसे हो रही है, हर कोई सुनकर दंग हो रहा है कि आखिर नर्सरी के बच्चे के पास बंदूक कैसे पहुंची। इसके अलावा नर्सरी के बच्चे ने गोली कैसे चलाई और किसी को मारने का प्रयास कैसे किया। बता दें कि यह घटना बच्चों के माता-पिता के लिए भी चिंता का विषय बन चुकी है। स्कूलों में सुरक्षा और छात्रों के बैग की जांच की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। माता-पिता और अभिभावकों ने भी इस घटना को लेकर चिंता व्यक्त की है।बता दें कि नर्सरी क्लास में पढ़ रहे एकलव्य की आयु 5 वर्ष है। वहीं तीसरी कक्षा में पढ़ रहे आसिफ की उम्र 10 साल है। गोली आसिफ के बाएं हाथ में लगी है। हालांकि अस्पताल में आसिफ का इलाज जारी है। बता दें कि पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और लोगों से पूछताछ की जा रही है कि ये लापरवाही हुई कैसे। बता दें कि यह घटना बेहद चौंकाने वाली है और बिहार सरकार की पोल खोलती है कि आखिर एक छोटे बच्चे तक हथियार पहुंचा कैसे।

## पश्चिम बंगाल में मालगाड़ी के दो वैगन पटरी से उतरे

### ● दार्जिलिंग के इसी एरिया में हुआ कंचनजंगा एक्सप्रेस हादसा, रेल आवागमन ठप

**दार्जिलिंग(आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में एक और रेल हादसा हुआ है। दार्जिलिंग जिले के रंगापानी में एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई जिससे इस रूट पर रेल आवागमन बाधित हो गया है। जानकारी के मुताबिक मालगाड़ी को दो डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में कोई घायल नहीं है। बता दें कि इसी रूट पर 17 जून को कंचनजंघा एक्सप्रेस से एक मालगाड़ी टकरा गई थी। इस हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई थी।रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कहा है कि स्वचालित सिग्नल क्षेत्रों में ट्रेन परिचालन के प्रबंधन में कई स्तरों पर खामियों और लोको पायलट एवं स्टेशन मास्टर को उचित परामर्श नहीं दिए जाने के कारण कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना का होना तय ही था। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने इस दुर्घटना की जांच संबंधी अपनी रिपोर्ट में स्वचालित ट्रेन-सुरक्षा प्रणाली (कवच) को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लागू करने की भी सिफारिश की है। सीआरएस ने कहा कि संबंधित अधिकारियों ने मालगाड़ी के लोको पायलट को खराब सिग्नल पार करने के लिए गलत दस्तावेजी प्राधिकार या टी/ए 912 जारी किया था। उसने कहा कि इसके अलावा, टी/ए 912में यह भी नहीं बताया गया था कि खराब सिग्नल पार करते समय मालगाड़ी के चालक को किस गति से चलना चाहिए।



सीआरएस ने रेल प्रशासन की ओर से की गई विभिन्न चूकों को ध्यान में रखते हुए कहा, अनुचित प्राधिकार और अपर्याप्त जानकारी के कारण ऐसी दुर्घटना का होना तय था। सीआरएस ने अपनी जांच में पाया कि उस दिन सिग्नल खराब होने से लेकर दुर्घटना होने तक कंचनजंघा एक्सप्रेस और मालगाड़ी के अलावा पांच अन्य ट्रेन उस अनुभाग से गुजरी थीं। उन्होंने कहा, एक ही प्राधिकार जारी करने के बावजूद, लोको पायलट ने अलग-अलग गति प्रणालियों का पालन किया। सीआरएस ने कहा कि केवल कंचनजंघा एक्सप्रेस ने 15 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति से चलने तथा प्रत्येक खराब सिग्नल पर एक मिनट रुकने के नियम का पालन किया, जबकि दुर्घटना में शामिल मालगाड़ी सहित शेष छह ट्रेनों ने इस नियम का पालन नहीं किया। इससे पता चलता है कि उन्हें टी/ए 912 जारी किए जाने के समय की जाने वाली कार्रवाई स्पष्ट नहीं थी। कुछ लोको पायलट ने 15 किलोमीटर प्रति घंटे के नियम का पालन किया है, जबकि अधिकतर लोको पायलट ने इस नियम का पालन नहीं किया। सीआरएस ने दुर्घटना को ट्रेन संचालन में त्रुटि श्रेणी में वर्गीकृत करते हुए कहा, स्वचालित सिग्नल प्रणाली वाले क्षेत्र में ट्रेन परिचालन के बारे में लोको पायलट और स्टेशन मास्टर को पर्याप्त परामर्श नहीं दिया गया, जिससे नियमों को लेकर गलतफहमी पैदा हुई। इसमें कहा गया है कि स्वचालित सिग्नल प्रणाली क्षेत्र में सिग्नल की विफलता संबंधी घटनाओं की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है।

## नई पहल, यूपीपीसीएल में कार्मिकों को रिटायरमेंट के दिन ही प्रदान किए गए देय व पेंशन प्रपत्र

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन एवं अन्य ऊर्जा निगमों में कार्मिकों के हितों को देखते हुए एक नई शुरूआत की गई है। इसके तहत सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी एवं कर्मचारियों को पेंशन एवं अन्य लाभों से सम्बन्धित आवश्यक प्रपत्र सेवानिवृत्ति के दिन ही सौंप दिए जाते हैं। इससे उन्हें पेंशन के लिए परेशान न होना पड़े।इसी के तहत बुधवार को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन एवं अन्य ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष डॉ0 आशीष कुमार गोयल ने शक्ति भवन में आयोजित कार्यक्रम में 18 सेवानिवृत्त कामिकों को पेंशन प्रपत्र भेंट करते हुए उनका अभिनन्दन किया। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार द्वारा विभागों में त्वरित गति से कार्यों के निष्पादन हेतु किए जा रहे प्रयासों का अब सामान्य नागरिकों के साथ ही विभागीय कार्मिकों को भी लाभ मिल रहा है।

प्रदेश में सख्ती से लागू की गई है व्यवस्था कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये डॉ0 गोयल ने कहाकि पहले ऊर्जा निगमों में सेवानिवृत्त के बाद भी कार्मिक पेंशन प्राप्ति के लिए परेशान होते थे। उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। इस समस्या को पहचानकर इस पर गंभीरता से कम किया गया है, जिससे इसे समाप्त करने में सफलता मिली है। सेवानिवृत्ति के दिन ही कार्मिक को मिलने वाली पेंशन और अन्य लाभों के पेपर प्राप्त हो जाते है। पूरे प्रदेश में यह व्यवस्था सख्ती से लागू की गई है। पेंशन अदालतें चालू की गई है जो प्रत्येक तीन महीने पर लगाई जाती है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के साथ इम्पलाइज वेलफेयर नीति भी चलनी चाहिए, जिससे विभाग के किसी भी कर्मचारी को अपने सही कार्यो के लिए परेशान न होना पड़े। सेवानिवृत्त कार्मिकों ने अपने सम्बोधन में सरकार, प्रबन्धन विशेषकर अध्यक्ष महोदय को इसके लिए साधूवाद दिया। कार्मिकों ने कहाकि पूरी नौकरी के दौरान सेवानिवृत्ति पर सम्पूर्ण प्रपत्र मिलता हुआ पहली बार देखा जा रहा है। इससे हम सभी लोग अभिभूत हैं।

# हमारी सरकार ने आठ लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते खोले : मुख्यमंत्री योगी

**लोकमित्र ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधान परिषद में न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को लेकर वक्तव्य दिया। एनपीएस पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते को खोलने का कार्य किया गया।उन्होंने कहा कि 2005 में जब न्यू पेंशन स्कीम लागू हुई, तब प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार थी।

वहीं, 2007 से 2012 तक बसपा और फिर 2012 से 2017 तक सपा सत्ता में थी, मगर ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी कर्मचारी के पेंशन खाते नहीं खोले गए। 2018 में जब ये बात हमारे संज्ञान में आई, तब हमने तत्कालीन फइनेंस सेक्रेटरी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। इसमें संबंधित विशेषज्ञों को भी रखा गया।



कर्मचारी संगठनों से भी चर्चा की गई। ये लगभग आठ लाख कर्मचारियों से संबंधित मुद्दा था। तब ये बात सामने आई थी कि कर्मचारी की लास्ट पेमेंट जो ड्रॉ होगी, उसका 50 प्रतिशत देने के लिए आवश्यक होगा कि सरकार अपना शेयर बढ़ाए। उन्होंने कहा कि आकलन में पता लगा कि अगर सरकार और कर्मचारी समय से पैसा जमा करें और कर्मचारी किसी स्कीम से अपना पैसा जोड़ता है तो रिटायरमेंट के बाद करीब 60 प्रतिशत तक पैसा पेंशन के रूप में उसे प्राप्त हो सकता है। इसके बाद हमने पेंशन स्कीम में सरकार के शेयर को 10 फीसदी से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया है। हमने सभी कर्मचारियों के अकाउंट खोले, 2005 से 2017 तक का पैसा जो कर्मचारियों के खाते में नहीं गया था, क्योंकि खाता ही नहीं था, उस पैसे को भी डालने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि 2005 में न्यू पेंशन स्कीम लागू होने के वक्त जिन कर्मचारियों की नियुक्ति अंतिम चरण में थी, ऐसे 70 हजार लोगों को ओल्ड पेंशन स्कीम में ही रखा, इनमें एक बड़ी संख्या शिक्षकों की है। न्यू पेंशन स्कीम को प्राइवेट बैंकों में जमा करने की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और इसमें कार्रवाई भी की गई है, साथ ही धनराशि को वापस लाने का कार्य किया गया है। सरकार की प्राथमिकता होती है कि किसी भी सरकारी स्कीम का पैसा राष्ट्रीयकृत बैंक में ही जुड़े। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लाल बिहारी यादव को विधान परिषद में नेता विरोधी दल बनने पर बधाई दी और चुटकी लेते हुए कहा कि आशा करता हूं कि आप हमेशा नेता विरोधी दल बने रहें। ये उच्च सदन है, यहां आने वाले सदस्य सभी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुछ स्थानीय निकाय, कुछ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, कुछ स्नातक मतदाताओं व माननीय राज्यपाल के मनोनयन से यहां आते हैं। सरकार आपकी भावनाओं का पूरा सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही पीठ से जो भी आवश्यक दिशा-निर्देश मिलते हैं, उनका भी सम्मान किया जाता है।

## विधानसभा हो गई पानी- पानी



**शिवपाल बोले, सबसे ज्यादा विधानसभा को चाहिए बजट**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में बुधवार दोपहर हुई कुछ घंटे की बारिश में यूपी विधानसभा पानी-पानी हो गई। इस पर तंज कसते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विधायक शिवपाल सिंह यादव ने योगी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर जलभराव का वीडियो शेयर कर लिखा कि बजट की सबसे अधिक आवश्यकता उत्तर प्रदेश विधानसभा को है, एक मूसलाधार बारिश में यह हाल है तो बाकी प्रदेश भगवान भरोसे है। यूपी की राजधानी लखनऊ में बुधवार दौपहर को हुई मूसलाधार बारिश से शहरवासियों को उमस भरी गर्मी से तो राहत मिल गई, लेकिन इसकी वजह से जनजीवन भी प्रभावित हो गया है। शहर में जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई है। यहां तक कि विधानसभा परिसर में भी बारिश का पानी भर गया है। इतना ही नहीं बारिश की वजह से लखनऊ नगर निगम के कार्यालय की छत भी लीक हो गई है। यूपी विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। इस बीच विधानसभा के परिसर में पानी भरने से विधायकों, कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधानसभा सत्र के कारण इन दिनों विधानसभा में काफी ज्यादा लोगों की आमद रफ्त है। आज जलभराव के कारण लोग बहुत देर तक आ जा नही सके। बारिश की वजह से उनका आना-जाना बाधित हुआ है। भारी बारिश के चलते लखनऊ नगर निगम में भी पानी घुस गया है। नगर निगम की छत भी लीक हो गई है, जिसकी वजह से निगम में जलभराव की स्थिति बन गई है।

## यूपी में कूड़ा प्रबंधन क्षमता होगी दोगुनी : शर्मा

**कांग्रेस की आराधना मिश्रा ने विधानसभा में उठाया कूड़ा प्रबंधन का मुद्दा**

**लोकमित्र ब्यूरो**



लखनऊ। कांग्रेस पार्टी की सदस्य आराधना मिश्रा मोना ने आज विधानसभा में नगरों में कूड़ा की समस्या को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने नगर विकास विभाग की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए नगर विकास मंत्री से सुधार की बात कही। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा प्रदेश की नगरीय व्यवस्थापन एवं कूड़ा प्रबंधन को लेकर किए गए सवाल के जवाब में कहा कि बढ़ते शहरीकरण के साथ ही सॉलिड और लिक्विड वेस्ट का प्रबंधन करना देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए कूड़ा प्रबंधन क्षमता को दोगुना करने की तैयारी में नगर विकास विभाग जुटा है। शहरों से प्रतिदिन निकलने वाले हजारों टन कूड़े को प्रोसेस करके न केवल सड़कें बनाई जा रही हैं, बल्कि वेस्ट टू वंडर योजना के तहत पार्कों का भी निर्माण किया जा रहा है। कूड़ा प्रबंधन के मामले में उत्तर प्रदेश बेहतर स्थिति में है। प्रदेश के नगरों की एयर क्वालिटी भी देश के तमाम शहरों से बहुत अच्छी है। प्रदेश में प्रतिदिन 20 हजार टन सॉलिड वेस्ट निकलता है, अभी फिलहाल 15 हजार टन सॉलिड वेस्ट को प्रॉसेस किया जाता है। सरकार इस क्षमता को तकरीबन दोगुना करते हुए 12,862 टन प्रतिदिन का इजाफा करने जा रही है। प्रदेश में फिलहाल 933 एमआरएफ सेंटर अभी बनाए गए हैं, जिनमें से 711 कार्यरत हैं, जहां पर सूखे और गीले कचरे को अलग कर सॉलिड वेस्ट को प्रोसेस करने का कार्य हो रहा है। कूड़ा प्रबंधन के लिए लगे संयंत्रों में हजाड्र्स और नॉन हजाड्र्स कचरे को भी अलग-अलग करके प्रोसेस किया जाता है।प्रदेश सरकार ने सॉलिड वेस्ट को प्रॉसेस कर इससे सड़कों और पार्कों का निर्माण किया जा रहा है। लखनऊ में न्यू हाईकोर्ट और पुलिस मुख्यालय के पास की रोड को अबर्न वेस्ट को प्रॉसेस करके बनाया गया है। कूड़े को प्रतिदिन घरों से उठाकर एमआरएफ सेंटर में ले जाकर इलेक्ट्रोमैग्नेटिक और एयर प्रेशर के माध्यम से प्रॉसेस किया जाता है। प्रोसेस्ड मैटेरियल का तीन प्रकार से उपयोग होता है। इसमें प्राइवेट वेंडर्स को प्लास्टिक का री-यूजेबल मैटेरियल देना, सड़कें बनाना और वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने में उपयोग शामिल है। लखनऊ में पांच एकड़ में वेस्ट टू वेंडर पार्क के रूप में श्यूपी दर्शन पार्कश् का निर्माण हुआ है, जो कूड़े के प्रबंधन का उत्कृष्ट मिसाल है।

## अयोध्या मॉडल सोलर सिटी घोषित, शुरू हुई 40 मेगावॉट की सौर परियोजना

**सोलर सिटी के मानक से दोगुनी क्षमता प्राप्त करने में सफल हुई सरकार**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** अयोध्या के विकास में जुटी योगी सरकार ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। सौर ऊर्जा के जरिए 40 मेगावॉट बिजली उत्पादन की क्षमता प्राप्त करने के साथ ही अयोध्या शहर अब मॉडल सोलर सिटी के रूप में घोषित हो गई है। उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति 2022 के अंतर्गत अयोध्या शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। इस नीति के अंतर्गत सोलर सिटी को ऐसे शहर के रूप में परिभाषित किया गया है, जहां पारंपरिक ऊर्जा की अनुमानित कुल मांग में न्यूनतम 10 फीसदी की कमी अक्षय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना से प्राप्त की जा सके। इस लिहाज से अयोध्या शहर ने दोगुनी क्षमता का विकास कर लिया है। दरअसल, अयोध्या शहर की अनुमानित मांग 198 मेगावाट है, इसके 10 प्रतिशत यानी लगभग 20 मेगावॉट के सापेक्ष सोलर पॉवर प्लांट की क्षमता 40 मेगावॉट हो चुकी है। इस सोलर प्लांट की स्थापना एवं कमिशनिंग का काम निर्धारित समयावधि में पूरा किया गया है। प्लांट को सरयू नदी के पास ग्राम माझा रामपुर हलवारा और ग्राम माझा सरायरासी में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा स्थापित किया गया है। बता दें कि इस सोलर पॉवर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा 165.10 एकड़ सरकारी भूमि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को 1 रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष की दर से 30 साल के लिए लीज पर उपलब्ध कराई गई है। यहीं पर 40 मेगावॉट क्षमता की सोलर पॉवर प्रोजेक्ट की स्थापना की गई है। इस प्रोजेक्ट से उत्पादित होने वाली ऊर्जा को कॉस्ट प्लस के आधार पर निर्धारित टैरिफ पर यूपीपीसीएल द्वारा 25 साल तक खरीदी जाएगी। 40 मेगावॉट क्षमता की सौर पॉवर परियाजना स्थापित होने के परिणामस्वरूप अयोध्या शहर मॉडल सोलर सिटी घोषित की गई है।

## योगी बनाम केशव पर बोली अनुप्रिया

**यूपी में सब ठीक,विपक्ष बेवजह देता रहता हवा : अनुप्रिया पटेल**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मिली हार के बाद बीजेपी के बीच जो घमासान छिड़ा वो कई दिनों तक मीडिया की सुर्खियों में छाया रहा।सीएम योगी आदित्यनाथ और केशव मौर्य खुलकर आमने-सामने दिखाई दिए। केंद्रीय नेतृत्व के दखल के बाद मामला शांत होता दिख तो रहा है लेकिन सबकुछ ठीक हो गया है ये कहना मुश्किल हैं।यूपी बीजेपी में मचे घमासान पर एनडीए की सहयोगी केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने प्रतिक्रिया दी है।अनुप्रिया पटेल ने दावा किया यूपी में सब कुछ ठीक है। केशव प्रसाद मौर्य और योगी आदित्यनाथ पिछले दिनों जितनी भी मुलाकातें कर रहे थे वो सब सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है और मीडिया में ही इस तरह की खबरे फैलाई जा रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजनीतिक परिदृश्य से इस तरह के कयास स्वाभाविक हैं, केशव प्रसाद मौर्य डिप्टी सीएम है।वो पहले भी दिल्ली आए थे, वो दिल्ली आते रहते हैं और सरकार की काम काज की जानकारी देते रहते हैं। दिल्ली में आकर टॉप लीडरशिप से मिलते हैं। ये उनका दायित्व है। वो आम तरीके से दिल्ली आए, ये सामान्य परिस्थिति है।जहां तक सीएम योगी आदित्यनाथ की बात है तो वो राज्यपाल से मिलते रहते हैं।इस बार भी मिलने गए थे। मीडिया में इस तरह की कयासबाजी चलती रहती है।विपक्ष कुछ न कुछ अफ्वाहों को हवा देता रहता है। उन्होंने अपने पत्रों को लेकर कहा कि जहां तक उनकी चिट्ठी की बात है तो हम पहले भी चुके हैं कि हम पिछड़े और गरीब समाज का नेतृत्व करते हैं। उनके जो भी मसले हैं उन पर चुप नहीं सकते। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि सरकार को उन मसलों का ध्यान भी देना होगा और इनका हल भी निकालना होगा। ये संवेदनशील सरकार का दायित्व होता है. ये हमारा भी नैतिक दायित्व है कि अगर उनके अधिकारों का हनन हो रहा है तो हम उसे उठाए। उन्होंने दावा किया कि चिट्ठी से पहले इस मुद्दे को वो राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों के सामने उठा चुकी हैं।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

**यूनियन के पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन मुख्य सचिव को दिया**

**मुख्य सचिव ने किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराने के लिए किया आश्वस्त**

**लोकमित्र ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और यूनियन के द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्य सचिव को दिया गया।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि शासन के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। शासन द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में किसान हितैषी कई निर्णय लिये गये हैं और भविष्य में भी आवश्यकतानुसार उनके हित में कल्याणकारी निर्णय लिये जायेंगे।

उन्होंने यूनियन के पदाधिकारियों को किसानों की विभिन्न समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कराने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का परीक्षण कर जल्द से जल्द कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

बैठक में शासन की ओर अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव बाल विकास एवं पुष्टाहार वीना कुमारी मीना, चेयरमैन यूपीपीसीएल डॉ0 आशीष कुमार गोयल, सचिव कृषि अनुराग यादव राहत आयुक्त नवीन कुमार जीएस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण व भारतीय किसान यूनियन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष चौ0 हरिनाम सिंह वर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# चित्रकूट जिला कारागार में तीन कैदियों की मौत के मामले की जांच रिपोर्ट विधानसभा में पेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट स्थित जिला कारागार में तीन कैदियों की मौत के मामले की जांच के लिये गठित एक सदस्यीय न्यायिक आयोग की रिपोर्ट बुधवार को राज्य विधानसभा में पेश की गयी। जिला कारागार में 14 मई 2021 को हुई गोलीबारी में तीन कैदियों मुकीम उर्फ काला मेराज अहमद और अंशु दीक्षित की मौत हो गई थी।

इस मामले में सरकार ने उसी साल 22 मई को सेवानिवृत्ति न्यायाधीश शशिकांत की अध्यक्षता में एक सदस्य न्यायिक जांच आयोग गठित किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्ताक्षर वाले प्रतिवेदन के साथ यह जांच रिपोर्ट बुधवार को सदन में पेश की गयी। रिपोर्ट के मुताबिक, जांच के दौरान ऐसे साक्ष्य मिले, जिनसे जाहिर होता है कि चित्रकूट जिला कारागार की व्यवस्थाओं में कुछ त्रुटियां थी हालांकि घटना के बाद जेल में कुछ सुधार किए गए लेकिन अब भी सुधार की बहुत गुंजाइश है। रिपोर्ट में सिफारिश की गई कि जेल में तलाशी की कमी की वजह से अस्त्र-शस्त्र और मोबाइल वगैरह कारागार में पहुंच जाता है, जिसका कैदियों द्वारा अवैध उद्देश्य से इस्तेमाल होता है।

यह समस्या हल की जा सकती है बशर्ते केंद्र या राज्य सरकार के स्वतंत्र अर्द्ध सैनिक बल को जेल में आने वाले हर आगंतुक की तलाशी की जिम्मेदारी दी जाए। रिपोर्ट में कहा गया कि तलाशी लेने वाली कर्मियों की तैनाती किसी एक कारागार में तीन-चार महीने से ज्यादा ना हो। रिपोर्ट में यह भी सिफारिश की गई कि कारागार के मुख्य द्वार पर तैनात द्वारपाल और कारगर कर्मियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं की कर्मचारियों समेत कोई भी व्यक्ति द्वारा पंजिका में अपने बारे में प्रविष्टि किए बगैर कारागार में दाखिल ना हो। रिपोर्ट में सिफारिश की गई कि सामान वगैरह की तलाशी के लिए दूसरे द्वार पर कारागार के कर्मियों को भी तैनात किया जाए ताकि महत्वपूर्ण काम सिर्फ नंबरदारों के हाथों में ही ना रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, इसके अलावा बैरक के मुख्य द्वार पर कारागार के कर्मचारियों को तैनात करते वक्त यह सावधानी बरती जाए ताकि मुख्य द्वार और उसकी खिड़की इत्यादि को सिर्फ जरूरत के वक्त ही खोला जाए बाकी समय उसे पर ताला लगा कर रखा जाए। रिपोर्ट में कहा गया कि चित्रकूट जिला कारागार में महिला प्रधान कारागार वार्डर और महिला कारागार वार्डर की पर्याप्त संख्या में तैनाती की जाए ताकि बिना उचित तलाशी के कोई भी महिला कारागार में दाखिल ना हो सके। रिपोर्ट में सिफारिश की गई कि चित्रकूट कारागार के सभी महत्वपूर्ण स्थानों को सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में लाया जाए और यह कैमरे हर वक्त क्रियाशील रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए किसी स्थानीय एजेंसी को प्राथमिकता के आधार पर जिम्मेदारी दी जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्ताक्षर से पेश किए गए प्रतिवेदन में कहा गया कि जांच रिपोर्ट को विधानमंडल के दोनों सदनों के पटल पर प्रस्तुत करने में जो विलंब हुआ वह प्रक्रियात्मक है और यह जांच रिपोर्ट के परीक्षण और विभिन्न विभागों के परामर्श तथा उस पर कार्यवाही के कारण हुआ है।

गौरतलब है कि चित्रकूट जेल में 14 मई 2021 को कैदी अंशु दीक्षित ने मुख्तार अंसारी गैंग के मेराज और बदमाश मुकीम काला की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बाद में जेलकर्मियों और पुलिस से हुई मुठभेड़ में अंशु भी मारा गया था।

## संसद में जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस-भाजपा की नोकझोंक को मायावती ने बताया नौटंकी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि जातिवार जनगणना को लेकर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के बीच मंगलवार को संसद में हुई तकरार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज को छलने की कोशिश है। साथ ही उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना जैसे राष्ट्रीय मुद्दे पर केन्द्र सरकार को गम्भीरता दिखाने की जरूरत है। मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक हैंडल पर कहा, कल संसद में खासकर जाति व जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस और भाजपा में हुई तकरार (दरअसल) नाटकबाजी तथा ओबीसी समाज को छलने की कोशिश है, क्योंकि उनके आरक्षण को लेकर दोनों ही पार्टियों का इतिहास खुलेआम व पर्दे के पीछे भी घोर ओबीसी-विरोधी रहा है। इन पर विश्वास करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा, बसपा के प्रयासों से यहाँ लागू हुए ओबीसी आरक्षण की तरह ही, राष्ट्रीय जातीय जनगणना जनहित का एक खास राष्ट्रीय मुद्दा है और इसके प्रति केन्द्र को गंभीर होना जरूरी है। देश के विकास में करोड़ों गरीबों-पिछड़ों व बहुजनों का भी हक है जिसकी पूर्ति में जातीय जनगणना की अहम भूमिका है।

# प्रदेश के 7 नये मेडिकल कॉलेजों को मिला लेटर ऑफ परमीशन

**प्रदेश में सरकारी, निजी और पीपीपी मॉडल के मेडिकल कॉलेजों में 10500 एमबीबीएस सीटों पर हो सकेगी काउंसिलिंग**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश में मेडिकल एजुकेशन को सुदृढ़ करने के प्रयास में जुटी योगी सरकार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि नेशनल मेडिकल कमीशन, नई दिल्ली की ओर से प्रदेश के 7 नये मेडिकल कॉलेजों में इसी सत्र (वर्ष 2024-25) से एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू करने को लेकर हरी झंडी मिल गई है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 13 नये मेडिकल कॉलेजों को मान्यता देने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से बात की थी, जिसके बाद के सात सरकारी मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए लेटर ऑफ परमीशन जारी कर दिया है। वहीं बचे हुए 6 मेडिकल कॉलेज की ओर से एनएमसी में दोबार अपील की जाएगी, विभाग की मानें तो है इन्हें भी जल्द लेटर ऑफ परमीशन प्राप्त हो जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों में सीटों को बढ़ाने की अनुमति भी प्राप्त हुई है। इनमें सरकारी, प्राइवेट और पीपीपी मॉडल पर संचालित मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। इसके बाद प्रदेश का मेडिकल शिक्षा विभाग इस शैक्षणिक सत्र में 10 हजार 500 एमबीबीएस सीटों पर काउंसिलिंग कराने की तैयारी में जुट गया है।

इन मेडिकल कॉलेज के लिए जारी हुआ लेटर ऑफ परमीशन मेडिकल शिक्षा विभाग की महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात और ललितपुर के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए लेटर ऑफ परमीशन जारी किया गया है। इन सातों मेडिकल कॉलेज में 600 एमबीबीएस सीटों पर काउंसिलिंग कराई जाएगी। इसके अलावा आगरा और मेरठ के राजकीय मेडिकल कॉलेजों को क्रमशः 72 और 50 एमबीबीएस सीटों की वृद्धि की गई है। इसके बाद आगरा मेडिकल कॉलेज में 200 और मेरठ मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 150 सीटें हो गई हैं।

निजी और पीपीपी मोड के मेडिकल कॉलेजों में बढ़ी सीटें डीजीएमई किंजल सिंह के अनुसार पीपीपी मोड में संचालित शामली, महाराजगंज और संभल के मेडिकल कॉलेजों में भी क्रमश 150, 150 और 50 एमबीबीएस सीटों के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए लेटर ऑफ परमीशन प्राप्त हुआ है।

## कांग्रेस ने अनुराग ठाकुर का फूंका पुतला, मुर्दाबाद के लगाए नारे




**लोकमित्र ब्यूरो**

लखनऊ। लखनऊ में मॉल एवेन्यू स्थित कांग्रेस मुख्यालय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंक्रा मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और अमेठी से सांसद राहुल गांधी और अनुराग ठाकुर के बीच में जातीय जनगणना को लेकर तीखी टिप्पणी हुई थी उसी के विरोध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आज लखनऊ में अनुराग ठाकुर का पुतला फूंका। कांग्रेसी नेता आर्यन मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश के शोषितों और वंचितों के साथ हैं इसलिए वह जातीय जनगणना कराने की की बात कर रहे हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों की विरोधी है इसलिए वह इस मुद्दे पर आम जनता को गुमराह कर रही है और राहुल गांधी पर निजी टिप्पणी करके कांग्रेस और हमारे नेता पर दबाव बनाने का प्रयास बीजेपी कर रही है उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से सदन के अंदर अनुराग ठाकुर ने जातीय टिप्पणी किया इसका हम विरोध करते हैं आर्यन मिश्रा ने कहा कि अनुराग ठाकुर को कांग्रेस समेत पूरे देश से माफी मांगना चाहिए।

## यूपी में किसानों से खतौनी के नाम पर चार गुने पैसे वसूले जा रहे: सपा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र जारी है। बुधवार को विपक्ष ने किसान के मुद्दे पर योगी सरकार को जमकर घेरा। सपा विधायक शिवपाल यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार खुद को किसानों का हितैषी बताती है, लेकिन उनका लगातार दोहन किया जा रहा है। शिवपाल यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के उत्थान के बड़े-बड़े दावे पेश करती है, लेकिन वास्तविकता इससे परे हैं। किसानों को खतौनी के लिए तीन से चार गुना अधिक शुल्क देना पड़ रहा है। जिससे उनको आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व की व्यवस्था के अनुसार एक ही खाते में अंकित सभी खतौनी निकल आती थी। अब रियल टाइम खतौनी में अलग-अलग खतौनी



निकल रही है, जिससे सभी का अलग-अलग शुल्क लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने नई खतौनी को प्राप्त करने के संबध में कोई संशोधन या आदेश भी पारित नहीं किया है।

अगर सरकार ने कोई आदेश जारी किया है तो इसकी सूचना दी जाए। उन्होंने कहा कि तहसील में इनकम लगातार बढ़ रही है लेकिन गरीब किसान पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। कई किसानों ने मुझे बताया कि पूर्व में खतौनी निकालने का शुल्क 10 रुपये था जो अब 15 रुपये हो गया है। इसके अलावा किसानों से सुविधा शुल्क भी लिया जाता है। शिवपाल यादव ने आगे कहा कि सपा सरकार में खतौनी का शुल्क कुल पेजों के लिए 15 रुपए रखा गया था, लेकिन मौजूदा सरकार किसानों से खतौनी के लिए प्रति पेज 15 रुपये वसूल रही है। इसके अलावा सुविधा शुल्क भी लिया जा रहा है।

तहसील के अधिकारी नियमों का लाभ उठा रहे हैं। खतौनी की फीस 5 रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। शुल्क में वृद्धि करने से किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोबर चोरी करने पर रिटायर्ड फौजी भिड़े

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गोबर चोरी की बात पर मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। आपस में झगड़ रहे दोनों व्यक्ति रिटायर्ड फौजी बताए जा रहे हैं। महिलाएं बीच बचाव के लिए सामने आती हैं, फिर भी दोनों नहीं रुकते हैं। एक फौजी के हाथ पर लोहे की रॉड है। दूसरा निहत्था है। हंगामा देख दोनों के घर की महिलाएं और परिवार के अन्य लोग बीच-बचाव के लिए पहुंचते हैं। एक महिला फौजी के हाथ से लोहे की रॉड छुड़ाने का प्रयास करती है। इस दौरान वीडियो बना रहा युवक घटना के बारे में पूछता है। तब रिटायर्ड फौजी कहता है तेरा बाप गोबर चोरी करता है। ऑन स्पॉट मरना है तो बता। युवक सबूत दिखाने और हाथापाई न करने की बात कहते हुए पुलिस बुलाने की बात कहता है। इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चंद्र तिवारी का कहना है कि वीडियो लखनऊ के पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के एकतानगर कॉलोनी का है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नगर निगम के खिलाफ व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** खजाना मार्केट के व्यापारी सड़क पर उतर आए हैं। व्यापारियों द्वारा नगर निगम जोन आठ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि मार्केट के बेसमेंट में 125 दुकानें हैं। यहां पानी निकासी के लिए बनाई गई नालियों को बंद कर वेंडिंग जोन बना दिया है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंह का कहना है कि यह लखनऊ का सबसे बड़ा कंपलेक्स है। मार्केट के चारों तरफ नालियां हैं। हाल ही में दिल्ली में हुई घटना के बाद नगर निगम को पत्र दिया। मंगलवार को व्यक्तिगत मुलाकात की। नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार सुबह खजाना मार्केट में आकर बातचीत करने के लिए कहा था। सभी व्यापारी इकट्ठा हुए लेकिन वह नहीं पहुंचे। उनका फोन भी बंद है। जब धरने पर सभी व्यापारी बैठ गए तब जेडओ आए। उन्होंने इस विषय पर चर्चा की।

### मुख्य सेविकाओं ने निदेशालय घेरा

**लखनऊ।** एक साल से वेतन न मिलने से आक्रोशित मुख्य सेविकाओं ने इंदिरा भवन स्थित निदेशक कार्यालय का घेराव किया। इन मांगों को लेकर पूर्व में भी प्रदेश भर की मुख्य सेविकाओं ने हजरत गंज में प्रदर्शन किया था। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रजनी सिंह ने कहा कि सरकार मुख्य सेविकाओं के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि धरना-प्रदर्शन के बाद भी सरकार नियमित करने को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के हठ के कारण बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा को कम सीटें मिलीं। वक्त रहते वेतन भुगतान के साथ विनियमित नहीं किया गया तो 2027 में इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

### संविदाकर्मियों ने डिप्टी सीएम के घर का किया घेराव



**लखनऊ।** अचानक से सेवाये समाप्त करने से नाराज संविदाकर्मियों ने बुधवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के घर का किया घेराव किया। बड़ी संख्या में कई जिले से आए इन छभ्ड कर्मचारियों ने संविदा विस्तार की मांग की। डिप्टी सीएम के घर के बाहर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने कहा वे नौकरी जाने से बेरोजगार हो गए हैं। स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हो रही है। इसलिए अपनी बात डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक तक पहुंचाने के लिए लखनऊ पहुंचे हैं। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों का कहना हैं कि शासन से आदेश करने के बाद भी सीएमओ के स्तर से उन्हें सेवा विस्तार नहीं दिया गया है। अब मजबूर होकर उन्हें डिप्टी सीएम से गुहार लगानी पड़ रही है।

दरअसल, कोरोना काल के दौरान प्रदेश भर के तमाम सरकारी अस्पतालों और जांच केंद्रों पर बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों को तैनात किया गया था। इनको डिप्टी सीएम के निर्देश पर सेवा विस्तार भी प्रदान किया जाता रहा है।

### मोहनलालगंज में जलजमाव और सड़कों पर फैली गंदगी

**लखमऊ।** मोहनलालगंज में दो घंटे हुई भारी बारिश से लोगों की समस्या बढ़ गई है। बारिश के चलते नालियों की गंदगी रोड पर आ गई है। इससे बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। बारिश के पानी से यातायात प्रभावित हुआ है। इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। मोहनलालगंज में स्वास्थ की सेवाएं समुचित नहीं है। बारिश के बाद धूप और जल भराव के कारण डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां जन्म लेगी। स्वास्थ्य के नाम पर पूरे मोहनलालगंज में सबसे ज्यादा प्राइवेट हॉस्पिटल हैं। जो की मोटी फीस वसूलते हैं। इससे लोगों की कमर टूट जाती है। मोहनलालगंज में अक्सर डेंगू फैलता है। स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### बीए की छात्रा ने किया सुसाइड

**लखनऊ।** लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र स्थित रमीहनगर निवासी एक बीए की छात्रा ने मंगलवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था। बहन के सब्जी लेकर लौटने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने परिजनों ने घटना के विषय में पूछताछ भी की, लेकिन आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। रहीमनगर निवासी नीरज राजपूत की बहन शिवानी (20) का शव मंगलवार रात फांसी के फंदे पर लटकते मिला। शिवानी निशातगंज स्थित करामत डिग्री कॉलेज से बीए कर रही थी। नीरज ने बताया कि बहन पढ़ाई के साथ कराटे का भी कोर्स करती थी। वह कराटे में ब्लैक बेल्ट थी। जिसके चलते कुछ बच्चों को प्रशिक्षण भी देती थी। उसने बहन सीता के सब्जी लेने और मां देवी के राखी पोस्ट करने जाने के बाद यह कदम उठाया। करीब एक घंटे बाद सीता घर लौट कर आई तो शिवानी का शव कमरे में पंखे के कुंडे से फंदे के सहारे लटका हुआ था। नीरज ने बताया कि सीता की चीख सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिन्हों ने शिवानी को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि परिजनों ने बातचीत की गई, लेकिन आत्महत्या का कारण पता नहीं लग सका। शिवानी का मोबाइल कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मोहनलाल गंज में बार एसोसिएशन के वकीलों किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** मोहनलालगंज में बार एसोसिएशन के सैकड़ों वकीलों विरोध प्रदर्शन किया। इनका कहना है कि सरकार अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे, ताकि भविष्य में वकील कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या जैसा कांड न हो। वकीलों ने कनिष्क मेहरोत्रा के परिवार को मुआवजा देने की मांग भी की है। इनका कहना है कि परिवार को इस कठिन समय में आर्थिक सहायता मिले। साथ ही घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। दरअसल, हरदोई जिले में मंगलवार को एक भयावह घटना में वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा को उनके ही घर में घुसकर बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना ने पूरे जिले को हिला कर रख दिया है।

### पांच पीसीएस अधिकारी सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पीसीएस सेवा के पांच अधिकारी बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। चंद्रशेखर मिश्र, अनिल कुमार अग्निहोत्री, राधेश्याम बहादुर सिंह, इंद्रभान तिवारी और मनोज कुमार सिंह सेवानिवृत्त हुए हैं।

### पूर्व निजी सचिव से प्रॉपर्टी डीलरों ने 24 लाख हड़पे

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली में सचिवालय से रिटायर पूर्व निजी सचिव ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने प्राइम लोकेशन पर प्लॉट दिलाने का झांसा देते हुए करीब 24 लाख रुपये लिए थे। साउथ सिटी निवासी अरुण कुमार मिश्र सचिवालय से रिटायर हुए हैं। उनकी पहचान ओमेक्स सिटी निवासी राजकुमार सिंह से थी। जो जमीन की खरीद फरोख्त करता है। राजकुमार ने बताया कि वह बिजनौर रोड प्लाटिंग शुरू कर रहा है।







# नगर निगम बना टापू, मस्ती की आड़ में युवकों ने मचाया उत्पात

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** रराजधानी में एक घंटे की तेज बारिश ने राहत तो जरूर दी लेकिन बरसात में मस्ती की आड़ में युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। हद तो तब हो गई जब उन्होंने महिलाओं को भी नहीं बख्शा, उन्हें गाड़ी समेत पानी में गिरा दिया और फब्तियाँ कसीं। बुधवार को दोपहर एक बजे के बाद लखनऊ में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। एक घंटे तक हुई इस बरसात में विधानभवन, नगर निगम मुख्यालय, हजरतगंज चौराहा और गोमतीनगर समेत कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। बारिश के बीच



गोमतीनगर में ताज होटल के पास स्थित ओवर ब्रिज के नीचे बारिश का पानी बड़ी मात्रा में जमा हो गया। इस पानी में कई युवक समूह बनाकर मस्ती करते नजर आए। तस्वीरों और वीडियो में मस्ती करते दिख रहे युवक कुछ देर तक तो सही रहे, लेकिन उसके बाद उन्होंने आने-जाने वाले लोगों पर बारिश का पानी उलचना शुरू कर दिया। बाइक सवार उससे बचने की कोशिश में कमर तक भरे पानी में एक के बाद एक गिरते गए। कुछ बाइक सवारों के साथ महिलाएं भी थीं, लेकिन युवकों ने उनका भी लिहाज नहीं किया। पानी फेकने के साथ ही युवकों ने बाइक पकड़कर गिरी महिलाओं पर फब्तियाँ भी कसीं। इस सबके बीच खुद को आम नागरिक के लिए सुरक्षा में तत्पर बताने वाली लखनऊ पुलिस दूर-दूर तक नजर नहीं आई। युवकों के संख्या बल के आगे मजबूर बाइक सवार कुछ भी करने की स्थिति में नहीं थे। बारिश के दौरान अंडरपास में भरे पानी में युवकों का समूह इस कदर सड़क को घेरे था कि एक-के बाद एक तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हालाँकि इस हादसे में किसी को चोट नहीं लगी, लेकिन पुलिस की गैरमौजूदगी में ऐसी स्थिति में कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। बारिश की मस्ती की आड़ में इस तरह की हरकतों से शहर वासी खासे परेशान रहे। युवकों की हरकत से न केवल कई लोग बारिश के गंदे पानी में गिर गयी बल्कि बंद हुई अपनी गाड़ियों को धक्का देकर वहां से ले जाने पर भी मजबूर हुए। ऐसी स्थिति में पुलिस की मौजूदगी न होना कहीं न कहीं आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस के उदासीन रवैये को जाहिर करता है।

### विधानभवन परिसर में भरा पानी, नगर निगम भी बना टापू

भारी बारिश के चलते बुधवार को विधान भवन के आसपास की सारी सड़कें टापू बन गई। विधानसभा सत्र के दौरान अंदर मौजूद वीआईपी बारिश की वजह से फंस गए। हजरतगंज विधानसभा मुख्य मार्ग, राजभवन रोड तथा त्रिलोकनाथ रोड भी पानी में डूब गया। लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय भी टापू बन गया। यहां सभी विभागों में कूड़ा कचरा तैरने लगा। जल भराव की स्थिति देख नगर निगम के कई बड़े अफसर नंगे पैर पानी से होते गाड़ियों में बैठकर निकल गए। कुछ अपने कर्मचारियों की चप्पल पहन कर पार किया। जलभराव से गाड़ियां निकालने में दिक्कतें हो रही थी। बाहर सड़कों पर भारी जल भराव था। भाजपा मुख्यालय के अंदर भी पानी भर गया। हजरतगंज स्थित कैपिटल सिनेमा के आसपास की सभी दुकानों में कमर तक पानी हो गया है। कपड़े से लेकर अन्य खाने-पीने के समान पानी में डूब गए हैं। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह टीम के साथ खुद विधानसभा व हजरतगंज के आसपास मोर्चा संभाले हुए हैं। जल निकासी का काम कराया जा रहा है। लेकिन अभी तक पानी नहीं निकल पाया है।

## एक घंटे की बरसात में मुहल्ले हुए जलमग्न

**लखनऊ।** बुधवार दोपहर बाद हुई एक घंटे की बरसात ने नगर निगम की प्लानिंग और ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल कर रख दी। नगर निगम जोन आठ, खरिका वार्ड प्रथम की 35 साल पहले बसी कालोनियों में जलभराव हो गया। जिससे एक दर्जन से अधिक घरों में दो फीट तक पानी भर गया। और उसके बाद करीब 3 घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। डिफेंस कॉलोनी के रहने वाले सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि कैंट इलाके से लगी यह कालोनी 1985 में बसना शुरू हुई थी। तब से अब तक कितनी सरकारें आईं और चली गई लेकिन इस कालोनी को नगर निगम, सरकार द्वारा एक ड्रेनेज सिस्टम नहीं मिल सका। थोड़ी सी बरसात में ही तीन फीट तक पानी इलाके में भर जाता है। वहीं गोपाल नगर के रहने वाले निजी विद्यालय में शिक्षक घनश्याम व प्रिंस ने बताया कि बहुत प्रयास के बाद नौ साल पहले, गोपाल नगर में 150 मीटर की ड्रेनेज पाइप लाइन डाली गई,लेकिन चार वर्ग किलोमीटर का पानी सीधे यहीं आता है।

# जोरदार बारिश से विधानसभा में पानी घुसा

▸ योगी की गाड़ी को दूसरे गेट से निकाला गया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में बुधवार को जोरदार बारिश हुआ। जिसके बाद पानी इतना भर गया कि विधानसभा में घुस गया। जिसका नतीजा यह रहा है कि सीएम योगी की गाड़ी को दूसरे गेट से निकाला गया। बता दें कि यूपी में चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से अब यूपी वासियों को अगले कुछ दिन राहत मिलने वाला है। मौसम विभाग की ओर से मिले अपडेट के मुताबिक यूपी में मानसून फिर से सक्रिय हो रहा है। मंगलवार को तराई समेत पूर्वी और दक्षिणी यूपी के कुछ इलाकों में हल्की बारिश से लोगों को थोड़ी राहत मिली। लखनऊ में मूसलाधार बारि से नगर निगम मुख्यालय में भी पानी भरा गया है, जिसमें साफतौर पर देखा जा सकता



है कि अधिकारी किसी तरह से दफ्तर से बाहर निकल रहे हैं। बता दें कि दिन के अधिकतम तापमान की बात करें तो मंगलवार को प्रदेश में बस्ती में सर्वाधिक 40 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। कानपुर में 39 डिग्री और हरदोई में 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं रात में बस्ती में सबसे कम 25.5 डिग्री सेल्सियस तो बुलंदशहर में 26 डिग्री और वाराणसी में 26.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।उधर, कानपुर महानगर और इसके आसपास के जिलों में 31 जुलाई से तीन दिन तक 25 से 30 मिमी बारिश होने की संभावना है।

# गरज-चमक के साथ जमकर बरसा सावन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में तेज बारिश शुरू हो गई है। सावन माह की पहली तेज बारिश ने लोगों को काफी सुकून दिया है। बुधवार को सुबह से ही आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच बिजली चमक रही है और दृश्यता काफी कम हो गई है। बारिश के दौरान शहर का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार शाम तक बारिश का सिलसिला जारी रहने की सम्भावना है।

गौरतलब है कि बीते एक हफ्ते से उमस भरी गर्मी और तेज धूप से लोग हलकान हैं ऐसे में बुधवार को हुई बारिश से उन्हें कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। बारिश के चलते सड़कों पर तकरीबन सन्नाटा है। वहीं कुछ लोग बाइक और कार से बारिश के बीच मस्ती करते नजर आए। हजरत गंज का लखनऊ मांटेसरी स्कूल कैंपस, नगर निगम मुख्यालय, हर जगह पानी ही पानी नजर आया। लखनऊ सदर,



कैंट, सिकंदरबाग, चारबाग, अलीगंज, कैसरगंज, मुंशी पुलिया, गोमती नगर में भी मूसलाधार बारिश के बाद जगह-जगह जलभराव हो गया। वहीं भारी बारिश की वजह से हैदर नाला उफान पर है।

आसपास की बस्तियों में बारिश का पानी भर गया।करीब 15 दिन के बाद हुई बारिश से जलभराव भले हो गया, ट्रैफिक थम गया, बिजली गुल हो गई लेकिन ज्यादातर लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। ताज होटल के पास मरीन ड्राइव में सड़क पर भरे पानी को लोगों ने स्विमिंग पूल बना लिया और मस्ती करते नजर आए।

अपने दफ्तरों में बैठे लोग बारिश का वीडियो बना रहे हैं और इसे अपने दुसरे शहरों में जान्ने वालों को भी भेज रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के कई इलाकों में आगामी तीन दिनों तक अलग-अलग जगहों पर मध्यम से तेज बारिश होने की सम्भावना है, इस दौरान तापमान सामान्य रहेगा। लोगों को खुले इलाकों में बारिश के दौरान न निकलने को कहा गया है।

# विपरीत दिशा में फर्राटा भर रहे दूध वाहन ने बैंक कर्मी को रौंदा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** खुर्दही बाजार के पास मंगलवार रात विपरीत दिशा मे फर्राटा भर रही दूध गाड़ी ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में बैंक कर्मी उमेश कुमार यादव (38) की मौत हो गई। उधर, हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग निकला। परिजनों की तहरीर पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सुशांत गोल्फ सिटी के मुल्ला खेड़ा निवासी उमेश कुमार यादव हजरतगंज स्थित पंजाब नेशनल बैंक में कार्यरत थे। मंगलवार रात वह बाइक से घर लौट रहे थे। उमेश खुर्दही बाजार के पास पहुंचे तभी सामने से विपरीत दिशा में आ रही तेज रफ्तार दूध गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से उमेश बाइक से उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों को जुटता देख आरोपित ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग निकला। पुलिसकर्मियों ने गंभीर हालत में उमेश को निजी अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार में पत्नी संगीता व एक बेटा विभू और बेटी शगुन है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक उमेश के भाई मान सिंह यादव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दूध गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है।

### शव देख परिवार का रो-रोकर बुरा हाल

पोस्टमार्टम के बाद उमेश का शव देख परिवार वालों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया। शव देख पत्नी संगीता बेसुध हो गई। होश आने पर वह यही रट लगाए थी कि बच्चों से क्या बताऊंगी। शाम को फोन पर बात हुई थी कुछ देर मे उमेश ने घर आने के लिए कहा था। अचानक यह क्या हो गया कुछ समझ में नहीं आ रहा है। पल भर में सब कुछ खत्म हो गया।

# मुस्लिम युवक ने मंदिर की दीवार पर किया पेशाब, विरोध करने पर घर में घुसकर पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक मुस्लिम युवक के द्वारा धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की गई। दरअसल, राजाजीपुरम इलाके में मंदिर की दीवार पर पेशाब कर रहा था कि इसी दौरान एक युवक की उस पर नजर पड़ी। युवक ने मंदिर की दिवार पर पेशाब करने से मना किया तो आरोपी ने गाली-गलौज करने के बाद घर पर धावा बोल दिया। बताया जा रहा है कि मंदिर की दिवार पर पेशाब करने वाले युवक ने उसके घर पर जमकर उपद्रव किया और मारपीट भी की। मारपीट में युवक गंभीर रुप से घायल हो गया।

पीड़ित की तहरीर पर तालकटोरा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। राजाजीपुरम एफ-ब्लॉक के रहने वाले दिलीप सिंह ने बताया कि कल यानि मंगलवार को दोपहर के वक्त मोहम्मद नदीम नाम का युवक मंदिर की दीवार पर पेशाब करने लगा। जब दिलीप ने उसे समझाया कि यहां पेशाब न करो तब नदीम आगबबूला हो गया और गाली-गलौज करने लगा। इस दौरान वह मारपीट करने पर उतारू हो गया था। जैसे तैसे दिलीप वहां से निकल कर अपने घर चला गया। इसके कुछ देर बाद मोहम्मद नदीम, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद नफीस और बाबू पुत्र



कलीम अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ लाठी-डंडे, लोहे की रॉड सहित धारदार हथियार के साथ दिलीप सिंह के घर पहुंच गया। मिली जानकारी के अनुसार, दरवाजे पर खड़े दिलीप सिंह पर हमला बोल दिया। दिलीप जान बचाने के लिए घर के अंदर भागे। जिस पर आरोपियों ने उनके घर में घुसकर लोहे की रॉड से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। बदमाश दिलीप सिंह को मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग निकले। युवकों का उत्पात देखकर मोहल्ले के लोगों में गुस्सा है। परिजनों ने दिलीप को इलाज के लिए हास्पिटल पहुंचाया। डॉक्टरों ने इलाज के बाद दिलीप को डिस्चार्ज कर दिया। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई हैं।

## बेसमेंट में कोचिंग पर लगाम पर चल रही दुकानों पर मेहरबानी

**लखनऊ।** दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में हुयी दुखद् दुर्घटना के बाद सरकार और प्रशासन की नींद खुली। राजधानी में भी प्रशासन ने बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटरों पर कार्यवाही शुरू कर दी है। परन्तु सवाल है कि केवल कोचिंग सेंटर ही क्यो? राजधानी के व्यस्ततम् बााजारों में शुमार अमीनाबाद लाटूश रोड, मेडिसिन मार्केट और नाका क्षेत्र की लगभग हर दुकान में बेसमेंट बने है। जगह की कमी के कारण दुकानदारों ने दो से तीन मंजिल के बेसमेंट खुदवा रखे है। जो गोदाम के रूप में नहीं बल्कि शोरूम व अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के लिये इस्तेमाल किये जाते है। जिनको नगर निगम, एलडीए व प्रशासन नजर अंदाज किये रहते है। जबकि इनमें हर समय सैंकड़ों की संख्या में ग्राहक व कर्मचारी माजूद रहते है। साथ ही आपदा प्रबन्धन के उपाय भी नाकाफी है।

# बिजली बकायेदार ने कनेक्शन काटने पर डंडा लेकर दौड़ाया

▸ लेसा के निगोहां उपकेंद्र के भगवानपुर गांव का मामला

▸ बिना कनेक्शन काटे लेसा टीम बैरंग लौटी,आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**निगोहां।** निगोहां में बिजली बकायेदार ने बुधवार को कनेक्शन काटने पर लेसाकर्मियों को डंडा लेकर दौड़ा दिया। इस दौरान चेकिंग टीम के साथ जमकर गाली-गलौज हुई। बवाल बढ़ने पर चेकिंग टीम बिना कनेक्शन काटे बैरंग वापस लौट गई। जूनियर इंजीनियर ने आरोपी के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। देर शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



लेसा ने बुधवार को निगोहां में बकायेदारों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया।

सुबह करीब नौ बजे जूनियर इंजीनियर सचिन श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम भगवानपुर गांव पहुंची। इस दौरान स्थानीय निवासी श्यामलाल का बिजली बिल 19,437 रुपये बकाया था। जिस पर जूनियर इंजीनियर ने बिल जमा करने को कहा, लेकिन श्यामलाल के बेटे रमेश आनाकानी करने लगा। जिसके बाद जूनियर इंजीनियर ने कर्मचारियों से बिजली के पोल से कनेक्शन काटने का निर्देश दिया। इससे उपभोक्ता भड़क गया और हंगामा करने लगा। इस दौरान दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। बवाल बढ़ने पर रमेश ने डंडा और पत्थर लेकर बिजलीकर्मियों को दौड़ा लिया। जिसके बाद चेकिंग टीम बैरंग वापस लौट गई। जूनियर इंजीनियर ने आरोपियों ने खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

## कराटे प्रशिक्षिका ने फांसी लगाई

**लखनऊ।** महानगर में कराटे प्रशिक्षिका ने फांसी लगा ली। बहन सब्जी लेकर घर पहुंची तो शव फंदे से लटका मिला। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस जांच कर रही है। रहीमनगर निवासी नीरज राजपूत के मुताबिक बहन शिवानी (20) करामत कॉलेज से बीए कर रही थी। वह कराटे में ब्लैक बेल्ट थी। पढ़ाई के साथ कराटे का प्रशिक्षण भी देती थी। मंगलवार शाम पांच बजे बहन सीता सब्जी लेने बाजार गई थी। मां राखी पोस्ट करने गई थी। घर पर शिवानी अकेली थी। करीब एक घंटे बाद सीता घर लौट कर आईं तो शिवानी का शव कमरे में पंखे के कुंडे से फंदे पर लटका हुआ था, जिसे देख उसकी चीख निकल गई। आसपास के लोगों की मदद से शिवानी को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया। चार भाई और तीन बहनों में शिवानी सबसे छोटी थी।

# एनई रेलवे ने शुरू की यूपीआई डीजीटल पेमेन्ट की सुविधा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यात्रियों को सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा अनुभव कराने के लिये निरन्तर प्रयासरत है। इसी क्रम में, यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये इस रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर क्रिस (सी.आर.आई.एस.) द्वारा क्यू.आर. डिवाइस लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को यू.पी.आई. के माध्यम से डिजिटल भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध हो सके। इन क्यू.आर. डिवाइसों के लग जाने से डिजिटल लेन-देन में आसानी होगी। पहले यू.पी.आई. के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा ऑनलाइन टिकट बुकिंग हेतु उपलब्ध थी परन्तु इन क्यू.आर. डिवाइसों के लग जाने से अब यू.टी.एस. एवं पी.आर.एस. काउंटरों पर टिकट बुकिंग हेतु भी डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी।




लखनऊ मंडल पर डिजिटल भुगतान (यू.पी.आई.) के लिये 268 क्यू.आर. डिवाइसों को क्रय किया गया है, जिन्हें इंस्टॉल किया जा रहा है। लखनऊ जं. स्टेशन पर 02, ऐशबाग पर 01, डालीगंज पर 01 एवं गोमती नगर पर 01 यूनिट सहित 04 स्टेशनों पर 05 यूनिट क्यू.आर. डिवाइस इंस्टॉल किया जा चुका है। शीघ्र ही लखनऊ मंडल के सभी स्टेशनों पर यू.टी.एस., पी.आर.एस. तथा यू.टी.एस. सह पी.आर.एस. सहित सभी काउंटरों पर यू.पी.आई. के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सेक्टर- 8 झुग्गी बस्ती में आग लगने से 3 बच्चियों की मौत



**नोएडा।** झुग्गी बस्ती सेक्टर- 8, नोएडा (नियर बिजली घर) निवासी दौलत राम के घर पर आग लगने की घटना से उनकी 10 वर्षीय आस्था, 7 वर्षीय नैना, 5 वर्षीय आराध्या, बेटी की आग में बुरी तरह झुलसने के कारण दर्दनाक मौत हो गई तथा बच्चियों को बचाने में दौलत राम भी बुरी तरह घायल हो गए। उक्त घटना में पीड़ित परिवार से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी गौतम बुद्ध नगर जिला प्रभारी गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पार्टी नेता भारत डेंजर, रमाकांत सिंह, गणेश, जनवादी महिला समिति की नेता चंदा बेगम, गुड़िया देवी, रेखा चौहान आदि ने मुलाकात कर मृतक बच्चों के परिजनों के साथ शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया कि इस दुख की घड़ी में हम सब आपके साथ है साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार की यथासंभव मदद करने की अपील भी किया।

### जीएल बजाज में अल्मा फिएस्टा कार्यक्रम का आयोजन

**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज कॉलेज ने पूर्व छात्रों के लिए अल्मा फिएस्टा नामक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बैंगलोर के ताज होटल में आयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज के पूर्व छात्रों ने एक शानदार शाम में अपने साथियों, वरिष्ठ छात्रों और शिक्षकों के साथ जुडी यादें और अनुभव साझा किये एवं हूपला जैसे कई गेम्स खेलकर मनोरंजन किया। इस दौरान ब्रिटिश गायक ऐश किंग ने नज़र ना लग जाए ,ते आमो, ये मौशम की बारिश जैसे अपने प्रसिद्ध गीत गाकर शमा बांधा जिनपर सभी छात्र नाचते गाते नज़र आए। सभी पूर्व छात्र अपने अध्यापकों से मिलकर बहुत खुश और उत्साहित दिखे छात्रों ने जल्द ही जीएल बजाज में आने और वर्तमान छात्रों से जुड़ने का वादा भी किया। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्तिकेय अग्रवाल ने कार्यक्रम में शामिल होकर सभी छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनायें देते हुए कहा कि जीएल बजाज परिवार में आप सभी का हमेशा स्वागत है और आप जीवन में खूब तरक्की करते हुए नाम रोशन करें।



### रोजगार मेले में 07 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**एटा।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, एटा द्वारा प्रकाश महाविद्यालय, पी0ए0सी0 रोड, एटा पर बुधवार को रोजगार मेला आयोजित किया गया जिसमें 22 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनमें से 07 अभ्यर्थियों का विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयन किया गया। रोजगार मेले में 02 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। ग्रोफास्ट फर्टिलाइजर्स प्रा0लि0 में 06 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 02 अभ्यर्थियों का तथा होली हर्बस कम्पनी में 16 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 05 अभ्यर्थियों का चयन कम्पनियों द्वारा किया गया।

### आकाशीय विजली गिरने से तीन लोग घायल



**अलीगंज/एटा।** अलीगंज क्षेत्र में दो स्थानों पर आकाशीय विजली गिरने से तीन लोग घायल हो गए।उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया। वहाँ पर डॉक्टरों ने सामान्य जाँच हेतु एटा रेफर कर दिया।बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार अलीगंज क्षेत्र के ग्राम हत्सारी निवासी में दो महिलाएं सुमन पत्नी बबलू उम्र लगभग 35 वर्ष व संगीता पत्नी वसन्त सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष जो अपने खेत धान की रोपाई कर रही थी कि अचानक आकाशीय विजली गिर गयी और वे घयाल हो गयी वही ग्राम अमरौली निवासी बादाम सिंह पुत्र निहाल सिंह उम्र 28 वर्ष जो वारिश से बचने के लिये एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए।

वारिश के साथ अचानक विजली कड़की और तेज करंट लगते ही वहः घयाल हो गए।तीनो घायलो को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज लाये वहाँ पर डॉक्टरों ने प्रथम उपचार कर सामान्य जाँच हेतु एटा जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। डॉक्टर अनुज सिंह ने बताया कि घायलो को प्रथम उपचार के बाद सामान्य जाँच हेतु जिला चिकित्सालय एटा के लिये रेफर कर दिया।

## गाज़ियाबाद-टूण्डला पैसेन्जर का टूण्डला- एटा के बीच एक चक्कर लगवाये जाने मांग उठी

▸▸ जलेसर सिटी रेलवे स्टेशन पर हुई सलाहकार समिति की पहली बैठक

लोकमित्र ब्यूरो




**जलेसर/एटा।** बुधवार को नगर स्थित जलेसर सिटी रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक और मुख्य वाणिज्य निरीक्षक के नेतृत्व में स्टेशन सलाहकार समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा आरक्षण काउंटर खोले जाने, दिन के समय नई पैसेंजर गाड़ी चलबाये जाने सहित अनेक मांग उठायी गयी। बैठक से पूर्व समिति के सदस्यों द्वारा स्टेशन का भ्रमण कर वृक्षारोपण किया गया।बैठक में सदस्यों द्वारा अपने अपने सुझाव रखते हुए कहा गया कि जलेसर सिटी रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर की मांग लंबे समय से चल रही है। जलेसर शहर से 25-30 किमी तक कोई आरक्षण काउंटर उपलब्ध नहीं है। इसलिए यहां के यात्रियों को समस्या का सामना करना पड़ता है। जिससे इस स्टेशन पर एक आरक्षण काउंटर दिए जाने की अति आवश्यकता है। इसके अलावा वर्तमान में जो ट्रेन एटा-टूंडला के लिए चलती है उसके समय को यात्रियों के अनुरूप शाम लगभग 17 बजे किए जाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त अन्य गाड़ियों के समय को यात्रियों के अनुरूप किए जाने की आवश्यकता है। वर्तमान में संचालित गाड़ियों के समय यात्रियों के लिए उपयोगी साबित नहीं हो रहे हैं। इसके साथ ही कोरोना से पहले की गाड़ियों की सुविधा का पुनः संचालन प्रारम्भ किया जाए। सलाहकार सदस्य अमित गुप्ता ने कहा कि गाजियाबाद-टूंडला पैसेंजर गाड़ी 04936/37 टूंडला आगमन के बाद लगभग 4 घंटे वही खड़ी रहती है। इस गाड़ी को टूंडला-बरहन-एटा चलाए जाने से एटा व जलेसर के यात्रियों को दिल्ली की तरफ जाने में सुविधा होगी। साथ ही विभाग का राजस्व भी बढ़ेगा।बैठक में- स्टेशन अधीक्षक संजय सिंह मीणा, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक टूण्डला मनोज कुमार,रविकान्त सिंह यातायात निरीक्षक टूण्डला,जीतू शर्मा एसएसई टूण्डला,अर्जुन सिंह एएसआई बरहन, राकेश कुमार वरिष्ठ टेक्नीशियन हाथरस एवं अमित गुप्ता सदस्य स्टेशन सलाहकार समिति आदि मौजूद रहे।

### घर में लगी अचानक आग, तीन लाख की नकदी सहित घरेलू सामान जलकर हुआ खाक

**जलेसर/एटा।** जनपद के थाना सकरौली क्षेत्र के गांव वारासमसुपर में मगंलवार की रात्रि को घर में अज्ञात काराणों से आग लग गई। जिसमें किसान कर्ज पर मकान के लेटर के लिए तीन लाख रूपये की नगदी सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सकरौली क्षेत्र के गांव वारासमसपुर निवासी पीड़ित दीनदयाल पुत्र मौजीराम ने बताया कि बीते मगंलवार की रात्रि घर के टीन सेड में अपने परिवार के साथ सो रहा था तभी आचानक घर में से आग की लपटे उठने लगी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई और आस-पडोस के लोग इक्टठा हो गए सभी लोगो ने आग को वुझाने का काफी प्रयास किया लेकिर आग इतनी भयानक थी की आग पर काबू नहीं पाया जा सका। घर में लगी भीषड आग में घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। दीनदयाल ने बताया कि आग में घरेलू सामान के साथ घर के लेंटर के लिए कर्ज पर लाए हुए तीन लाख रूपये की नगदी और सोने चांदी के आभूषण भी जलकर राख हो गए।

### रोजबेल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शिव-पार्वती बनकर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** भूड भारत नगर स्थित रोजबेल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सावन शिवरात्रि का पर्व बुधवार को धूमधाम से मनाया। शिव-पार्वती, नंदी व गण बने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल के डायरेक्टर यशमीत सिंह व प्रधानाचार्य गुनीत कौर ने बताया कि अवकाश के बावजूद स्कूल के बच्चे बुधवार को घर से भगवान शिव, माता पार्वती की वेशभूषा में स्कूल आए और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा भगवान शिव की आराधना आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर जहां सावन शिवरात्रि पर्व की बधाई दी, वहीं सभी से पर्यावरण व जल संरक्षण की अपील भी की। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से बताया कि सावन शिवरात्रि पर हम बहुत दूर पैदल चलकर गंगाजल लाते हैं और भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। इससे हम जल के महत्व का भी पता चलता है। जल ही जीवन है, अतः इसका संरक्षण करना हम सभी का कर्त्तव्य है।

### न कोई डॉक्टर, न नर्स, दो महिलाएं कराती थीं गर्भपात!

**आगरा।** स्वास्थ्य विभाग ने चार दिन के अंदर दूसरी छापामार करते हुए अवैध गर्भपात केंद्र पकड़ा। यह कार्रवाई कस्बा अछनेरा में की गई। यहां एक मकान के भीतर गर्भपात का धंधा चल रहा था। विभाग की टीम ने मौके से दो महिलाओं को हिरासत में लिया। गौरतलब है कि चार दिन पहले कस्बा शमसाबाद में भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारकर बिना लाइसेंस चलते एक निजी अस्पताल और एक पैथोलॉजी को पकड़ा था। विभाग को शिकायत मिली थी कि अछनेरा के एक गुलाब नगर के मकान में गर्भपात हो रहा है। सीएचसी अधीक्षक ने पुलिस के सहयोग से छापेमारी की। मकान के अंदर गर्भपात कराने के उपकरण और दवाइयां मिलीं। दो महिलाओं को हिरासत में लिया गया। आरोप है कि दोनों महिलाएं बिना किसी डॉक्टर के यह काम करती थीं। मकान के बाहर किसी क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब या हॉस्पिटल का बोर्ड भी नहीं लगा था। लंबे समय से मकान के अंदर गर्भपात किए जा रहे थे। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव का कहना है कि मकान के अंदर गर्भपात किए जा रहे थे।

## रूट डायवर्जन ने बढ़ाई यात्रियों की परेशानी

▸▸ ऑटो चालक वसूल रहे मनमाना किराया

लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** जीटी रोड पर रूट डायवर्जन होने से गाजियाबाद सहित अन्य इलाकों में आवाजाही करने वाले लोगों को मंगलवार को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन सवार सुबह शाम जहां घंटो जाम में फंसे वहीं सवारी वाहन न मिलने से लोगों को कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ा। जीटी रोड पर कुछ ऑटो रिक्शा चल भी रहे थे। उन्होंने लोगों से मनमाना किराया वसूला।

कांवड़ यात्रा के लिए मोहननगर गोल चक्कर पर रूट डायवर्जन किया गया है। दिल्ली की ओर जाने वाले जीटी रोड को वनवे किया गया है, जिसकी वजह से सभी वाहनों का दबाव इस पर है। मंगलवार सुबह आठ बजे से इस रूट पर वाहनों की लंबी कतार लगने से लोगों को जाम से जूझना पड़ा। कई बार कांवड़ियों के आने के दौरान पुलिस प्रशासन ने वाहन चालक को रोका, जिससे वाहनों की कतार बढ़ती गई। ऐसे में समय से कार्यालय पहुंचने वाले लोग देरी से पहुंचे। साहिबाबाद अंडरपास बंद होने से लोगों की परेशानी ज्यादा बढ़ गई है। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को लंबी दूरी तय करके फैक्टरी जाना पड़ रहा है। कोई दिल्ली के रास्ते होते हुए फैक्टरी पहुंच रहा है तो कोई मोहननगर से पैदल चलकर। कई लोगों ने नमो भारत का सहारा लिया। सीआईएसएफ रोड, साईं मंदिर खोड़ा-गाजीपुर सर्विस रोड, गौड़ कट के पास भी लोग जाम से जूझे। मोहननगर गोल चक्कर पर शमीम अपनी गर्भवती पत्नी को एमएमजी अस्पताल ले जाने के लिए पहुंचे। उमस भरी गर्मी में आधे घंटे से अधिक समय तक ऑटो या बस नहीं मिलने पर पैदल ही अस्पताल की ओर निकल गए। उन्होंने बताया कि मंगलवार को डॉक्टर ने जांच के लिए अस्पताल बुलाया था।

सुबह जाम और रूट डायवर्जन की वजह से ऑटो नहीं मिला। जो ऑटो उपलब्ध है वह मनमाने ढंग से किराया वसूलते नजर आए।

## हर साल दुनियाभर में 28 जुलाई का दिन विश्व हेपेटाइटिस दिवस के तौर पर मनाया जाता है : डॉ. शिवांशु सिंघल

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** हर साल दुनियाभर में 28 जुलाई का दिन विश्व हेपेटाइटिस दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को सेलिब्रेट करने का उद्देश्य उन लोगों में हेपेटाइटिस इन्फेक्शन के बारे में जागरूकता फैलाना है जो जानकारी के अभाव में इस बीमारी के संपर्क में आ जाते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि लिवर से जुड़े इस इन्फेक्शन के कारण हर साल 13 लाख लोग जान गंवा देते हैं। डॉ. शिवांशु सिंघल एम.डी. मेडिसिन (पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़), डी.एन.बी. गैस्ट्रोएंटरोलॉजी बताते हैं कि विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2024 कार्रवाई का समय आ गया है।

(1) 2022 में 304 मिलियन लोग क्रोनिक हेपेटाइटिस बी और सी से पीड़ित हैं।

(2) 2022 में केवल 45 फीसदी शिशुओं को जन्म के 24 घंटे के भीतर हेपेटाइटिस बी का टीका लगाया गया।

(3) 2022 में क्रोनिक हेपेटाइटिस बी और सी से 1.3 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई।

भरत मे 28 जुलाई को मनाया जाने वाला विश्व हेपेटाइटिस दिवस, वायरल हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, जो लीवर की सूजन है जो गंभीर लीवर रोग और कैंसर का कारण बनती है। इस वर्ष का विषय है। यह कार्रवाई का समय है। हेपेटाइटिस से संबंधित बीमारी से हर 30 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हो रही है, इसलिए हमें जीवन बचाने और स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए बेहतर रोकथाम, निदान और उपचार पर कार्रवाई में तेज़ी लानी चाहिए।

हेपेटाइटिस वायरस के 5 मुख्य प्रकार हैं। ए, बी, सी, डी और ई। हेपेटाइटिस बी और सी एक साथ सबसे आम संक्रमण हैं और इनके परिणामस्वरूप हर साल 1.3 मिलियन मौतें और 2.2 मिलियन नए संक्रमण होते हैं।

निदान और उपचार के लिए बेहतर उपकरणों और उत्पाद की कीमतों में कमी के बावजूद, परीक्षण और उपचार कवरेज दरें रुकी हुई हैं। लेकिन, अगर अभी से त्वरित कार्रवाई की जाए तो 2030 तक डब्ल्यूएचओ के उन्मूलन लक्ष्य तक पहुंचना अभी भी संभव होना चाहिए। मैं आशा करता हूं कि हर भारतीय को संदर्भ में जागरूक होने की आवश्यकता है तभी हम इस महामारी से अपने आप को बचा सकते हैं।

## भाजपा नेता द्वारा राहुल गांधी को अपमान जनक भाषा बोलने पर कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को दिया ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा के अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में सेक्टर 12 स्टेडियम हमारे नेता सांसद एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी पर भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जिसको लेकर नोएडा कांग्रेसियो ने विरोध प्रदर्शन कर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की उसके बाद एसीपी अरविंद कुमार को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा,महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि भाजपा के नेताओ का घमंड लोकसभा में ले डूबा लेकिन भाजपा के नेताओ की सोच बदलने वाली नही है,वरिष्ठ नेता दिनेश अवाना ने कहा है कि हमारे नेता राहुल गाँधी पर अपशब्द कहे जाने पर हम सब काँग्रेसजन घोर निंदा करते है,प्रदेश्य काँग्रेस सचिव पुरुषोत्तम नागर ने कहा है काँग्रेस कार्यकर्ता अपने नेता पर अपशब्द भाषा पर बिल्कुल बर्दाश नही करेगा हम सब कांग्रेसजन मांग करते है कि भाजपा नेता श्री अनुराग ठाकुर पर कार्यवाही होनी चाइए,पूर्व प्रदेश्य सदस्य सतेन्द्र शर्मा ने कहा है कि लगातार भाजपा नेता हमारे काँग्रेस नेताओ पर अपशब्द भाषा का प्रयोग करते है ये गलत है भाजपा के नेताओ को सत्ता का घमंड हो गया है।

जबकि जनता ने हाल ही में हुये लोकसभा चुनाव में भाजपा नेताओं को जनता ने सबक सिखाया है,अखिल भारतीय काँग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी ने भी इस भाषा की घोर निंदा की ओर कहा कि लोकसभा स्पीकर को एक्शन लेना चाइए,विरोध प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव,वरिष्ठ नेता दिनेश अवाना, प्रदेश्य सचिव पुरुषोत्तम नागर, पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष शहाबुदीन, वरिष्ठ नेता लियाकत चौधरी, पूर्व प्रदेश्य सदस्य सतेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ नेता अभिषेक जैन, वरिष्ठ नेता दयाशंकर पांडेय,नेता विक्रम चौधरी, नेता आरके राणा,नेता रामकुमार शर्मा, काँग्रेस नेता प्रथम, वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र मुखिया, महिला नेता विरोदेवी,नेता परवेज खान, यूथ काँग्रेस के जिलाध्यक्ष जावेद खान, लोकेंद्र यादव, मुनेश यादव, रोबिन यादव, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शार्कस इलेविन ने ऑल स्टार चैपियंस गाजियाबाद को हराया

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** डिफेंडर्स सीजन 2 टी 20 का सुपर लीग मैच शार्कस इलेविन व ऑल स्टार चैपियंस गाजियाबाद के बीच खेला गया। मैच में शार्कस इलेविन 2 विकेट से विजयी रही। न्यू क्रिकेज पर खेले गए मैच में शार्कस इलेविन ने टॉस जीता और ऑल स्टार चैंपियंस गाजियाबाद को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। ऑल स्टार चैंपियंस गाजियाबाद ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 187 रन बनाए। दिवाकर त्यागी ने 25 गेंद पर 9 चौकों व 4 छक्कों की मदद से 63 रन की पारी खेली। तरुण ने 36 गेंद पर 8 चौकों व 2 छक्कोंकी मदद से 56 रन बनाए। हितेश ने 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए। शार्कस इलेविन ने 19.2 ओवर में 8 विकेट पर 188 रन बनाकर मैच 2 विकेट से जीत लिया। अंकित सक्सेना ने 24 गेंद पर 4 चौकों व 3 छक्कों की मदद से 44 रन, शुभम खन्ना ने 21 गेंद पर एक चौके व 4 छक्कों की मदद से 37 रन व कप्तान आकाश पांडे ने 18 गेंद पर 3 चौकों व 2 छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। भानु ठाकुर ने 24 रन का योगदान दिया। रविश वर्मा ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हितेश को दिया गया।

## भाजपा युवा मोर्चा द्वारा लगाया गया कावड़ियों के लिए शिविर



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा लगातार तीसरे दिन भी शिव भक्तों के लिए निशुल्क दवा एवं भंडारे की व्यवस्था चलाई जा रही है द्य शिविर में गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कावडियो की सेवा की एवम युवा मोर्चा के इस प्रयास की सहारना की द्व इस दौरान शिविर में प्रमुख रूप से महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान महानगर उपाध्यक्ष रानीता सिंह पार्षद राहुल शर्मा, नितिन शर्मा, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, राहुल मावी, प्रतीक माथुर, हरीश गौड़, आशु गुर्जर, दीपक मंडल, सुमित मावी, सुधीर दादू, विहान मावी आदि शिव भक्त उपस्थित रहे।

### जूते मारो, 15000 रुपये लो पंचायत में मौलाना ने रेप केस ऐसे निपटाया

**आगरा।** आगरा में नाबालिग से रेप के आरोपी को पंचायत में ही फैसला सुना दिया गया. उसे पांच जूते मारने और 15 हजार रुपये आर्थिक दंड की सजा दी गई. पंचायत में ये अजीबोगरीब फैसला मौलाना ने सुनाया. पीड़ित पक्ष की महिला ने पंचायत में आरोपी लड़के को पांच जूते मारे. इस मामले का वीडियो वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज करने की बात कही है. पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, पीड़ित पक्ष की ओर से लड़की के गायब होने की सूचना दी थी. उन्होंने मौहल्ले के ही एक युवक पर आरोप लगाया था. बाद में पीड़ित पक्ष ने शिकायत वापस ले ली थी. पुलिस वायरल वीडियो की जांच कर रही है. मामला आगरा के थाना शाहगंज क्षेत्र का है. यहां की एक नाबालिग लड़की घर से कहीं चली गई थी. परिजनों ने पुलिस को इस मामले में सूचना दी. उन्होंने मौहल्ले के ही एक युवक पर लड़की को ले जाने का आरोप लगाया था।

## कावड यात्रा को सकुशल संपन्न कराने हेतु मार्गो एवं शिविरों का हुआ निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर गौतम बुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह के पर्यवेक्षण में एडीसीपी नोएडा मनीष कुमार मिश्र द्वारा कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु नोएडा जोन के विभिन्न क्षेत्रों चिल्ला बॉर्डर, शनि मंदिर, डीएनडी, ओखला पक्षी विहार रूट, कालिंदी कुंज पुल एवं बॉर्डर, सेक्टर-126 व फेस-1 क्षेत्र में कांवड़ियों से भेंट करते हुए कॉवड शिविरों एवं कॉवड मार्ग का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा एवं शिविर के अन्दर साफ-सफाई, पानी/बिजली की उचित व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा कॉवड शिविरों में विश्राम कर रहे एवं कांवड़ मार्ग पर यात्रा कर रहे शिव भक्तों से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम पूछा गया तथा शिव भक्तों को कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

उनके द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये एवं सम्बन्धित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा को लेकर पीसीआर, पीआरवी वाहनों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जाये व यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाये।

## अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले 05 पुलिस कर्मी हुए सेनानिवृत्त



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** पुलिस लाइंस स्थित सम्मेलन कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों को शॉल ओढाकर तथा फूल-मालाएं पहनाकर किया गया सम्मानित एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए दी गई भावभीनी विदाई। बुधवार को जनपद एटा से 05 पुलिस कर्मी, उ0नि0 स0पु0 रक्षपाल सिंह,उ0नि0 (रेडियो) अशोक कुमार यादव,मुख्य आरक्षी चालक अतिवीर सिंह,मुख्य आरक्षी रमेश चन्द,आरक्षी कमलेश कुमार अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। इस दौरान पुलिस लाइंस में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेंद्र सिंह द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को शॉल ओढ़ाकर, फूल मालाएं पहनाकर उनके द्वारा पुलिस विभाग को दिये गये योगदान की सराहना की गयी एवं सेवानिवृत्ति उपरांत भी पुलिस विभाग का यथासंभव सहयोग करने की अपेक्षा की गई तथा सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विदा किया गया।इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक श्री किशन लाल गौतम एवं अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे तथा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के परिजन भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में प्रवेश की 28 तक बढ़ी

**उन्नाव।** राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में प्रवेश की 28 अगस्त तक बढ़ा दी गई है अभी तक 31 जुलाई अंतिम तिथि थी। इस आशय की जानकारी देते हुए समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया हेतु अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2024 को पुनर्निर्धारित करते हुए आवेदन पत्र प्राप्त व जमा करने की अन्तिम तिथि 28 अगस्त 2024 की जाती है। जो भी छात्र/छात्राये आवेदन पत्र प्राप्त व जमा नही कर पाये है। वे छात्र/छात्रायें किसी भी कार्य दिवस में छात्रावास कार्यालय बाईपास से प्रातः 10: बजे सं सायं काल 5 बजे तक अपना आवेदन पत्र अवश्य प्राप्त व जमा कर दें।

### डीएम ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### छात्रावासों में खेल प्रशिक्षक हेतु इच्छुक खिलाड़ी 16 तक करें आवेदन

**अमेठी।** खेल निदेशालय के निर्देशानुसार उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि 15 खेलों (हॉकी, तैराकी, वालीबाल, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबाल, बैडमिन्टन, टेबुल-टेनिस, बास्केटबाल, कबड्डी, कुश्ती, बाक्सिंग, हैण्डबाल एवं जूडो) के 37 छात्रावासों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण की आवश्यकता के दृष्टिगत 40 अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को मानदेय रू0 1.50 लाख प्रतिमाह पर प्रशिक्षण हेतु आबद्ध किये जाने हेतु जनपद के इच्छुक अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपना आवेदन-पत्र निर्धारित प्रारूप (खिलाड़ी का नाम, शैक्षिक योग्यता (न्यूनतम स्नातक), खेल योग्यता (अन्तर्राष्ट्रीय खेलों यथा ओलम्पिक गेम्स, कामन वेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स एवं वर्ल्ड कप/वर्ल्ड चैम्पियनशिप (प्रत्येक 4 वर्ष में आयोजित होने वाली) में प्रतिभाग किया हो, खेल में अर्जित उपलब्धि व पद्मश्री, खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, ध्यानचन्द पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ी प्रशिक्षक अथवा ऐसा प्रशिक्षक जिसने ओलम्पिक गेम्स, विश्वकप/एशियन गेम्स/कामनवेल्थ गेम्स में सम्मिलित भारतीय टीम को प्रशिक्षण दिया हो, का विवरण सहित) पर 03 प्रतियों में भरकर 16 अगस्त 2024 तक जिला खेल कार्यालय अमेठी में अवश्य जमा कर दें जिससे अग्रिम कार्यवाही किया जा सके।

### सड़क के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे एक दर्जन मकान ढहाए गए

**उन्नाव।** उन्नाव से रायबरेली जाने वाले मार्ग का मरम्मत कर उसका चौड़ीकरण कराया जा रहा है। ऐसे में कई मकान जद में आ रहे हैं। कई बार नोटिस देने के बाद भी मकान नही हटे। अब जॉइंट मजिस्ट्रेट सदर एसडीएम के नेतृत्व में 12 से ज्यादा मकानों को बुलडोजर की मदद से गिराने की कार्रवाई की गई है। जिनके मकान गिराए गए हैं, उनको पहले मुआवजा दिया जा चुका है। मकान का मलबा हटने के बाद चौड़ीकरण का काम शुरू किया जाएगा। आपको बता दें कि उन्नाव से बीघापुर होते हुए रायबरेली को जाने वाला मार्ग बेहद खराब होने की वजह से पिछले दो साल से चौड़ीकरण होने के साथ ही नेशनल हाईवे-17 पर काम चल रहा है। सिकंदरपुर गांव के पास मार्ग चौड़ीकरण में एक दर्जन से अधिक बाधा बन रहे थे। जिसको लेकर उन्हें पहले ही निर्माण विभाग के द्वारा चिन्हित किया गया था और उन्हें नुकसान के आंकलन के हिसाब से मुआवजा भी दिया जा चुका है। लेकिन कई बार नोटिस देने के बाद भी मकान मालिकों ने उन भवनों को नहीं हटाया। मार्ग बाधा बनने से निर्माण कार्य रुक गया। जिसके बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर हिमांशु गुप्ता, सीओ बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला, तहसीलदार की टीम के साथ स्थानीय थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे ओर बुलडोजर की मदद से जद में आने वाले 12 मकानों को गिराने का कार्य शुरू किया गया। इस दौरान जिन घरों में सामान था, उनको पहले खाली करवाने की कार्रवाई की गई। जिससे गिराने के दौरान किसी प्रकार की कोई चल अचल संपत्ति का नुकसान नही हुआ। मकान हटने के बाद निर्माण तेज होगा और मार्ग को चौड़ीकरण कर पूरा करेंगे। जिससे आवागमन आसानी से हो सकेगा।

### वृद्धा की ईटों से कूच कूच कर हत्या

**उन्नाव।** पैसा के लेनदेन को लेकर एक वृद्धा का गांव के ही अधेड़ से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। जिसमें अधेड़ ने वृद्धा पर ईंट से कई वार किए। सिर में ईंट से गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस ने जांच कर मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आसीवन थानाक्षेत्र के पेसारी गांव निवासी विमला (60) पत्नी स्व. उमाशंकर का पड़ोस के ही रहने वाले हरिभान (58) पुत्र राम भजन से पैसों का पुराना लेनदेन था। जिसको लेकर हरिभान ने विमला से बुधवार सुबह पैसों की मांग की। इस दौरान दोनों के बीच गाली गलौज ओर विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों से मारपीट शुरू हो गई। इसी दरमियान हरिभान पक्ष की ओर से विमला के सिर पर ईंट से हमला कर दिया गया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत होने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। आसीवन थाना पुलिस को हत्या की सूचना मिली। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने आरोपी हरिभान को हिरासत में लिया है। घटना की जांच पड़ताल के लिए फील्ड यूनिट और फोरेंसिक एक्सपर्ट मौके पर पहुंचे और उन्होंने जांच पड़ताल की है। पुलिस के प्राथमिक जांच में दोनों पक्षों के बीच साढ़े तीन लाख रुपये उधारी का लेनदेन की बात सामने आई है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### नवनिर्वाचित बार अध्यक्ष व पदाधिकारी ने ली शपथ

**सिरौलीगौसपुर।** बार एसोसिएशन सिरौलीगौसपुर के अध्यक्ष,मंत्री पद के निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रयागराज से कार्यक्रम में आये अतिथि सह अध्यक्ष बार कार्उसिल प्रदीप कुमार सिंह एडवोकेट ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को



पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि महन्त, बलराम दास ने शिव वरदान सिंह अध्यक्ष मंत्री महन्त दीपक दास एडवोकेट सहित समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारी एंव सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बार और एंव वेंच में अच्छे सम्बंध स्थापित रखते हुए वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए सतत प्रयास करने पर बल दिया। उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी ने कहा कि बार और वेंच के अच्छे सहयोग से वादकारियों को न्याय प्रदत्त होगा उन्होने नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंत्री एंव समस्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए बार वेंच में सदैव सामांजस्य बनाये रखने की अपील किया। तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय, श्वेताभ सिंह ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर राजा साहेब हडाहा के बेटे राजा रितेश कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट अतुल कुमार सिंह एडवोकेट हाईकोर्ट लखनऊ, प्रदीप कुमार सिंह पूर्व अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह डी जी सी राजस्व,जिला बार के महामंत्री अशोक कुमार वर्मा नगर पंचायत टिकैत नगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी चेयरमैन बहोरी प्रसाद शुक्ल ने राम प्रसाद वर्मा, बालचंद राजीव कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष पद हेतु, धनपत लाल, धनलाल रावत सहित समस्त नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर एल्डर्स कमेटी के विनोद कुमार सिंह सत्यनाम वर्मा, जगदेव प्रसाद रावत, मुरारी शरण दीक्षित, शासकीय अधिवक्ता प्रहलाद कुमार वर्मा सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद थे।

# इनकमिंग टू केबिल बॉक्स जला, तीन घंटा बिजली बाधित

150 गांव के करीब ढाई लाख लोग हुए प्रभावित

लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** फोटो विधुत उपकेन्द्र मसौली में इनकमिंग टू का केबिल बाक्स जलने के कारण तीन घण्टा विधुत बाधित रही। मरम्मत कार्य के बाद बिजली सप्लाई शुरू होने के बाद उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।



विधुत उपकेन्द्र मसौली में बुधवार को साढ़े 11 बजे आचनक इनकमिंग टू का केबिल बाक्स जल गया। जिस कारण केन्द्र के पांचों फिडर की विधुत आपूर्ति बन्द हो गई। अधिकारियों ने संज्ञान लिया और मरम्मत कार्य की शुरुआत हुई। जिसके बाद 2:30 पर कंप्लीट हो गया । फिर जाकर विधुत आपूर्ति चालू हो सकी।

उपकेन्द्र मसौली में गुरुवार को इनकमिंग टू का केबिल बाक्स जलने के कारण करीब ढाई लाख आबादी के तहत करीब 150 गांव के लोगों को तीन घण्टे बिजली आपूर्ति न होने के कारण भीषण गर्मी को लेकर काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

उपकेन्द्र मसौली के अन्तर्गत बांसा, बड़ागांव, धरौली, नसीर नगर,देवकलिया, रहरामऊ, धनकुट्टी, धनकुट्टी, नेवला करसण्डा,ज्योरी, मसौली,मुजापुर,गुरेला, करपिया ,कपरियनपुरवा, नौबस्ता,दहेजिया, जकरिया, सहदतगज, रामपुर सहित सैकड़ों गांवों के उपभोक्ताओं को आचनक आई उपकेन्द्र में खराबी के कारण तीन घण्टे बिजली नही मिल सकी।

जबकि प्रदेश सरकार के मुखिया योगी सरकार के निर्देश पर 18 घण्टे बिजली नही मिल पाने के कारण उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है।जो किसी भी समय प्रशासन के खिलाफ फूट सकता है।

## समझौता न मानने पर पीड़िता की जमकर पिटाई

**पाटन उन्नाव।** दुष्कर्म पीड़िता द्वारा सुलह समझौते से इनकार किए जाने पर आरोपी के भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीडिता की पिटाई करने की तहरीर पर पुलिस ने नाम जद आरोपियों के खिलाफ मारपीट सहित एससी एसटी एक्ट की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी दुष्कर्म की पीडिता पर आरैपी के भाई द्वारा सुलह समझौते का दबाव बनाया जा रहा था, लेकिन पीडिता द्वारा सुलह समझौते से इनकार किए जाने पर सोमवार को दुष्कर्म आरोपी शिक्षक के भाई पप्पू पुत्र बिंदादीन ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पीडिता के ऊपर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर मारा पिटा था और जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया था । मारपीट की इस घटना में पीड़िता ने पप्पू पुत्र बिंदादीन , कन्हैया तिवारी , पूंजन मिश्रा ,बबलू मिश्रा , अतुल दुबे , गोपाली मिश्रा ,गौरव मिश्रा, धुन्नी त्रिवेदी, राम सुमेर पासी, सोनू पासी ,ललउवा पासी, विवेक मिश्रा , निखिल सहित 13 लोगों को नामजद कर पुलिस को तहरीर दिया था ।

## समाजवादी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर 2027 की प्रदेश में बनानी है सरकार

कार्यकारणी की बैठक में कार्यकर्ताओं ने लिया निर्णय

लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की नवनियुक्त कार्यकारणी के पदाधिकारियो की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारीगण व पूरी कमेटी बूथ स्तर पर काम करे। हर बूथ पर कम से कम 15 यूथ की कमेटी बने जिससे की उत्तर प्रदेश के आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में सरकार बन सके।

वही मोहन विधानसभा के सलीमउररहमान अपने तमाम साथीयो के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करी। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष अंकित यादव ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारीयो को मनोनयन सौपते हुए कार्यक्रम का




संचालन भी किया। इस मौके पर चन्द्रपाल निषाद, धर्मेंद्र कुशवाहा, अनिल निषाद, विनोद कुमार, मो.इमरान, शिवा यादव, यदुवीर सिंह, आदर्श सोमिल, कपिल, सुजीत चौधरी, आकाश सिंह, अमन रावत आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी के बिदाई पर प्रबंधतंत्र ने किया सम्मानित

**बीघापुर ।** कमलापति इंटर कॉलेज में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनिल प्रजापति के सेवानिवृत होने पर विद्यालय के शिक्षको एवं विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें सम्मानित कर विदाई दी। विद्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में परिचारक अनिल प्रजापति को प्रधानाचार्य राजेंद्र दीक्षित प्रबंध समिति के अध्यक्ष ए सी बाजपेई ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर उनकी सेवाओं को सराहनीय बताया । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ नेता सतीश मिश्रा ने कहा कि विद्यालय में परिचारक रहे अनिल वर्तमान कर्मचारियों के लिए प्रेरणा श्रोत है उन्होंने पूरी लगन ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं दी ।विद्यालय के शिक्षक अवनीश कुमार व अनूप कुमार ने उन्हें गणेश प्रतिमा देकर सम्मानित किया। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉक्टर राजेश कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार वर्मा, मनोज गौतम, अनिल कुमार मिश्रा ,अरविंद कुमार मिश्र ,सहायक शिक्षक वरुण कुमार ,रमेश कुमार ,बुद्धि लाल, केशवनाथ मिश्रा, दीपक शर्मा ,चंद्र प्रकाश ने भी सेवानिवृत कर्मचारी अनिल को सम्मानित किया।

## सेवानिवृत्त 11 अधिकारियों कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई



लोकमित्र ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस में अपनी सेवा दे चुके 11 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को पुलिस लाइन में भावभीनी बिदाई दी गई । इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह ने सभी सेवानिवृत्त लोगो को उनके कार्यकाल में दी गई सेवाओं को याद करते हुए कहा कि अब आप के जीवन की दूसरी पाली है उसे आप अपने कृतित्व एवम व्यक्तित्व से सार्थक बनाना। पुलिस लाइन सभागार में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए 11 पुलिस कर्मचारी उ0नि0ना0पु0 सुरेश चन्द्र मिश्रा, उ0नि0 म0ना0पु0 श्रीमती मीना पाण्डे,. उ0नि0ना0पु0 देवी प्रसाद तिवारी, उ0नि0ना0पु0 लाल साहब यादव ,उ0नि0ना0पु0 मिथलेश कुमार मिश्रा,उ0नि0स0पु0 संतोष कुमार ,उ0नि0ना0पु0 वीरेन्द्र कुमार, उ0नि0ना0पु0 नीरज सिंह आर.एस.आई अनिल कुमार श्रीवास्तव ,लीडिंग फायरमैन माशूक अली अनुचर कल्लू भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अब्दुल रशीद प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन उपस्थित रहे।

## दामिनी व सचेत ऐप के माध्यम से आकाशीय बिजली से बचाव व सुरक्षित रहने हेतु अपनाये उपाय

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी आगामी दिनों के लिए भारी वर्षा एवं आकाशीय बिजली गिरने की संभावित चेतावनी को देखते हुए सभी नागरिकों को सुरक्षित रहने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनमानस से विभिन्न उपाय को अपनाने की सलाह दी गयी है। उन्होंने बताया कि सभी नागरिक अपने मोबाइल में दामिनी/सचेत ऐप डाउनलोड करने कर लें, इसका प्रयोग घर से बाहर निकलने या कहीं खुले स्थानों में जाने से पहले आकाशीय बिजली अथवा वर्षा होने की चेतावनी प्राप्त करने में किया जाता हैं, दामिनी ऐप के माध्यम से 30 मिनट पूर्व आपके क्षेत्र में बिजली गिरने की संभावना को दर्शाया जाता है व सचेत ऐप के द्वारा अपने क्षेत्र में वर्षा का पूर्वानुमान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दामिनी ऐप का उपयोग



करके अपनी जान की रक्षा करने के साथ ही जागरुकता के द्वारा और लोगों की भी जान बचा सकते हैं, इसके अतिरिक्त आकाशीय बिजली गिरने के पूर्व शरीर के गर्दन के बाल खड़े हो जाते हैं जो कि आकाशीय बिजली गिरने का सूचक है तथा इसके अलावा इस समय धातु के सामानों का इस्तेमाल ना करें जो कि विद्युत के सुचालक है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि पानी से भरे हुए क्षेत्र तालाब, खेत आदि से दूर रहें, नल का इस्तेमाल ना करें, बिजली के खंभों से दूर रहे, यदि कहीं यात्रा कर रहे हो और तो उस अवस्था में कोई पक्का सुरक्षित स्थान न मिलने की दशा में जमीन पर दोनों एडी जोड़कर और हाथ को कान से दबाकर बैठ जाएं, जिससे आकाशीय बिजली से बचा जा सके एवं पेड़ के नीचे कतई न खड़े हो क्योंकि आकाशीय बिजली सर्वप्रथम ऊंचे बिल्डिंग एवं पेडों पर गिरती है तथा पक्का मकान सुरक्षित स्थान नियम का हमेशा पालन करने का प्रयास करें।

## शिक्षकों के अंशदान प्रान खाते में न जमा किए जाने से शिक्षकों में रोष

शिक्षक विधायक ने प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर नियम 110के तहत मांगा समय

लोकमित्र ब्यूरो

उन्नाव। शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल ने प्रमुख सचिव विधान परिषद को लिखे गए पत्र में मांग की है कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में एन पी एस योजना से अच्छादित शिक्षको एवम कर्मचारियों का अंश दान प्रान खाते में जमा किए जाने में हुए घोटाले के प्रकरण को सदन में उठाने के लिए नियम 110के तहत समय मांगा है। ज्ञातव्य हो कि उन्नाव व कानपुर नगर के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में एन0पी0एस0 योजना से आच्छादित शिक्षकों व कर्मचारियों का अंशदान प्रान खातों में न जमा कराये जाने का मामला माह फरवरी, 2024 में लाया गया था, उन्होंने अपने लिखे गए पत्र में कहा है कि जनपद उन्नाव के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रान खातों में माह अक्टूबर 2023 तक का कर्मचारी अंशदान तथा जून 2021 तक का राज्यांश की धनराशि प्रान खातों में जमा किया गया था तथा कानपुर नगर के संचालित 113 विद्यालयों के 1006 शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सापेक्ष 523 शिक्षक एवं कर्मचारियों का माह जुलाई 2023 तक तथा 370 शिक्षक एवं कर्मचारियों का माह दिसम्बर 2023 तक कर्मचारी अंशदान तथा राज्यांश जमा किया गया है। 113 शिक्षक एवं कर्मचारियों का राज्यांश जमा किया जाना शेष है। अवशेष कर्मचारी अशंदान व राज्यांश माह अप्रैल 2024 तक जमाकर दिया जायेगा। विभाग द्वारा जनपद को धनराशि अवमुक्त कर दिये जाने के बाद भी प्रान खातों मे धनराशि जमा नही की गयी।

# यूथ कांग्रेस के जिला सम्मेलन में नफरत रहे जिया अध्यक्ष

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में कांग्रेसियो में नही दिखा एका

लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जिस यूथ कांग्रेस की बैठक में शिरकत करने जिला मुख्यालय पर आए थे इस बैठक में यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के साथ साथ संगठन के ज्यादातर पदाधिकारी बैठक से न रहे। बैठक में गुटबाजी पूरी तरह से दिखाई दी।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जिला मुख्यालय पर यूथ कांग्रेस के नेतृत्व में सम्मेलन होटल शिवा इन बाई पास पर हुआ जिसमे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय भी मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित रहे। इस बैठक में यूथ



कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्रीश बाजपेई नादरत रहे। बताया जाता है कि यह सम्मेलन उस व्यक्ति के कहने पर उसके होटल में आयोजित किया गया था जिसके साथ यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष से चार पांच माह पूर्व अध्यक्षी को लेकर विवाद हुआ था। जिला का एक गुट को यह रस नही आया और उसने वर्तमान जिला अध्यक्ष को नीचा दिखाने के नियत से प्रदेश अध्यक्ष से अपनी पहुंच का एहसास कराने के नियत से कार्यक्रम ले लिया। यही नहीं यह कार्यक्रम अपने निजी होटल में आयोजित कराया। जिसमे जिले के एक नेता का हाथ बताया जाता है। इसी के चलते जिला यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष व जिला कार्यकारिणी के ज्यादातर लोगो में कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस में चल रही गुटबाजी आज पूरे दिन चर्चा का विषय रहा है।

वैसा प्रदेश अध्यक्ष श्री राय ने कार्यक्रम में आए एक एक कार्यकर्ता और संगठन के पदाधिकारियों से संगठनात्मक पहलुओं पर जानकारी हासिल की। यही नहीं संगठन में जन किस तरह से आए कार्यकर्ताओं से पूछा।

बैठक में आरती बाजपेई, जंग बहादुर सिंह, राजन निषाद, सुभाष सिंह, जावेद कमाल के अलावा सरोज भारतीय ने भी संगठन को मजबूती के बारे में राय रखी।

## नाबदान का बाहए जाने से राहगीरों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों

**पाटन उन्नाव।** मुख्य सड़क मार्ग पर खुले आम नाबदान का बाहए जाने से राहगीरों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जल भराव से मार्ग बड़े-बड़े गड्ढों में तबदील गया है। तहसील बीघापुर के उन्नाव लालगंज मार्ग पर स्थित ग्राम बिहार के मजरा गनेशी खेड़ा में सड़क मार्ग के किनारे स्थित मकानों के नापदानों का गंदा पानी खुले आम सड़क पर बहाया जा रहा है । जल भराव होने के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं । जिससे लोगो को आवागमन भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं । उक्त मार्ग पर वाहन की कौन कहे पैदल चलना दूभर हो रहा है । शिकायत के बाद भी सड़क पर हो रहे जल भराव की स्थिति से अब तक निजात नहीं मिली । कस्बा बिहार से अपने घर सहिला जा रहे भैया जी की स्कूटी जल भरा वाले गड्ढे मे फंस कर गिर गई थी।

# सेंट्रल एकेडमी में फाऊंडेशन डे मनाया

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। शहर के आवास विकास स्थित सेंट्रल एकेडमी विद्यालय में 17वाँ फाउंडेशन डे मनाया गया।

इस अवसर पर समस्त अतिथियों को विद्यालय ने नन्हे- मुन्ने बच्चों द्वारा पौधे भेंट करके उनका स्वागत किया। तत्पश्चात विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर संगम मिश्रा सेंट्रल एकेडमी के डायरेक्टर शिवांगम वत्स, डायरेक्टर यू.पी. रीजन हरीश पांडे प्रशासिका वीना पांडे तथा विद्यालय की अन्य शाखों के प्रधानाचार्यों द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, फिर विघ्न हरण मंगल करण गणेश जी की वंदना प्रस्तुतकी गई। इसके बाद सेंट्रल एकेडमी के डायरेक्टर शिवांगम वत्स जी ने अपने ओजस्वी और उत्साहवर्धक भाषण से विद्यालय के बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाया।

इसके बाद सपनों की उड़ान में भी




जान होती है। यही भाव दर्शाते हुए तृतीय कक्षा के बच्चों द्वारा यंग फैनसिटाइजर डांस की प्रस्तुति बहुत सराहनीय रही। चौथी की कक्षा के बच्चों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति से भरे एक सुंदर संगीत- नृत्य तुझे नमामि होद्दद्दद्द ने सबको देशभक्ति की भावना से भर दिया। नमस्ते करना, सूर्य नमस्कार, हल्दी, तुलसी, मेहंदी आदि का स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है- इसका महत्व बताते हुए एक सुंदर सी नाटिका डेली लैबर होमेडी कक्षा पांचवी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई, जो बहुत सराही गई। पंचतत्व की उत्पत्ति, विकास को दर्शाते हुए पंचभूता प्रोग्राम कक्षा सातवीं के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसके अंत में पर्यावरण हानि पर चिंतन दर्शाया गया। जहां एक तरफ नौवीं और दसवीं के छात्रों द्वारा एक सुंदर देशगीत प्रस्तुत हुआ वही योगाटर्न प्रोग्राम के तहत कक्षा ग्यारहवीं और 12वीं के छात्रों द्वारा कई पिरामिडों का प्रदर्शन किया जो अत्यंत रोमांचकारी था गया। इस प्रकार कार्यक्रम में समस्त बच्चों की सराहनीय भागीदारी रही। पिछले वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके अभिभावक भी उपस्थित थे। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. संगम मिश्रा ने इन बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य संचिता श्रीवास्तव ने आए हुए समस्त जनों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## समस्याओं को लेकर कांग्रेस सजग, सड़कों को निर्माण के लिए मांग

**भेटुआ/अमेठी।** बिकास खण्ड में समस्याओं को लेकर कांग्रेस सजग है। राजीव गाँधी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए हाई कमान का निर्देश मिला है। बिकास खण्ड के पांच स्कूलों मे कार्यक्रम आयोजित होगें। जिसमे जगदम्बा प्रसाद शुक्ल इण्टरमीडियेट कालेज भेटुआ,राम बली सिंह स्कूल पिण्डोरिया,मदसा हनीफ इण्डियन पब्लिक स्कूल बसहू,श्री दशरथ महराज स्कूल गौरिकपुर का निरीक्षण ब्लाक कांग्रेस कमेटी भेटुआ अध्यक्ष अजित कुमार यादव,न्याय पंचायत अध्यक्ष शिव बहादुर मौर्य,कांग्रेस जिला सचिव कृपा शंकर यादव,मण्डल कांग्रेस अध्यक्ष कौशल किशोर मिश्र,शेर अली,भोला सिंह आदि इस मौके पर मौजूद रहे। न्याय पंचायत अध्यक्ष बिजय कुमार तिवारी ने रामदैयपुर सम्पर्क मार्ग,राम भुआल ने सनहा से कोहरन का पुरवा सम्पर्क मार्ग,रत्नाकर सिंह ने सण्डिला से पूरे पदमिन का पुरवा सम्पर्क मार्ग,लाल प्रताप यादव ने देवरहा पूरे निद्धि-पूरे गौरीशंकर सम्पर्क मार्ग,राम नेवाज पाल ने अमेठी-दुर्गापुर रोड से पूरे मायाराम गुगवाछ सम्पर्क मार्ग निर्माण की मांग उठाई है।

## दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु चिन्हांकन कैम्प का आयोजन 5 से

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना से लाभान्वित किए जाने हेतु दिव्यांगजन विभाग एवं एल्मिको (भारत सरकार का उपक्रम) जीटी रोड कानपुर की ओर से चिन्हांकन कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप में दिव्यांगजन की सहायता के सभी प्रकार की कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने हेतु चिन्हित किया जाएगा। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि तहसील गौरीगंज अंतर्गत दिनांक 5 अगस्त 2024 को विकासखंड गौरीगंज में, तहसील अमेठी अंतर्गत विकासखंड परिसर अमेठी में दिनांक 6 अगस्त 2024



को, तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत दो कैंप लगाए जाएंगे जिसमें विकासखंड मुसाफिरखाना परिसर में 7 अगस्त 2024 को तथा विकासखंड जगदीशपुर परिसर में दिनांक 8 अगस्त 2024 को तहसील तिलोई अंतर्गत 9 अगस्त 2024 को विकासखंड परिसर तिलोई में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक चिन्हांकन कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी दिव्यांगजनों को सूचित करते हुए बताया है कि निर्धारित तिथियों में अपने सभी अभिलेख दिव्यांग प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, एक फोटो सहित निर्धारित तिथियों में अपना चिन्हांकन अवश्य कराएं ताकि आपकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए जा सके।

संक्षिप्त खबरें

## क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश से हुई राहत

**धौरहरा-खीरी।** क्षेत्र में सुबह दस बजे से शुरू हुई जोरदार बारिश से कई दिनों से पड रही भयानक उमस भरी गर्मी से राहत मिलने के साथ किसानों द्वारा खेतो में बोई गई फसले गन्ना,धान,उरद,केला आदि फसलों को भी राहत मिली है ज्ञात हो कि तेज धूप के साथ पड रही गर्मी से फसलों में हो रही सिंचाई से राहत मिलने से फसलों में रौनक लौट आई हैं। तराई क्षेत्र में काफी समय से तेज धूप के चलते पड रही उमस भरी सडी गर्मी से फसलों के साथ साथ आम आदमी को भी काफी परेशानी आने के खेतो में खडी फसले भी सूखने की कगार तक पहुंच गई थी।रही सही कसर क्षेत्र में हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती से क्षेत्र में हाहाकार मचा था। लेकिन बुधवार सुबह 10 बजे से शुरू हुई जोरदार बारिश ने आम आदमी को गर्मी से निजात दिलाने के साथ साथ खेतों में गन्ना केला उरद धान सहित अन्य फसलों को राहत मिलने के साथ साथ मौसम भी सुहाना दिखाई दे रहा है। बारिश होने के साथ बार बार हो रही बिजली कटौती से भी राहत मिली।

## आगरा एयरपोर्ट और कैंट रेलवे स्टेशन पर आरडीएक्स से धमाके की धमकी

**आगरा।** अज्ञात व्यक्ति ने आगरा एयरपोर्ट और कैंट रेलवे स्टेशन को



आरडीएक्स से उड़ाने धमकी दी है। डीजी कंट्रोल रूम में धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस महकमे में खलबली मच गई। लखनऊ पुलिस मुख्यालय से धमाके की धमकी के बारे में आगरा कमिश्नरेट को जानकारी दी गई। पुलिस तुरंत छानबीन में जुट गई। शाहगंज थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आगरा एयरपोर्ट और कैंट रेलवे स्टेशन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जानकारी के मुताबिक, ई-मेल में लिखा है कि तीन अगस्त को आगरा के एयरफोर्स स्टेशन यानि एयरपोर्ट पर 50 किलो आरडीएक्स रखने वाला हूं।

उसके बाद आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर धमाका करूंगा। किसी पुलिस वाले में हिम्मत है तो रोककर दिखाए। पुलिस को खुला चैलेंज करता हूं। सीएम योगी को चेतावनी देता हूं एयरपोर्ट सुरक्षित कर सकते हैं, तो कर लें। धमकी के ई-मेल से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में खलबली है। ई-मेल की जांच एटीएस और एसटीएफ ने शुरू कर दी है। शाहगंज थाना प्रभारी निरीक्षक कुशल पाल सिंह का कहना है कि पुलिस मुख्यालय से ई-मेल से धमकी की जानकारी मिली थी। मुख्यालय ने ई-मेल भी भेजा। इस ई-मेल की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ शाहगंज थाना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। डीसीपी सूरज राय ने मीडिया से कहा कि एयरपोर्ट स्टेशन और कैंट रेलवे स्टेशन दोनों जगह पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। ई-मेल के बाद आगरा कैंट रेलवे स्टेशन एवं अन्य स्टेशनों पर आरपीएफ और जीआरपी डॉग स्क्वॉयड के साथ यात्रियों की चेकिंग करते दिखाई दिए। रेलवे स्टेशन पर चप्पे- चप्पे की तलाशी ली जा रही है।

सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। किसी भी यात्री को बगैर जांच के अंदर प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। रेलवे स्टेशन एवं सर्कुलेटिंग एरिया के साथ-साथ ट्रेनों के अंदर भी डॉग स्क्वॉयड के साथ जीआरपी और आरपीएफ यात्रियों की जांच कर रही है।

# डीएम व एसपी ने किया जेल निरीक्षण, सुनीं बंदियों की समस्याएं

- डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण, महिला व पुरुष बन्दियों से जेल की व्यवस्थाओं की ली जानकारी
- डीएम एवं एसपी ने जिला जेल का लिया जायजा, कैदियों से वार्ता कर जानी समस्याएं, दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** जिलाधिकारी खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा जिला कारागार खीरी का औचक निरीक्षण किया गया। झमाझम बारिश के बीच कारागार पहुँचे आलाधिकारियों ने सम्पूर्ण कारागार परिसर का भ्रमण कर पुरुष बैरक, महिला बैरक आदि का निरीक्षण करते हुए बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

**कैदियों के भोजन गुणवत्ता को परखा**

इसके बाद डीएम, एसपी समेत जेल अधीक्षक व आलाधिकारी जेल अस्पताल गए और वहां उपलब्ध दवा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। किचन में जाकर कैदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा कि जेल में कैदियों को सही भोजन व नाश्ता मिल रहा है कि नहीं। हवालात कार्यालय में जाकर अभिलेखों की जांच की। महिला बैरक में जाकर उनसे बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं है जिलाधिकारी ने कारागार परिसर में साफ-सफाई बनाये रखने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जेल अधीक्षक जिला कारागार खीरी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# डीएम ने तीन भण्डारणकर्ताओं पर ठोका 34 लाख का जुर्माना

- कूटरचित 11 मामले में डीएम ने दिए पट्टाधारक पर एफआईआर के निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद खीरी में अवैध खनन, परिवहन पर अंकुश लगाने, प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। डीएम ने तीन भण्डारणकताओं पर 34 लाख का जुर्माना लगाया और कूटरचित emm11 मामले में पटटाधारक पर एफआईआर के निर्देश दिए।

माह जुलाई 2024 में तहसील धौरहरा के शारदानगर और तहसील पलिया के भण्डारणकर्ताओं द्वारा स्वीकृत मानक के सापेक्ष अधिक मात्रा में साधारण बालू का भण्डारण पाया गया तथा सेठघाट रोड पर स्थित एक अवैध डम्प सा.बालू का पाया गया। उक्त तीनों भण्डारणकताओं से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर लगभग 34.00 लाख रूपये का अर्थदंड आरोपित किया गया और कूटरचित द्गद्दद्ब11 जारी किये जाने के सम्बन्ध में डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए एक पटटा धारक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराये जाने के निर्देश दिए।

अवैध खनन पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, दो डंपर ऑनलाइन चालान, एक डंपर सीज बुधवार को डीएम के निर्देश पर खनन अधिकारी आशीष सिंह ने अपनी टीम संग भ्रमणशील रहकर औचक निरीक्षण किया। अवैध खनन एवम् परिवहन में प्रयुक्त तहसील सदर क्षेत्र में बालू व मिट्टी के अवैध खनन व ढुलाई करने पर खनन अधिकारी ने कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने दो डंपर ऑनलाइन चालान कर अनुमन्य अर्थदंड भी जमा कराया। वही अवैध खनन, परिवहन में प्रयुक्त एक डंपर पकड़ा और सीज करते हुए संबंधित थाने में खड़ा कराया।

अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोड पर प्रभावी अंकुश लगाने को चला माहभर अभियान, वसूला 6.31 लाख का राजस्व खनन अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि जनपद खीरी में अवैध खनन/परिवहन पर अंकुश लगाये जाने, प्रभावी रोकथाम लगाये जाने, सतत निगरानी रखते हुए माह जुलाई, 2024 में अवैध खनन, परिवहन में सम्मिलित कुल 23 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए मु0 छह लाख 31 हजार 870 रू0 राजस्व की वसूली की गयी तथा बुधवार को 03 वाहनों का आनलाइन चालान किया गया।

खनन अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए कहा कि किसी भी दशा में साधारण बालू/मिट्टी का अवैध खनन न किया जाय, अन्यथा की स्थिति में संबंधित वाहनों को सीज कर वाहन चालक/वाहन स्वामी तथा भू-स्वामी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# बरवाला शहर के जींद मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप अवैध कॉलोनी में चला पीला पंजा

- इस प्रकार की अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट वगैरह की खरीद ना करें- - जेई हरज्ञान सिंह

लोकमित्र ब्यूरो



**हरियाणा/ हिसार। (नवप्रीत कौर)।** जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा बरवाला शहर में जींद मार्ग पर पेट्रोल पंप के समीप कच्चा रोड पर 2 एकड़ में बनी अवैध कॉलोनी में भरी व खोदी गई नीवों को जेसीबी चला कर तहस नहस किया गया। इस दौरान कॉलोनी काटने वालों ने एतराज तक नहीं किया और मौके पर भी नहीं पहुंचे। अवैध कालोनी काटने वालो में तो अफरा तफरी मच गई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नगरपालिका सचिव गौरव शर्मा मौजूद रहे। किसी अप्रिय घटना से बचाव हेतु विभाग द्वारा पुलिस के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। जेई हरज्ञान सिंह ने बताया कि अवैध कालोनी काटने वालो को नोटिस भी दिए गए और मौके पर नोटिस भी चस्पा दिए गए थे परंतु उस नोटिस का विभाग को कोई जवाब नहीं दिया गया। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा आगे भी अवैध कॉलोनी में इसी प्रकार कार्रवाई जारी रहेगी। जेई हरज्ञान सिंह ने शहर के लोगों से इस प्रकार की अनधिकृत कॉलोनी में प्लाट ना खरीद किए जाने की अपील की है। बरवाला शहर में काटी जा रही अवैध कॉलोनी की जिला नगर योजनाकार विभाग को तुरंत सूचना दें ताकि अवैध कालोनी काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके और शहर के लोगों की जमा पूंजी को बर्बाद होने से बचाया जा सके।

# डीपीओ ने किया आंगनबाडी केंद्र का निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

- विद्यालय परिसर में टूटी बॉउंड्री वाल और जलभराव को लेकर की बीएसए से वार्ता

लोकमित्र ब्यूरो



**तिकुनियां-खीरी।** कस्बे के टायर चौराहे स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कर उचित दिशा निर्देश दिए हैं।

बुधवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत प्रसाद टायर चौराहे स्थित जूनियर हाईस्कूल पहुंचे इसी परिसर में जर्जर भवन में आंगनवाड़ी केंद्र चल रहा था ,कुछ दिन पहले इस जर्जर केंद्र की खबर प्रकाशित हुई थी इसी की जांच के लिए डीपीओ आज आए थे।

जर्जर भवन को देखकर उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्री को समय से सूचना न देने की फटकार लगाई और साथ ही विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाचार्य से केंद्र संचालन के लिए एक कक्ष देने व विद्यालय परिसर में जलभराव को लेकर भी सवाल जबाब किए। विद्यालय परिसर में जलभराव को लेकर उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता भी की। डीपीओ ने ग्राम प्रधान शफीक अहमद से जर्जर केंद्र की मरम्मत कराकर सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश भी दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया की आंगनबाडी केंद्रों का प्री प्राइमरी में समायोजन का कार्यक्रम चल रहा है यदि किसी केंद्र का अपना भवन नहीं है या फिर भवन जर्ज़र अवस्था में है तो पास के प्राइमरी अथवा जूनियर के शिक्षक उन्हें एक कक्ष दें और केंद्र के संचालन में सहयोग प्रदान करें कोई भी शिक्षक विद्यालय का कक्ष देने से इंकार नहीं कर सकता।

# वैज्ञानिकों को सुझाए बेहतर खेती के गुर

- सीडीओ के अध्यक्षता में हुई जनपदीय खरीफ गोष्ठी, किसानों को दी लाभकारी जानकारी
- गोष्ठी में किसानों को बाटी गई श्री अन्न की मिनी किट

लोकमित्र ब्यूरो




**लखीमपुर-खीरी।** बुधवार को कलेक्ट्रेट में सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खरीफ गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को लाभकारी खेती करने के लिए उपयोगी जानकारी दी। गोष्ठी में मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख बेहजम/नकहा/मोहम्मदी तथा जिला पंचायत सदस्य ने प्रतिभाग किया।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन- प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है।

उन्होंने जिले में स्थापित हाईटेक नर्सरी के उपयोग करने का अनुरोध किया, जहां से किसान भाई अपनी सब्जी की खेती के लिए पौध कम कीमत पर तैयार करवा सकते हैं। साथ ही कृषक उत्पादक संगठनों से निर्यात की दृष्टि से उपयोगी औद्यानिक फसलों के उत्पादन का संस्करण पैकेजिंग आदि करके किसानों की आय बढ़ानें पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सीडीओ ने किसान भाइयों से अनुरोध किया कि गोष्ठी में प्राप्त जानकारी को न केवल स्वयं अपनाएंगे व आसपास के अपने जानने वाले किसानों तक भी तकनीक को पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उपस्थित किसानों को श्री अन्न जैसे सावां, कोदो तथा रागी के मिनी किट भी वितरित किये गये।

खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का संचालन डीडी कृषि ने किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ पीके बिसेन ने खरीफ की फसलों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। किसानों को फसल बीमा, प्राकृतिक खेती तथा आईपीएम (समनवित नाशी जीव प्रबन्धन) विधि से कीड़े, बीमारियों की रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

अन्त में डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, किसान भाईयो धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक विधि से खेती कर अधिक उपज प्राप्त करने की सलाह दी। गोष्ठी में जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, पीपीओ, एलडीएम, डीटीएम नाबार्ड, डीएचओ, सचिव मंडी, एई लघु सिंचाई तथा अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कृषि विज्ञान केंद्र मझरा/जमुनाबाद गोला के वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया एवं कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधि, किसान भाई, बहनों ने भी प्रतिभाग किया।

# गोष्ठी में किसानों को बाटी गई श्री अन्न की मिनी किट

- बाइक चोरी का बीस दिन बाद भी नही लिखा मुकदमा, पीड़ित काट रहा चक्कर
- बाइक चोरी होने का मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है कोतवाली पुलिस
- बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाने को दर-दर भटक रहा पीड़ित

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** मामला कोतवाली क्षेत्र के कलेक्ट्रेट पर सरकार है जहां कचहरी किसी काम से आए एक युवक की बाइक चोरी हो गई जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए युवक 20 दिन से भटक रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेन्द्र सिंह पुत्र तीर्थराज निवासी ग्राम कोरैया धारा पोस्ट रवही कोतवाली सदर किसी काम से कचेहरी आया था।

उसने अपनी काले रंग की स्पलेंडर बाइक पंजीकरण संख्या यूपी 31 बीई 6958 को उप जिलाधिकारी कार्यालय के पास खड़ा कर दिया वापस आने पर उसे वहां पर उसे बाइक वहां पर नहीं मिली शिकायतकर्ता के मुताबिक बाइक चोरी की रिपोर्ट लिखाकर बाइक बरामदगी के लिए पीड़ित दर-दर भटक रहा है, लेकिन विधिक कार्रवाई नही की जा रही है।

### क्या बोले चौकी इंचार्ज जेल गेट!

इस मामले में जब जेल गेट चौकी प्रभारी उप निरीक्षक लोक नाथ गुप्ता से उक्त कचेहरी परिसर में बाइक चोरी मामले में मुलाकात कर जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया था मौके पर पुलिस टीम पहुंची भी थी पीड़ित द्वारा पहले द्वेष भावना के चलते अपने विपक्षी रिश्तेदारों का नाम तहरीर मे डाला जबकि जांच पड़ताल में आरोपित निराधार पाए गए उसके बाद शिकायतकर्ता अब अज्ञात चोरों की तहरीर दे रहा है फिलहाल मामला संदिग्ध लग रहा मुझे लग रहा है कि शिकायतकर्ता बाइक चोरी को लेकर कहानी गढ़ रहा फिलहाल इस मामले में जांच पड़ताल जारी है।

## गुरुकुल की स्थापना का उद्देश्य सनातन संस्कृति का पुनरुत्थान : सतीश

**अयोध्या।** श्री राम आर्ष गुरुकुल विद्यापीठ संस्थान ग्राम टंडिया,कुचेरा मिल्कीपुर कार्यालय का उद्घाटन स्वामी करपात्री जी महाराज द्वारा किया गया। गुरुकुल विद्यापीठ के प्रबंधक पंडित सतीश चंद्र शास्त्री ने कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर बताया कि श्री राम आर्ष गुरुकुल विद्यापीठ संस्थान का भूमि पूजन आगामी 4 नवंबर को किया जाएगा। इस आयोजन के लिए देश के प्रमुख संतो एवं विशिष्ट जनों को आमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। भूमि पूजन में श्री राम विलास वेदांती जी, जानकी कुंज पीठाधीश्वर वीरेंद्र दास महाराज जी, अनिरुद्धचार्य जी, धर्मदास जी महाराज, मधु काजल किन्नर कल्याण बोर्ड सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित होंगे। प्रबंधक पंडित सतीश चंद्र शास्त्री ने बताया गुरुकुल की स्थापना का उद्देश्य सनातन संस्कृति के पुनरुत्थान के लिए अयोध्या की पावन भूमि पर एक ऐसी संस्था गुरुकुल का निर्माण होने जा रहा है।

# झमाझम बारिश से अलीगंज कस्बा हुआ जलमग्न

- पानी से भरी गलियां और सड़कें
- पालिका के दावों की पोल खुली, जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगंज/एटा।** बीती रात से हो रही भारी बारिश ने अलीगंज क्षेत्र को जलमग्न कर दिया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश ने क़स्बा में तांडव मचाकर रखा है। अलीगंज कस्बे के निचले हिस्सों के घरों में पानी घुस गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कों और गलियों में भी पानी भर गया है जिससे नागरिकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश के कारण जलस्रोतों में पानी तेजी से भर रहा है, जिससे क्षेत्र के अलावा गांवों में भी खतरा मंडराने लगा है।

अलीगंज क्षेत्र में लगातार झमाझम बारिश से सड़कों और गलियों में पानी का स्तर काफी बढ़ गया है। कस्बे की मुख्य सड़कों भी पानी-पानी हो चुकी है जिससे यातायात ठप हो गया है।

गंदे नाले का पानी सब्जी मंडी व घरों में घुसने लगे हैं। लोग अपने-अपने घरों में कैद हो गए हैं और आवाजाही में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। बिजली की सप्लाई भी प्रभावित हुई है, जिससे लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। भारी बारिश के कारण आधा दर्जन मोहल्लाओ की हालत खराब हो चुकी है। जिसमें मोहल्ला काजी, लोहरी दरवाजा, राधा कृष्ण मोहल्ला टपकान टोला, नई सब्जी मंडी,बालकिशन मोहल्ला सहित आधा दर्जन से ज्यादा बरसात से लबा लब पानी भर चुके हैं। आवागमन भी नहीं हो पा रहा है।

### डेंगू और अन्य बीमारियों का खतरा

भारी बारिश के बाद जलभराव के कारण नगर पालिका की पोल खोलती दिखाई दे रही है। पालिका ने जल निकासी व्यवस्था के दावे किए थे लेकिन इस भारी बारिश ने इन दावों की हकीकत को उजागर कर दिया है। जल निकासी की कमी और सड़कों-गलियों पर भरते पानी ने यह साबित कर दिया है कि मौजूदा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है।

जिस कारण अलीगंज कस्बे में डेंगू का खतरा और बढ़ गया है। गंदे पानी के जमा होने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। खुले नालियों और गंदे पानी के जमाव के कारण संक्रमण और बीमारियाँ फैलने की संभावना बढ़ गई है।

इसी बात से आप अंदाजा लगा लीजिए कि जब मोहल्ले की बरसात में यह हालत है तो झुग्गी झोपड़ी और गली में रहने वाले लोगों के घरों की क्या हालात होंगी।

# नौ दिन पूर्व बाइक सवार व्यक्ति के साथ हुई लूट की घटना का सफल अनावरण

- कार सवार चार शातिर अभियुक्त लूटी गई नकदी 9800 रुपये, मोबाइल फोन तथा अवैध असलहा कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार सहित गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** थाना कोतवाली देहात, जनपदीय इंटेलिजेंस विंग, एंटी थैफ्ट व्हीकल तथा सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही, नौ दिन पूर्व थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांर्गत बाइक सवार व्यक्ति के साथ हुई लूट की घटना का सफल अनावरण, कार सवार चार शातिर अभियुक्त लूटी गई नकदी 9800 रुपये, मोबाइल फोन तथा अवैध असलहा कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार सहित गिरफ्तार। 23 जुलाई को वादी विपिन कुमार पुत्र ध्रुव सिंह निवासी फकैता थाना बिछवां, मैनपुरी द्वारा थाना कोतवाली देहात पर सूचना दी गई कि 22 जुलाई को वह मोटरसाइकिल से गुड़गांव से अपने गांव आ रहा था रात्रि करीब 09.00 बजे जैसे ही पिलुआ से आगे निकलकर विरामपुर पुल की तरफ आगे बढ़ा तो पीछे से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी सवार अज्ञात बदमाशों ने ओवरटेक कर अपनी गाड़ी को वादी की मोटरसाइकिल के सामने लगा दिया जिससे वादी मोटरसाइकिल सहित गिर गया। गाड़ी में से तीन व्यक्ति उतरे जिनके पास अवैध हथियार भी थे, उन्होंने वादी को अपनी गाड़ी में डाल लिया और मैनपुरी की तरफ तेजी से भगा कर ले गये। रास्ते में वादी से उसका मोबाईल फोन ओप्पो, जेब में रखे हुये 8000 रुपये तथा कपड़ों का बैग जिसमें 12000 रुपए रखे हुये थे छीन लिये और वादी के साथ मारपीट कर सैंथरी पुलिस चौकी के पास उतारकर भाग गये। इस सूचना पर थाना कोतवाली देहात मुक़द्दमा दर्ज किया गया। 31 जुलाई को थाना कोतवाली देहात पुलिस, जनपदीय इंटेलिजेंस विंग, एंटी थैफ्ट व्हीकल तथा सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही में मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे चार शातिर अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर नगला गलू जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की जामातलाशी तथा मौके से लूटे गए 9800 रुपए व मोबाइल फोन, चार अवैध तमंचा व आठ जिंदा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की गई। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया की उन्होंने 22 जुलाई की रात्रि में समय लगभग 09.00 बजे विरामपुर पुल से एक व्यक्ति की मोटरसाईकिल में टक्कर मार के उसको गिरा दिया था।

# राहुल गांधी पर अभद्र टिप्पणी को लेकर कांग्रेसियों ने फूंका पुतला




**सुल्तानपुर।** नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा बोले गये अपशब्द को लेकर बुधवार को कांग्रेसी उग्र हो गए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेता जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से निकलकर सुपर मार्केट होते हुए डाकखाना चौराहा पहुंचे जहां उन्होंने अनुराग ठाकुर शर्म करो, अनुराग ठाकुर, माफी माँगो आदि नारे लगाते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। तत्पश्चात उग्र हुऐ कांग्रेसी कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर पहुंचे जहां उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

ज्ञात हो कि विगत दिनों भरी संसद में भाजपा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जाति जनगणना को लेकर रायबरेली सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर अपशब्द का प्रयोग किया था, जिससे नाराज कांग्रेसियों ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का शहर स्थित डाक खाना चौराहे के पास प्रतीकात्मक पुतला फूँका, उसके बाद कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर पहुंचकर घंटो जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग मनु स्मृति से देश को चलाना चाहते हैं आज जिस तरह से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी पर अपशब्द का प्रयोग किया गया, यह सिर्फ राहुल गांधी का अपमान नहीं हुआ है पूरे भारत वासियों का अपमान किया गया है। हमारे जननेता राहुल गांधी सभी जाति और धर्म का आदर व सम्मान करते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि इस तरह की अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने की मानसिकता सिर्फ भाजपाइयों की हो सकती है, हमारे नेता राहुल गांधी सभी धर्मो के लोगों को एक साथ लेकर चलते हैं और उनके न्याय और हक की लड़ाई लड़ते हैं जिस तरफ भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने अपशब्द का प्रयोग किया इससे भाजपा का असली चेहरा सामने आ गया है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत पुरानी संसद में इतिहास रहा है कभी भी किसी भी नेता के खिलाफ आपत्तिजनक व अपशब्द का प्रयोग नहीं किया गया। लेकिन आज नई संसद में विपक्षी नेताओं पर अभद्र टिप्पणीका व आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करना भाजपाइयों का पेशा बन चुका है। जिला उपाध्यक्ष पवन मिश्र कटांवा ने कहा कि इस अभद्र टिप्पणी के लिए अनुराग ठाकुर माफी मांगे नही तो देशव्यापी आदोलन होगा। इस मौके पर नफीस फारुकी, महेंद्र सिंह, रणजीत सिंह सलूजा, राष्ट्रीय मीडिया के राजेश तिवारी, सुब्रत सिंह सनी, ममनून आलम शहबाज खान, मानस तिवारी, सिराज अहमद भोला, प्रेम भारती, गुड्डू जायसवाल, सिराज अहमद भोला, महेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, श्याम लगन देवेंद्र तिवारी,जीशान अहमद, अबरार अहमद, राहुल मिश्रा हाजी फिरोज अहमद सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राम अक्षयवर चौहान की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), द्वारा जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शराब की समस्त दुकानों को खाद्य अनुज्ञप्ति से आच्छादित कराना सुनिश्चित करें तथा मण्डी सचिव को निर्देशित किया गया कि नवीन मण्डी स्थल शीतला चौकिया जौनपुर को क्लीन एण्ड फ्रेश फरूट एण्ड वेजिटेबल मार्केट सर्टिफिकेट से आच्छादित कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देशित किया गया कि आगामी त्यौहार रक्षाबन्धन एवं श्रावण मास के दृष्टिगत कावड़ियों के आवागमन मार्ग पर स्थित मिठाई की दुकानों, कैण्टीन एवं ढ़ाबों का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ-साथ स्वच्छ भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करायें।बैठक में समिति के समस्त सदस्य तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज बनने का सफर हुआ पूरा, सुविधाओं में होगी बढ़ोत्तरी

### स्वशासी राजकीय महाविद्यालय के नाम पर लगी मुहर, दवाई और पढ़ाई होगी एक साथ




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** लंबे इंतजार के बाद जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज बनने का ख्वाब हुआ पूरा, मेडिकल कॉलेज की मान्यता मिलते ही प्राचार्य डां.सलिल श्रीवास्तव काफी जोश में है। व्यवस्थाओं में बढ़ोत्तरी और मरीजों के उपचार में समस्त प्रकार की सुविधाए उपलब्ध करवाने का प्रयास करने की बात प्राचार्य ने कही। वही जूनियर रेजीडेंट/जेआर के द्वारा स्वशासी राजकीय महाविद्यालय में किए जा रहे गैर जिम्मेदाराना कार्यों पर संपूर्ण अंकुश लगाने की भी बात कही, मेडिकल कॉलेज में अब कोई भी जेआर बगैर सीनियर डाक्टर के ओपीडी नही करने का भी आश्वासन प्राचार्य डां.सलिल श्रीवास्तव ने दिया। प्राचार्य ने बताया कि अतिशीघ्र दूबेपुर में पढाई शुरू की जाएगी, जहां 100 डाक्टरों के पठन-पाठन की व्यवस्था दी गई है।

उन्होने बताया कि अभी हमारे पास सहायक प्राचार्य की संख्या कम है, फ्रि भी एडमिशन शुरू होते ही हम व्यवस्थाओं को और बढ़ाने का प्रयास करेगें, प्रिसिंपल डां.सलिल श्रीवास्तव ने बताया कि मौजूदा समय में मेडिकल कॉलेज में 60 जूनियर डॉक्टरों की संख्या है, जो शिफ्ट/रोटेशन में ड्यूटी कर रहे है। उन्होनें मरीजों के उपचार और स्वस्थ लाभ के प्रयास को और गति देने के लिए वार्डो में डाक्टरों के राउंड बढाएं जाएगें। समस्याओ पर मरीज व तीमारदारों की शिकायतों पर त्वरित गति से संज्ञान लेकर उसके निस्तारित का प्रतिशत बढाया जाएगा। प्राचार्य डां.सलिल श्रीवास्तव ने कहाकि मेडिकल कॉलेज को और बेहतर बनाने में स्टाफ, मरीज व उनके तीमारदारों का सहयोग अपेक्षित है।

# पुरानी पेंशन का विकल्प भरे जाने पर शिक्षकों में खुशी की लहर

### विशिष्ट बीटीसी शिक्षकों ने एक दूसरे को मुंह मीठा खिलाकर जताई खुशी



**बलरामपुर।** शासन से पुरानी पेंशन का विकल्प पत्र भरे जाने के निर्देश पर 2004 बैच के विशिष्ट बीटीसी शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए इसे शिक्षकों के लंबे लड़ाई की जीत करार दिया है।

विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कंपोजिट स्कूल जद्दापुर के प्रधानाध्यापक डॉ उत्तम चंद्र गुप्ता ने बताया कि 2004 के विज्ञापन से 2005 में सभी को नियुक्ति मिली थी तब से पुरानी पेंशन के लिए लगातार शिक्षक कर्मचारी लड़ाई लड़ रहे हैं शिक्षकों की आखिर में जीत हुई एवं केंद्र सरकार की भांति उत्तर प्रदेश सरकार ने भी पुरानी पेंशन के लिए विकल्प पत्र शिक्षकों कर्मचारियों से मांगा है इस परिधि में आने वाले सभी शिक्षकों ने अपने-अपने ब्लॉकों में पुराने पेंशन के लिए विकल्प पत्र भरकर ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है

शिक्षक नेता ने कहा कि लंबी लड़ाई के बाद आखिरकार शिक्षक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन पाने का रास्ता साफ दिख रहा है इस दौरान शिक्षक नेता ने अपने सहयोगी शिक्षकों सहित विशिष्ट बीटीसी के अन्य शिक्षकों को मिठाई खिलाकर खुशी जताई है उन्होंने कहा कि विकल्प पत्र के बाद पेंशन बहाली का रास्ता साफ हो जाएगा। इस दौरान विद्यालय के सहयोगी शिक्षकों सहित संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शुक्ला मंत्री तुलाराम गिरी मीडिया प्रभारी निर्मल द्विवेदी सहित प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिलीप चौहान आदि ने केंद्र एवं राज्य सरकार से शिक्षक कर्मचारियों से पुरानी पेंशन का विकल्प पत्र मांगे जाने की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एक दूसरे को बधाई दी है।

# वृक्ष के बिना जीवन संभव नहीं- तुलाराम

### कंपोजिट विद्यालय महादेव बाकी में फलदार छायादार पौधों का हुआ रोपण





**बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र हरैया सतघरवा के कमपोजिट विद्यालय महादेव बांकी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पखवाड़ा के तहत शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के तहत बच्चों के बुनियादी शिक्षा एवं नवाचार शिक्षा पर जोर दिया गया बच्चों में नवाचार विकसित करने के उद्देश्य से परिषदीय स्कूलों में पौधारोपण किया गया।

विद्यालय में समस्त स्टाफ व बच्चों सहित उनके माता पिता पर्यावरण संरक्षण को ध्यान रखते हुए 35 पौधे रोपित किये गए।

इन पौधों के सुरक्षा की जिम्मेदारी देते हुए बच्चों को पौधा प्रभारी नामित किया गया, वृक्ष धरा के भूषण, दूर करें प्रदूषण व हमारे जीवन में वृक्षों की क्याउपयोगिता है इस विषय पर भी बच्चों से विस्तार से विभिन्न बिंदुओं को साझा किया गया। पौधारोपण में पीपल, बरगद व नीम के पेड़ लगाए गए हैं

पेड़ के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से प्रधानाध्यापक तुलाराम गिरि ने बच्चों को बताया कि पेड़ धरती के आभूषण है एवं मानव जीवन उनके बिना संभव नहीं है

साथ ही वृक्षों से होने वाले लाभ के बारे में भी बताया, इस अवसर पर सहायक अध्यापक मनोज कुमार तिवारी, अंकित कुमार, शिक्षा मित्र गीता कुमारी, रमेश कुमार, रसोइया ललिता देवी, शान्ति देवी, ज्ञानमती, राजेंद्र व गीता सहित बच्चे भी उपस्थित रहे

## थानाध्यक्ष की कार्यशैली से नाराज भाजपा नेताओ ने आईजी को लिखा पत्र

**बलदीराय/सुलतानपुर।** धनपतगंज थाना क्षेत्र में शासन का आदेश कोई मायने नही रखता। आए दिन बढ़ रहे अपराधो के ग्राफ ने पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है स्थानीय भाजपा नेताओ में थाने की कार्यशैली को लेकर मुखर हो गए हैं। लगभग दर्जन भर भाजपा सक्रिय नेताओ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ तथा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को जरिए शिकायती पत्र कार्यवाही की मांग की है।

थाना धनपतगंज की पुलिस को लेकर स्थानीय भाजपा नेताओ में आक्रोश है भाजपा नेता मंडल अध्यक्ष सूर्य नारायन पान्डे के नेतुत्व में बलराम मिश्रा, यमुना पांडे, प्रमोद मिश्रा, संदीप तिवारी, सहदेव, आशुतोष शुक्ला ,राम महेंश तिवारी समेत लगभग दर्जन भर कार्यकर्ताओ पुलिस पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री तथा पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## एड. सुरेश चंद्र सहित मोस्ट में कई पदाधिकारियों का हुआ चयन



**सुलतानपुर।** मोस्ट कल्याण संस्थान, उ.प्र. के प्रधान कार्यालय निषाद भवन, विनोवापुरी में मोस्ट रक्षक दल में शामिल होने वालों का पंजीकरण व प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही मोस्ट रक्षक दल का प्रथम चरण पूरा हो गया।

उक्त अवसर पर एडवोकेट सुरेश चंद्र को कादीपुर मोस्ट ब्लॉक प्रमुख और एडवोकेट अरुण कुमार पाल को कादीपुर ब्लॉक संयोजक तथा अभिषेक निषाद को पी.पी. कमैचा ब्लॉक संयोजक व सत्यदेव पाल (पिंकू) को भदैंयां ब्लॉक संयोजक चयनित किया गया। उक्त अवसर पर मोस्ट डायरेक्टर शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरूजी÷, मोस्ट प्रदेश प्रमुख ज़ीशान अहमद, प्रदेश मीडिया अनिल कुमार निषाद, जिला संयोजक राकेश निषाद, कैप्टन मोस्ट रक्षक दल अमित बौद्ध, ब्लाक प्रमुख रमाकान्त यादव, प्रधान धीरज कुमार गुप्ता, एडवोकेट समर निषाद, विपिन कुमार निषाद, अनुराग निषाद, आदर्श निषाद, अश्वनी निषाद समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सरकारी भूमि कब्जा करने वालो पर सख्त हुए तहसीलदार सदर



**सुलतानपुर।** सदर तहसील अंतर्गत भंडारा परसरामपुर के गाटा संख्या 1346 नवीन परती भूमि पर जनपद सुल्तानपुर के पूर्व सहायक कोषाधिकारी आत्माराम मिश्रा ने अपने सेवा कल के दौरान अपने नाम नियम विरुद्ध तरीके से आवासीय पट्टा के लाभ लेकर स्वीकृत पट्टे से अधिक संपूर्ण रकबे पर कब्जा जमा लिया। मामले की शिकायत जिले से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक हुई जांच में तत्कालीन राजस्व निरीक्षक केशरी प्रसाद मिश्रा और तत्कालीन लेखपाल सुशील तिवारी द्वारा सौदे बाजी का खेल शुरू कर दिया गया जमीनी आंकड़ों की बाजीगरी में माहिर राजस्व निरीक्षक केशरी प्रसाद मिश्रा और लेखपाल सुशील तिवारी ने नवीन परती भूमि गाटा संख्या 1346 पर हुए निर्माण का रकबा ना दर्शा कर पूर्व सहायक कोषाधिकारी आत्माराम मिश्रा के नाम आवासीय पट्टा बता कर अपने अधिकारियों के साथ साथ उत्तर प्रदेश शासन को भी झूठी जांच रिपोर्ट लगा कर शिकायत असत्य निराधार बता दिया। शिकायत कर्ता पर दबाव बनाने के उद्देश्य से पूर्व सहायक कोषाधिकारी आत्माराम मिश्रा ने शिकायत कर्ता पर मानहानि का झूठा वाद दायर कर दिया। जब शिकायत कर्ता ने सभी साक्ष्य के साथ राजस्व कर्मियों की शिकायत तहसीलदार सदर हृदय राम तिवारी से की गई तो तहसीलदार सदर द्वार राजस्व टीम गठित करके मामले की जांच कराई गई। जांच में स्वीकृत पट्टे से अधिक भूमि सम्पूर्ण रकबा गाटा संख्या 1346 पर आत्माराम मिश्रा द्वारा कब्जा 20 वर्षो से पाया गया। तत्काल तहसीलदार सदर न्यायिक के न्यायालय में बेदखली का वाद दायर किया। मामले को देख कर खुद तहसीलदार भी हैरान रह गए, तत्काल मौके पर पहुंच कर राजस्व कर्मियों और भू माफ्यिा के गठजोड़ को मौके देख कर दोषी राजस्व कर्मियों और भू माफ्यिा पर कठोर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## उद्योग व्यापार मण्डल की जिला इकाई का गठन



**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सुल्तानपुर के चुनाव अधिकारी रामशंकर जायसवाल ने सर्वसम्मति से जिला संरक्षक पद पर सत्यदेव जायसवाल, जिलाध्यक्ष पद पर मनीष साहू वरिष्ठ जिला महामंत्री पद पर नरेंद्र कुमार बरनवाल, जिलामहामंत्री पद पर सतनाम सिंह बग्गा, जिला संगठन महामंत्री पद पर संजय कुमार गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष, बैजनाथ कसौधन, जिला उपाध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, अंजनी जायसवाल, राकेश अग्रहरि (प्रधान) जिलामंत्री पद पर कमलेश कुमार कसौधन, पल्लव खेतान, शचीन्द्र शुक्ला, फूलचंद्र अग्रहरि, अजय सिंह फौजी, अजय वर्मा, विधिक सलाहकार पद पर श्याम बहादुर गुप्ता एड. एवं अंजनी कसौधन (पिंटू)को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम में अजय जायसवाल, अखिलेश जायसवाल, संदीप रावत, फतेह मोहम्मद, देवेश बरनवाल, उद्योग व्यापार मंच के जिलाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, महामंत्री राजेश माहेश्वरी, अब्दुल वदूद, मो.मोईद, प्रवीन अग्रहरि, संजय कसौधन, शंकर दयाल अग्रहरि, प्रदीप जायसवाल, विनय कसौधन, श्रवण कसौधन आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आये हुए प्रदेश उपाध्यक्ष रामशंकर जायसवाल ने जिला कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल सदैव व्यापारी हितों के और व्यपारियो के मान सम्मान की लड़ाई लड़ेगा और जनपद का अग्रणी संगठन बनकर उभरेगा।

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं0-1 कानपुर नगर।
मैटरो मोनियल वाद संख्या-35 सन् 2021
वाद संख्या-718 सन् 2019
श्रीमती मोनी माला पत्नी श्री राजू पुत्री श्री कमलेश चन्द्र निवासी 117/301 एम ब्लाक काकादेव के सामने कच्ची बस्ती जय प्रकाश नगर कानपुर नगर... परिवादिनी
बनाम
राजू पुत्र श्री बाबूलाल निवासी कटरा मेदनीगंज राजा का तालाब टाउन एरिया थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ .... विपक्षी
तारीख पेशी 07.08.2024
धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम-1955
वादिनी ने आपके विरूद्ध अन्तर्गत धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम-1955 के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय मे तारीख 07.08.2024 को दिन मे प्रातः 10 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 31.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

आज्ञा से मुन्सरिम/रीडर
न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं0-1
कानपुर नगर।

# राजकीय वाहन चालक संघ का चुनाव संपन्न

### अब्दुल रशीद बने चालक संघ के जिला अध्यक्ष



**सुल्तानपुर।** राजकीय वाहन चालक संघ चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की जनपद इकाई का दिवार्षिक अधिवेशन चुनाव मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित हुआ। संघ ने सर्वसम्मति से अब्दुल रशीद को अध्यक्ष व रईस अख्तर को संरक्षक नियुक्त किया।

राजकीय वाहन चालक संघ के संपन्न हुए चुनाव के चुनाव अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राधावल्लभ की देखरेख में संपन्न हुआ। राजकीय वाहन चालक संघ के पदाधिकारी के रूप में अध्यक्ष पद के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवी शरण तिवारी, दिनेश कुमार राणा उपाध्यक्ष, मोहम्मद वसीम मंत्री, सुरेश विश्वकर्मा को उप मंत्री, राम यज्ञ संयुक्त मंत्री, रमेश कुमार को संगठन मंत्री तथा विजयपाल तिवारी को प्रचार मंत्री, कोषाध्यक्ष के पद पर शरीफ अहमद, कमलेश दुबे को ऑडिटर, के अलावा कार्यकारिणी द्वारा चुने गए सदस्यों के रूप में विजय कुमारपांडे, धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार रावत का नाम शामिल है।

# जनभागीदारी से टीबी मुक्त भारत का निर्माण करें-सै. मो. मुस्तफा




**जौनपुर।** लायन्स क्लब इंटरनेशनल मण्डल 321-ई की टीबी उन्मूलन विषय पर समीक्षा बैठक पीएम टीबी मुक्त भारत अभियान के मण्डल चेयरपर्सन सै मोहम्मद मुस्तफा की अध्यक्षता में ताड़तला स्थित कुमुद नर्सिंग होम के सभागार में आयोजित हुई। जिसमें मण्डल के 14 जनपदों में लायन्स क्लबो द्वारा टीबी रोगियों को गोद लेकर सहायता करने का संकल्प लेने और इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर मण्डल चेयरपर्सन सै मो मुस्तफा ने कहा कि टी.बी. कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। यदि इसका नियमित रूप से सही अवधि तक उपचार किया जाए, तो यह पूरी तरह से ठीक हो जाती है। ईलाज के दौरान टी.बी. के रोगी को अधिक पोषक आहार की जरूरत होती है, इसीलिए प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2025 तक भारत से टीबी उन्मूलन का आह्वाहन किया है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमबीए) के तहत सामुदायिक जुड़ाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है, व्यक्तियों व संगठनों को पोषण और नैदानिक सहायता के लिए रोगियों को गोद लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उन्होंने टीबी रोगियों को गोद लेने का आग्रह किया और कहा कि मानवता के इस सेवा कार्य में शामिल हों और जनभागीदारी से टीबी मुक्त भारत का निर्माण करने में सहयोग करे।

टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए अपने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी या जिला क्षयरोग अधिकारी से मिले।

इस अवसर पर जनपद जौनपुर में मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला क्षयरोग अधिकारी के माध्यम से टीबी मरीजों को गोद लिया गया जिसमें लायन्स क्लब जौनपुर मेन ने 35, लायन्स गोमती ने 30, लायन्स क्षितिज ने 20, लायन्स पवन ने 18, लायन्स रायल ने 12, लायन्स शाहगंज स्टार ने 30, व लायन्स सूरज ने 29 क्षयरोग से ग्रसित मरीजों को गोद लिया। जिसकी एडाप्टेड फाइल आज लायन्स क्लबो को प्रदान किया गया।

# सागर की तरह है प्रेमचंद्र का कथा साहित्य- प्रोफेसर रामकिशोर शर्मा

## मुक्त विश्वविद्यालय में प्रेमचंद्र के कथा साहित्य पर संगोष्ठी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के मानविकी विद्या शाखा के तत्वावधान में बुधवार को वर्तमान संदर्भ में प्रेमचंद्र के कथा साहित्य की प्रासंगिकता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में किया गया।



उक्त संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रोफेसर रामकिशोर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कहा कि प्रेमचन्द का कथा साहित्य सागर की तरह है। समाज का कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जिसे उन्होंने स्पर्श न किया हो। उनकी रचनाओं में दहेज प्रथा, बेमेल विवाह, पराधीनता, लगान, छुआछूत, जाति भेद, विधवा विवाह, आधुनिकता, स्त्री पुरुष समानता आदि उस दौर की प्रमुख समस्याओं का चित्रण मिलता है।

अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद के उपन्यास में राष्ट्र की परिकल्पना झलकती है और हमें उसका अनुसरण करना चाहिए। प्रेमचंद्र के साहित्य का सबको अध्ययन करना चाहिए। उनकी रचनाओं को जब समाजशास्त्री, वैज्ञानिक, अर्थशास्त्री एवं समाज सुधारक पढ़ते हैं, चिंतन करते हैं तो उसका अलग पर्याय होता है जो कि समाज हित में होता है।

कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि प्रेमचन्द्र की रचनाएं कालजयी हैं। वे जनता की आवाज को अपनी रचनाओं में प्रमुखता से वयक्त करते थे। उनका उपन्यास सोजे वतन राष्ट्रीयता से ओतप्रोत था।

संगोष्ठी का संचालन आयोजन सचिव अनुपम तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक, शिक्षक, कर्मचारियों छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# डंपर से घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ।** केंद्रीय विद्यालय में अध्यनरत छात्र को मंगलवार को सुबह स्कूल जाते समय सराय अब्दुल मलिक के सामने प्रयागराज से जौनपुर गिट्टी लादकर जा रहे डंपर ने टक्कर मार दी और करीब 10 मीटर तक घसीट दिया। सराय अब्दुल मलिक गांव निवासी तीव्र प्रताप जो केंद्रीय विद्यालय में दसवीं का छात्र था, जो 18 चक्का डंपर की चपेट में आकर घायल हो गया।

भाग रहे ट्रक को कांवड़ियों ने किसी प्रकार रोकना चाहा तो वाहन ट्रक छोड़कर भाग निकला। घायल अवस्था में तीव्र प्रताप को सी.एच.सी फूलपुर भेजा गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गयो जहां इलाज के दौरान दूसरे दिन तीव्र प्रताप की मौत हो गई। सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया।

# मुस्लिम समाज के लोगों ने धूमधाम से मनाया विधायक हर्ष बाजपेई का जन्मदिन

**प्रयागराज।** शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन बाजपेई हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक के रूप में प्रयागराज में जाने जाते हैं। जिस तरह हिंदू समाज के साथियों ने सिविल लाइंस हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ प्रसाद वितरण और केक काटकर मनाया इसी तरह मुस्लिम समाज के साथियों ने भी नया कटरा स्थित सैयद उस्मान हुसैन के आवास पर 51 पाउंड का केक कटवा कर, चांदी का मुकुट पहना कर, 51 किलो लड्डू बांटते हुए धूम धाम से मनाया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक दीपक पटेल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आयोजक सैयद उस्मान हुसैन, मोहम्मद मुज़ीब इम्तियाज उर्फ गुड्डू, जीशान हुसैन, कामरान रिज़वी और कार्यक्रम का संचालन आसिफ़ चौहान ने किया। कार्यक्रम में




मुख्यरूप से पार्षद फहद अहमद, पार्षद अहमद अली, पूर्व पार्षद मकसूद अहमद, पार्षद विस्वास रावत और निकहद खान, रुखसार खान, मनू चावला, विधायक पी आर ओ गिरजेश द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि विक्रांत शुक्ला, क्षेत्रीय मंत्री विकास पटेल, रोहित द्विवेदी, चन्दन शुक्ला सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने विधायक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शुभकामनाएं दी।

# कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट में गठित हुई मुंशी प्रेमचंद अकैडमी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट द्वारा संचालित समाज, साहित्य, कला एवं संस्कृति को समर्पित मुंशी प्रेमचंद अकादमी की स्थापना आज कमला नेहरू रोड, केपी ट्रेंनिंग सभागार में बतौर अध्यक्ष कायस्थ ट्रस्ट डॉक्टर सुशील कुमार सिन्हा ने घोषणा की।इसके पूर्व मां सरस्वती चित्रगुप्त भगवान मुंशी काली प्रसाद एवं मुंशी प्रेमचंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलनके साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रारंभ में अर्पिता श्रीवास्तव ने गणेश वंदना कथक नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया एवं समृद्धि श्रीवास्तव ने भजन प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि महेश चंद्र श्रीवास्तव का बड़ी माला पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया गया जिसको डॉक्टर सुशील सिन्हा, वीर कृष्ण श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, योगेंद्रजी, शैलेंद्र श्रीवास्तव मधुर, संजय श्रीवास्तव राजन, अरुण श्रीवास्तव, चकिया, विश्वास श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव ने किया।अध्यक्षता कर रहे डॉ सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद के नाम से प्रयागराज में किसी भी प्रकार की गतिविधियों का केंद्र जिसमें साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियां हो सके, नहीं है। कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट मुंशी प्रेमचंद के नाम पर इस अकादमी का गठन इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कर रहा है। कायस्थ पाठशाला अध्यक्ष ने इस अकादमी के निदेशक पद पर प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र श्रीवास्तव मधुर को नियुक्त किया।

महामंत्री वीर कृष्ण श्रीवास्तव ने अकादमी के संचालन की सुचारू रूप से चल सके इसकी व्यवस्था हेतु शीघ्र प्रबंध किये जाएंगे। समारोह में आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव रामू दादा, गोपी कृष्ण श्रीवास्तव, शिवनारायण मामा जी, अनीता श्रीवास्तव, अलका सक्सेना, अमित श्रीवास्तव जौनपुरी, योगेश झमाझम, निर्भय श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, भानु प्रकाश श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव लखनऊ, अनिल श्रीवास्तव प्रॉपर्टी, अमित लाला, सौरभ श्री आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# माता-पिता की पूजा ब्रह्मांड के परिक्रमा की प्रतीक है- सतानंद जी महाराज



**प्रयागराज।** कर्तव्य पथ परिवार के तत्वाधान में आयोजित में मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका मुट्ठीगंज में श्री शिव महापुराण की कथा के विश्राम दिवस पर कथा का रसपान कराते हुए पूज्य श्री सतानंद महाराज ने भगवान गणेश के द्वारा शिव पार्वती की परिक्रमा का वर्णन करते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा ब्रह्मांड के परिक्रमा के प्रतीक है इसीलिए भगवान गणेश प्रथम पूज्य बने। इस अवसर पर व्यास जी ने गणेश भगवान की प्रथम पुरी की कथा और उनके विवाह का वर्णन किया और समस्त 12 ज्योतिर्लिंग का महत्व बताया।

कथा के मुख्य यजमान सपना आर्या, राजेश केसरवानी, सतीश चंद्र केसरवानी, राम जी केसरवानी रहे। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया की कथा के पूर्व महा रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया।

आज की कथा की आरती में ज्ञानेश्वर शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद केसरवानी, मोहित केसरवानी, साधना चतुर्वेदी, उर्मिला केसरवानी , शैलेंद्र गुप्ता, सांई बाबा, पिंटू कुमार, अजय अग्रहरि, आशा केसरवानी, उषा केसरवानी आदि सैकड़ों भक्तगण रहे।

# एसीए लीग फॉर्म जमा करने की तिथि 17 अगस्त तक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर-14, अंडर-16, बी डिवीजन और ए डिवीजन लीग के लिए जिन टीमों ने एंट्री और प्लेयर्स रजिस्ट्रेशन फॉर्म लिए हैं, उन्हें सम्पूर्ण लीग फीस के साथ 17 अगस्त तक एसीए जोनल ऑफिस तम्मना नर्सिंग इंस्टीट्यूट, हाशिमपुर रोड (कमला नेहरू अस्पताल के पास) में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक (रविवार को छोड़कर) जमा करना अनिवार्य है। कोई आंशिक भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। 17 अगस्त के बाद टीम का प्रवेश फार्म एवं भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह जानकारी इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक डॉ. सुरेश द्विवेदी ने दी है।

# दुकान का आकस्मिक निरीक्षण

**जौनपुर ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक, शाहगंज द्वारा 30 जुलाई 2024 को श्री संदीप कुमार पुत्र सुभाषचन्द्र, उ0द0 विक्रेता ग्राम-लतीफपुर, वि0ख0 एवं तहसील-शाहगंज के दुकान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विक्रेता की उचित दर दुकान में कुल 30.90 कुं0 गेहूँ, 46.15 कुं0 चावल एवं 0.57 कुं0 चीनी का स्टॉक कम पाया गया, जिसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर विक्रेता द्वारा कोई समुचित उत्तर नहीं दिया गया।

## न्यूज डायरी

# केशव प्रसाद मौर्य के बयान को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई। यह याचिका डिप्टी सीएम केशव मौर्या के उस बयान को लेकर है जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार से बड़ा संगठन होता है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता मंजेश कुमार यादव ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ 14 जुलाई को दिए उस बयान को आधार बनाते हुए याचिका दायर की है जिसमें उन्होंने संगठन को सरकार से बड़ा बताया था।याचिका में कहा गया है कि केशव मौर्य की टिप्पणी उनके पद की गरिमा को कम करती है। साथ ही सरकार की पारदर्शिता और शुद्धता पर संदेह पैदा करती है।याचिका में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी, राज्यपाल और चुनाव आयोग सभी की ओर से कोई प्रतिक्रिया या खंडन न होना इस मुद्दे को और जटिल बनाता है। इसके अलावा याचिका में मौर्य के आपराधिक इतिहास का भी उल्लेख किया गया है। कहा गया है कि उपमुख्यमंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति से पहले उन पर सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। वकील का तर्क है कि ऐसे रिकॉर्ड वाले किसी व्यक्ति को संवैधानिक पद पर नियुक्त करना गलत है।

# आज चक इमामबाड़ा डिप्युटी ज़ाहिद हुसैन पर ज़न्जीरो का मातम

**प्रयागराज।** अन्जुमन इमामिया चक ज़ीरो रोड की ओर से शहादत इमाम ए सज्जाद पर माहे मोहर्रम की 25 गुरुवार को दिन में 2 बजे यौमे ए सज्जाद में अन्जुमन इमामिया चक तेज़ धार की छूरीयों से लैस ज़ंजीरों से पुश्तज़नी करेगी।इससे पहले फैज़ान आब्दी की सोज़ख्वानी तो अर्शी रिज़वी अम्बेडकर नगर की पेशख्वानी के बाद मौलाना आमिरुर रिज़वी मजलिस को खिताब करेंगे।अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार ,अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी ,अन्जुमन मोहाफिज़े अज़ा दरियाबाद नौहा और मातम करेगी।वहीं दरियाबाद में तहफ्फुज़े अज़ा सोसायटी की ओर से रात्रि 9 बजे से तकरीर व मजलिस के उपरान्त लगभग 11 बजे रात्रि दहकते हुए अंगारों पर नंगे पैर चल कर अज़ादार मातम करेंगे। उक्त सूचना अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने दी।

# भारी बारिश के कारण मुट्ठीगंज में जर्जर मकान का बारजा गिरा, दो घायल

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज क्षेत्र के गाजीगंज मंडी मार्ग में स्थित जर्जर मकान का बारजा गिर गया जिसमें दो पल्लेदार अतुल जायसवाल एवं राजेंद्र केसरवानी राजू घायल हो गए। दुकानदार नीरज केसरवानी को मामूली चोट आई और उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

इस बाबत स्थानीय पुलिस प्रशासन मुट्ठीगंज थाना अध्यक्ष को सूचित किया गया और जनहित करणी समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश केसरवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष सुशील जैन मौके पर जाकर घायल हुए पल्लेदारों से मुलाकात की। उन्होंने जिला प्रशासन से इस घटना में घायल हुए पल्लेदार अतुल जायसवाल एवं राजेंद्र केसरवानी राजू को एक लाख रुपए एवं दुकानदार नीरज केसरवानी को दो लाख रुपए मुआवजा दिए जाने की मांग की।

# गोष्ठी मे कृषको को खरीफ प्याज बीज वितरण किया गया

**जौनपुर ।** गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन एवं प्रोत्साहन योजना वर्ष 2024-25 अन्तर्गत 31 जुलाई 2024 को जनपद स्तरीय गोष्ठी/सेमिनार का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र अमिहित पर आयोजित किया गया। पान गोष्ठी का शुभारम्भ कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र अमिहित व बक्शा एवं जिला उद्यान अधिकारी जौनपुर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। गोष्ठी में उपस्थित वैज्ञानिकों को जिला उद्यान अधिकारी द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को पान की वैज्ञानिक खेती पर कृषि विज्ञान केन्द्र बक्शा के कार्यक्रम समन्वयक डा0 सुरेश कुमार कन्नौजिया द्वारा कृषकों को बताया गया कि किस तरह पान की खेती करने वाले किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं, पर कृषको के मध्य विस्तार से चर्चा की। डा0 राकेश कुमार सिंह, कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र अमिहित के द्वारा सुदूर ब्लाकों से आये हुए पान की खेती करने वाले कृषकों को पान की खेती के तकनीकी पहलुओं पर बिन्दुवार चर्चा की, और अधिक लाभ लेने के मंत्र कृषकों को दिया।

# आर ए एफ कैंप परिसर में 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण संपन्न



फाफामऊ।101 आर.ए.एफ. कैम्प परिसर में उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड के सहयोग से 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कोर्स सफलता पूर्वक चलाया गया। जिसका समापन मनोज कुमार गौत्तम, कमाण्डेन्ट-101 द्वारा किया गया।उक्त अवसर पर उषा कम्पनी के प्रशिक्षक बी.के. पाण्डेय एवं क्षमा रानी द्वारा सिलाई प्रशिक्षण कोर्स को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए क्षेत्रीय कावाध्यक्षा एवं कमाण्डेन्ट महोदय द्वारा प्रशस्तिपत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसी क्रम मे कमाण्डेन्ट महोदय ने उपस्थित प्रशिक्षु महिलाओं से कहा कि उक्त कोर्स के प्रशिक्षण के दौरान आपने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया, वह आपको आत्मनिर्भर बनने में मददगार साबित हो सकता है, साथ ही अपने ज्ञान को दूसरे के साथ साझा करें जिससे कि बाकी महिलाएं भी लाभान्वित हो।

इस अवसर पर पुनर्वसु तिवारी (द्वि0कमा0 अधि0), विनोद कुमार (उप0 कमा0). यज्ञ कुमार सिंह, (उप0कमा0), अरुण मिश्रा (उप0 कमा0), एवं अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी गण महिला कार्मिक एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

# वर्षा से मौसम का बदला मिजाज, मिली राहत

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** क्षेत्र में बुधवार की दोपहर ग्यारह बजे आधे घंटे तक वर्षा हुई । इससे मौसम खुशनुमा हो गया । भीषण गर्मी और उमस से लोगों ने राहत की सांस ली । किसान खेती काम में जुट गए । खेतों में पड़ी धान की नर्सरी एवं रोपाई के लिए भी संजीवनी मिली । जिन किसानों ने अभी तक धान की रोपाई नहीं हो पा रहा था । वह भी खेत की तैयारी में जुट गए हैं । उमस और गर्मी से अभी तक दिन घरों में कैद रहने वाले लोग सड़कों पर टहलते दिखाई देने लगे । वहीं एक घंटे बाद तेज धूप उमस भरी गर्मी से दिक्कत हो गई है । बरसात के बाद तो मौसम सुहाना तो हुआ।लेकिन धूप होने से समस्या ज्यों का त्यों बन गई। लेड़ियारी बाजार समेत आसपास के क्षेत्र में दोपहर ग्यारह बजे वर्षा होने लगी सबसे अधिक प्रसन्नता किसानों को हुई। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि रोपाई की गई धान यह बरसात अमृत के समान है । जिन किसानों का धान की नर्सरी सूख रही थी । अब वह बड़ी तेजी से बढ़ेगी । तापमान के कारण धान की नर्सरी सूख रही थी । अब उसमें तेजी से विकास होगा।

लेड़ियारी क्षेत्र के कैथवल गांव के प्रगतिशील किसान विनोद कुमार दुबे, बहरैचा विजय कुमार भुर्तिया, सुनील कुमार कुशवाहा, सुशील सिंह, राजेन्द्र प्रसाद केशरी, श्याम नारायण बिंद डीही खुर्द, शशि तिवारी, विष्णु प्रताप सिंह लेड़ियारी ने मौसम का मिजाज बदलते ही धान की रोपाई बुधवार से ही शुरू कर दी है। इसे देखकर ग्राम सभा धोबहट के चैलारी के किसान राम बली बिंद, सुरेश कुमार केशरवानी, ने बताया कि एक जून को धान कीं नर्सरी डाल दी गई थी।लेकिन नहरों व माइनरों में पानी न छोड़ें जाने से तथा तापमान गिरने का इंतजार कर रहा था । नहर में कम पानी आने से कार्य रूका हुआ था।लेकिन बारिश के होने से धान की रोपाई का काम जल्द पूरा हो जाएगा।

# जसरा सब्जी मंडी में उड़ीसा से लाए गए गांजा की पकड़ी गई बड़ी खेप

## दो पिकअप गाड़ी के साथ पुलिस ने तीन तस्करों को भी किया गिरफ्तार



**घूरपुर (प्रयागराज)।** बुधवार को शाम को जसरा सब्जी मंडी में उड़ीसा से लाया गया 2 कुंतल से अधिक गांजे को पुलिस ने पकड़ा।

नवीन मंडी स्थल जसरा में तीन लोगों द्वारा बुधवार की शाम को नाशपाती की आड़ में गांजा की एक बड़ी खेप लाया गया था। वह जब एक पिकअप से दूसरे पिकअप में लाद रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ और घूरपुर की पुलिस ने गांजा सहित तस्करों को पकड़ लिया। गांजा को नाशपाती के प्लास्टिक के कैरेट में प्लास्टिक का बंडल बनाकर छुपा कर रखा गया था। लगभग 90 कैरेट में दो कुंतल 13 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों पिकअप वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी घूरपुर केशव वर्मा, एसटीएफ की टीम के साथ एसीपी कौंधियारा विवेक यादव भी उपस्थित रहे। अभी मामले का खुलासा नहीं किया है। सूत्रों द्वारा बताया गया कि यह गांजा की खेप नई-नही है लगभग 2 वर्ष पूर्व भी मंडी में एक बड़ी खेप गांजे की पकड़ी गई थी।

बताया जा रहा है कि उड़ीसा से आए हुए गांजे को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले से एक पिकअप पर लादकर जसरा सब्जी मंडी में लाया गया जहां पर एक दूसरी पिकअप पर लादा जा रहा था कि मुखबिर की सूचना पर घूरपुर पुलिस एवं एसटीएफ की टीम एवं एसीपी कौंधियारा मौके पर पहुंचकर तीन तस्करों सहित गांजे की बड़ी खेप को पकड़ लिया पकड़े गए गांजेय की कीमत अंतराज्यीय बाजार में लगभग 50 लाख रुपए आंकी जा रही है

# नौकरी दिलाने के नाम पर 14.30 लाख ऐंठे,कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

### -पैसा वापस लेने गए पीड़िता को नशीला पानी पिलाकर किया दुष्कर्म

**करारी, कौशाम्बी।** क्षेत्र की एक गांव की महिला के बेटे को पोस्ट ऑफिस में नौकरी दिलाने के नाम पर पड़ोसी गांव के एक युवक ने 14.30 लाख रुपये ऐंठ लिए। इतना ही नहीं महिला के बेटे को फर्जी ज्वानिंग लेटर भी पकड़ा दिया गया। पीड़िता को जब ठगे जाने की जानकारी हुई तो उसने पैसे वापस मांगे। आरोप है कि पैसा वापस देने के बहाने युवक ने पीड़िता को नशीला पानी पिलाकर दुष्कर्म किया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।क्षेत्र की एक गांव की महिला का कहना है कि पथरा इसहाकपुर गांव का उमेश कुमार का उसके मोहल्ले में आना जाना था। इस दौरान उसने कहा कि अधिकारीयों से उसकी जान पहचान है। पोस्ट ऑफिस में वह नौकरी लगवा सकता है। इस पर महिला ने उमेश कुमार को 14 लाख 30 हजार रुपये दे दिए। कुछ दिन बाद उमेश कुमार ने महिला को उसके बेटे का ज्वानिंग लेटर दे दिया। लेटर लेकर जब महिला का बेटा नौकरी ज्वानिंग करने पहुंचा तो पता चला कि ऐसी कोई जगह ही नहीं निकली। इसके बाद महिला ने उमेश से पैसे वापस मांगना शुरू किया। महिला का आरोप है इसी साल 12 अप्रैल कोउमेश कुमार ने उसे पैसा देने के लिए तियरा मोड़ पर बुलाया। शाम करीब साढ़े छह बजे महिला तियरा मोड़ पहुंची तो उमेश कुमार ने उसे दबाव देकर पानी पिला दिया। महिला बेहोश हो गई तो उमेश कुमार ने दुष्कर्म किया। इसके बाद वह महिला को गांव के किनारे फेंक कर चला गया। पीड़िता ने यह बात पुलिस को बताई। इसके बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उमेश कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# डायट जौनपुर में हुआ भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जौनपुर ।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जनपद जौनपुर में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ तथा मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम व बीएसए डॉ0 गोरखनाथ पटेल भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी का दीप प्रज्वलित करके तथा प्रशिक्षुओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से किया गया।जिला अधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम कवि सभाजीत द्विवेदी ÷प्रखर÷ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया है ,जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए कवियों के द्वारा अपनी अपनी रोचक प्रस्तुति दी गई। इस प्रकार के कवि सम्मेलन का आयोजन समय समय पर सभी शिक्षण संस्थानों में होना चाहिए, इससे बच्चों में आगे अच्छा करने की प्रेरणा जागृत होती है। उपशिक्षा निदेशक/प्राचार्य डायट जौनपुर द्वारा बताया गया कि डायट में जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया ।इससे हमारे प्रशिक्षुओं को प्रेरणा मिलेगी और उनके अंदर एक सकारात्मक सोच विकसित होगी ।उन्हें अपने जीवन में अच्छा करने की प्रेरणा मिलेगी । ऐसे कार्यक्रम का आयोजन डायट में समय समय पर होता रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर पी.सी. विश्वकर्मा, डीन आफ लॉ पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने किया। कार्यक्रम में लालजी यादव, श्री दुक्खू लाल निडर, श्री मंजुल, प्रीति पांडेय एवं अशोक मिश्र ,डायट के प्रशिक्षुओं आदि कवियों ने अपनी कविता प्रस्तुत कर डायट परिसर के श्रोताओं को ओत- प्रोत कर दिया।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसवा का किया औचक निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरसवां, कौशाम्बी।** क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सरसवां का बुधवार की दोपहर में मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी डा. संजय कुमार औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। स्थिति पीएससी व सीएससी में बुधवार को जिले के सीएमओ डॉ संजय कुमारसंज ने आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान एक डांक्टर अशोक मौर्या व फार्मासिस्ट दिनेश सिंह अनुपस्थित मिले जिसमें 03दिवस में पीएससी अधीक्षक ने शिव प्रकाश सिंह फार्मासिस्ट तथा वार्डबाय का स्पष्टीकरण मांगा हैतथासाफ-सफाई ,ओपीडी व प्रसव वार्ड का मुआयना कर जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




अचानक मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी के पहुंचने से पूरे हॉस्पिटल में हड़कंप मच गया।सीएमओ ने आपात कालीन कक्ष ,उपस्थिति रजिस्टर, दवाखाना, वार्ड, टीकाकरण आदि का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में तैनात डाक्टरों और अन्य कर्मचारियों मौजूदगी की जांच करने के दौरान डॉ अशोक मौर्य गैरहाजिर मिले। उन्होंने उसका रोकने का आदेश दिया। सरसवां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ ने सर्वप्रथम डिलीवरी पॉइंट का निरीक्षण किया। वहां तैनात फार्मासिस्ट से दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी लिया। काउंटर पर दवा लेने आये मरीजों से दवाओं की वितरण के बारे में पूछा।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल के अंदर सफाई व्यवस्था, टीकाकरण, आपात कालीन कक्ष, वार्ड, पैथोलॉजी और उपस्थिति रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक कक्ष में गंदगी देख का उसे तत्काल साफ सफाई करवाने का अधीक्षक को निर्देश दिया। उपस्थिति रजिस्टर और स्टाफ की मौजूदगी के निरीक्षण के दौरान डार्क रूम के अनुपस्थित मिले। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. प्रसून जायसवाल सहित सभ्आा चिकित्सक कर्मचारी मौजूद मिले।